वेदशाखा की एक-एक उपनिषत् मानकर समस्त वेदशाखाओं की ११८० उपनिषदें होनी चाहिये। भगवान् श्रीरामचन्द्र ने अपने भक्त हनुमान् को **''मुक्तिकोपनिषत्''** का उपदेश देते हुए सारस्वरूप १०८ उपनिषदों का परिगणन किया है, जिनमें ''कैवल्योपनिषत्'' का बारहवा क्रमांक है। उसकी गणना कृष्णयजुर्वेदशाखा की बत्तीस उपनिषदों में होती है।

''कैवल्योपनिषत्'' का अर्थ है मुक्ति की उपनिषत्। **''अमरकोष''** (३.३.२०३) के अनुसार ''केवल'' शब्द के तीन अर्थ हैं, जिनमें ''निर्णीत'' इस अर्थ में प्रयुक्त ''केवल'' शब्द नपुंसकलिङ्ग में तथा सम्पूर्ण अर्थ में प्रयुक्त ''केवल'' शब्द तीनों लिङ्गों में प्रचलित है—

''निर्णीते केवलमिति त्रिलिङ्गं त्वेककृत्स्नयोः'' (अमर.३.३.२०३)।

''मुक्ति'' के आठ पर्यायों में अन्यतम ''कैवल्य'' भी है—

''मुक्तिः कैवल्यनिर्वाण-श्रेयो-निःश्रेयसाऽमृतम्। मोक्षोऽपवर्गः'' (अमर.१.५.६)।

''कैवल्य''शब्द का निर्वचन श्रीभट्टोजिदीक्षित के पुत्र भानुजीदीक्षित-विरचित ''सुधा'' व्याख्या में इस प्रकार है— **''बन्धविरहात् केवलस्य भावः (कैवल्यम्)। 'गुणवचन'** (५.१.१२४) **इति ष्यञ्।।''** वह अखण्ड एक-सम्पूर्ण परमशिव ही ''केवल'' है, जिसका भाव जन्म-मृत्यु के बन्धन से रहित मुक्ति (मोक्ष) है।

अखण्ड आत्मानुभूति का आकार भगवती वेदमाता स्वयं इस उपनिषद् के **''अणोरणीयानहमेव तद्वत्''** २० से लेकर **''न भूमिरापो न च वह्निरस्ति न चानिलो मेऽस्ति न चाम्बरं च।''** २३ तक के मन्त्रों में प्रदर्शित कर रही है।

इसकी अनुभूति भगवान् **शङ्कराचार्य** अपने **''आत्मषट्क''** में इस प्रकार कर रहे हैं—

अहं निर्विकल्पो निराकाररूपो
विभुर्व्याप्य सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणि।
सदा मे समत्वं न मुक्तिर्न बन्धः
चिदानन्दरूपः शिवः केवलोऽहम्।।

शाङ्कर वेदान्त के अनुयायी **''दीपिका''** टीकाकार श्रीमान् **शङ्करानन्द** स्वामीजी अपनी व्याख्या के उपक्रम में मोक्षस्वरूप भगवान् शिव से **''केवलस्तेन कैवल्यात्मा प्रसीदतु''** इस प्रकार प्रसन्न रहने की कामना करते हैं।

''सादाशिवभाष्य'' के अनुसार ''कैवल्योपनिषत्'' का निर्वचन का इस प्रकार है— **''केवलस्येदं कैवल्यम्, लिङ्गाङ्गसामरस्यरूपा मुक्तिरित्यर्थः। उपनिषीदिति श्रेयोऽस्यामिति उपनिषत्। कैवल्यस्य उपनिषत् कैवल्योपनिषत्।''** अर्थात् लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप ''कैवल्य'' (मुक्ति) का प्रतिपादन करने वाली उपनिषद् ब्रह्मविद्या और तत्प्रतिपादक ग्रन्थ **''कैवल्योपनिषत्''** नामसे सम्बोधित है। इसका द्वितीय निर्वचन इस प्रकार है—

''यद्वा केवलस्य भावः कैवल्यम्, निरस्तसमस्तोपाधिकं ब्रह्म गुरूपदिष्टेष्ट-प्राण-भावलिङ्गं तदुप समीपे सादयति अङ्गं स्थूल-सूक्ष्म-कारणाङ्गं गमयतीति या सा कैवल्योपनिषत्।''

संक्षेप में जो उपनिषत् स्थूलाङ्ग, सूक्ष्माङ्ग और कारणाङ्ग त्रिविध अङ्गस्वरूप त्रिविध अङ्गस्थलापन्न भक्त जीव को इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग त्रिविध लिङ्गस्थल से अभिन्न परब्रह्म-परशिवस्वरूप महालिङ्ग के निकट पहुँचाती है वह ब्रह्मविद्या और तत्प्रतिपादक ग्रन्थ ''कैवल्योपनिषत्'' कहलाती है।

इस निर्वचन में ''शक्तिविशिष्टाद्वैतदर्शन'' का नवनीत छिपा हुआ है। इस शब्द का निर्वचन इस प्रकार है— **''शक्तिश्च शक्तिश्च शक्ती, ताभ्यां (शक्तिभ्यां) विशिष्टौ (ईश-जीवौ), तयोः शक्तिविशिष्टयोः (ईशजीवयोः) अद्वैतं शक्तिविशिष्टाद्वैतम्।''**

''कैवल्योपनिषत्'' में ''कैवल्य'' शब्द का अर्थ है निरूपाधिक ब्रह्म अथवा ''निष्कल'' महालिङ्ग। तैत्तिरीय उपनिषत् (२.१.) में ''ब्रह्म'' का लक्षण है— **''सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म''**। इसका उपबृंहण आचार्य शङ्कर इस प्रकार करते हैं— **''बृंहणात् बृंहणत्वाच्च सत्यादिलक्षणं ब्रह्म।''** जिसकी सत्ता (अस्तित्व) है वह अनन्त (अपरिमित) ज्ञान ही ब्रह्म है, सत्, चित् और आनन्द ही उसका लक्षण है। ''वीरशैवदर्शन'' के अनुसार वही ब्रह्म ''लिङ्ग'' है। क्योंकि यह भासमान समस्त चराचर जगत् प्रलयवेला में उसी में विलीन (अदृश्य) होता हे और सृष्टिकाल में वहीं से प्रकट होता है। **''सिद्धान्त-शिखामणि''** (६.३७-३८) के शब्दों में—

"लयं गच्छति यत्रैव जगदेतच्चराचरम्।
पुनः पुनः समुत्पत्तिं तल्लिङ्गं ब्रह्म शाश्वतम्।।
तस्माल्लिङ्गमिति ख्यातं सत्तानन्दचिदात्मकम्।
बृहत्वाद् बृंहणत्वाच्च ब्रह्मशब्दाभिधेयकम्।।"

"**अनुभवसूत्र**" के अनुसार उसी "ब्रह्म" या "लिङ्ग" को "स्थल" भी कहते हैं। इस शब्द में दो वर्ण हैं— "स्थ"=स्थान और "ल"=लय। यतः प्रकृति (शक्ति) और पुरुष (शिव) के संयोग से आविर्भूत स्थावर, जंगमस्वरूप जगत् अवस्थित रहता है और शक्ति से अभिन्न शिव में उसका लय होता है, अतः "ब्रह्म" या "लिङ्ग" को "स्थल" भी कहते हैं—

"यत्रादौ स्थीयते विश्वं प्राकृतं पौरुषं तथा।
लीयते पुनरन्ते च स्थलं तत् प्रोच्यते ततः।।
स्थकारः स्थानवाची स्याल्लकारो लयवाचकः।
तयोः कारणभूतं यत् तदेव स्थलमुच्यते।।"

(अनु.सू.२.४-५)

निरुपाधिक ब्रह्म अथवा निष्कल लिङ्ग अपनी उपाधि शक्ति के विक्षोभ से द्विधा विभक्त होता है— लिङ्गस्थल और अङ्गस्थल। लिङ्गस्थल को हम सोपाधिक ब्रह्म अथवा सकल लिङ्ग भी कह सकते हैं। "**अङ्गस्थल**" में "अङ्ग" का निर्वचन "अनुभवसूत्र" (४.३-४) में इस प्रकार किया गया है—

"अं भवेत परमं ब्रह्म तद्गतं तत्परायणम्।
अङ्गस्थलमिति प्राहुरङ्गतत्त्वविशारदाः।।

अमिति ब्रह्म सन्मात्रं गच्छतीति गमुच्यते।
रूप्यतेऽङ्गमिति प्राज्ञैरङ्गतत्त्वविचिन्तकैः।।"

तदनुसार "अं" का अर्थ है परब्रह्म परशिव और उसकी प्राप्ति का इच्छुक जीव "अङ्ग" कहलाता है।

१. जीव का मायावृत शरीर "**कारणशरीर**" होता है क्योंकि उस समय जीव पञ्चतत्त्वों, अन्तकरण, शरीर को ही आत्मा समझता है।

२. जीव का पञ्चकञ्चुकावृत शरीर उसका सूक्ष्मशरीर **भोगाङ्ग** है। वे तत्त्वस्वरूप पञ्च कञ्चुक हैं— काल, कला, विद्या, नियति और राग।

३. जीव का पाञ्चभौतिक शरीर ''स्थूलशरीर'' **त्यागाङ्ग** होता है। जीव की सुषुप्ति अवस्था योगाङ्ग **कारणशरीर** है, उसमें शयन करनेवाला तदभिमानी जीव ''प्राज्ञ'' कहलाता है। जीव की स्वप्नावस्था **भोगाङ्ग** सूक्ष्मशरीर है, जिसमें अवस्थित तदभिमानी जीव **''तैजस''** कहलाता हे। उसकी जाग्रत् अवस्था **भोगाङ्ग** स्थूलशरीर है, जिसमें अवस्थित तदभिमानी जीव **''विश्व''** कहलाता है। इसका चित्रण **''अनुभवसूत्र''** (४/८.१०) में इस प्रकार है—

''योगाङ्गं कारणं प्रोक्तं भोगाङ्गं सूक्ष्ममुच्यते।
त्यागाङ्गं स्थूलमित्युक्तमेवं भेदोपभेदतः।।
सुषुप्त्यवस्था योगाङ्गं भोगाङ्गं स्वापनाभिधा।
जाग्रदित्युदितावस्था त्यागाङ्गमिति लक्ष्यते।।
योगाङ्गं प्राज्ञ एव स्याद् भोगाङ्गं तैजसो भवेत्।
त्यागाङ्गं विश्व एव स्यात् परमार्थनिरूपणे।।''

परशिव परब्रह्म जीव के साथ इसी त्रिविध शरीर में रहता है। जैसा कि **''मुण्डकोपनिषत्''** (३.१.१) का वचन है—

''द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति अनश्नन्योऽभिचाकशीति।।''

उस शरीराभिमानी शिव को **''पुरुष''** कहते हैं। ''विष्णुसहस्रनाम'' के शाङ्करभाष्यानुसार इसका निर्वचन इस प्रकार है—

'सर्वस्मात् पुरा सदनात् सर्वपापस्य सादनाद् वा पुरुषः। शयनाद् वा पुरुषः।''

महाभारत (शान्ति.२१०-३७) में इसका निर्वचन इस प्रकार है—

''नवद्वारं पुरं पुण्यमेतैर्भावैः समन्वितम्।
प्राप्य शेते महात्मा यस्तस्मात् पुरुष उच्यते।।''

''पुरातनोऽहं पुरुषोऽहमीशः'' — कैवल्योपनिषद् (मं.२०) में स्थित **''पुरुष''** शब्द का **सादाशिवभाष्य** इस प्रकार है— **'पुरि शरीरे पुरीतति नाड्यां वा शयनात् पुरुषः आत्मेष्टलिङ्गरूपशिवः, समस्तचेतनाचेतनप्राणि-देहान्तर्वर्ति पुरुषशब्दवाच्यः शिवलिङ्गरूपः परमेश्वर इत्यर्थः।'** अन्यत्र इसका भाष्य इस प्रकार है—

''पुर्षु (नगरेषु) स्थूलसूक्ष्म-कारणशरीरेषु इष्ट-प्राण-भावलिङ्गरूपेण शैते तिष्ठतीति पुरुषः।''

सबका सम्मितिल अर्थ है कि परशिव परब्रह्म स्थूल नवद्वार शरीर के हृदयस्थल में ''इष्टलिङ्ग'' रूप में रहता है। उसका अभिमानी जीव प्राज्ञ उसकी उपासना करता है, किन्तु मात्र बाह्योपासना से वह उसे पहिचानता नहीं, अत: वह ''पुरुष'' है। सूक्ष्म शरीर में वह प्राणलिङ्ग के रूप में रहता है। कारण शरीर में वह भावलिङ्ग के रूप में रहता है। तैजस जीव सूक्ष्म शरीराभिमानी और प्राज्ञ जीव कारणशरीराभिमानी होते हैं। जब तक जीव उन्हें पहिचानता नहीं, तब तक वह परब्रह्म ''पुरुष'' ही है।

परब्रह्म परशिवस्वरूप ''पुरुष'' को जीव द्वारा न पहचानने का कारण होता है उसमें अवस्थित अज्ञानमल, जो उसके लिये बन्धनपाश होता है, जिससे वह ''पशु'' कहलाता है। परशिव में जो इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति त्रिविध शक्तियाँ होती हैं, वे जब संकुचित होती हैं, तब वे जीव के त्रिविध मायीय, आणव और कार्ममल बन जाते हैं। शरीराभिमानी जीव भक्ति द्वारा लिङ्गोपासना से उस त्रिविध मल को दूर कर सकता है। इसको हम इस प्रकार समझ सकते हैं—

क्रम	शरीर	जीव	मल	भक्ति	लिङ्ग	शक्ति
१.	स्थूल शरीर (त्यागाङ्ग)	विश्व	कार्ममल	विधेयभक्ति	इष्टलिङ्ग	क्रियाशक्ति
२.	सूक्ष्मशरीर (भोगाङ्ग)	तैजस	आणवमल	विचारभक्ति	प्राणलिङ्ग	ज्ञानशक्ति
३.	कारणशरीर (योगाङ्ग)	प्राज्ञ	मायीयमल	विशुद्धभक्ति	भावलिङ्ग	इच्छाशक्ति

त्रिविध अज्ञानमल से आबद्ध पशुस्वरूप जीव त्रिविध दु:खों से सन्तप्त होता है— (१) आध्यात्मिक — शारीरिक और मानसिक, (२) आधिभौतिक— स्थावर-जंगमपीडा और (३) आधिदैविक— यक्ष, राक्षस ग्रहादि से उत्पन्न अत्यन्त पीडा।

"भगवद्गीता" की दृष्टि में अज्ञानी जीव के लिये जो रात्रि अथवा सुषुप्ति अवस्था होती है, वही साधक के लिये जाग्रत् अवस्था। निद्रा द्विविध होती है— अज्ञाननिद्रा और समाधिनिद्रा। अज्ञानी जीवों की जाग्रत् अवस्था उसकी अज्ञाननिद्रा और साधकों की समाधिनिद्रा होती है। फलतः अज्ञानी जीव स्वस्वरूप को नहीं पहिचानता और साधक स्वस्वरूप का साक्षात्कार करता है। अतः **"पुरि शयनात् पुरुषः"** इस निर्वचन में **"शयन"** शब्द का 'अज्ञाननिद्रा' और 'समाधिनिद्रा' द्विविध अर्थ समझना चाहिये। जैसा कि गीता का वचन है—

"या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।"

भोगायतनं शरीरम्— जीव अपने संचित दुष्कृत-सुकृत कर्मों का फल भोगने के लिये वारंवार शरीर धारण करता है और त्रिविध दुःख भोगता है। उसका शमन करने के लिये प्रत्येक शान्तिमन्त्र में इस प्रकार शान्तिपाठ किया जाता है— **"ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।"** ओङ्कारस्वरूप परब्रह्म परशिव त्रिविध जीव में अवस्थित कार्म, आणव और मायीय त्रिविध अज्ञानमलों का शमन करते हुए त्रैकालिक त्रिविध दुःखों का शमन करे। जैसा कि सूतसंहिता का वचन है—

"शान्तिः शान्तिः पुनः शान्तिर्दोषत्रयनिवृत्तये।
कृत्वैवं प्रार्थनामात्मज्ञानार्थं पुनरास्तिकाः।।"

कृष्णयजुर्वेदीय **"कैवल्योपनिषत्"** की विविध व्याख्याओं में श्रीशङ्करानन्दस्वामीजी द्वारा विरचित दीपिका व्याख्या शाङ्करवेदान्तसम्मत है, तो श्रीसदाशिव शिवाचार्य विरचित सादाशिवभाष्य वीरशैवदर्शनसम्मत। **"ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदम्"** इत्यादि शान्तिमन्त्र श्रीशङ्करानन्द का अभीष्ट है, तो **"ॐ स ह नाववतु"** इत्यादि शान्तिमन्त्र सादाशिवभाष्यकार को। शुक्लयजुर्वेदीय **"मुक्तिकोपनिषत्"** के अनुसार कृष्णयजुर्वेदीय बत्तीस उपनिषदों का शान्तिमन्त्र **"ॐ स ह नाववतु"** ही है। यतः **"कैवल्योपनिषत्"** का समावेश इन्हीं उपनिषदों में है, अतः वह इस उपनिषत् का भी शान्तिमन्त्र है।

"अथाऽऽश्वलायनो भगवन्तं परमेष्ठिनमुपसमेत्योवाच" — यहाँ से "कैवल्योपनिषत्" का प्रारम्भ है। इस उपनिषत् के ब्रह्मजिज्ञासु शिष्य हैं महर्षि

आश्वलायन और शिष्य का समाधान करने वाले गुरुवर्य हैं भगवान् परमेष्ठी पितामह। श्रीशङ्करानन्द के अनुसार भगवती वेदमाता ही इस कल्पित आख्यायिका के व्याज से ब्रह्मविद्या में आस्तिक्यबुद्धि जागृत करने के लिये स्वयं उपदेश दे रही है।

साधनचतुष्टयसम्पन्न प्रमाता ही ब्रह्मविद्या का अधिकारी होता है। वे चार साधन हैं— (१) इहलोक और परलोक में उपभोग योग्य विषयों के प्रति वैराग्य, (२) नित्य ब्रह्म और अनित्य संसार दोनों को पृथक् पृथक् समझना, (३) शम-दम-उपरति-सहनशीलता-समाधान और श्रद्धा (गुरुवचन और वेदान्त ग्रन्थों में आस्था) और (४) मोक्ष की उत्कट कामना। ऋग्वेदाचार्य महर्षि आश्वलायन उक्तसाधनचतुष्टयसम्पन्न योग्य अधिकारी शिष्य थे तथा "सादाशिवभाष्यकार के अनुसार वे सहज लिङ्गाङ्गसामरस्य विद्या के जिज्ञासु, भस्म-रुद्राक्ष-लिङ्गधारणादि महापाशुपतव्रतसम्पन्न अतिवर्णाश्रमी वीरशैवानुयायी परमशिवभक्त थे। "विष्णुसहस्रनाम" के शांकरभाष्य में "परमेष्ठी" का निर्वचन है—

परमे प्रकृष्टे स्वे महिम्नि हृदयाकाशे स्थातुं शीलमस्य इति परमेष्ठी।।

"सादाशिवभाष्य" के मत में "परमेष्ठी" का अर्थ है "हृदयकमल में भासमान ज्योतिर्लिङ्गस्वरूप परमशिव। क्योंकि परमेष्ठी वही होता है, जो सर्वोत्कृष्टस्थान में रहता है, वह हृदयाकाश से भिन्न दूसरा नहीं हो सकता। "**भगवान्** का अर्थ है समग्र धर्म, समग्रज्ञान, समग्र और समग्र श्री से जो सम्पन्न हो। वे "पितामह" का अर्थ भी परमशिव ही करते हैं, जिनसे ब्रह्मदेव, विष्णु आदि का प्रादुर्भाव हुआ है। वे ही महर्षि आश्वलायन के लिये हृदयकमल में वर्तमान सच्चित्गुरु थे। जबकि श्री शंकरानन्द के मत में सर्वोत्कृष्ट ब्रह्मलोकनिवासी ब्रह्मदेव ही ब्रह्मजिज्ञासा का समाधान कर सकते थे। आश्वलायनमुनि ने प्रश्न किया—

"अधीहि भगवो ब्रह्मविद्यां वरिष्ठां
सदा सद्भिः सेव्यमानां निगूढाम्।
ययाऽचिरात् सर्वपापं व्यपोह्य
परात् परं पुरुषं याति विद्वान्।।२।।"

इसमें शङ्करानन्द के मत में "ब्रह्मविद्या" का समासविग्रह है— **"ब्रह्मणो देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्यस्य विद्या बुद्धिः साक्षात्कारकारणं ताम्"**। देश, काल और वस्तु की सीमा (परिच्छेद) से रहित जो परब्रह्म है उसका साक्षात्कार कराने वाली मुमुक्षुत्वबुद्धि। जैसा कि अमरकोष में "ज्ञान" की परिभाषा है— **"मोक्षे धीर्ज्ञानम्"**। सादाशिवभाष्य के अनुसार परब्रह्म परशिवस्वरूप जो ज्ञान है वही लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूपा ब्रह्मविद्या है— **"ब्रह्मैव विद्या ब्रह्मविद्या इति कर्मधारयः न तु ब्रह्मणो विद्येति तत्पुरुषः। तां लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूपां ब्रह्मविद्यामित्यर्थः।**

उसी ब्रह्मविद्या की प्राप्ति से सर्वपापनिरसन होता है— **"सर्वपापं व्यपोह्य"**। टीकाकार शङ्करानन्द के अनुसार— **"सर्वपापं व्यपोह्य = निखिलदुःखकारणमज्ञानं परित्यज्य, विनाश्येत्यर्थः।"**

इस निर्वचन के अनुसार शान्तिमन्त्र में **"ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः"** इस प्रकार त्रिवार उच्चारण समीचीन ही है।

अनुबन्धचतुष्टय

"सादाशिवभाष्य" के अनुसार "कैवल्योपनिषत्" षड्विध लिङ्गस्थल से अभिन्न षड्विध अङ्गस्थलों का निरूपण करने वाली लिङ्गाङ्गसामरस्य— परिचायिका ब्रह्मविद्या है। वीरशैवदर्शन का षड्विध स्थलक्रम अनुबन्धचतुष्टय के अनुसार है। वह अनुबन्धचतुष्टय इस प्रकार है— **(१) अधिकारी**— वीरर्शवदर्शनधर्मनिष्ठ मुमुक्षु, **(२) प्रयोजन**— केवल शिवभक्ति से प्राप्तियोग्य लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूपा परामुक्ति, **(३) विषय**— १०१ स्थलों का ज्ञान और **(४) सम्बन्ध**— ज्ञान का शास्त्र के साथ प्रकाश्यप्रकाशभाव है। जैसा कि **'सिद्धान्त शिखामणि'** (५/२३) स्थित—

> **"शास्त्रं तु वीरशैवानां षड्विधं स्थलभेदतः।**
> **धर्मभेदसमायोगादधिकारिविभेदतः ॥"**

इस कारिका की व्याख्या करते हुए **"तत्त्वप्रदीपिका"**कार **श्रीमरितोण्टदार्य** लिखते हैं— **"अस्य शास्त्रस्य वीरशैवधर्मनिष्ठः सन् मुमुक्षुर्भक्तोऽधिकारी, शिवभक्तिलभ्या शिवैक्यरूपपरा मुक्तिः प्रयोजनम्, एकोत्तरशतस्थलज्ञानं विषयः, ज्ञानस्य शास्त्रेण प्रकाश्यप्रकाशभाव एव सम्बन्धः। एवम् अनुबन्धचतुष्टयवत् एतत् शास्त्रम्।"**

भक्ति का स्वरूप और भेद

भावव्युत्पत्ति के अनुसार ''भक्ति' शब्द का अर्थ भगवत्स्वरूप से अन्तःकरण से भगवद्भजन है, जो भक्ति का साधन है। जिसके द्वारा अन्तःकरण को भगवत्स्वरूप किया जाता है वे साधन भी ''भक्ति'' शब्द से ज्ञात होती है। श्रीमद्भागवतसम्मत **साधनभक्ति अष्टविधा** है—

''श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्।।''

''विष्णुसहस्रनाम'' के ''शाङ्करभाष्य'' के अनुसार ''विष्णु'' शब्द का निर्वचन इस प्रकार है—

वेवेष्टि व्याप्नोतीति विष्णुः, देशकालवस्तुपरिच्छेशून्य इत्यर्थः।

तदनुसार परशिव परब्रह्म अर्थात् सर्वत्र व्यापक देश-काल-वस्तु-परिच्छेदशून्य है। वीरशैवदर्शनसम्मत वह भक्ति षड्विधा है— (१) श्रद्धा (निवृत्ति), (२) निष्ठा (प्रतिष्ठा), (३) अवधानभक्ति (विद्या), (४) अनुभवभक्ति (शान्ति), (५) आनन्दभक्ति (शान्त्यतीता) और (६) समरसभक्ति (शान्त्यतीतोत्तरा)।

निरुपाधिक परब्रह्म परशिव महालिङ्गस्वरूप स्थल की निर्विकल्पक अप्रतिम शक्ति महेश्वरी शक्ति है, जो उसकी सहधर्मिणी है—

''शक्तिरप्रतिमा साक्षाच्छिवेन सहधर्मिणी।
साक्षिणी सत्यसम्पूर्णा निर्विकल्पा महेश्वरी।।''

(अनु.सू. २.२०)

वह शक्ति वीरशैव भक्त के प्रति वात्सल्य के कारण द्विधा होती है, जिसमें लिङ्गस्थल का आश्रय लेने वाली शक्ति **कला** और अङ्गस्थल का आश्रय लेने वाली शक्ति **भक्ति** कहलाती है। वस्तुतः शक्ति और भक्ति में कोई अन्तर नहीं है। सृष्टि की ओर उन्मुख शिव की प्रवृत्तिपरक शक्ति **कला** और जीवकी संहार की ओर उन्मुख निवृत्तिपरक शक्ति **भक्ति** कहलाती है। शक्ति वासनायुक्त होती है और भक्ति वासनारहित। ''अनुभवसूत्र'' (२.२३/२४) के अनुसार भक्ति का निरूपण इस प्रकार है—

''यथा महानलज्वाला विभक्ता दीपिकाकृतिः।
तथा महेश्वरी शक्तिर्विभक्ता भक्तिरूपिणी।।''

जिस प्रकार आग की ज्वाला एक होने पर भी दीपशिखा के अनेक आकार लेकर भिन्न प्रतीत होती है, उसी प्रकार महेश्वर की प्रधान शक्ति एक होने पर भी भक्ति के विभिन्न भेदों के रूप में विभिन्न प्रतीत होती है।

''भक्तिमर्हत्तरा शुद्धा सुसूक्ष्मा शोभना परा।
सच्चिदानन्दरूपा स्याद् भुक्तिमुक्तिफलप्रदा।।''

(अनु.सू.२.२५-२६)

भक्ति शक्ति से श्रेष्ठ निर्मल, अत्यन्त सूक्ष्म, अतीव शोभन, सच्चिदानन्दस्वरूप और भोग और मोक्षफल प्रदान करनेवाली है।

जिस प्रकार लिङ्गस्थल (शिव) में शक्ति की त्रिविध कलाएँ रहती हैं। उसी प्रकार अंगस्थल (जीव) में त्रिविध भक्ति रहती है। (१) त्यागाङ्ग अथवा स्थूलशरीराभिमानी विश्व जीव में वह विधेयभक्ति के नाम से, (२) भोगाङ्ग अथवा सूक्ष्मशरीराभिमानी तैजस जीव में विचारभक्ति के नाम से और (३) योगाङ्ग अथवा कारणशरीराभिमानी प्राज्ञ जीव में विशुद्ध भक्ति के नाम से रहती है। त्रिविध अङ्गस्थल भक्तादि के भेद से षड्विध, त्रिविध लिङ्गस्थल आचारलिङ्ग आदि के भेद से षड्विध, त्रिविध भक्ति श्रद्धा आदि नाम से षड्विध और त्रिविध शाक्त कलाएँ निवृत्ति आदि नाम से षड्विध हैं। आचारलिङ्ग आदि षड्विध अङ्गस्थल मूलाधार आदि षड्विध चक्रों में अवस्थित हैं। षडक्षरी विद्या द्वारा साधक उनका साक्षात्कार इस प्रकार कर सकता है—

क्रम	**मन्त्राक्षर**	**षट्चक्र**	**अङ्गस्थल**	**लिङ्गस्थल**	**भक्ति**	**कला**
१.	न	मूलाधार	भक्त	आचारलिङ्ग	श्रद्धा	निवृत्ति
२.	मः	स्वाधिष्ठान	माहेश्वर	गुरुलिङ्ग	निष्ठा	प्रतिष्ठा
३.	शि	मणिपूर	प्रसादी	शिवलिङ्ग	अवधान	विद्या
४.	वा	अनाहत	प्राणलिङ्गी	जङ्गमलिङ्ग	अनुभव	शान्ति
५.	य	विशुद्धि	शरण	प्रसादलिङ्ग	आनन्द	शान्त्यतीता
६.	ॐ	आज्ञा	ऐक्यवान्	महालिङ्ग	समरस	शान्त्यतीतोत्तरा

मूलतः पारमार्थिक दृष्टि से शक्ति और भक्ति में कोई अन्तर नहीं है—

''शक्तिरेव स्मृता भक्तिर्भक्तिरेव हि सा सदा।
शक्तिभक्त्योर्न भेदोऽस्ति परमार्थनिरूपणे।।''

(अनु.सू.२.२६,२७)

(१) भक्तस्थल

''तस्मै स होवाच पितामहश्चं श्रद्धाभक्तिध्यानयोगादवेहि'' जब वीरशैव शिवभक्त को ब्रह्मजिज्ञासा हुई, तब उसने अपने ही अन्त:करण में अवस्थित सद्गुरुमूर्ति सच्चिदानन्दस्वरूप परब्रह्म परमशिव से प्रश्न किया। तब उसी जीव के निकट स्थित चिद्गुरुस्वरूप परब्रह्ममहालिङ्ग उसे इस प्रकार उपदेश देने लगे— ''वत्स! तुम श्रद्धा-भक्ति, सतत ध्यान और शिवयोगद्वारा परमात्मा का साक्षात्कार कर सकते हो, स्वस्वरूप को पहिचान सकते हो।'' **''सादाशिवभाष्य''**कार की दृष्टि में **''श्रद्धाभक्तिध्यानयोगादवेहि''** इस मंत्रभाग में स्थित **''श्रद्धाभक्ति''** शब्द ही **''भक्तस्थल''** की और संकेत कर रहा है। इसका रहस्य यह है कि हमारे स्थूलशरीर में पृथिवी और जलतत्त्व की अधिकता रहती है। अत: उसके अधिष्ठाता जीव में प्रथम पृथिवीतत्त्व का अभिमान जागृत होता है और अनन्तर जलतत्त्व का। पार्थिवतत्त्व के अभिमानी जीव (अङ्ग) को ''भक्त'' कहते हैं, जिसमें श्रद्धाभक्ति जागृत होती है। इसे ही आगम की भाषा में **''निवृत्ति''** भी कहते हैं। **''निवृत्तिर्भक्तिरीरिता''** (अनुसू.२.२७)।

''अनुभवसूत्र'' (४.३३) के अनुसार भक्तस्थल का निरूपण इस प्रकार है—

''मिथ्यैव सत्यमिव भातमिदं शरीरं प्राणार्थजातमिति तत्र निवृत्तचित्तम्।
भक्तिक्रियाचरणयैव सदा विरक्तंभक्तस्थलं भवविकारविदूरमाहुः।।''

जब जीव यह समझ लेता है कि यह सत्य के समान भासित होने वाला शरीर, प्राण और समस्त पदार्थसमूह मिथ्या है, तब वह अपने चित्त को वहाँ से हटा देता है और सदा भक्तिपूर्वक निष्काम कर्मों में रत रहता हुआ विरक्तभाव से सांसारिक विकारों से दूर रहता है। यही जीव का भाव ''भक्तस्थल'' है। यह ध्यातव्य है कि अष्टमूर्ति सदाशिव की मूर्तियों में एक पृथिवीमूर्ति भी है।

''गुरौ च जङ्गमे लिङ्गे तारतम्यविशेषतः।
पूजयेत् त्रिविधं लिङ्गं तद् भक्तस्थलमुच्यते।।''

(पारमेश्वरागम ६.९)

अर्थात् जो भक्तिपूर्वक शिवार्चन बुद्धि से गुरु, जंगम और इष्टलिङ्ग की पूजा करता है, वही "**भक्तस्थल**" के नाम से प्रसिद्ध है।

"न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः।
परेण नाकं निहितं गुहायां विभ्राजते यद् यतयो विशन्ति।।३।।

भाष्यकार की दृष्टि में इसका आशय यह है कि त्रिविध एषणा अथवा सर्वकर्मपरित्याग द्वारा कतिपय लोग भले ही क्षणिक सिद्धि प्राप्त कर लें, किन्तु जो अपने चित्त को वैषयिक सुखों से हटाकर केवल हृदयगुफा में प्रकाशमान परशिव का ही सतत चिन्तन करते हैं, उन्हें ही परशिवपद प्राप्त होता है। "**सूक्ष्मागम**" (८.३३) में "भक्त" का लक्षण इस प्रकार है—

"त्यक्ताभिमानो देहादौ भक्त इत्युच्यते बुधैः"।

"**श्रीमद्भागवत**" (७/५/२२,२३) सम्मत साधनभक्ति अष्टविधा है—

"श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्।।
इति पुंसार्पिता विष्णो भक्तिश्चेन्नवलक्षणा।।" इति

"**विष्णुसहस्रनाम**" के शाङ्करभाष्य के अनुसार "विष्णु" शब्द का निर्वर्च्चन इस प्रकार है— "**वेष्टि व्याप्नोतीति विष्णुः, देशकालपरिच्छेदः शून्य इत्यर्थः।**" इस निर्वचनानुसार यह परशिव का विशेषण भी हो सकता है। तदनुसार परशिव ही **विष्णु** अर्थात् सर्वत्र व्यापक देशकालपरिच्छेदशून्य परब्रह्म है। वह भक्ति षड्विधा है— (१) श्रद्धाभक्ति (निवृत्ति), (२) निष्ठाभक्ति (प्रतिष्ठा), (३) अवधानभक्ति (विद्या), (४) अनुभवभक्ति (शान्ति), (५) आनन्दभक्ति (शान्त्यतीता) और (६) समरसभक्ति (शान्त्यतीतोत्तरा), जिससे पार्थिवतत्त्व का अभिमानी भक्त अपनी निवृत्तिपरक श्रद्धाभक्ति द्वारा अन्त:करण से इष्टलिङ्ग (आचारलिङ्ग) की अर्चना करता है।

(२) माहेश्वरस्थल

"विविक्तदेशे च सुखासनस्थः शुचिः समग्रीवशिरःशरीरः।
अत्याश्रमस्थः सकलेन्द्रियाणि निरुध्य भक्त्या स्वगुरुं प्रणम्य।।"

इत्यादि पञ्चम मन्त्र से लेकर "**आत्मानमरणिं कृत्वा**" इत्यादि एकादश मन्त्र तक "माहेश्वरस्थल" का चित्रण है। इस मन्त्र का "**अत्याश्रमस्थः**" पद

का विशिष्ट अर्थ है। "**दीपिका**"कार स्वामी **श्रीशङ्करानन्द** इस पद का निर्वचन इस प्रकार करते हैं—

"*अत्याश्रमस्थः*– अत्यधिकः ब्रह्मचारि-गृहस्थ-वानप्रस्थ-कुटीचर-बहूदक-हंसेभ्यः आश्रमः परमहंसलक्षणः, तस्मिंस्तिष्ठतीति अत्याश्रमस्थः।"

ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यासश्रमों में कुटीचर (झोपडी में रहनेवाला), बहूदक (जल में रहनेवाला), हंस, परमहंस आदि अनेक आश्रम हैं, जिनमें अत्यधिक श्रेष्ठता से परमहंस आश्रम "**अत्याश्रम**" कहलाता है। उसका अनुयायी "अत्याश्रमस्थ" होता है। इसका **सादाशिवभाष्य** इस प्रकार है— **"(अत्याश्रमे) प्राकृत-वर्णाश्रमधर्मानतीत्य स्वात्मरूपाऽप्राकृत-वर्णाश्रम-धर्मेषु तिष्ठतीत्यतिवर्णाश्रमस्थो भक्ताद्यैक्यान्तषडाश्रमानुष्ठेयाष्टावरणादिधर्मवान् वीरशैवभक्तमाहेश्वरादिरित्यर्थः।।"**

जो सनातन वर्णाश्रम धर्म को छोड़कर स्वस्वरूप लिङ्गधारणव्रतलक्षित अप्राकृत वर्णाश्रमधर्म का अनुयायी होता है, वह भक्त से लेकर ऐक्यस्थल छः आश्रमों अथवा षड्विध अङ्गस्थलों के लिये अनुष्ठेय अष्टावरण, पञ्चाचार आदि धर्म का पालन करनेवाला भक्त, माहेश्वर आदि वीरशैव "अत्याश्रमस्थ" कहलाता है।[१]

"स्थिरासनसमायुक्तो माहेश्वरपदान्वितः" — जो स्थिर आसनसिद्धि करता है, वह माहेश्वरपद प्राप्त करता है। पञ्चम मन्त्र स्थित **"सुखासनस्थः"** पद का भी यही तात्पर्य है। जैसा कि योगसूत्र है— **"स्थिरसुखमासनम्"**। इसकी दीपिका व्याख्या इस प्रकार है— **"सुखमनुद्वेगकरं दर्भाद्यासनं सुखासनम्, तस्मिंस्तिष्ठतीति सुखासनस्थः।"** जो उद्वेग नहीं पहुँचाता वह दर्भादिका आसन "सुखासन" होता है, उस पर अवस्थित "सुखासनस्थ" होता है।

इसका सादाशिवभाष्य इस प्रकार है— **"सुखासनस्थः सुखासने तिष्ठतीति सुखासनस्थः। स्वस्तिकादिष्वासनेषु, स्वसुखकर आसन उपविश्येत्यर्थः।"**

---

१. द्रष्टव्य— "अत्याश्रमोऽयं सर्वेषु चतुर्ष्वप्याश्रमेषु च।
य: पशुः स पशुत्वं च व्रतेनाऽनेन सन्त्यजेत्।।"—सनत्कुमारसंहिता (स्कन्दपुराणे)

जो अपने लिये स्वस्तिकादि सुखकर आसन लगाकर समाधिस्थ होता है। इससे यह सिद्ध होता है कि माहेश्वर भक्त के लिये आसनसिद्धि और उसकी स्थिरता आवश्यक है। माहेश्वरभक्त जलाभिमानी होता है, वह मुख्य रूप से अपनी नैष्ठिकभक्ति (भक्तिनिष्ठा) को अपनी प्रतिष्ठा बनाकर निर्मल बुद्धि से शिवस्वरूप जङ्गम की अर्चना करता है। **''अनुभवसूत्र''** (४.३२) में माहेश्वर स्थल का निरूपण इस प्रकार है—

''आस्तिक्यबुद्धि-नियम-व्रत-सत्यधर्म-
शौचादिलक्षण-परिस्फुटसच्चरित्रम्।
लिङ्गैक्यनैष्ठिकतया सह वीरवृत्तं
माहेश्वरस्थलमिति प्रवदन्ति सन्तः।।''

परमशिव में आस्तिकता की दृढ भावना, यम-नियम, सत्याचरण, शुचिता आदि के साथ अपना सच्चरित्र दिखाना तथा लिङ्गाङ्गसामरस्य में नैष्ठिक भक्ति के साथ वीरशैव धर्म का पालन यही ''माहेश्वरस्थल'' का लक्षण है।

''पारमेश्वरागम'' (६.१३) के अनुसार गुरुद्वारा प्रदर्शित मार्ग से अपने आचार का पालन करते हुए जो इष्टलिङ्ग का त्रिकाल पूजन तथा जङ्गमों की पाद्यपूजा करता है वह ''माहेश्वर'' कहलाता है।

''यो गुरूक्तेन मार्गेण लिङ्गपूजारतः सदा।
जङ्गमानचर्ययेच्छक्त्या स हि माहेश्वरः स्मृतः।।''

इ३) प्रसादी स्थल

''सादाशिवभाष्य'' में **''स एव मायापरिमोहितात्मा''** इत्यादि मंत्रों से लेकर **''एतस्माज्जायते मन्त्रः''** इत्यादि मन्त्र तक १२-१५ मंत्रों में त्रिविध शरीरों तथा तदभिमानी त्रिविध जीवों का परिचय देते हुए **प्रसादी लिङ्गस्थल** और प्राणलिङ्गी स्थल का विमर्श किया गया है। वे मन्त्र इस प्रकार हैं—

स एव मायापरिमोहितात्मा शरीरमास्थाय करोति सर्वम्।
स्त्र्यन्नपानादिविचित्रभोगैः स एव जाग्रत् परितृप्तिमेति।।१२।।
स्वप्ने स जीवः सुखदुःखभोक्ता स्वमायया कल्पितजीवलोके।
सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतः सुखरूपमेति।।१३।।

ओङ्कारवाच्य परब्रह्म परशिव जब **'माया'** से मोहित होता है, तब शरीर-धारण कर समस्त सृष्टिरचना करता है। परशिव के सम्बन्ध से ही उसकी प्रकृति (शक्ति) "माया" कहलाती है। जैसा कि "शक्तिविशिष्टाद्वैतसिद्धान्त" का वचन है—

"मं शिवं परमं ब्रह्म प्राप्नोतीति स्वभावतः।
मायेति प्रोच्यते लोके ब्रह्मनिष्ठा सनातनी।।"

"मम् (परशिवब्रह्म) अयति (प्राप्नोति) इति माया"। "म" का अर्थ है परब्रह्म परशिव और "अय्" का अर्थ है पहुँचना। जो परब्रह्म परशिव को स्वभावतः प्राप्त होती है, वह उसी में रहनेवाली सनातन शक्ति "माया" कहलाती है। माया के सम्बन्ध से ही परशिव को "महेश्वर" कहते हैं, जिसके समस्त अवयवों से समस्त चराचर जगत् व्याप्त है। जैसा कि "श्वेताश्वतर उपनिषत्" (४.१०) का मन्त्र है—

"मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्।
तस्याऽवयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत्।।"

जब परशिव शरीरधारण कर उपासक जीव की उपासना के लिये उपास्य के रूप में अवतीर्ण होते हैं, तब उनकी वही शक्ति, जो लिङ्गस्थल में "कला" बनकर रहती है, जीव की "भक्ति" हो जाती है। सिद्धान्तशिखामणि" के अनुसार परशिव की प्रेमपूर्वक सेवा ही "भक्ति" कहलाती है चाहे वह पूर्ण हो अथवा स्वल्प—

"साङ्गा न्यूना च या सेवा सा भक्तिरिति कीर्त्यते" (९.१५)

वह भक्ति त्रिविध है— **(१) मानसी भक्ति**— शिवस्वरूप का चिन्तन जिसमें हो, **(२) वाचिकी भक्ति**— शिवमन्त्र जप और स्तोत्रपाठस्वरूपभक्ति तथा **(३) कायिकी भक्ति**— शिवलिङ्गपूजनस्वरूपभक्ति है। उसके भी तीन भेद हैं— बाह्यभक्ति, आभ्यन्तरभक्ति और बाह्याभ्यन्तरभक्ति। प्रदर्शनार्थ किया गया शिवपूजनादि **बाह्यभक्ति,** केवल स्वयं के लिये की गयी मानसपूजा **आभ्यन्तरभक्ति** तथा हृदयकमल की पूजा ध्यानपूर्वक इष्टलिङ्ग में **बाह्याभ्यन्तरभक्ति** के अन्तर्गत आती है। इन तीनों में जिसमें प्राणलिङ्ग तथा भावलिङ्ग का अनुसन्धान किया जाता है, वह **"आभ्यन्तर भक्ति"** अत्यन्त श्रेष्ठ है, क्योंकि जिस प्रकार भर्जित बीज पुनः अङ्कुरित नहीं होता, उसी

प्रकार प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग में सतत अनुसन्धान करने वाले भक्त का भी पुनर्जन्म नहीं होता। ''सिद्धान्त शिखामणि'' (९.८-९) में आभ्यन्तर भक्ति का लक्षण इस प्रकार है—

''लिङ्गे प्राणं समाधाय प्राणे लिङ्गं तु शाम्भवम्।
स्वस्थं मनस्तथा कृत्वा न किञ्चिच्चिन्तयेद् यदि।।
साऽभ्यन्तरा भक्तिरिति प्रोच्यते शिवयोगिभिः।
सा यस्मिन् वर्तते तस्य जीवनं भ्रष्टबीजवत्।।''

वह आभ्यन्तरभक्ति शिवप्रसाद से ही प्राप्त होती है—

''प्रसादादेव सा भक्तिः प्रसादो भक्तिसम्भवः।
यथैवाऽङ्कुरतो बीजं बीजतो वा यथाऽङ्कुरः।।''

(सि.शि.म. ९.११-१२)

शिव के प्रति एकमात्र भक्ति ही शिव के प्रसाद का मूलहेतु है, उसके बिना न तो भक्ति प्राप्त होती है और न मोक्षसिद्धि—

''प्रसादमूला सर्वेषा भक्तिरव्यभिचारिणी।
शिवप्रसादहीनस्य भक्तिश्चापि न सिद्ध्यति।।''

उसी आभ्यन्तरभक्ति को ''अनुभवसूत्र''कार श्रीमायिदेव **अवधानभक्ति** नाम देते हैं—

''अवधानात्मिका भक्तिरिति प्रोक्तं महात्मभिः।
भक्त्या तयाऽस्य जीवस्य प्रसादिस्थलमागतम्।।''

(अनु.सू.५.७५)

उसी अवधानात्मिका भक्ति से जीवात्मा को प्रसादिस्थल की प्राप्ति होती है। उस **प्रसादिस्थल** का लक्षण 'अनुभवसूत्र' (४.३१) में इस प्रकार है—

''आत्मोपभोगविषयाणि हि सावधानं
द्रव्याण्यहङ्कृतिमितैरखिलैः खवर्गैः।
लिङ्गे समर्प्य बहुशो लभते प्रसादं
यत् तत् प्रसादि गदितं गुरुभिः स्थलं स्यात्।।''

यहाँ "**आत्मा**" का अर्थ शरीर लेना चाहिये— "**आत्मा चित्ते शरीरे च।**" "**ख वर्ग**" का अर्थ है समस्त ज्ञानेन्द्रिय। सामान्य जीव को अपने शरीर और इन्द्रियों के प्रति अभिमान रहता है और वह स्वस्वरूप को भूल कर विषयोपभोग करता है। किन्तु जो अपनी आभ्यन्तरभक्ति (अवधानभक्ति) से सभी वैषयिक सामग्री शिव को अर्पित कर उसका अनुग्रह (प्रसाद) प्राप्त करता है, उसे "प्रसादि स्थल" कहते हैं। इसको इस प्रकार भी समझा जा सकता है—

क्रम	शरीर	जीव	अवस्था	लिङ्ग	द्रव्य	प्रसाद
१.	स्थूलशरीर (त्यागाङ्ग)	विश्व	जाग्रत्	इष्टलिङ्ग	स्थूल (रूप)	शुद्ध
२.	सूक्ष्मशरीर (भोगाङ्ग)	तैजस	स्वप्न	प्राणलिङ्ग (जङ्गम)	प्रविविक्त (रुचि)	सिद्ध
३.	कारणशरीर (योगाङ्ग)	प्राज्ञ	सुषुप्ति	भावलिङ्ग (मनोग्राह्य)	आनन्द (तृप्ति)	प्रसिद्ध

परशिव की सङ्कुचित क्रियाशक्ति जीव का **मल** है, जब जीव इष्टलिङ्ग को स्थूल पदार्थ समर्पण करता है, तो भुक्तशेष शुद्ध प्रसाद होता है और उसका कार्म मल (अज्ञानपाश) नष्ट होता है। परशिव की अपरिमित ज्ञानशक्ति जब जीव में सङ्कोच प्राप्त करती है, **मायीय मल** कहलाती है। वह (ज्ञान का अभिमान) तब नष्ट होता है, जब सूक्ष्मशरीराभिमानी तैजस जीव प्राणलिङ्ग को प्रविविक्त (रुचि) पदार्थ समर्पित कर, उसे सिद्ध प्रसाद के रूप में ग्रहण करता है। परशिव की असीमित इच्छाशक्ति जीव में प्रवेश कर जब सङ्कोच प्राप्त करती है, **आणव मल** बन जाती है। कारणशरीर का अभिमानी प्राज्ञ जीव जब भावलिङ्ग को आनन्द (तृप्ति) पदार्थ समर्पित करता है, तब वह "प्रसिद्ध" पदार्थ बन जाता है, जिससे उसका आणव मल दूर होता है। इस प्रकार जीव आभ्यन्तर भक्ति द्वारा शिवार्पणबुद्धिपूर्वक अलिप्तभाव से सभी व्यापार करता हुआ मुक्त हो जाता है। यही मन्त्रों का आशय है—

पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात् स एव जीवः स्वपिति प्रबुद्धः।
पुरत्रये क्रीडति यश्च जीवस्ततस्तु जातं सकलं विचित्रम्।।
आधारमानन्दमखण्डबोधं यस्मिन् लयं याति पुरत्रयं च।।१८।।

संक्षेप में इसका अर्थ यही है कि जीव का वारं वार जन्म लेना, जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में रहकर स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण शरीरों में (शिव के अंशस्वरूप) जीव की स्थिति परशिव परब्रह्म की केवल क्रीडा है, परशिव परब्रह्म समस्त जगत् का आधार नित्यानन्दस्वरूप तथा परिपूर्ण ज्ञानमय ही है। जिस महालिङ्ग में समस्त जगत् पुनः अदृश्य होता है, वह परशिवलिङ्ग एक ही है, अन्य कुछ भी नहीं। **सूक्ष्मागम** (८.३४) में प्रसादी भक्त का निरूपण इस प्रकार है—

"चित्तं स्थिरं भवेद् यस्य स प्रसादी भवत्यसौ।"

भक्त चित्त की स्थिरता से प्रसादी होता है। **"पारमेश्वरागम"** (६.११) के मत में प्रसादी स्थल अग्नितत्त्व का स्वरूप है—

"अग्नितत्त्वमिदं देवि! तनुरन्यतमा मम।
तस्याऽधिदेवता चाहं सोऽहमेव न संशयः।।"

(४) प्राणलिङ्गिस्थल

एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च।
एवं वायुर्ज्योतिरापश्च पृथ्वी विश्वस्य धारिणी।।१५।।

इस परब्रह्म परशिवस्वरूप महालिङ्ग से पिण्डाण्ड से लेकर ब्रह्माण्ड तक समस्त जगत् की सृष्टि होती है। इस कारिका में **"दीपिका"कार** के मत में प्राण क्रियाशक्ति है और अन्तःकरण मन ज्ञानशक्ति है— **"प्राणः क्रियाशक्तिः मनोऽन्तःकरणं ज्ञानशक्तिः"**। **सादाशिवभाष्य** के अनुसार "प्राण" का अर्थ है सर्वचेतनों का अन्तर्वृत्तिस्वरूप प्राणवायु। जिसकी उत्पत्ति महालिङ्ग से होती है। उसमें प्रमाण **"स प्राणमसृजत, आत्मन एष प्राणोऽजायत"** यह श्रुतिवाक्य है। मन का स्वरूप संकल्पविकल्प करना है—

"प्राणः सर्वचेतनान्तर्वृत्तिरूपःप्राणानिल इत्यर्थः।
सङ्कल्पविकल्पात्मकं मनः।।"

"सादाशिवभाष्य" के अनुसार यह मन्त्र प्राणलिङ्गिस्थल का द्योतक है। **"अनुभवसूत्र"** (४.३०) के अनुसार प्राणलिङ्गि स्थल का निरूपण इस प्रकार है—

"प्राणेन्द्रियादिषु ममाहमिति प्रमोहं
सम्भ्रान्तिसिद्धमपहाय समस्तमेतत्।

लिङ्गे निधाय मनसा यदनुप्रयुक्तं
तत् प्राणलिङ्गि सुचरस्थलमाहुरार्याः।।''

प्राण, मन, इन्द्रिय आदि में जीव की सामान्य रूप से ममत्वबुद्धि होती है। उसको छोड़कर भक्तको अपने पञ्चप्राणों के साथ मन को लिङ्गोपासना में लगाना चाहिये। ऐसा करना ही **प्राणलिङ्गिस्थल** है। भाष्यकार का आशय यही है कि परशिव परब्रह्म से प्राणादि की सृष्टि होती है, जो महालिङ्ग से अभिन्न हैं। अतः उसमें ममत्वबुद्धि रखना मोह और भ्रान्तिमूलक है, उसे छोड़ देना चाहिये। उसके लिये अपनी अनुभूति (भक्ति) से अपने निर्मल मन से जङ्गमलिङ्गोपासना करनी चाहिये। प्रसादिस्थल में सुस्थित अवधानात्मिका भक्ति स्वानुभवसम्बन्ध से अनुभवभक्ति होती है—

''तत्रैव सुस्थिता भक्तिरवधानात्मिका शुभा।
स्वानुभूतिनिबन्धेन कीर्तिताऽनुभवात्मिका।।
प्राणलिङ्गिस्थलं चास्य तया भक्त्या समागतम्।।''

(अनु.सू. ५.७६-७७)

''पारमेश्वरागम'' (६.२०-२२) के अनुसार प्राण, इष्टलिङ्ग और शिव तीनों में समान दृष्टि रखने वाला प्राणलिङ्गी कहलाता है, जो वायुमूर्ति का रुद्रस्वरूप है—

''यथा प्राणे तथा लिङ्गे यथा लिङ्गे तथा शिवे।
प्राणलिङ्गशिवेष्वेकबुद्धिमान् प्राणलिङ्गिकः।।

यः प्राणलिङ्गलिङ्गी स्यात् स रुद्रो नात्र संशयः।
प्राणलिङ्गिस्थलमिदं मम चाऽतिप्रियं प्रिये!।।

वायुतत्त्वमिदं देवि! तनुरन्यतमा मम।
तस्याऽधिदेवता चाऽहं सोऽहमेव न संशयः।।''

''सिद्धान्तशिखामणि'' के अनुसार जीव भक्त, माहेश्वर और प्रसादी अपनी कर्मप्रधानता के कारण त्रिविध है। वही प्रसादी जीव ज्ञानकाण्डप्रोक्त ज्ञानयोग से प्राणलिङ्गी कहलाता है। इसमें **वीरागम** का वचन प्रमाण है—

''सर्वतत्त्वमयः प्राणः सर्वज्ञानमयः शिवः।
अनयोर्योगमेवैतत् प्राणलिङ्गमिहोच्यते।।''

प्राण समस्त तत्त्वों का स्वरूप है और शिवसमरसज्ञानस्वरूप दोनों का सम्मिलितयोग ''प्राणलिङ्ग'' है। इसीके आधार पर ''सिद्धान्तशिखामणि'' प्राणलिङ्गी की व्याख्या इस प्रकार करते हैं—

''लिङ्गं चिदात्मकं ब्रह्म तच्छक्तिः प्राणरूपिणी।
तद्रूपलिङ्गविज्ञानी प्राणलिङ्गीति कथ्यते।।''

इसकी श्रीमरितोण्टदार्यकृत तात्पर्यदीपिका व्याख्या इस प्रकार है—

''चिद्रूपं ब्रह्मैव शिवलिङ्गम्, तच्छक्तिः शिवलिङ्गपीठशक्तिः प्राणरूपिणी प्रणवात्मकप्राणस्वरूपवती प्रणवस्य वेद्यसंसरणलक्षणबिन्दुघटितत्वात् चित्क्रिया सामरस्यलक्षणोन्मेषशक्तिघटितत्त्वाच्च सर्वतत्त्वमयत्वमुक्तम्। तद्रूपलिङ्गविज्ञानी तत्प्रकारकलिङ्गज्ञानवान् प्राणलिङ्गीति कथ्यत इत्यर्थः।''

चित् (चैतन्य) स्वरूप परब्रह्म ही शिवलिङ्ग है। ओङ्कारवाच्य प्राणस्वरूपा पीठिका उसकी शक्ति है, क्योंकि बिन्दुघटित तथा चित्क्रिया की सामरस्य-स्वरूपा उन्मेषशक्ति से घटित होने के कारण ओङ्कार को सर्वतत्वस्वरूप कहा गया है। जिसे प्राणशक्तिविशिष्टलिङ्ग का यथार्थ ज्ञान होता है, वह प्राणलिङ्गी कहलाता है।

''त्यक्त्वा जीवभ्रमं भूयो लिङ्गात्मा प्राणलिङ्गकः''

जीवभाव का भ्रम छोड़कर लिंगस्वरूप प्राप्त करने वाला भक्त **''प्राणलिङ्गी''** कहलाता है। (सूक्ष्मागम ८.३५)।

(५) शरणस्थल

''यत्परं ब्रह्म सर्वात्मा विश्वस्याऽऽयतनं महत्।
सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं नित्यं स त्वमेव त्वमेव तत्।।१६।।''

''दीपिका''कार शङ्करानन्द के मत में **''तत् त्वमसि''** इस महावाक्य का यह उपबृंहण है। इसका अर्थ यह है कि ''जो यह देश-काल-वस्तु-परिच्छेद से रहित बृहत् विशाल ब्रह्म है, वही सभी प्राणियों में अवस्थित जीवात्मा है वही समस्त कार्य कारणसमूह का आधारस्वरूप है, अत एव महत् रूप धारण करता है, सूक्ष्म वस्तु से भी सूक्ष्मस्वरूप है।

''स त्वमेव त्वमेव तत्'' — (सः) तत्'' सर्वनाम से ज्ञेय महालिङ्ग ही **''त्वम्''** युष्मत्शब्द से ज्ञेय जीव है। उसी प्रकार **''त्वम्''** युष्मत् शब्द से

ज्ञेय जीव ही, **''तत्''** तत् सर्वनाम से ज्ञेय महालिङ्ग है। शिव ही जीव है, जीव ही शिव है। दोनों में कोई भेद नहीं है। **''सादाशिव भाष्य''** के अनुसार यह मन्त्र **''शरणस्थल''** का ज्ञापक है। प्राणलिङ्गी जब अखण्ड ब्रह्म (शिव) की आनन्दानुभूति करता है, **''शरणस्थल''** कहलाता है। **''स त्वमेव त्वमेव तत्''** यह शिवानन्दानुभूति का आकार है। जैसा कि ''अनुभवसूत्र'' (४.२९) में **''शरणस्थल''** का लक्षण है—

''ज्ञानप्रकाशबलतः स्वयमेव लिङ्गं
देहेन्द्रियादि मम रूपमिति प्रबुद्ध्य।
युक्ते समस्तविषये सति यद् विशुद्धं
तत् प्राहुरागमविदः शरणस्थलं हि।।''

ज्ञान के प्रकाश से जब प्राणलिङ्गी भक्त को यह अनुभूति होती है कि ''मैं ही महालिङ्गस्वरूप हूँ, देह, इन्द्रिय आदि मेरे ही रूप हैं। इस शिवानन्दानुभूति से जो मात्र विशुद्धतत्त्व अवशिष्ट रहता है, वही ''शरणस्थल'' है। प्राणलिङ्गी जीव की अनुभवात्मिका भक्ति जब शिवानन्द से युक्त होती है, तब वह आनन्दभक्ति होती है, जिससे वह प्रसादिलिङ्ग से संयुक्त होता है—

''तत्र स्वानुभवाकारा भक्तिरानन्दयोगतः।
प्रोक्ताऽऽनन्दात्मिका भक्तिरिति वेदान्तवेदिभिः।।
अस्याऽऽत्मनस्तया भक्त्या शरणस्थलमागतम्।
प्रसादलिङ्गसंयुक्तमङ्गं हि शरणस्थलम्।।
तत्र प्रतिष्ठिता साक्षाद् भक्तिरानन्दरूपिणी।।''

(अनु.सू.५.७८-८०)

पारमेश्वरागम (६.२३-२५) के अनुसार **शरणभक्त** जीव त्रिविध इच्छाओं (लोकप्रतिष्ठा और पुत्रप्राप्ति की इच्छाओं) से मुक्त रहता है तथा सर्वदा एकान्तवास कर शिवध्यान में मग्न रहता है। वह भक्त आकाशमूर्ति शिवस्वरूप ही है—

''ईषणात्रयसंयुक्तो नित्यमेकान्तसेवनः।
मम ध्यानरतो नित्यं शरणः परिकीर्तितः।।
शरणत्वाधिकारी यः स देहान्ते शिवो भवेत्।
शरणाख्यस्थलमिदं मम चाऽतिप्रियं शिवे!।।

व्योमतत्त्वमिदं देवि! तनुरन्यतमा मम।
तस्याऽधिदेवता चाहं सोऽहमेव न संशयः।।''

शरणस्थलापन्न भक्त ही देहान्त के पश्चात् शिवस्वरूप होता है। प्राणलिङ्गी जीव ही स्वयं को शिव की साध्वी पत्नी समझते हुए पति के रूप में शिव के साथ रमण करता हुआ आनन्दानुभूति करता है, वही ''शरण'' भक्त है। जैसा कि रेणुकाचार्य **सिद्धान्तशिखामणि** (१३.२) में निरूपण करते हैं—

''अङ्गलिङ्गी ज्ञानरूपः सती ज्ञेयः शिवः पतिः।
यत् सौख्यं तत्समावेशे तद्वान् शरणनामवान्।।''

सूक्ष्मागम (१.३५) के अनुसार शिवभाव की नित्यता पर विश्वास कर निश्चिन्त और शिवानन्द का भोक्ता **शरण भक्त** होता है—

''शिवनित्यत्वनिश्चिन्तः सानन्दः शरणो भवेत्।''

(६) ऐक्यस्थल

''जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यादि प्रपञ्चं यत् प्रकाशते।
तद् ब्रह्माऽहमिति ज्ञात्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते।।१७।।''

इस मन्त्र से लेकर—

''एवं विदित्वा परमात्मरूपं
गुहाशयं निष्कलमद्वितीयम्।
समस्तसाक्षिं सदसद्विहीनं
प्रयाति शुद्धं परमात्मरूपम्।।२४।।''

इस मन्त्र तक ''सादाशिवभाष्य'' में ऐक्यस्थलपरक व्याख्या की गयी है। **''तत् त्वमसि''** यह महावाक्य **शरणस्थल** का ज्ञापक है, तो **''अहं ब्रह्मास्मि''** यह महावाक्य **ऐक्यस्थल** का। **''तत् त्वमसि''** यह महावाक्य स्थूलशरीराभिमानी जीव के हृदयकमल में प्रकाशमान चैतन्यमय सद्गुरुस्वरूप परब्रह्म परशिव का तदंशस्वरूप जीव को दिया गया उपदेशवाक्य है, तो **''अहं ब्रह्मास्मि''** यह महावाक्य अंशस्वरूप जीव को अंशी शिव का अखण्डबोध कराने वाला बोधवाक्य है।

''ॐ तत् सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः''

श्रीमद्भगवद्गीता के इस प्रमाणवचन के अनुसार परब्रह्म परशिव ही एकमात्र सत्य है और एकमात्र उसी की सत्ता (अस्तित्व) है। अत: ''सत्'' से ब्रह्म का निर्देश किया जाता है। चैतन्यस्वरूप उस ब्रह्म का वाचक ॐ ओङ्कार है। अत एव गीता उस ब्रह्म का निर्देश तीन शब्दों से करती है— **'ॐ'**, **'तत्'** और **'सत्'**। वह परशिव ही त्रिविध 'पुरों' (शरीररूपी नगरों) में विश्व, तैजस और प्राज्ञसंज्ञक त्रिविध जीव के रूप में रहता है, अत: उसे **पुरुष** भी कहते हैं। इस सत्य को **अष्टाध्यायीकार** परम माहेश्वर महामुनि **पाणिनि** भी जानते थे। इसलिये उन्होंने अंशस्वरूप जीव को अंशी परब्रह्म परशिव का अखण्डबोध कराने के लिये वाक्यरचना में तीन पुरुषों की कल्पना की और उसमें तीन सर्वनामों का इस प्रकार प्रयोग किया—

	सर्वनाम	**पुरुष**	**महावाक्य**
१.	तत् (स:/सा/तत्)	प्रथम पुरुष	(तत् ब्रह्म अस्ति - सत्)
२.	त्वम् (युष्मत्)	मध्यम पुरुष	''तत् त्वम् असि''
३.	अहम् (अस्मत्)	उत्तम पुरुष	''अहं ब्रह्मास्मि''

''कैवल्योपनिषत्'' के **''जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादि''** से लेकर **''एवं विदित्वा परमात्मरूपम्''** तक (१७.२४) मन्त्र **''अहं ब्रह्मास्मि''** इस महावाक्य का उपबृंहण करते हैं, जिसमें जीव का **अहंबोध** भी अन्त में विगलित हो जाता है, त्रिविध पाशबन्ध (अज्ञानमल) कट जाते हैं और केवल अखण्ड शुद्ध परब्रह्म परशिव अवशिष्ट रह जाता है। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति इत्यादि अवस्थाओं में प्रकाशमान प्रपञ्च वहाँ नहीं रहता। **'तद् ब्रह्माद्वयमस्म्यहम्''** यह **''अहं ब्रह्मास्मि''** महावाक्य का ही उपबृंहण है। **''अणोरणीयान्''** उसका जीव में रहनेवाला अणुतम स्वरूप तथा सृष्टि के पूर्व का अणुतमस्वरूप अखण्डस्वरूप का परिचायक है। **''महान्'' (''महतो महीयान्'')** मन्त्रभाग ब्रह्म की बृहत्ता और बृहंणशीलता का ज्ञापक है— **''बृहत्वाद् बृहंणत्वाच्च ब्रह्म शब्दाभिधेयकम्।''** **''पुरातनोऽहम्''** यह परब्रह्म परशिव के त्रिकालाबाधित अस्तित्व का परिचायक है। **''हिरण्मयोऽहं पुरुषोऽहमस्मि''** यह परब्रह्म परशिव की तेजस्विता का द्योतक है, जिससे सूर्यचन्द्रादि प्रकाशमान है।

''अपाणिपादोऽहमचिन्त्यशक्तिः पश्याम्यचक्षुः स शृणोम्यकर्णः।।२१।।''

यह मन्त्रार्थ अशरीरी होने पर भी परब्रह्म परशिव की दर्शन-श्रवणादि सर्वविध शक्ति की अनुभूति परिचायक है। तथा—

न भूमिरापो न च वह्निरस्ति न चाऽनिलो मेऽस्ति न चाम्बरं च।।२३।।

यह मन्त्र पञ्चभूतों की मिथ्यास्थिति और परब्रह्म परशिव की निराकार सत्ता अभिव्यक्त करता है। मायिदेवकृत "अनुभवसूत्र" (४.२८) में 'ऐक्यस्थल' का निरूपण इस प्रकार है—

नाहं त्वमप्रथितशब्दविभेदवृत्ति-
र्न प्राणदेहमन इन्द्रिय भौतिकानि।
सर्वं भ्रमात्मकमिदं मयि नेति भावा-
दैक्यस्थलं समरसं सुखरूपमाहुः।।

ऐक्यस्थल में "मैं", "तुम" आदि सम्बोधन मिट जाते हैं। प्राण, शरीर, समस्त इन्द्रिय, पञ्चभूत आदि किसी का अस्तित्व नहीं रहता। ऐक्यस्थल में शरणस्थल की आनन्दाकार भक्ति ही समरसभक्ति बन कर स्वस्वरूप में अवस्थित होती है और ऐक्यस्थलापन्न भक्त जीव महालिङ्ग से संयुक्त होकर सामरस्य सुख की अनुभूति करता है। "अनुभवसूत्र" में यह निरूपण इस प्रकार है—

"तत्र प्रतिष्ठिता साक्षाद् भक्तिरानन्दरूपिणी।
सामरस्यप्रभावेण प्रोक्ता समरसात्मिका।।
ऐक्यस्थलं तया चास्य चेतनस्य समागतम्।
महालिङ्गसमायुक्तमङ्गमैक्यस्थलं परम् ।।
तत्रैवाऽवस्थिता भक्तिः स्वस्मिन् स्वयमवस्थिता।।"

(अनु.सू. ५.८०-८२)

ऐक्यस्थलापन्न जीव को पूजा, ध्यान, योग, महामुद्रा, महाबन्ध आदि किसी योग करण आदि की आवश्यकता नहीं पड़ती। वह स्वयं को महालिङ्ग समझकर तदाकार हो जाता है। इस प्रकार का साक्षी शिवयोगी शिवस्वरूप ही होता है। जैसा कि **पारमेश्वरागम** में वर्णित है—

"न पूजा नैव च ध्यानं न योगकरणादिकम्।
अहन्ताभावनाधीरः शिवलिङ्गैकसंज्ञकः।।

य एष शिवलिङ्गैक्यसंज्ञकः परमेश्वरः।
स्थलं तत् शिवलिङ्गैक्यं मम चातिप्रियं शिवे!।।
साक्षितत्त्वमिदं देवि! प्रधानेयं तनुर्मम।
मम रूपमिदं विद्धि सोऽहमेव न संशयः।।''

इसका तात्पर्य यह है कि शरणस्थलापन्न भक्त जीव का इष्टलिङ्ग की बाह्यपूजा के प्रति आकर्षण नहीं रहता और वह प्राणलिङ्ग की बाह्यपूजा के प्रति आकर्षण नहीं रहता और वह प्राणलिङ्ग, भावलिङ्ग आदि की आभ्यन्तर मानसपूजा में लीन होकर महालिङ्ग के साथ ऐक्यभावना स्थापित करता है और ऐक्यस्थलापन्न होकर लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप सुखानुभव प्राप्त करता है। **सिद्धान्तशिखामणि** में इसका निरूपण इस प्रकार है—

प्राणलिङ्गादियोगेन सुखातिशयमेदिवान्।
शरणाख्यः शिवेनैक्यभावनादैक्यवान् भवेत्।।

(सि.शि.म. ४.२)

भक्त जीव को महालिङ्ग के साथ सामरस्यसुख प्राप्त करने के लिये अन्तर्लक्ष्य का वेधन आवश्यक होता है। अतिशयोक्ति अलङ्कार द्वारा उसका सुन्दर चित्रण **मुण्डकोपनिषत्** (२.२.३) में इस प्रकार किया गया है—

''धनुर्गृहीत्वौपनिषदं महास्त्रं शरं
ह्युपासानिशितं सन्दधीत।
आयम्य तद् भावगतेन चेतसा
लक्ष्यं तदेवाऽक्षरं सौम्य! विद्धि।।''

उमचिगिशङ्करशास्त्रिविरचित शाङ्करी व्याख्या के अनुसार इसका भावार्थ इस प्रकार है— उपनिषत्प्रसिद्ध ओङ्कारस्वरूप धनुष्य को ग्रहण कर उसकी भक्तिरूपी प्रत्यञ्चा पर अपनी उपासना से तीक्ष्ण लिङ्गस्वरूप बाण का अनुसन्धान करना चाहिये और शरसन्धान से पूर्व उसे भावहस्त से अपनी ओर आकृष्ट करना चाहिये। सौम्य भक्तजीव! उस क्षरणरहित (अक्षर) शिवलिङ्ग को ही तुम अपना लक्ष्य समझो।'' **वीरशैवीय षट्स्थल सिद्धान्त** के अनुसार इसे इस प्रकार समझा जा सकता है—

क्रम	अङ्गस्थल	शिवमूर्ति	भक्तिप्रत्यञ्चा	हस्त	लिङ्ग
१.	भक्त	पृथिवी	श्रद्धा	सुचित्त	आचार
२.	माहेश्वर	जल	निष्ठा	सुबुद्धि	गुरु
३.	प्रसादी	अग्नि	अवधान	निरहङ्कार	शिव
४.	प्राणलिङ्गी	वायु	अनुभव	सुमन	चर
५.	शरण	आकाश	आनन्द	सुज्ञान	प्रसाद
६.	ऐक्यवान्	शिवयोगी	समरस	सद्भाव	महालिङ्ग

उपासना द्विविध होती है— सृष्टिक्रम और संहारक्रम से। सृष्टिक्रम का मार्ग प्रवृत्तिपरक और संहारक्रम का मार्ग निवृत्तिपरक होता है। अङ्गस्थल का आश्रय लेकर वासनामयी शक्ति से सृष्टि होती है, जिसे **प्रवृत्ति** अथवा **कला** कहते हैं। लिङ्गस्थल का आश्रय लेकर वासनारहित शक्ति से संहार होता है, जिसे **निवृत्ति** अथवा भक्ति कहते हैं। सृष्टिक्रम के साधक प्रवृत्तिमार्ग को अपनाते हैं और संहारक्रम के उपासक निवृत्तिमार्ग को। दोनों के लिये प्रणवोपासना का विधान हे। प्रवृत्तिमार्ग में प्रणवस्वरूप हृदय (धनुष्य) को भक्ति को प्रत्यञ्चा द्वारा अपनी ओर आकृष्ट करने के लिये भक्तस्थल से लेकर ऐक्यस्थलापन्न षड्विध भक्त को सुचित्त से सद्भाव तक छः हाथों की आवश्यकता पड़ती है। निवृत्तिमार्ग में चित्त से लेकर सुज्ञान तक पाँच हाथों को एक सद्भाव रूप हाथ अपनी ओर आकृष्ट करता है। वह भावस्वरूप होता है— परब्रह्म परशिवस्वरूप एकमात्र महालिङ्ग। फलतः **''अहम्''**, **''त्वम्''**, **''तत्''** इत्यादि सभी प्रकार की अनुभूति वहाँ नष्ट होती है और भक्त जीव महालिङ्गस्वरूप हो जाता है। यही उमचिगि शंकरशास्त्री जी का आशय है।[१]

फलश्रुति

कैवल्योपनिषत् का परम लक्ष्य है परब्रह्म की अनुभूति। एक तो वह शतरुद्राध्याय के अध्ययन से सम्भव है या 'प्रणवोपासना से या ''नमः शिवाय'' पञ्चाक्षर मन्त्रजप से। फलतः अविमुक्त वाराणसी क्षेत्र में आकर श्री काशी विश्वनाथ की सन्निधि में वह **''कैवल्य''**पद प्राप्त करता है।

१. द्रष्टव्य— ''मुण्डकोपनिषत्'' हिन्दी संस्करण २००४, जंगमवाड़ी मठ, वाराणसी (पृ.२१३-२१६५)।

प्रस्तुत संस्करण— कैवल्योपनिषद् का यह हिन्दी संस्करण १९५१ ई. में प्रकाशित बेंगलोर संस्करण पर आधारित है, जिसमें कन्नड भूमिका और अनुवाद भी प्रकाशित है। यह प्रस्तावना जंगमवाड़ी मठ से प्रकाशित ''अनुभवसूत्र'' (पं. गजानन शास्त्री मुसलगांवकर), 'सूक्ष्मागम' और 'पारमेश्वरागम' (पं. श्री व्रजवल्लभ द्विवेदी), ''सिद्धान्तशिखामणि'' और ''शक्तिविशिष्टाद्वैत-तत्त्वत्रयविमर्श'' (डॉ. चन्द्रशेखर शिवाचार्य महास्वामीजी) इत्यादि ग्रन्थों पर आधारित है।

परम श्रद्धेय विश्वाराध्यज्ञानसिंहासनपीठाधीश्वर श्री १००८ जगद्गुरु डॉ. चन्द्रशेखर शिवाचार्य महास्वामीजी और शैवभारती शोध प्रतिष्ठान (जंगमवाडीमठ) वाराणसी के निदेशक राष्ट्रपण्डित श्रद्धेय आचार्य पं. श्रीव्रजवल्लभ द्विवेदीजी के आदेशानुसार इस संस्करण का यथामति सम्पादन और भाष्यान्तरण किया गया है। गुरुजनों का सादर वन्दन करते हुए मैं उनसे सदा शुभाशीर्वाद की कामना करता हूँ और मित्रबन्धुओं से वारंवार सहयोग की अपेक्षा रखता हूँ। साथ ही श्री शिवशक्ति कंप्यूटर के अक्षरसंयोजक श्री चिदानन्द ओ. हिरेमठ (कसगी), परस्परसंवाद स्थापित करने के लिये सेतुस्वरूप श्रीगोपालजी तथा अन्य सहयोगियों को साधुवाद देना मैं अपना धर्म समझता हूँ।

के.३०/४० गङ्गाधरशास्त्रीभवन
निकट कालभैरव मन्दिर, घासीटोला
वाराणसी - २२१ ००१ (उ.प्र.)

विनयावनत
जगन्नाथशास्त्री तैलङ्ग

♦·♦·♦

॥ श्रीः ॥

कैवल्योपनिषदः

मन्त्रभागानुक्रमणिका

♦ ♦ ♦

ॐ

शुक्लयजुर्वेदीया

कैवल्योपनिषत्

ॐ स ह नाववतु। स ह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

अथाऽश्वलायनो भगवन्तं परमेष्ठिनमुपसमेत्योवाच-
अधीहि भगवो ! ब्रह्मविद्यां वरिष्ठां सदा सद्भिः सेव्यमानां निगूढाम्।
ययाऽचिरात् सर्वपापं व्यपोह्य परात्परं पुरुषं याति विद्वान्।।१।।

तस्मै स होवाच पितामहश्च श्रद्धाभक्तिध्यानयोगादवेहि।।२।।

न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः।
परेण नाकं निहितं गुहायां विभ्राजते यद् यतयो विशन्ति।।३।।

[1]वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद् यतयः शुद्धसत्वाः।
ते ब्रह्मलोके तु परान्तकाले परामृतात् परिमुच्यन्ति सर्वे।।४।।

विविक्तदेशे च सुखासनस्थः शुचिः समग्रीवशिरःशरीरः।
अत्याश्रमस्थः सकलेन्द्रियाणि निरुध्य भक्त्या स्वगुरुं प्रणम्य।।५।।

हृत्पुण्डरीकं विरजं विशुद्धं विचिन्त्य मध्ये विशदं विशोकम्।
अचिन्त्यमव्यक्तमनन्तरूपं शिवं प्रशान्तममृतं ब्रह्मयोनिम्।६।।

तमादिमध्यान्तविहीनमेकं विभुं चिदानन्दमरूपमद्भुतम्।
उमासहायं परमेश्वरं प्रभुं त्रिलोचनं नीलकण्ठं प्रशान्तम्।।
ध्यात्वा मुनिर्गच्छति भूतयोनिं समस्तसाक्षिं तमसः परस्तात्।।७।।

स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट्।
स एव विष्णुः स प्राणः स कालोऽग्निः स चन्द्रमाः।।८।।

---

१. मु.उ.३.२-६

स एव सर्वं यद् भूतं यच्च भव्यं सनातनम्।
ज्ञात्वा तं मृत्युमत्येति नाऽन्यः पन्था विमुक्तये।।९।।

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
सम्पश्यन् ब्रह्म परमं याति नाऽन्येन हेतुना।।१०।।

[१]आत्मानमरणिं कृत्वा प्रणवं चोत्तरारणिम्।
ध्याननिर्मथनाभ्यासात् पापं दहति पण्डितः।।११।।

स एव मायापरिमोहितात्मा शरीरमास्थाय करोति सर्वम्।
स्त्र्यन्नपानादिविचित्रभोगैः स एव जाग्रत् परितृप्तिमेति।।१२।।

स्वप्ने स जीवः सुखदुःखभोक्ता स्वमायया कल्पितजीवलोके।
सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतः सुखरूपमेति।।१३।।

पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात् स एव जीवः स्वपिति प्रबुद्धः।
पुरत्रये क्रीडति यश्च जीवस्ततस्तु जातं सकलं विचित्रम्।।१४।।

[२]एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च।
खं वायुर्ज्योतिरापश्च पृथ्वी विश्वस्य धारिणी।।१५।।

यत् परं ब्रह्म सर्वात्मा विश्वस्याऽऽयतनं महत्।
सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं नित्यं स त्वमेव त्वमेव तत्।।१६।।

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादि प्रपञ्चं यत् प्रकाशते।
तद् ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते।।१७।।

त्रिषु धामसु यद् भोग्यं भोक्ता भोगश्च यद् भवेत्।
तेभ्यो विलक्षणः साक्षी चिन्मात्रोऽहं सदाशिवः।।१८।।

मय्येव सकलं जातं मयि सर्वं प्रतिष्ठितम्।
मयि सर्वं लयं याति तद् ब्रह्माऽद्वयमस्म्यहम्।।१९।।

।। इति प्रथमः खण्डः ।।

---

१. श्वे.उ.१.१४
२. मु.उ.२.१.३

[1]अणोरणीयानहमेव तद्वत् महानहं विश्वमहं विचित्रम्।
पुरातनोऽहं पुरुषोऽहमीशो हिरण्मयोऽहं शिवरूपमस्मि।।२०।।

[2]अपाणिपादोऽहमचिन्त्यशक्तिः पश्याम्यचक्षुः स श्रृणोम्यकर्णः।
अहं विजानामि विविक्तरूपो न चाऽस्ति वेत्ता मम चित्सदाहम्।।२१।।

वेदैरनेकैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद् वेदविदेव चाहम्।
न पुण्यपापे मम नास्ति नाशो न जन्मदेहेन्द्रियबुद्धिरस्ति।।२२।।

न भूमिरापो न च वह्निरस्ति न चाऽनिलो मेऽस्ति न चाऽम्बरं च।।२३।।

एवं विदित्वा परमात्मरूपं गुहाशयं निष्कलमद्वितीयम्।
समस्तसाक्षिं सदसद्विहीनं प्रयाति शुद्धं परमात्मरूपम्।।२४।।

फलश्रुतिः

यः शतरुद्रीयमधीते सोऽग्निपूतो भवति। स वायुपूतो भवति। स आत्मपूतो भवति। स सुरापानात् पूतो भवति। स ब्रह्महत्यायाः पूतो भवति। स सुवर्णस्तेयात् पूतो भवति। स कृत्याकृत्यात् पूतो भवति।।

तस्मादविमुक्तमाश्रितो भवति।
अत्याश्रमी सर्वदा सकृद् वा जपेत्।।
अनेन ज्ञानमाप्नोति संसारार्णवनाशनम्।
तस्मादेवं विदित्वैनं कैवल्यं पदमश्नुते,
कैवल्यं पदमश्नुते।।२५।।

।। इति द्वितीयः खण्डः ।।

ॐ स ह नाववतु। स ह नौ भुनक्तु।
सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु।
मा विद्विषावहै।।

।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

।। इति यजुर्वेदीया कैवल्योपनिषत् समाप्ता ।।

---

१. श्वे.उ.३.२०
२. श्वे.उ.३.१९

ॐ

।। श्रीगुरुसिद्धलिङ्गयतिर्विजयते ।।

सादाशिवभाष्यसहिता

कैवल्योपनिषत्

स्मराम्यहर्निशं श्रीमत्कुमारेश्वरनामकम्।
चिद्गुरुं विमलं शान्तं सुखसिद्धिप्रदायकम्।।१।।

रेणुकादिमहाचार्यान् प्रभुदेवं निरञ्जनम्।
बसवादिगणान् स्तुत्वा नत्वा स्मृत्वा च सादरम्।।२।।

कैवल्योपनिषद्भाष्यं शिवाद्वैतप्रकाशकम्।
सदाशिवशिवाचार्यो विधत्ते देशिकाज्ञया।।३।।

''कैवल्योपनिषद्वेद्यं कैवल्यानन्दतुन्दिलम्।
कैवल्यगिरिजारामं स्वमात्रं कलयेऽन्वहम्।।४।।''

अस्यार्थः— केवलस्येदं **कैवल्यम्,** लिङ्गाङ्गसामरस्यरूपा मुक्तिरित्यर्थः। उपनिषीदति श्रेयोऽस्यामित्युपनिषत्। **कैवल्यस्य उपनिषत् कैवल्योपनिषदिति**

तात्पर्यदीपिका— (मैं सदाशिव शिवाचार्य) विमल शान्त सुख एवं सिद्धि के दाता श्री कुमारेश्वरनामक चिद्गुरु का अहर्निश स्मरण करता हूँ।।१।।

रेणुकादि महान् पञ्चाचार्य, निरञ्जन सम्प्रदाय के प्रभुदेव तथा बसवेश्वर आदि गणों का सादर, स्मरण, स्तवन और नमन करते हुए सदाशिव शिवाचार्य अपने गुरुचरणों की आज्ञा से शिवाद्वैतदर्शन के प्रकाशक कैवल्योपनिषद् की भाष्यरचना कर रहे हैं।।२-३।।

[**कैवल्योपनिषदवेद्यम्**— अष्टोत्तरशत (१०८) उपनिषदों में सङ्कलित कैवल्योपनिषद् के उपक्रम में यह पद्य है, जो उपनिषद् के अन्तर्गत नहीं है।]

इसका भाष्य इस प्रकार है— **''स्वमात्रं कलयेऽन्वहम्''** यह मुख्य अन्वय है। **''कैवल्योपनिषद्वेद्यम्''** आदि **''स्वमात्रम्''** के तीन विशेषण हैं।

कैवल्योपनिषद्वेद्यम्— **''कैवल्योपनिषद्''** शब्द के दो निर्वचन हैं— **''केवलस्येदं कैवल्यम्, उपनिषीदति श्रेयः अस्याम् इति उपनिषत्। कैवल्यस्य**

प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावसम्बन्धे षष्ठी, कैवल्यप्रतिपादिका तद्बोधिका तत्प्रदा वोपनिषत् कैवल्योपनिषदिति तात्पर्यम्।

यद्वा-केवलस्य भावः **कैवल्यम्,** निरस्तसमस्तोपाधिकं ब्रह्म गुरूपदिष्टेष्ट-प्राणभावलिङ्गं **तदुप** समीपे(नि)सादयत्यङ्गं स्थूल-सूक्ष्म-कारणाङ्गं गमयतीति या सा **कैवल्योपनिषत्।** उक्तं च **अनुभवसूत्रे चतुर्थाधिकरणे**—

''अमिति ब्रह्मसन्मात्रं गच्छतीत्य**ङ्ग**मुच्यते।
रूप्यतेऽङ्गमिति प्राज्ञैरङ्गतत्त्वविचिन्तकैः॥'' (४.४)

''अनाद्यन्तमजं लिङ्गं तत्परं परमं प्रति।
यद् गच्छति महाभक्त्या तद**ङ्ग**मिति निश्चितम्॥'' (४.२)

उपनिषत् कैवल्योपनिषत्'' इस षष्ठी-तत्पुरुषसमास में प्रतिपाद्य-प्रतिपादक-भावसम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग क्रिया गया है। **कैवल्य** का अर्थ है लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूपा मुक्ति। उसका ज्ञान कराने वाली अथवा लिङ्गाङ्गसामरस्य-स्वरूपमुक्तिदात्री उपनिषत् **कैवल्योपनिषत्** कहलाती है।

अथवा— **''केवलस्य भावः कैवल्यम्, तत् उप (समीपे) सादयति = (अङ्गं स्थूल-सूक्ष्मकारणाङ्गं) गमयति इति या सा कैवल्योपनिषत्''** इस द्वितीय निर्वचन के अनुसार **कैवल्य** का अर्थ है— सम्पूर्ण उपाधियों से शून्य परब्रह्म-परमात्मस्वरूप शिव, जिसका उपदेश गुरुचरण इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग त्रिविध लिङ्ग के रूप में करते हैं। उसके निकट जो स्थूलाङ्ग, सूक्ष्माङ्ग और कारणाङ्ग त्रिविध अङ्गस्थलों को पहुँचाती है वही 'कैवल्योपनिषत्'' है। अङ्ग अथवा 'अङ्गस्थल' जीवमात्र है, जो त्रिविध है— स्थूलाङ्ग, सूक्ष्माङ्ग और कारणाङ्ग । श्रीमायिदेवकृत ''अनुभवसूत्र'' के चतुर्थाधिकरण में ''अङ्ग'' की परिभाषा इस प्रकार की है— **''अम् = ब्रह्मसन्मात्रं गच्छति इति अङ्गम्''** जो सत्स्वरूप केवल परब्रह्म परमात्मा के निकट जाता है, अङ्गतत्त्व का चिन्तन करने वाले प्रज्ञाशील उसे ''अङ्ग'' के रूप में निरूपित करते हैं, उसे ''अङ्ग'' कहते हैं— **''अमिति ब्रह्मसन्मात्रम्''** (४.४)।

'अनाद्यन्तमजम्''— जो (जीव) ''अ'' अर्थात् अनादि-अनन्त-अजन्मा परम परलिङ्गस्वरूप परशिवलिङ्ग के प्रति परमभक्तिपूर्वक गमन करता है, वह निश्चित रूप से **अङ्गस्थल** कहलाता है। (४.२)

"अं भवेद् परमं ब्रह्म तद्गतं तत्परायणम्।
अङ्गस्थलमिति प्राहुरङ्गतत्त्वविशारदाः।।" (४.४)

"उपनीयेममात्मानं ब्रह्मापास्तद्वयं स्वतः।
निहन्त्यविद्यां तज्जं च तस्माद**दुपनिषन्**मता।।" ब्रह्मगीता २.११८

इत्यभिज्ञोक्तेश्च **उपनिषन्**नामात्र ब्रह्मविद्या शिवानुभवज्ञानपरा अर्थाल्लिङ्गाङ्गादि-ज्ञानपरेत्यर्थः। तया **वेद्यं**-वेत्तुं योग्यं **कैवल्यानन्दतुन्दिलं** मोक्षानन्दपरिपूर्णम्।

"अ" का अर्थ है परब्रह्म। अङ्ग के तत्त्वज्ञ महाप्रज्ञों ने उन्हें "अङ्गस्थल" कहा है, जो परब्रह्मस्वरूप शिव के निकट पहुँचकर उसकी निरन्तर उपासना करते हैं। **'अं भवेत् परमं ब्रह्म''** (४.४)।

''ब्रह्मगीता'' की **''उपनीयेममात्मानम्''** (२-११८) इत्यादि अभिज्ञोक्ति में **उपनिषत्** शब्द का निर्वचन इस प्रकार है— "जो ब्रह्मविद्या अद्वयस्वरूप परब्रह्म-परशिव के निकट जीवात्मा को ले जाकर अविद्या का तथा उससे उत्पन्न उपाधि का विनाश करती है, अत एव वह ब्रह्मविद्या **उपनिषत्** कहलाती है।" इस निर्वचन के अनुसार **''कैवल्योपनिषद्वेद्यम्''** इस शब्द में **''उपनिषत्''** शब्द का अर्थ वह ब्रह्मविद्या है, जो लिङ्गस्थल-अङ्गस्थल आदि का ज्ञान अर्थात् शिवानुभूति कराती है। उस ब्रह्मविद्या से गम्य, **कैवल्यानन्दतुन्दिलम्** = मोक्ष सुख से परिपूर्ण, **कैवल्यगिरिजारामम्** = मुक्तिस्वरूपा अङ्गना (पार्वती) का विलासस्थान, **स्वमात्रम् — स्वमेव स्वमात्रम्,** यहाँ पर "स्व" के अर्थ में ही "मात्रच्" प्रत्यय है। स्वस्वरूप परब्रह्म ही, जो गुरु द्वारा इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग त्रिविध लिङ्ग के रूप में परशिवस्वरूप है और उससे भिन्न ज्ञेय अन्य कुछ भी नहीं है, यही "मात्रच्" प्रत्यय की व्यञ्जना है। **''कलयेऽन्वहम्''** (अन्वहं कलये) मैं प्रतिदिन उसी की शरण में जा रहा हूँ। **''कल सङ्कलनगतौ संख्यापने च''** इस धातुपाठ के अनुसार "कल्" धातु का अर्थ है सङ्कलन, गति और संख्यापन। **''शिवोऽहमस्मीति शिवं प्रपद्ये''** यह अनुभवसूत्र का वचन इसमें प्रमाण है, जिसका अर्थ है, मैं (जीव) शिवस्वरूप हूँ, अतः शिव की शरण में जा रहा हूँ। तदनुसार इसका फलितार्थ होगा मैं जीवात्मा अङ्गस्वरूप भक्त हूँ, और लिङ्गस्वरूपी शिव की शरण में जा रहा हूँ।

कैवल्यगिरिजारामं मुक्त्यङ्गनाविलासस्थानम्। **स्वमात्रं** स्वमेव स्वमात्रमिति स्वार्थे 'मात्रच्'प्रत्ययः। स्वशब्देन स्वस्वरूपब्रह्मैव गुरूपदिष्टेष्टप्राण-भावलिङ्गरूप-शिवमेवेत्यर्थः। मात्रशब्देन तदतिरिक्तं गम्यं वस्तु नास्तीत्यर्थः। **अन्वहं** प्रतिदिनम् **कलये** प्रपद्ये, अङ्गरूपी भक्तोऽहं सङ्गच्छे ; लिङ्गरूपी भवेयमिति फलितार्थः। **''शिवोऽहमस्मीति शिवं प्रपद्ये''** इत्यनुभवसूत्रोक्तेः। **''कल् सङ्कलने गतौ संख्यापने चे''**ति धातोः।

भावार्थ— मैं प्रतिदिन ''कैवल्योपनिषत्'' नामक ग्रन्थ से लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूपा मुक्तिप्रदात्री ब्रह्मविद्याद्वारा ज्ञेय ''कैवल्य'' (मोक्ष) के आनन्द से परिपूर्ण कैवल्यगिरिजा (मुक्तिस्वरूपिणी पार्वती) के रमणस्थान स्वस्वरूप परशिव की शरण में जा रहा हूँ।।४।।

तात्पर्यदीपिका [शुक्लयजुर्वेदीय **'मुक्तिकोपनिषद्'** (१.५३) में भगवान् श्रीरामचन्द्रजी ने अपने भक्त हनुमान के ब्रह्मविद्या का उपदेश देते हुए कृष्णयजुर्वेदीय बत्तीस (३२) उपनिषदों में शान्तिमन्त्र के पाठ का विधान इस प्रकार किया है— ''(१) कठवल्ली-(२) तैत्तिरीय-(३) ब्रह्म-(४) **कैवल्य**-(५) श्वेताश्वतर-(६) गर्भ-(७) नारायण-(८) अमृतबिन्दु-(९) अमृतनाद-(१०) कालाग्निरुद्र-(११) क्षुरिका-(१२) सर्वसार-(१३) शुकरहस्य-(१४) तेजोबिन्दु-(१५) ध्यानबिन्दु-(१६) ब्रह्मविद्या-(१७) योगतत्त्व-(१८) दक्षिणामूर्ति-(१९) स्कन्द-(२०) शारीरिक-(२१) योगशिखाः-(२२) एकाक्षर-(२३) अक्षि-(२४) अवधूत-(२५) कठरुद्र-(२६) रुद्रहृदय-(२७) योगकुण्डली-(२८) पञ्चब्रह्म-(२९) प्राणाग्निहोत्र-(३०) वराह-(३१) कलिसन्तरण-(३२) सरस्वतीरहस्यसंज्ञकानां द्वात्रिंशतसंख्याकानाम् उपनिषदां **''स ह नाववतु''** इति शान्तिः।।''

''ॐ तत् सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः'' इस श्रीमद्भगवद्गीता (१७.२३) के वचनानुसार परब्रह्म परशिव का निर्देश तीन प्रकार से किया जाता है— ॐ, तत् और सत्। **''अस्तीति सत्''**— यतः परब्रह्म परशिव की सत्ता है, अतः वह **''सत्''** (परम सत्य) है। 'तत्' इस सर्वनाम से उसका निर्देश किया जाता है, **ॐ** प्रणव उसका वाचक है। **ॐ** और **सः** दोनों में परस्पर वाच्य-वाचक-भावसम्बन्ध है। **ओङ्कार** के तीन अंश है— **अ, उ** और **म्,** जो क्रमशः इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग के द्योतक है। **ओङ्कार**

शान्तिमन्त्रः

ॐ स ह नाववतु। स ह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।।
।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

''ॐ स ह नाववत्वि''ति। **ॐ सः**-अकारोकारमकारवाच्येष्टप्राणभावलिङ्गरूपो महादेवः, परतरशिवलिङ्गमित्यर्थः। **हेति**-निश्चयार्थकमव्ययम्। **नौ**-आवां योग्यगुरुशिष्यावित्यर्थः। **'नावि'**ति द्विवचननिर्देशेन शिष्टौ पितापुत्रौ स्वामिभृत्यौ राजप्रजे सतीपती वा ग्राह्याविति भावः। **अवतु**-एककालावच्छेदेनैव रक्षतु। 'अव रक्षणे' इति धातोः। **सः** परमशिवः, **नौ** आवां विशिष्टगुरुशिष्यादी इत्यर्थः। **ह**-निश्चयेन, **भुनक्तु**-लौकिकाऽलौकिकोभयज्ञानानन्दानुभवादिकं दत्वा

परतरशिव-लिङ्गस्वरूप महादेव का वाचक है। भाष्यकार उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार कर रहे हैं—]

ॐ सः = अकार-उकार-मकार तीनों का सम्मिलित स्वरूप इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग त्रिविधलिङ्गद्योतक परतरशिवलिङ्गस्वरूप वह ओङ्कार, **ह** = निश्चितरूप से, **नौ** = हम दोनों योग्य गुरु-शिष्य, शिष्ट पिता-पुत्र, स्वामी-नौकर, राजा-प्रजा, पत्नी-पति की, **अवतु** = एक ही समय में रक्षा करे। **''अवतु''** यह रक्षणार्थक **अव्** धातु का लोट्लकार में निष्पन्न रूप है।

सह नौ भुनक्तु सः = वह परमशिव, **ह** = निश्चितरूप से, **नौ** = हम दोनों गुरु-शिष्य, पिता-पुत्र, मालिक-नौकर, राजा-प्रजा और पति-पत्नी का, **भुनक्तु** = लौकिक-अलौकिक ज्ञान तथा लौकिक-अलौकिक आनन्द दोनों की अनुभूति करते हुए सबका पालन-पोषण करे। **''भुज्-पालनाभ्यवहारयोः''** इस प्रकार धातुपाठ में भुज् धातु के दो अर्थ हैं पालन और अभ्यवहार। यहाँ उसका अर्थ पालन (अवन) होने से **'भुजोऽनवने'** इस सूत्र से आत्मनेपद का निषेध किया गया है।

सह वीर्यं करवावहै— (नौ) सह = हम दोनों साथ साथ मिलकर **वीर्यं करवावहै** = अधीत (कण्ठस्थ) और वारंवार पठित मन्त्रजप आदि के द्वारा उससे निष्पन्न फल प्राप्त करें। अथवा हम दोनों साथ-साथ मिलकर उन-उन सत्कर्मों द्वारा अर्जित सात्त्विक तेज प्राप्त करें।

पालयत्वित्यर्थः। 'भुज पालनाभ्यवहारयोरि'ति धातोरवनार्थत्वात् 'भुजोऽनवन' इत्यात्मनेपदाभावः। **सह**-सहैव। **वीर्यं करवावहै**-अधीतैरभ्यस्तैर्मन्त्रादिकैस्तत्तत्फल-निष्पादनलक्षणं **वीर्यं करवावहै** निष्पादयाव इत्यर्थः। यद्वोभौ मिलित्वा तत्तत् सत्कर्मार्जितं **वीर्यं** सत्वं तेजः प्राप्नुयाव इत्यर्थः। **अधीतम्** आवाभ्यां गुरुशिष्यादिभ्यामभ्यस्तम्, लौकिकपरमार्थविहितव्यवहारादिशिक्षणमिति यावत्। **तेजस्वि**-वीर्यवत् वीर्यवत्तरम्। **नौ** आवाभ्यां गुरुशिष्यादिभ्याम्। **अस्तु**-भवतु। **'नावि'**ति सम्प्रदाने चतुर्थी, दुःखबीजानहङ्कारममकारादीन् वर्जयित्वा सदा शिवभावनया क्षपितमायाजाड्यत्वेन चाध्ययनादिकं कर्तव्यमिति भावः। **मा विद्विषावहै**-मा द्वेषं करवावहै। परस्परानुरक्तौ स्यातामित्यर्थः। अन्यतरद्वेषे अधीतमन्त्रादेर्वीर्यहानिर्भवतीति भावः। आवयोर्गुरुशिष्याद्योरप्रीतिः कदाचिदपि न भूयादिति तात्पर्यम्।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिःरिति त्रिरावृत्तिस्तु कायवाङ्मनस्त्रिकरण-कृतपापशमनार्थमाध्यात्मिकादितापत्रयपरिहारार्थमाणवादिमलत्रयनिवारणार्थं

तेजस्वि नावधीतमस्तु = **अधीतम्** = गुरु-शिष्य आदि हम दोनों द्वारा अभ्यस्त इहलौकिक और पारलौकिक व्यवहार आदि का शिक्षण, **नौ** = हम दोनों द्वारा, **तेजस्वि** = प्रखर, **अस्तु** = हो। **''नौ''** = यह सम्प्रदान के अर्थ में ''अस्मत्'' सर्वनाम के चतुर्थी विभक्ति का द्विवचन है। इसका तात्पर्य यह है कि अहङ्कार, ममकार आदि जो दुःखबीज हैं, उन्हें छोड़कर हम दोनों सदा शिवभावना में मग्न रहें और उसके द्वारा माया की जड़ता (अज्ञान) का नाश करते हुए अध्ययनरत रहें।

मा विद्विषावहै = हम दोनों परस्परद्वेष न करें और परस्पर अनुराग बनाए रखें। क्योंकि एक दूसरे से द्वेष करने पर अभ्यस्त मन्त्र आदि का प्रभाव नष्ट होता है। अतः हम दोनों गुरु-शिष्य आदि में कभी भी प्रेम का अभाव न हो और सदा अनुराग बना रहे।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः इस प्रकार तीन बार किया गया शान्तिपाठ कायिक, वाचिक और मानसिक त्रिविध पापों का शमन करने के लिये अथवा आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक त्रिविध तापों (दुःखों) का परिहार करने के लिये अथवा आणव, मायीय और कार्मिक त्रिविध मलों का निवारण करने के लिये अथवा भूत-भविष्य और वर्तमान काल के सम्पूर्ण

भूतभविष्यद्वर्तमानकालिकसकलप्रतिबन्धकादिनिवृत्त्यर्थं वेति ज्ञेयम्। तथा चोक्तं **सूतसंहितायाम्**—

"शान्तिः शान्तिः पुनः शान्तिर्दोषत्रयनिवृत्तये।
कृत्वैवं प्रार्थनामात्मज्ञानार्थं पुनरास्तिकाः।।"

(सूतसं. यज्ञवै.अ.१६) इति।

प्रतिबन्धक विघ्नों का निवारण करने के लिये किया जाता है, यह समझना चाहिये। जैसा कि **सूतसंहिता** की सूक्ति है—

"शान्तिः शान्तिः पुनः शान्तिर्दोषत्रयनिवृत्तये।
कृत्वैवं प्रार्थनामात्मज्ञानार्थं पुनरास्तिकाः।।"

—सूत सं.यज्ञ.वै.अ.१६

अर्थात् आस्तिक जन **"ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः"** इस प्रकार त्रिविध दोष निवारण के लिये प्रार्थना करके पुनश्च आत्मज्ञान के लिये उपनिषत्पाठ करते हैं।

मन्त्रार्थ— अकार, उकार और मकार का सम्मिलित स्वरूप ओंकार, जो इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग स्वरूप त्रिविधलिङ्गों का सम्मिलितस्वरूप परतर शिवलिङ्ग महादेव है, वह निश्चितरूप से हम दोनों गुरु-शिष्य, पिता-पुत्र, नौकर-मालिक, राजा-प्रजा अथवा पति-पत्नी का एक साथ रक्षण करें। हम दोनों को लौकिक-अलौकिक ज्ञानानन्द की अनुभूति कराकर हम दोनों का एक साथ पालन पोषण करें। हम दोनों एक साथ अपनी उपासना और सत्कर्मों का फल प्राप्त अथवा उससे सात्विक तेज प्राप्त करे। हम दोनों अहंकार-ममता तथा अज्ञानजन्य जड़ता छोड़कर अध्ययन करें। झगड़ा न करें। हमारे त्रिविध तापों का निवारण हो।

अथ प्रथमः खण्डः

अथाऽऽश्वलायनो भगवन्तं परमेष्ठिनमुपसमेत्योवाच-
अधीहि भगवो! ब्रह्मविद्यां वरिष्ठां
सदा सद्भिः सेव्यमानां निगूढाम्।
ययाऽचिरात् सर्वपापं व्यपोह्य
परात्परं पुरुषं याति विद्वान्।।१।।

अथेति।

ॐकारश्चाऽथशब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा।
कण्ठं भित्त्वा विनिर्यातौ तस्मान्माङ्गलिकावुभौ।।[१]

प्रथम खण्ड

[भाष्यकार पूज्य श्रीशङ्करानन्द अपने भाष्य की अवतरणिका में कहते हैं— "**भगवती श्रुतिः मातेव सुखप्रतिपत्त्यर्थं कञ्चनाऽऽश्वलायनमुररीकृत्य निमित्तीकृत्य आख्यायिकामवतारयति ब्रह्मविद्यायामास्तिक्यं जनयितुम्।**" अर्थात् भगवती वेदमाता ही माता के समान किसी आश्वलायनमुनि को निमित्त बनाकर ब्रह्मविद्या में आस्तिकता का भाव उत्पन्न करने के लिये "**अथाश्वलायनो भगवन्तं परमेष्ठिनमुपसमेत्योवाच**" यह आख्यायिका प्रस्तुत कर रही है। वे "**अथ**=साधनचतुष्टयसम्पत्त्यन्तरम्, **आश्वलायनो**=ऋग्वेदाचार्यः भगवन्तं= पूजायन्तं, परमेष्ठिनं=सर्वोत्कृष्टस्थाननिवासिनं उपसमेत्य (परिसमेत्य) शास्त्रीय-विधिना समीपलात्य, उवाच=उक्तवान" यह भाष्यक करते हैं। चार साधन प्राप्त होने के अनन्तर ऋग्वेदाचार्य आश्वलायनमुनि ने सर्वोत्कृष्टस्थान निवासी पूजाभाजन गुरुजन के निकट शास्त्रीय विधि से आकर यह ब्रह्मजिज्ञासा की, यह इसका अर्थ है। इसकी व्याख्या श्रीसदाशिव शिवाचार्य इस प्रकार करते हैं।

अथ = "**ॐकारश्चाऽथशब्दश्च**" इत्यादि क्रियासार के वचनानुसार ओङ्कार और 'अथ' दोनों शब्द प्राचीन काल में ब्रह्मदेव के कण्ठ से निकलने के कारण माङ्गलिक हैं। इस प्रकार **अथ** अव्यय माङ्गलिक होने पर भी

---

१. क्रियासारः उ.१

इत्युक्तेरथशब्दः स्वाभाविकमङ्गलार्थपरोऽप्यानन्तर्येऽर्थेऽत्र वर्तत इति विशेषः। यदनन्तरमित्याकाङ्क्षायां ब्रूमः। विशेषशिवदीक्षासंस्कारानन्तरमित्यर्थः।

आश्वलायनः— आश्वलायन इत्यभिधानं यस्य स मुमुक्षर्मोक्षापेक्षी सहजलिङ्गाङ्गसामरस्यानुभवज्ञानार्थी लिङ्गाङ्गी शिष्य इत्यर्थः।

त्वं देवेषु ब्राह्मणोऽस्यहं मनुष्येषु ब्राह्मणः।
ब्राह्मणो वै ब्राह्मणमुपधावती''त्यादि।
ब्राह्मणो भगवान् रुद्रः सर्वेषामुत्तमोत्तमः।
ब्रह्मभावो हि रुद्रस्य ब्राह्मण्यं नैव हेतुजम्।।

'अनन्तर' अर्थ का भी वाचक है यही विशेष है। "जिसके पश्चात्, विशेष शिव-दीक्षासंस्कार के अनन्तर" यह इसका तात्पर्य है।

आश्वलायनः— शक्तिविशिष्टाद्वैतदर्शन के अनुसार आश्वलायन नामक सहज लिङ्गाङ्गसामरस्य का अनुभवात्मक ब्रह्मजिज्ञासु, ज्ञानपिपासु लिङ्गाङ्गी मुमुक्षु शिष्य था। वीरशैवोत्कर्षणसंग्रह, क्रियासार, वराहोपनिषत् इत्यादि अनेक प्रमाणवचनों से यह सिद्ध होता है कि आश्वलायन मुनि भी भस्म, रुद्राक्ष और लिङ्गधारण आदि महापाशुपतव्रत सम्पादन करनेवाले अतिवर्णाश्रम में निष्ठा रखने वाले परमशिवभक्त सन्त-महात्मा थे यह हमारा मनोगत है।

"त्वं देवेषु ब्राह्मणोऽसि" इत्यादि मन्त्र परशिवलिङ्गस्वरूप महादेव को सम्बोधित है। वीरशैव भक्त उससे निवेदन कर रहा है कि तुम देवताओं में ब्राह्मण हो और मैं मनुष्यों में ब्राह्मण हूँ। मैं तुम्हारी ओर इसलिये आकृष्ट हो रहा हूँ कि ब्राह्मण ही ब्राह्मण के पीछे भागता है।

[**वेदास्तत्वं तपो ब्रह्म ब्रह्मा विप्रः प्रजापतिः"** इस अमरकोष (३.३.११४) के वचनानुसार नपुंसकलिङ्गी 'ब्रह्मन्' शब्द के तीन अर्थ हैं— वेद, परब्रह्म और तप। पुल्लिगी ब्रह्मदेव के दो अर्थ हैं— ब्राह्मण और ब्रह्मदेव। **"ब्रह्म (वेदं परब्रह्म-परतरशिवं) वा जानाति इति ब्राह्मणः"** इस निर्वचन के अनुसार वेदवेत्ता और परशिवस्वरूपवेत्ता वीरशैवभक्त को "ब्राह्मण" कहते हैं। वीरशैवोत्कर्षसंग्रह के **"ब्राह्मणो भगवान् रुद्रः"** इत्यादि दो पद्यों में **"त्वं देवेषु ब्राह्मणोऽसि"** इत्यादि मंत्र का उपबृहंण किया गया है। तदनुसार उनका सम्मिलित अर्थ इस प्रकार है–]

सभी देवताओं में भगवान् रुद्र उत्तमोत्तम ब्राह्मण हैं, क्योंकि रुद्र के ब्राह्मणत्त्व का कारण उनका ब्रह्मभाव है, ब्राह्मणत्व नहीं।

ब्राह्मणो वै सदा लोके ब्राह्मणं चोपधावति।
महाब्राह्मणमीशानमुपधावेन्न चेतरम् ।।[1]

'त्वं देवेष्वि'ति मन्त्रोऽयं शिवस्योपास्तिवाचकः।
ये पुनः शिवभक्तास्ते गदिता ब्राह्मणोत्तमाः।।
ब्रह्म शम्भुः समाख्यातस्तज्ज्ञः स्याद् ब्राह्मणः स्मृतः।
ब्राह्मणः शिवभक्तोऽसौ नान्यो ब्राह्मण उच्यते।।
सर्वस्मादधिको यस्मात् भगवान् ब्राह्मणः शिवः।
स यस्य दैवतं सोऽपि ब्राह्मणो महतो महान्।।[2]

सनत्कुमारप्रमुखा ज्ञाननिष्ठा यशस्विनः।
धृतलिङ्गाङ्गभावाश्च विराजन्तेऽनिशं मुदा।।
अगस्त्यो जैमिनिश्चैव विश्वामित्रोऽथ काश्यपः।
भरद्वाजोऽङ्गिरा अत्रिर्वसिष्ठो रोमहर्षणः।।

[जैसा कि 'सिद्धान्तशिखामणि'कार का वचन है—

''बृहत्वात् बृंहणत्वाच्च 'ब्रह्म'शब्दाभिधेयकम्'' (६.३८)

यतः **ब्रह्म** बृहत् (विस्तृत) और बृंहणशील (विस्तारशील) होता है, अतः परतरशिव को **ब्रह्म** कहते हैं और यही है भगवान् रुद्र का ब्रह्मभाव, जो उनके ब्राह्मणत्व का कारक है, केवल ब्राह्मणत्व नहीं।]

यतः मनुष्ययोनि में जन्म लेने वाला वीरशैव भक्त **ब्राह्मण** लोक में सभी देवताओं में सर्वोत्तम **ब्राह्मण** महादेव का सदा अनुगमन करता है, अतः उसी महाब्राह्मण परमशिव का ही अनुगमन करना चाहिये, विष्णु आदि इतर देवता का नहीं।

''त्वं देवेष्विति मन्त्रोऽयं'' इत्यादि क्रियासार के वचन उसी मन्त्र का विवेचन करते हैं। तदनुसार **''त्वं देवेषु''** इत्यादि पूर्वोक्त मन्त्र शिवोपासनापरक है। पुनश्च वो वीरशैव भक्त होते हैं, उन्हें ब्राह्मणोत्तम, श्रेष्ठ ब्राह्मण कहा गया है।

शिव को ही ब्रह्म कहा गया है और परशिवतत्त्व वेत्ता का स्मरण किया गया है। अतः वह परम शिवभक्त ही ब्राह्मण कहा जाता है, अन्य कोई ब्राह्मण नहीं।

---

१. वीरशैवोत्कर्ष सं. पृ. १०
२. *क्रियासारः उ. १४*

एते सर्वे महाभागा अतिवर्णाश्रमे रताः।
वीरशैवाः समाख्याता जीवन्मुक्ता न संशयः।।[१]

दुर्लभं प्राप्य मानुष्यं तत्रापि नरविग्रहम्।
ब्राह्मण्यं च महाविष्णोर्वेदान्तश्रवणादिना।।

अतिवर्णाश्रमं रूपं सच्चिदानन्दलक्षणम्।
यो न जानाति सोऽविद्वान् कदा मुक्तो भविष्यति?।।[२]

इत्याद्यनेकप्रमाणसत्वात् आश्वलायनमुनिरपि भस्मरुद्राक्षलिङ्गधारणादि—**महापाशुपतव्रत**सम्पन्नातिवर्णाश्रमनिष्ठागरिष्ठः परमशिवसद्भक्त एवेत्यस्मन्मनोगताभिप्रायः।

यतः सभी देवताओं में सर्वश्रेष्ठ ब्राह्मण भगवान् शिव हैं, अतः जिसका दैवत परम शिव है, वह वीरशैव शिवभक्त महान् से भी महान् ब्राह्मण है।

[**क्रियासार** के अनुसार सनत्कुमार, अगस्त्य आदि महामुनि निःसंशय जीवन्मुक्त वीरशैव हैं] सनत्कुमार आदि परमज्ञानी यशस्वी तपस्वी सदासर्वदा प्रसन्नतापूर्वक लिङ्गाङ्गसामरस्य का अनुभव करते हुए बिराज रहे हैं।

अगस्त्य, जैमिनि, विश्वामित्र, कश्यप, भरद्वाज, अंगिरा, अत्रि, वसिष्ठ और रोमहर्षण ये सभी महानुभाव अतिवर्णाश्रम में रमण करने वाले जीवन्मुक्त वीरशैव के रूप में विख्यात हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं।

[**'वराहोपनिषत्'** भी परशिव के ब्रह्मभाव का इसी प्रकार समर्थन करता है—]

जो जीव दुर्लभ मनुष्यभाव और उसमें भी मनुष्य शरीर पाकर तथा **'वेवेष्टि इति विष्णुः'** इस निवर्चन के अनुसार शक्तिविशिष्टाद्वैत वेदान्तदर्शन के श्रवण-मनन आदि के द्वारा भी ''महाविष्णु'' के ब्रह्मभाव तथा सत्स्वरूप, चित्स्वरूप और आनन्दस्वरूप अतिवर्णाश्रमधर्म (वर्णधर्म और आश्रमधर्म से परे) स्वरूप को नहीं जानता, वह अनभिज्ञ कब मुक्त होगा? कभी भी नहीं।

[ये सभी प्रमाणवचन आश्वलायन मुनि को परम वीरशैव शिवभक्त सिद्ध कर रहे हैं।]

---

१. क्रियासारः उ. १
२. वराहोपनिषत् अ. २

भगवन्तम् भगोऽस्यास्तीति भूतोत्पत्तिप्रलयादीन् वेत्तीति वा भगवान्। तं षड्गुणैश्वर्यसम्पन्नमित्यर्थः। तथा चोक्तमन्यत्र—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य वीर्यस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणाः।।[१]

उत्पत्तिं प्रलयं चैव भूतानामागतिं गतिम्।
वेत्ति विद्यामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति।।[२]

परमेष्ठिनम्— परमे व्योम्नि चिदाकाशे तिष्ठतीति परमेष्ठी तं हृदयपुण्डरीकाकाशावच्छिन्नत्वेन भासमानज्योतिर्लिङ्गरूपपरशिवाभिन्नं सच्चिद्गुरुमित्यर्थः।

पुरुषार्थप्रदानाय पतये परमेष्ठिने।
ईशानाय नमस्तुभ्यमीश्वराय नमो नमः[३]**।।**

भगवन्तम्— यह **'परमेष्ठिनम्'** का विशेषण है। इसके दो निर्वचन है।— **(१) भगोऽस्यास्तीति भगवान्, तम् (२) भूतोत्पत्तिप्रलयादीन् वेत्तीति भगवान्, तम्।** प्रथम निर्वचन में 'भग'शब्द के छः अर्थ हैं— समग्र ऐश्वर्य, समग्र वीर्य, समग्र यश, समग्र श्री, समग्र ज्ञान और समग्र वैराग्य। इन छः गुणों से सम्पन्न ''भगवान्'' कहलाता है। जैसा कि **'विष्णुपुराण'** का वचन है— **''ऐश्वर्यस्य समग्रस्य''** इत्यादि।

द्वितीय निर्वचन के अनुसार जो पञ्च महाभूतों अथवा जीवों को उत्पत्ति, प्रलय, आगमन, गमन, विद्या और अविद्या का अभिज्ञ साक्षी है वही भगवान् है जैसा कि, **''उत्पत्तिं प्रलयं चैव''** इत्यादि विष्णु-पुराण का वचन है।

परमेष्ठिनम्— ''परमे (व्योम्नि चिदाकाशे) तिष्ठतीति परमेष्ठी, तम्''। जो परम व्योम अर्थात् हृदयकमल के अन्तराल में प्रकाशमान ज्योतिर्लिङ्ग के रूप में अवस्थित है, और परशिव से अभिन्न, सच्चित्स्वरूप गुरु है। परमेष्ठी और शिव की अभिन्नता के प्रतिपादक अनेक प्रमाणवचनों में **पुरुषार्थप्रदानाय''** और **''भवस्य परमेष्ठितः''** ये लिङ्गपुराण के वचन तथा **''शर्वाय परमेष्ठिने''** यह वीरशैवामृतपुराण का वचन हृत्पुण्डरीकवर्ती ज्योतिर्लिङ्ग और परमेष्ठी शिव का अभेद प्रतिष्ठापित करते हैं— धर्म-अर्थ-काम-मोक्षस्वरूप चतुर्विध

---

१. विष्णु.पु.६.५.७४
२. विष्णु.पु.६.५.७८
३. लिं.पु.भा. १, अ.९६

भवस्य परमेष्ठिनः[1]

शर्वाय परमेष्ठिने[2] इति च।

कश्च गुरुरित्युच्यत इति चेत्—

यो गुरुः स शिवः प्रोक्तो यः शिवः स गुरुः स्मृतः।
न तयोरन्तरं कुर्यात् ज्ञानावाप्त्यै महामतिः।। इति

कुलक्रमागताचारं कुमार्गाचारवर्जितम्।
शिवध्यानपरं शान्तं शिवतत्त्वविवेकिनम्[3]**।।**

लिङ्गधारणसंयुक्तं लिङ्गपूजापरायणम्।
लिङ्गाङ्गयोगतत्वज्ञं निरूढाद्वैतवासनम्।।

पुरुषार्थ के प्रदाता हृदयकमल के अन्तराल में चित्स्वरूप से प्रतिष्ठित हे परम शिव! तुह्में नमन। हे ईश्वर! तुम्हें वारंवार नमन।

[इस मन्त्र में शिष्य द्वारा गुरु के समीप अपनी ज्ञानपिपासा शान्त करने के लिये जाना चाहिये यह विधान किया गया है। ''किसे गुरु कहना चाहिये? इस प्रश्न का समाधान सिद्धान्तशिखामणि, ब्रह्मगीता, सूतसंहिता, ब्रह्मोपनिषत्, वीरशैवानन्दचन्द्रिका, मुण्डकोपनिषद्, नारदपरिव्राजकोपनिषत् इत्यादि ग्रन्थों के प्रमाण वचन करते हैं।]

''यो गुरुः स शिवः'' इत्यादि। ''जो गुरु है वही शिव है और जो शिव है वही गुरु है। बुद्धिमान् को चाहिये कि वह ज्ञानप्राप्ति के लिये गुरु और शिव में कोई अन्तर न करें।

'सिद्धान्तशिखामणि'कार कहते हैं— **''सेवेत परमाचार्य शिष्यो भक्तिभयान्वितः''** (७.७) अर्थात् मुमुक्षु शिष्य को भक्तिभाव तथा भय से युक्त होकर अपने परमाचार्य श्रीगुरु की शरण में जाना चाहिये। **''कुलक्रमागताचारम्''** से लेकर **''शिववादिनम्''** तक उन्हीं श्रीगुरु के विशेषण हैं।

वे कुलपरम्परागत सदाचारसम्पन्न हों, कुमार्ग में प्रवर्तित दुराचार से मुक्त हो, सदा शिव के ध्यान में एकाग्रचित्त, शान्तप्रकृति हों, शिवतत्त्वविवेचक, शिवलिङ्गधारी, इष्टलिङ्ग की पूजा में सतत अनुरक्त तथा लिङ्गाङ्गसामरस्य

---

१. लिं.पु.भा.१, अ.८१

२. वीरशैवामृतपुराण २.१६

३. सि.शि.म.६.४

लिङ्गाङ्गस्थलभेदज्ञं श्रीगुरुं शिववादिनम्।
सेवेत परमाचार्यं शिष्यो भक्तिभयान्वितः[१]।। इति

श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं च गुरुं गच्छेत् प्रियेण च।
गुरुस्तस्मै परां विद्यां दद्याच्च सुरपुङ्गवाः[२]।। इति

यो विद्यासन्ततिज्ञानसंहितो देशिको भवेत्।
सोऽनायासेन संसारान्नृणामुत्तारको भवेत्[३]।।

देशिकं देवदेवेशं शिवं विद्याद् विचक्षणः।
तदिष्टं सर्वयत्नेन प्रकुर्यात् सर्वदाऽऽदरात्[४]।।

गुरुरेव हरः साक्षान्नान्य इत्यब्रवीत् श्रुतिः[५]।

किस प्रकार करना चाहिये इसके तत्त्ववेत्ता हों, उनकी अद्वैत वासना दृढ होनी चाहिये, उन्हें लिङ्गस्थल और अङ्गस्थल का अंतर ज्ञात होना चाहिये। उन्हें शिववादी होने चाहिये ऐसे परमाचार्य श्रीगुरुचरणों की शरण में शिष्य को जानना चाहिये और उनकी सेवा करनी चाहिये।

''श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठ च'' इत्यादि **''ब्रह्मगीता''** की सूक्ति का अर्थ यह है कि ''हे श्रेष्ठ देवताओं! शिष्य प्रेमपूर्वक श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ गुरुचरणों की शरण ले और चिद्गुरु उसे परा विद्या का उपदेश करे।''

''यो विद्यासन्तति'' इत्यादि **सूतसंहिता** के श्लोक का अर्थ यह है कि ''जो गुरु विद्यापरम्परा के ज्ञान से सम्पन्न होते हैं, वे अनायास संसारसागर से मनुष्यों को तार देते हैं।''

''देशिकं देवदेवेशम्'' इत्यादि **ब्रह्मगीता** के सुभाषित का अर्थ यह है कि ''विचक्षण व्यक्ति देवाधिदेव महादेव को अपना गुरु समझें और उनसे सादर प्रयत्नपूर्वक अभीष्ट सिद्धि प्राप्त करे।''

''गुरुरेव हरः साक्षात्'' — वेदमाता कहती है कि गुरु ही प्रत्यक्ष शिव है, वह अन्य कोई नहीं है।

---

१. सि.शि.म.६.६-७
२. ब्रह्मगीता अ.७
३. सूत.सं., यज्ञवैभवखण्ड : अ.३५
४. ब्रह्मगीता अ.१२
५. ब्रह्मोपनिषत्

गुरुमूर्तिः शिवः साक्षान्नाऽन्यथा च सुरेश्वर!।
वर्तते पादयुग्मे तु त्रैलोक्यं सचराचरम्।।

स एव वन्द्यः परिपूजनीयः
स एव माता जगतां पिता च।
स एव बन्धुः स गुरुः शिवः स्यात्
ज्ञानामृतं यः परमं प्रदद्यात्।।

अगाध-संशयाम्भोधि-तारकाऽनुग्रहप्रदः ।
परमज्ञानरूपत्वात् गुरुरेव परः शिवः[१]।।

तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं[२] इति।

सत्सम्प्रदायस्थं श्रद्धावन्तं सत्कुलभवं श्रोत्रियं शास्त्रवत्सत्यं गुणवन्तमकुटिलं सद्गुरुमासाद्य[३]।।

''गुरुमूर्तिः शिवः साक्षात्'' सुरेश्वर! गुरुजी की मूर्ति के रूप में साक्षात् शिव ही अवतीर्ण हैं, यह अन्यथा नहीं है। क्योंकि उनके दोनों चरणकमलों में चर-अचर जीवों के साथ त्रिलोक (पृथ्वी-स्वर्ग और पाताल) समाविष्ट हैं।

''स एव वन्द्यः'' — वही वन्दन और पूजन के योग्य है, वही त्रिलोक के माता और पिता, वही बन्धु-बान्धव और शिवस्वरूप गुरु हैं। वे हमें परम ज्ञानामृत प्रदान करें।

''अगाधसंशयाम्भोधि'' — अतलस्पर्शी संशयसागर से तारने वाले और हमारे ऊपर अनुग्रह प्रदान करने वाले गुरु ही परमज्ञानस्वरूप होने के कारण परशिवस्वरूप हैं।

''तद्विज्ञानार्थं स'' — परशिव-परब्रह्मस्वरूप विशिष्ट ज्ञान प्राप्त करने के लिये अथवा नित्य शिवलोक की प्राप्ति के लिये शिष्य को उपायनस्वरूप समिधा आदि हवनोचित सामग्री हाथों में लेकर ब्रह्मोपासनातत्पर श्रोत्रिय गुरु की ही शरण में जाना चाहिये।

''सत्सम्प्रदायस्थं श्रद्धावन्तम्'' — सत्सम्प्रदाय में स्थित श्रद्धावान् सत्कुल में उत्पन्न शास्त्रवेत्ता, वात्सल्यभाव रखने वाले गुणवान् सरल स्वभाव के सद्गुरु के पास जाकर शिष्य को अपनी ज्ञानपिपासा शान्त करनी चाहिये।

---

१. वीरशैवानन्दचं:पृ.५०
२. मुण्डकोपनिषत् (१.२.१२)
३. नारदपरिव्राजकोपनिषत्

इति सिद्धान्तशिखामणि-ब्रह्मगीता-सूतसंहिता-ब्रह्मोपनिषद्-शैवरत्नाकर-शिवधर्मोत्तरशिवसूत्रवार्त्तिकादिषु स्थितैर्विविधप्रमाणैर्नानाविषयतत्त्वज्ञानप्रयुक्तप्राकृतजनदुर्निवारसकलशास्त्रार्थसंशयनिवर्तक-वात्सल्यविशेषप्रणीतानुग्रहकर्तृतया सर्वशरीरिबन्धुरूपतया परिपूजनीयत्वेन सचराचरत्रैलोक्याधारपादयुग्मशालितया परशिवाभिन्नत्वेन प्रतिपादनाल्लिङ्गाङ्गयोगतत्त्वज्ञगुरुरेव सर्वोत्तर इति सिद्धम्।

उपसमेत्य समीपं गत्वा, अत्रोपसमित्युपसर्गद्वयेन नयविनयभयभक्तियुक्तः सन्नतिनिकटमासाद्येत्यर्थो लभ्यते। **'इण् गतावि'**ति धातोर्ल्यबन्तं रूपम्। **उवाच**-प्रोक्तवान्, प्रार्थितवान् **'अधीहि भगवन्नि'**त्यादि-वक्ष्यमाणरीत्येत्यर्थः। **'वच् परिभाषण'** इति धातोः रूपमिदम्।

इस प्रकार सिद्धान्तशिखामणि, ब्रह्मगीता, सूतसंहिता, ब्रह्मोपनिषद्, शैवरत्नाकर, शिवधर्मोत्तरपुराण, शिवसूत्रवार्तिक आदि ग्रन्थों से संकलित पूर्वोद्धृत प्रमाण वचनों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि विविध विषयों के तत्त्वज्ञान में प्रयुक्त सामान्य जनों से निवारण करने में कठिन समस्त शास्त्रार्थ से उत्पन्न संशयों को दूर करने वाले विशिष्ट वात्सल्यभाव से परिपूर्ण अनुग्रहकर्ता, शरीरधारी सभी जीवों के बन्धु-बान्धव-स्वरूप पूजापात्र चराचर त्रिलोक के आधारचरणयुगलस्वरूप तथा परशिव से अभिन्न प्रतिपादित होने के कारण लिङ्गाङ्गसामरस्ययोगतत्त्व के वेत्ता परम गुरु ही हैं।

उपसमेत्य— (उप्+सम्+इण्+क्त्वा=ल्यप्) **'इण् गतौ'** धातु का यह ल्यबन्त रूप है। इसका अर्थ है नय, विनय, भय और भक्तिभाव से सम्पन्न (आश्वलायन मुनि ने) उनके अत्यन्त निकट जाकर, **उवाच**— ''वच परिभाषणे'' इस धातु से निष्पन्न लिट् लकार का यह रूप है। कहा, **''अधीहि भगवः''** इत्यादि अग्रिम रीति से प्रार्थना की।

[**'अधीहि भगवः'** यह सदाशिवभाष्यसम्मत पाठ है, और **'अधीहि भगवन्'** यह श्रीशङ्करानन्दसम्मत पाठ है। ''भगवन्'' इस लौकिक संस्कृत का ''भगवः'' यह आर्ष रूप है।] इसका प्रथम निर्वचन है— **''भगः सम्पदस्यास्तीति भगवान्''**, 'भगवन्' यह सम्बोधन है। **श्री शङ्करानन्द** सम्मत व्याख्या इस प्रकार है— ''हे भगवन्! समग्रधर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्ययशःश्रीमन्'' और इसकी **सादाशिवभाष्य** इस प्रकार है— **''भगवन्! पूजावन्! षड्गुणैश्वर्यादिमन् पूज्य!''** दोनों का सम्मिलित अर्थ इस प्रकार है— ''समग्र धर्म, ज्ञान आदि षड्गुणैश्वर्यसम्पन्न आदरणीय महानुभाव!''

भगवो-'भगः सम्पदस्यास्ती'ति। 'भवं निहत्य योगं (लिङ्गाङ्गयोगं) ददातीति वा भगवां'स्तत्संबुद्धौ भगवन्! पूजावन्, षड्गुणैश्वर्यादिमन्, पूज्येत्यर्थः।

अथ कस्मादुच्यते भगवानिति? यस्मादुच्चार्यमाण एको रुद्रो भवं निहत्य योगं ददाति तस्मादुच्यते भगवान्[१] इत्यथर्वशिखोक्तेः। भगवन्निति सम्बुद्धिरत्र कृपादृष्ट्यवलोकनार्था।

सदा-सर्वदा निरन्तरमिति यावत्, भूतभविष्यद्वर्तमानेष्वपि कालेषु प्रतिदिनमुचितवेलायामित्यर्थः।

इसका द्वितीय निर्वचन है— **''भवं निहत्य योगं (लिङ्गाङ्गयोगं) ददातीति भगवान्। तत्सम्बुद्धौ हे भगवन्!''**। इस द्वितीय निर्वचन में ''अथर्वशिखा उपनिषद्'' का यह प्रमाण वचन उपलब्ध है— **''अथ कस्मादुच्यते भगवानिति''** इत्यादि। परब्रह्म परमशिव को भगवान् क्यों कहा जाता है? यतः उनके नामोच्चारण के साथ ही एकाकी रुद्र संसार का अथवा उस शरीर का संहार कर अङ्गरूपी जीव को लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप मो।क्षसुख प्रदान करते हैं, अतः उन्हें **''भगवान्''** कहा जाता है।

''भगवन्'' यह सम्बोधन करने का अभिप्राय यह है कि भक्त भगवान् से कृपादष्टि की कामना कर रहा है। **''अधीहि भगवः''** — भगवन्! आप मुझे उपदेश देने के लिये चिन्तन करें। किसका चिन्तन करें? **ब्रह्मविद्याम्** ब्रह्मविद्या का चिन्तन करें। **कीदृशीं ब्रह्मविद्याम्?** कैसी ब्रह्मविद्या का चिन्तन करें?— **''वरिष्ठाम्''**। इसकी **श्री शंकरानन्द**सम्मत व्याख्या इस प्रकार है— **''अतिशयेन श्रेष्ठाम्''** जो अत्यन्त श्रेष्ठ है। सादाशिवभाष्य इस पर मौन है। इसका अन्य विशेषण है— **''सदा सद्भिः सेव्यमानाम्''**। इसका श्रीशङ्करानन्दसम्मत भाष्य इस प्रकार है— **''सदा=नित्यम्, सद्भिः=देहादिषु आत्मभेदशून्यैः ध्रियमाणाम्''** जो देह इन्द्रिय, मन इत्यादि में आत्मबुद्धि नहीं रखते, वे सत्पुरुष होते हैं। वे नित्य-निरन्तर ब्रह्मविद्या को हृदय में धारण करते हैं। इसका **''सादाशिवभाष्य''** इस प्रकार है— **सदा सद्भिः सेव्यमानाम्** = सदा सत्पुरुषों द्वारा सेवनयोग्य। **सदा**- सर्वदा, निरन्तर, भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालों में प्रतिदिन उचित अवसर पर, **सद्भिः** का तात्पर्य उन सत्पुरुषों से है,

---

१. प्र.चं.ना.व्या.पृ.६४

सद्भिः-सत्पुरुषैर्धीरवीरादिविशिष्टपदभूषितैः शिवदीक्षाप्रभावेण मलत्रयादिदोष-विनिर्मुक्तैर्लिङ्गाङ्गिभिरित्यर्थः। अत्र सन्तः क इति चेदुच्यते—

पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते! प्रभुर्गात्राणि पर्येषि विश्वतः।
अतप्ततनूर्न तदामोऽश्नुते श्रुतास उद्वहन्तस्तत् समाशत[1]।।
ऋगित्याह पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते!।
तस्मात् पवित्रं तल्लिङ्गं धार्यं शैवमनामयम्।।

जो धीर, वीर आदि विशिष्ट पदों से अलंकृत होते हैं तथा शिवदीक्षा के प्रभाव से आणव-कार्मिक-मायीय त्रिविध मल, आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक त्रिविध दुःख आदि से मुक्त होते हैं। लिङ्गाङ्गसामरस्ययोगी वीरशैव ही सत्पुरुष कहलाते हैं। वे ही ब्रह्मविद्या की उपासना करते हैं। अब यह प्रश्न है कि सत्पुरुष कौन हैं? इसका समाधान यह है कि जो परशिवनामक शिवलिङ्ग धारण करते हैं वे सत्पुरुष हैं, यह अनेक श्रुतिग्रन्थ, आगमग्रन्थ आदि के वचनों से ज्ञात होता है।

''**पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते!**'' इत्यादि ऋग्वैदिक् मन्त्र श्रुतिसार में संकलित है। ['**ब्रह्मणः पतिः ब्रह्मणस्पतिः**', शैवभक्त परशिव को इस नाम से सम्बोधित कर रहा है ''**बृहत्वात् बृंहणाचाच्च ब्रह्मशब्दाभिधयेकम्**'' उस निर्वचन के अनुसार बृहत् (विस्तृत) और बृंहण (विस्तार) शील होने के कारण ''ब्रह्म'' शिवलिङ्ग को कहते हैं।] '**ब्रह्मणस्पति**' परतर शिवस्वरूप महादेव हैं, क्योंकि वह इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग त्रिविध लिङ्गों का स्वामी है। भक्त महादेव से कह रहा है — ''हे ब्रह्मणस्पति, तुम्हारा ब्रह्मस्वरूप लिङ्ग अत्यन्त पवित्र है। उसके धारण करने वाले वीरशैव के अङ्ग-प्रत्यङ्ग उसके सम्पर्क से शुचिता (पवित्रता) प्राप्त करते हैं। जिसके अङ्ग-प्रत्यङ्ग तपश्चरण से तप्त नहीं होते, वह अज्ञ अपरिपक्व संस्कारों से च्युत तथा शैवदीक्षा से वञ्चित रहता है। वह उत्तम लिङ्ग को प्राप्त नहीं कर सकता। जो शैवदीक्षासंस्कार से सुसंस्कृत होता है, वही उसको धारण कर सकते हैं।

''**ऋगित्याह पवित्रं ते**'' इत्यादि ''**सिद्धान्तशिखामणि**'' की तीन कारिकाओं (६/५९-६१) के अनुसार ''**पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते**'' इत्यादि ऋग्वैदिक मन्त्र यह कहता है कि ''हे ब्रह्मणस्पते! महादेव! यतः इष्टलिङ्ग शिव

---

१. श्रुतिसार, भा.पृ.१

ब्रह्मेति लिङ्गमाख्यातं ब्रह्मणः पतिरीश्वरः।
पवित्रं तद्धि विख्यातं तत्सम्पर्कात् तनुः शुचिः।।

अतप्ततनुरज्ञो वै आमः संस्कारवर्जितः।
दीक्षया रहितः साक्षान्नाप्नुयाल्लिङ्गमुत्तमम्[१]।।

तपस्तप्ता तनुर्यस्य स तप्ततनुरुच्यते।
परिपक्वो विमोक्षाय सोऽश्नुते लिङ्गधारणम्।।

न करोति तपः पूर्वं सोऽतप्तनुरुच्यते।
अपक्वोऽयं विमोक्षाय नाऽश्नुते लिङ्गधारणम्[२]।।

से भूमितक विस्तृत, अत्यन्त पावन और निर्मल तुम्हारे लिङ्गशरीर का प्रतीक है, अतः उसे धारण करना चाहिये। ''ब्रह्मणस्पति'' शब्द में ब्रह्म का अर्थ है लिङ्गशरीर। हे महादेव! आप उसी लिङ्गशरीर के पति (ईश्वर) हैं। यह इष्टलिङ्ग उसी का प्रतीक और अत्यन्त निर्मल है, अतः उसको धारण करने से वीरशैव भक्त का शरीर अत्यन्त ''शुचि'' (पवित्र) रहता है, अतः उसे धारण करना चाहिये।

जिसका शरीर कठोर तपश्चरण से संतप्त नहीं होता, वह अपरिपक्व, वैराग्यशून्य, शिवसंस्कारवर्जित अत एव नित्यानित्यवस्तुविवेकशून्य और दीक्षारहित होता है। दीक्षा से रहित अज्ञानी वीरशैवभक्त साक्षात् उत्तम लिङ्ग प्राप्त नहीं कर सकता। उसके लिये शैवदीक्षा ग्रहण करना आवश्यक है।

''वीरागमचन्द्रिका'' में **''पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते''** का उपबृंहण **''तपस्तप्ता तनुर्यस्य''** इत्यादि दो पद्यों द्वारा किया गया है। उसका भाव इस प्रकार है— **''तपसा तप्ता तनुः यस्य सः तप्ततनुः, न तप्ततनुः अतप्ततनुः''**। जिसका शरीर तपश्चर्याद्वारा तप्त होता है, वही **'तप्ततनु'** कहलाता है। वही परिपक्व होता है तथा लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप मुक्ति के लिये लिङ्गधारण कर सकता है।

जो पूर्व में तप नहीं करता वह **'अतप्ततनु'** कहलाता है। वह अपरिपक्व होता है तथा लिङ्गैक्यस्वरूप मोक्ष का अधिकारी नहीं होता और तदर्थ वह लिङ्गधारण नहीं कर सकता।

---

१. सि.शि.म.६.५९-६१
२. वीर,आ.चं.पृ.७८

या ते रुद्र! शिवा तनूरघोराऽपापकाशिनी[1]।

या ते शिवा तनू रुद्र लिङ्गमङ्गलदायकम्।
लिङ्गं शिवा तनूः प्रोक्ता मूर्तिर्घोरा तनुः स्मृता।।

अपापेषु च भक्तेषु तयोर्मध्ये शिवा तनूः।
काशते परमेशस्य शिष्टास्ते लिङ्गधारिणः[2]।।

दीयते लिङ्गसम्बन्धः क्षीयते च मलत्रयम्।
दीयते क्षीयते यस्मात् सा दीक्षेति निगद्यते[3]।।

शरीरेऽन्तःस्वयंज्योतिःस्वरूपं स्वकमैश्वरम्।
क्षीणदोषाः प्रपश्यन्ति नेतरे माययाऽऽवृताः।
तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः।।

''या ते रुद्र! शिवा तनूरघोराऽपापकाशिनी'' (३.५) इस **''श्वेताश्वतर उपनिषद्''** मन्त्र का उपबृंहण श्रीकरभाष्य में **''या ते शिवा तनू रुद्र!''** इत्यादि दो पद्यों द्वारा किया गया है। तदनुसार ''भगवान् रुद्र-शिव के दो शरीर (तनु) है। अघोर और घोर। इनमें जो शिवमय शरीर है वह **''अघोर''** मंगलदायक लिङ्गस्वरूप है और जो अशिव ''**घोर**स्वरूप है वह मूर्तिरूप है। इन दोनों शरीरों में निष्पाप भक्तों में जो परमेश्वर का शिवमय अघोर लिङ्गशरीर प्रकाशमान रहता है, उसको धारण करने वाले वीरशैव शिष्ट सत्पुरुष होते हैं।''

'लिङ्गपुराण' के अनुसार जो लिङ्गसम्बन्ध प्रदान करती है और जिससे आणव-मायीय-कार्म त्रिविध मल का क्षय (नाश) होता है, उसे ''दीक्षा'' कहते हैं। **''दीयते लिङ्गसम्बन्धः''** इत्यादि।

'शरीरेऽन्तःस्वयंज्योतिःस्वरूपम्' इत्यादि **'ब्रह्मगीता'**प्रोक्त प्रमाणवचन के अनुसार ''जिनके त्रिविध मलों का क्षय (नाश) होता है, वे वीरशैव ही शरीरस्थित हृदयकमल के चिदाकाश (अन्तराल) में प्रकाशमान स्वयम् आविर्भूत स्वीय ईश्वर सम्बन्धी ज्योति:स्वरूप का साक्षात्कार करते हैं, माया (अज्ञान) के आवरण से घिरे हुए इतर जीव नहीं। धैर्यशाली परशिव-परब्रह्मस्वरूपवेत्ता ''ब्राह्मण'' (वीरशैव) उसी का स्वरूप समझकर अपनी मति स्थिर करें।''

---

१. श्वेताश्व.उ.३.५
२. श्रीकर भा.पृ.१०
३. लि.पु.भा.२, अ.२१

धीरा विशिष्टाश्च महेश्वरस्य प्रसादयुक्ताश्च महत्तमाश्च।
वेदोदितं केवलमेव देवमुदाकरिष्यन्ति विमुक्तिसिध्यै[1]।।

अथ ब्रह्मपुरे गार्गि! दहराब्जखमध्यमे।
अभ्यासात् सम्प्रपश्यन्ति सन्तस्त्वं च तथा कुरु[2]।।

इति श्रुत्यागमाद्युक्तेः परशिवाभिधशिवलिङ्गविशिष्टाः सन्त इत्यवगम्यते। **सेव्यमानाम्**-सेव्यत इति सेव्यमाना तां पूज्यमानां संसेवितुमुचितामित्यर्थः। **निगूढाम्**-अत्यन्तरहस्याम्। यद् दुर्दर्शमतिगूढं तद्विद्याऽप्यतिगूढेत्यर्थो मन्तव्यः। तथा श्रुत्यन्तरादावप्युक्तम्—

यथा तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहान्वितं गह्वरेण्यं पुराणम्।
अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति[3]।।

''धीरा विशिष्टाश्च महेश्वरस्य'' — ''जो धैर्यशाली महेश्वर के अत्यन्त कृपाभाजन श्रेष्ठ वीरशैव होंगे, वे ही लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप मोक्ष की सिद्धि के लिये एकमात्र वेदसम्मत महादेवस्वरूप परतर शिवलिङ्ग की उपासना करेंगे।''

''नीलकण्ठभाष्य'' में **''अथ ब्रह्मपुरे गार्गि''** इत्यादि पद्यव्याख्यान में कहा गया है— ''हे गार्गी! हृदयकमल के चिदाकाश (अन्तराल) में अवस्थित ब्रह्मपुर में सत्पुरुष वीरशैवभक्त अभ्यास के द्वारा परब्रह्म-परतर-शिवज्योतिर्लिङ्ग का साक्षात्कार करते हैं। तुम भी वैसा ही करो।''

इन वेदमंत्रों और आगमवचनों के आधार पर यह सिद्ध है कि जो इष्टलिङ्गधारी वीरशैव सत्पुरुष हैं, वे ही ब्रह्मविद्या का सेवन (चिन्तन-मनन) कर सकते हैं।

''निगूढाम्'' — उसी प्रकार वह अत्यन्तरहस्यमयी है, जिस प्रकार परमशिव अत्यन्तरहस्यमय है और जिसका साक्षात्कार कठिनता से सम्भव है। उसकी रहस्यमयता श्रुति-स्मृतिवचनों में इस प्रकार प्रतिपादित है—

''यथा तं दुर्दर्शम्'' (कठ.उ.१.२) — समाधिस्थ धीर-गम्भीर वीरशैव भक्त, जिसका साक्षात्कार दुर्लभ, असम्भव है, अत्यन्त रहस्यमय हृदयगुफा में प्रविष्ट पुराणपुरुष परतर शिवलिङ्गस्वरूप महादेव का लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप अध्यात्मयोग से साक्षात्कार कर हर्ष एवं शोक दोनों का परित्याग करता है।

---

१. ब्र.गी.अ.२.७.१०
२. नीलकण्ठ भा. पृ. ३७
३. कठ.उ.अ.१, व.२

अस्ति तत्त्वं परं साक्षाद् दुर्दर्शं गूढमुत्तमम्।
अनुप्रविष्टं सर्वत्र गुहायां निहितं परम्।।

तद् विदित्वा महाधीरो हर्षशोकौ जहाति च।
धर्मादिभ्यः परं तत् तु भूताद् भव्याच्च सत्तमाः!।।

अस्ति तत्त्वं परं साक्षाच्छिवरुद्रादिसंज्ञितम्।
तदवश्यं महायासाद् वेदितव्यं मनीषिभिः।।

तद्विद्या यतिभिः सेव्या निगूढाऽतीवशोभना।
अचिरात् सर्वपापघ्नी परब्रह्मप्रदा नृणाम्[1]।।

यत् तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रं रूपवर्जितम्।
अचक्षुःश्रोत्रमत्यर्थं तदपाणिपदं सदा।।

''ब्रह्मगीता'' (८.११) भी **''अस्ति तत्त्वं परं साक्षात्''** इत्यादि पद्य द्वारा उसी बात का इसप्रकार समर्थन करती है— ''निश्चित रूप से उस परब्रह्म परशिवस्वरूप परमतत्त्व की सत्ता, उसका अस्तित्व है, जिसका साक्षात्कार अत्यन्त कठिन है। वह रहस्यमय सर्वोत्तम परम तत्त्व सर्वत्र प्रतिष्ठापित प्राणिमात्र की हृदयगुफा में प्रविष्ट है। अत्यन्त धैर्यशाली वीरशैव शिवभक्त उसका चिन्तन-मनन और साक्षात्कार कर हर्ष एवं शोक का परित्याग करता है।

सत्पुरुषों! वह परम तत्त्व धर्म-अधर्म आदि से परे तथा भूत और भविष्य से भी परे है। शिव, रुद्र आदि नामों से उसका साक्षात्कार होता है। मनीषियों को चाहिये कि वे प्रयासपूर्वक उसका साक्षात्कार अवश्य करें।

वीरशैव संन्यासियों को चाहिये कि वे अत्यन्त रहस्यमयी और अतीव शोभन उस **ब्रह्मविद्या** का चिन्तन-मनन करें, क्योंकि वह तत्काल सभी पापों का विनाश करने वाली तथा मनुष्यों को परब्रह्मपद प्रदान करने वाली है।

''यत् तदद्रेश्यमग्राह्यम्''— वह जो परमतत्त्व है, वह **''अद्रेश्य''** है। अशुद्ध अन्तःकरण द्वारा उसे ग्रहण नहीं किया जा सकता। उसका कोई गोत्र नहीं है, वह सदा निर्गुण-निराकार रूपहीन है। उसके न तो चक्षु आदि ज्ञानेन्द्रिय हैं और न हाथ-पैर आदि कर्मेन्द्रिय।

---

१. ब्र.गी.अ.८-११

नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं च तदव्ययम्।
यद् भूतयोनिं धीमन्तः परिपश्यन्ति चात्मना[१]।।

यस्येदमखिलं नित्यं गोचरं रूपवद् रवेः।
तदेव परमं ब्रह्म वित्त यूयं सनातनम्।।

एवं जानन्ति ये धीरास्तर्कतश्च प्रमाणतः।
गुरूक्त्या स्वानुभूत्या च भवन्ति खलु तेऽमृताः[२]।।

राजविद्या राजगुह्यं पवित्रमिदमुत्तमम्।
प्रत्यक्षावगमं धर्म्यं सुसुखं कर्तुमव्ययम्[३]।।

इति **सूतसंहितायाम्।**

''नित्यं विभुं सर्वगतम्'' — वह नित्य, व्यापक, सर्वत्र गतिशील, अत्यन्त सूक्ष्म और अनश्वर अव्यय परमतत्त्व है। प्रज्ञाशील वीरशैवभक्त प्राणिमात्र के जनकहेतु उस परशिव परब्रह्मस्वरूप ज्योतिर्लिङ्ग का स्वयं होकर साक्षात्कार करते हैं।

''यस्येदमखिलं नित्यम्''— (भक्तों!) सूर्य के समान भासमान जिसका यह समस्त स्वरूप नित्य अनुभवगम्य प्रत्यक्षगोचर होता है, तुम लोग उसीको नित्य सनातन परशिव परब्रह्म समझो।

''एवं जानन्ति ये धीराः'' — इस प्रकार जो धीर वीरशैव शिवभक्त तर्क, प्रत्यक्षप्रमाण, गुरुवचन और स्वानुभव द्वारा जानते हैं वे अमर होते हैं।

''राजविद्या राजगुह्यम्'' इत्यादि पद्य द्वारा ''भगवद्गीता'' ब्रह्मविद्या को राजविद्या कहती है, जिसके द्वारा परब्रह्म-परशिवस्वरूप ज्योतिर्लिङ्ग, जो अत्यन्त पवित्र और उत्तम, अव्यय अविनाशी है, उस 'राजगुह्य'' परमतत्त्व का साक्षात्कार अनायास सुखपूर्वक सम्भव है। ये सभी प्रमाणवचन ''सूत संहिता'' में संकलित हैं।

[''सिद्धान्तशिखामणि'' में **''वीर''**, **''वीरशैव''** और **'वीरमाहेश्वर'** की परिभाषाएँ इस प्रकार प्रतिपादित हैं—]

---

१. ब्र.गी.अ.७
२. ब्र.गी.अ.४
३. भग.गी.९-२

वेदान्तजन्यं यज्ज्ञानं विद्येति परिकीर्त्यते।
विद्यायां रमते [1]तस्यां वीर इत्यभिधीयते[2]।।

विद्यायां शिवरूपायां रमन्ते ये विशेषतः।
तस्मादेते महाभागा वीरशैवा इति स्मृताः[3]।।

विद्यायां रमते यस्मान्मायां हेयां श्ववद् रहेत्।
अनेनैव निरुक्तेन वीरमाहेश्वरः स्मृतः[4]।।

इति सिद्धान्तशिखामणौ,

विकल्परहितं तत्त्वं ज्ञानमानन्दमव्ययम्।
ये पश्यन्ति विमुक्तास्ते जीवन्तोऽपि न संशयः।।

'वेदान्तजन्यम्' (५.१८) इत्यादि। **''वेदान्तवाक्यजा विद्या''** इस **सूतगीता** के वचनानुसार शक्तिविशिष्टाद्वैत (वेदान्त) दर्शन से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उसे 'विद्या' कहते हैं। जो उस विद्या में रमण करता है, उसे **'वीर'** कहते हैं।

''विद्यायां शिवरूपायाम्' (५.१५) इत्यादि। जो विशेषरूप से परब्रह्म परशिवस्वरूप विद्या में रमण करते हैं, उन महानुभावों का वीरशैव नाम से सादर स्मरण किया जाता है।

''विद्यायां रमते'' (५.१७) इत्यादि। [**''वीरमाहेश्वर''** शब्द में पांच अक्षर हैं— **वी, र, मा, हे, श्व** और **र**। इस शब्द के निर्वचन में प्रत्येक अक्षर सार्थक है—] जो **''वि''** अर्थात् विद्या में **''र''** रमण करता है और **'मा'** अर्थात् माया को **'हे'** हेय (त्याज्य) समझकर **'श्व'** अर्थात् श्वान (कुत्ते) के समान **'र'** अर्थात् उसका तिरस्कार करता है, इसी निर्वचन से वह शिवभक्त 'वीरमाहेश्वर' कहलाता है।

अन्य निरुक्ति के अनुसार **''वीरशैव''** का अर्थ है 'विकल्परहित वीरशैव'। जो विकल्परहित ज्ञानस्वरूप और आनन्दस्वरूप अव्यय (अविनश्वर) तत्त्व का साक्षात्कार करते हैं, वे निःसंशय जीवन्मुक्त होते हैं।

---

१. यः स — पाठभेद।
२. सि.शि.म.५.१८
३. सि.शि.म.५.१५
४. सि.शि.म.५.१७

वीरशैवनिरुक्तिर्या द्वयमेवाऽधुनोच्यते।
विशब्दोऽत्र विकल्पार्थो रशब्दो रहितार्थकः।।

विकल्परहितं शैवं वीरशैवमिति स्मृतम्।
एकमेवाऽद्वितीयं यदविकल्पं परं पदम्।।
तद् वीरशैवमित्युक्तं नेतरं सविकल्पकम्[१]।।

इति विशेषार्थप्रकाशिकायाम्।

विद्याः सर्वा नृणां साक्षात् संसारस्य प्रवर्तकाः।
आत्मविद्या तु संसारतमसः प्रतिघातिनी[२]।।

''**विशेषार्थप्रकाशिका**''सम्मत ''**वीरशैव**'' शब्द के निवर्चन में सम्प्रति दो ही मुख्य अक्षर हैं— विकल्पार्थक **'वी'** अक्षर और रहितार्थक **'र'** अक्षर। ''वीरशैव'' शब्द का अर्थ है विकल्परहित अर्थात् निर्विकल्पक एकमेव अद्वितीय परमपद, उसी को ''वीरशैव'' कहते हैं, इतर सविकल्पक पद वीरशैव नहीं हो सकता।

'ब्रह्मगीता' के अनुसार अन्य समस्त विद्याएं मनुष्यों को साक्षात् संसार की ओर प्रवृत्त करती हैं। केवल आत्मविद्या ही संसार में वर्तमान अज्ञानाबन्धकार का विनाश करने वाली होती है।

[पूज्य श्रीशङ्करानन्द अपने भाष्य में ''**ब्रह्मविद्याम्**'' की व्याख्या इस प्रकार करते हैं— ''**ब्रह्मणः देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्यस्य विद्या बुद्धिः तत्साक्षात्कारणम्, ताम्**''। अर्थात् जो परब्रह्म परमात्मा देश, काल और वस्तु की सीमा से शून्य है, उसके साक्षात्कार का कारणस्वरूप जो विद्या अर्थात् बुद्धि होती है, वही ''ब्रह्मविद्या'' है। यह व्याख्या तत्पुरुष समास मानकर की गयी है। ''**सादाशिवभाष्य**''कार इससे सहमत नहीं है। वे यहाँ कर्मधारय समास मानकर उसकी व्याख्या इस प्रकार करते हैं—]

''**ब्रह्मविद्याम्**'' में ''**ब्रह्मैव विद्या ब्रह्मविद्या ताम् ब्रह्मविद्याम्**'' यह कर्मधारय समास करना चाहिये, ''**ब्रह्मणः विद्या ब्रह्मविद्या ताम्**'' यह तत्पुरुषसमास नहीं। इसका तात्पर्य यह है कि लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप विद्या ही ब्रह्मविद्या कहलाती है। महर्षि आश्वलायन परमेष्ठी के निकट शास्त्रीय विधि से जाकर यह प्रार्थना कर रहे हैं—

---

१. वि.प्र.अधि.२
२. ब्रह्मगीता अ.५

ब्रह्मविद्याम्-ब्रह्मैव विद्या ब्रह्मविद्येति कर्मधारयो न तु ब्रह्मणो विद्येति तत्पुरुषः। तां लिङ्गाङ्गसामरस्यरूपां विद्यामित्यर्थः। **अधीहि**-मदुपदेशार्थमनुचिन्तय। **'इङ् अध्ययन'** इति धातोः।

यया=यद्ब्रह्मविद्यया लिङ्गाङ्गसामरस्यरूपयेत्यर्थः। **विद्वान्**=धीमान् सूरिवीरधीरादिपदभूषितशिवभक्तादिरिति भावः। **अचिरात्**=शीघ्रमेव। **सर्वपापम्**= सकलकल्मषम्, तनुवाङ्मानसेन्द्रियादिकृतमविदितं विदितं वा समस्तदुरितमित्यर्थः। **व्यपोह्य**-परित्यज्याऽपहत्य, समस्तपातकोपपातकविनिर्मुक्तः सन्नित्यर्थः। तदुक्तमथर्वशिखायामपि—

तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय निरञ्जनं परमं साम्यमुपैति।।

इति। **परात्परम्**-विष्णुब्रह्मादिभ्योऽपि श्रेष्ठतरम्। तथाहि श्रूयतेऽन्यत्र—

परात् परतरो ब्रह्मा तत्परात्परतो हरिः।
यत्परात् परतोऽधीशस्तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु[1]।। इति।।

''ब्रह्मविद्याम् अधीहि'' — आप मुझे उपदेश देने के लिये उसी लिङ्गाङ्ग-सामरस्यस्वरूपा ब्रह्मविद्या का चिन्तन-मनन करें। **'अधीहि'** यह 'अधि' उपसर्ग-पूर्वक अध्ययनार्थक 'इङ्' धातुसे निष्पन्न लोट्लकार का रूप है, जिसका पर्याय है— **''अनुचिन्तय।''**

''ययाऽचिरात् सर्वपापं व्यपोह्य'' इत्यादि। **यया**=लिङ्गाङ्गसारस्यस्वरूप जिस ब्रह्मविद्या के द्वारा, **विद्वान्**=बुद्धिमान् पण्डित वीर, धीर आदि पदों से अलंकृत शिवभक्त आदि, **अचिरात्**=तत्काल ही, **सर्वपापम्**=कायिक-वाचिक मानसिक तथा समस्त ज्ञानेन्द्रिय एवं कर्मेन्द्रियों द्वारा किये गये ज्ञात-अज्ञात, सभी दुष्कर्मों का, **व्यपोह्य**=नाश कर, अर्थात् समस्त-पातक-उपपातकों से छुटकारा पाकर, [इसका तात्पर्य समस्त सत्कर्मजन्य पुण्यों से छुटकारा पाकर यह भी है जैसा कि **अथर्वशिखा उपनिषद्** का प्रमाणवचन है— **''तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय''** इत्यादि। अर्थात् उस समय विद्वान् समस्त पुण्य-पापों से छुटकारा पाकर निरञ्जन निराकार परम समता (लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप मोक्षपद) को प्राप्त करता है।]

''परात् परं पुरुषं याति'' — विष्णु, ब्रह्मदेव आदि से भी श्रेष्ठ पुरुष को प्राप्त करता है। जैसा कि **'शिवसंकल्पसूक्त'** का मंत्र है— **''परात् परतरो ब्रह्मा''**

---

१. शिवसङ्कल्पः

पुरुषम्-पूर्षु स्थूलसूक्ष्मकारणशरीरेषु त्यागभोगयोगाङ्गेष्वित्यर्थः, गुरूपदिष्टेष्टप्राण-भावलिङ्गरूपेण शेते तिष्ठतीति पुरुषस्तनुत्रयस्थपरतरशिवलिङ्गाभिधेयं परशिवमित्यर्थः।

अथ यदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरे[१] इत्यादि।

अस्मिन् ब्रह्मपुरे वेश्म दहरं यदिदं सुराः!।
पुण्डरीकन्तु तन्मध्य आकाशो दहरोऽस्ति तु[२]।।

इत्यादि। सभी देवों में ब्रह्मदेव परतर (श्रेष्ठतर) है, उसे भी परतम हरि (विष्णु) हैं तथा उनसे भी परतम (श्रेष्ठतम) परब्रह्म परशिव हैं। उनके प्रति मेरा मानसिक शिवसंकल्प स्थिर रहे।

पुरुषम् — **''पुर्षु शेते इति पुरुष;, तम्''** [**''पूः स्त्री पुरीनगर्यौ वा''** इस अमरकोष के प्रमाणवचनानुसार ''पूः'' का अर्थ नगरी है। हमारा शरीर ही परशिव की नगरी है।] जीवों के त्रिविध शरीर होते हैं— स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर, जिन्हें यथाक्रम त्यागाङ्ग, भोगाङ्ग और योगाङ्ग भी कहते हैं। सद्‌गुरु अपने सत्‌शिष्य को जिन त्रिविध लिङ्गों— इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग का उपदेश करता है, वे यथाक्रम इन्हीं अङ्गस्थलों में प्रकाशमान रहते हैं। यद्यपि वह उनसे अभिन्न परतर ज्योतिर्लिङ्ग ही है। **संक्षेप में**— स्थूलशरीर (त्यागाङ्ग) सूक्ष्मशरीर (भोगाङ्ग) और कारणशरीर (योगाङ्ग) त्रिविध शरीरों में सद्‌गुरु द्वारा उपदिष्ट इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग त्रिविध लिङ्गों के रूप में वस्तुतः उनसे अभिन्न अद्वय एक जो परब्रह्म परशिवस्वरूप ज्योतिर्लिङ्ग प्रकाशमान रहता है, किन्तु जीवात्मा को जिसका भान नहीं रहता। जीवात्मा उसी परतर शिव का अभिन्न अङ्ग है, किन्तु वह स्वस्वरूप से परिचित नहीं होता। अतः सुप्तावस्था में जीवात्मा की हृदयगुफा में अवस्थित वस्तुतः उससे अभिन्न परब्रह्म परतर शिवस्वरूप ज्योतिर्लिङ्ग को 'पुरुष' कहते हैं।

इसमें अनेक प्रमाणवचन हैं— **छान्दोग्य उपनिषद् ''अथ यदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरे''** इत्यादि मंत्र में जीवात्मा की हृदयगुफा को ''ब्रह्मपुर'' कहती है।

''ब्रह्मगीता'' भी **''अस्मिन् ब्रह्मपुरे वेश्म''** इत्यादि कारिका में कहती है कि 'देवताओं! इस ब्रह्मपुर में हृदयकमलस्वरूप जो दहर (अन्तराल) है, वही आकाश परशिव का घर है।''

१. छान्दोग्य.अ.७, खं.१
२. ब्र.गी.अ.६

पुरे शेते पुरं देहं तस्मात् पुरुष उच्यते[1]।

योगाङ्गे भावलिङ्गं तु वेधादीक्षाबलेन वै।
मन्त्रदीक्षाबलेनैव भोगाङ्गे प्राणलिङ्गकम्।।

क्रियादीक्षाबलेनाऽयं देशिकस्तस्य चिद्घनम्।
इष्टलिङ्गं तथा चैव त्यागाङ्गे समयोजयेत्।।

योगाङ्गमात्मनोऽङ्गत्वात् कारणाङ्गमितीरितम्।
भोगाङ्गमन्तरङ्गत्वात् सूक्ष्माङ्गमिति निश्चितम्।।
त्यागाङ्गं बहिरङ्गत्वात् स्थूलाङ्गमिति कीर्तितम्[2]।।

''पुरे शेते'' इत्यादि लिंगपुराण के प्रमाण-वचनानुसार 'परमशिव ब्रह्मपुर में शयन करते हैं, वह 'ब्रह्मपुर' अन्य कोई नहीं उससे अभिन्न जीवात्मा का शरीर है, अत: उसे ''पुरुष'' कहा जाता है।

[**''अनुभवसूत्र''** के **''योगाङ्गे भावलिङ्गं तु''** से लेकर **''स्थूलाङ्ग-मिति कीर्तितम्''** तक कारिकाओं (५.५७-६०) द्वारा योगाङ्ग (कारणशरीर), भोगाङ्ग (सूक्ष्मशरीर) और त्यागाङ्ग (स्थूलशरीर) में यथाक्रम भावलिङ्ग, प्राणलिङ्ग तथा इष्टलिङ्ग का संयोजन किस प्रकार करना चाहिये और योगाङ्ग आदि को कारणाङ्ग आदि क्यों कहा जाता है? इस का प्रतिपादन इस प्रकार किया गया है— दीक्षा त्रिविध होती है— वेधादीक्षा, मन्त्रदीक्षा और क्रियादीक्षा।] सद्गुरु को चाहिये कि वह योगाङ्ग में वेधादीक्षा के प्रभाव से भावलिङ्ग का, भोगाङ्ग में मन्त्रदीक्षा के प्रभाव से प्राणलिङ्ग का तथा त्यागाङ्ग में क्रियादीक्षा के प्रभाव से घृतकाठिन्यन्याय से चिद्घनस्वरूप इष्टलिङ्ग का संयोजन करे।

जीवात्मा परब्रह्म परशिवस्वरूप परमात्मा का अंश (अङ्ग) होने के कारण ऊसके कारणाङ्ग अथवा कारणशरीर को 'योगाङ्ग', शरीरधारी जीवात्मा का अन्तरङ्ग होने का कारण (हृदयकमल में वास करने के कारण) सूक्ष्माङ्ग अथवा सूक्ष्मशरीर को भोगाङ्ग तथा जीवात्मा का बहिरङ्ग होने के कारणा स्थूलशरीर अथवा स्थूलाङ्ग को 'त्यागाङ्ग' कहा जाता है।

---

१. लिं.पु.भा.१, अ.२८
२. अनुभवसूत्रम्, अ.५.५७-६०

यं प्रपश्यन्ति देवेशं यतन्तो यतयः परम्।
महेशं पुरुषं रुद्रं स देवो भगवान् भवः[१]।।
ऋतं सत्यं परं ब्रह्म पुरुषं कृष्णपिङ्गलम्।
ऊर्ध्वरेतं विरूपाक्षं विश्वरूपाय वै नमः[२]।।
सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्[३]।।
य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते[४]।।
पुरुषो वै रुद्रस्तन्महो नमो नमः[५]।।

''यं प्रपश्यन्ति देवेश'' (कूर्म०पु.भा.२, अ.३१) — वीरशैव संन्यासी यम-नियमादि के द्वारा इन्द्रियसंयम रखते हुए देवताओं के ईश्वर, महादेव तथा शरीरधारी जीवात्मा की हृदयगुफा में प्रकाशमान जिस 'परमपुरुष' रुद्र का साक्षात्कार करते हैं, वे ही देवाधिदेव भगवान् 'भव' हैं।

''ऋतं सत्यं परं ब्रह्म'' (महानारायणोपनिषत्) — वही परम शिव एकमात्र ऋत और सत्यस्वरूप परब्रह्म है। वह शरीरधारी जीवात्मा के हृदयकमल में **पुरुष** रूप में प्रकाशमान है। उसका सगुण साकार स्वरूप कृष्ण, पिङ्गल और त्रिनेत्रधारी है। वह ऊर्ध्वरेता है, तथा विश्व (समस्त) रूप धारण कर सकता है। उस विश्वस्वरूप परमशिव को नमस्कार।

''सहस्रशीर्षा पुरुषः'' — वह प्रत्येक शरीरधारी जीवात्मा के अन्तराल में भासमान 'पुरुष' है, अत एव उसके सहस्र (अनन्त) मस्तक, सहस्र (अनन्त) नेत्र और सहस्र (अनन्त) चरण हैं।

''य एषोऽन्तरादित्ये'' — जो यह अन्तरालस्थित आदित्यलोक (सूर्यलोक) में हिरण्मय (सुवर्ण के समान तेजस्वी) पुरुष प्रत्यक्षगोचर हो रहा है।

''पुरुषो वै रुद्रस्तन्महो नमो नमः'' — वह रुद्र-शिव शरीरधारी जीवात्मा के अन्तराल में शयन करने के कारण 'पुरुष' है। उस तेजःपुञ्ज को बार-बार प्रणाम।

---

१. कूर्म.पु.भा.२, अ.३१
२. महानारायणोपनिषत्
३. श्वेताश्व.उ.३.१४
४. छान्दोग्य अ.१, खं.७
५. महानारायण उ.

सर्वो रुद्रो नमस्तस्मै पुरुषः स महान् शिवः[१]।।

पुरुषोऽक्षर उच्यते। परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते[२]।।

पुरि शयं महादेवमीक्षते।

तमीशानं पुरुषमीड्यं निचायोत्तारं शान्तिमत्यन्तमेति।

तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः शाश्वतं नेतरेषाम्[३]।।

इत्यादिश्रुतिषु,

पुरुषं पुरुषश्रेष्ठं ब्रह्मविष्ण्वादिकारणम्।

इति स्कान्दे

पुराणः पुरुषः पूर्णोऽनन्तरूपः पुरातनः[४]।

"सर्वो रुद्रो नमस्तस्मै" — सर्व अथवा 'शर्व' रुद्र है। उसे नमस्कार है। वह महान् पुरुष और शिवस्वरूप है।

"पुरुषोऽक्षर उच्यते" — उसी "पुरुष" को अक्षर-क्षरणरहित अविनश्वर कहा जाता है। समाधिस्थ योगी उसी देहरूपी पुर में शयन करने वाले परात्पर पुरुष का साक्षात्कार करता है।

"पुरिशयं महादेव मीक्षते" — वह देहरूपी नगर में शयन करने वाले महादेव का साक्षात्कार करता है।

"तमीशानं पुरुषम्" — समाधिस्थ योगी संसारसागर से तारने वाले स्तुतियोग्य उस पुराण-पुरुष शिव का साक्षात्कार कर अत्यन्त शान्ति प्राप्त करता है। जो धीर वीरशैवभक्त शरीरान्तर्वर्ती हृदयकमल में भासमान उस परम-पुरुष-परशिव का साक्षात्कार करते हैं, उन्हें शाश्वत शान्ति प्राप्त होती है, अन्यों को वह शान्ति प्राप्त नहीं होती।

"पुरुषं पुरुषश्रेष्ठम्" — ब्रह्मदेव, विष्णु आदि अन्य देवताओं का कारणस्वरूप वही "पुरुष" सर्वश्रेष्ठ पुरुष है।

"पुराणः पुरुषः पूर्णः" — वही पूर्ण (षोडशदल) अनन्तस्वरूप पुरातन पुराणपुरुष है।

---

१. श्रुतिसार भा. पृ. ६

२. प्रश्न.उ.प्र.५

३. श्रीकर भा.पृ.८७

४. सू.सं.यज्ञ.अ.३३

पुरुषो नाम सम्पूर्णः शिवः सत्यादिलक्षणः।
साम्बमूर्तिधरो नान्यो रुद्रो विष्णुरजोऽपि वा[१]।।

वेष्टितं पुरुषोत्तमं शिवं महाशान्तमुमासहायम्।
ध्यात्वा मुनिर्मुच्यते सर्वपाशैः[२]।।

उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः[३]।।

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽङ्गुष्ठञ्च समाश्रितः।
ईशः सर्वस्य जगतः प्रभुः प्रीणाति विश्वभुक्[४]।।

अथवा परमात्मानं परमानन्दविग्रहम्।
गुरूपदेशाद् विज्ञेयं पुरुषं कृष्णपिङ्गलम्[५]।।

"पुरुषो नाम सम्पूर्णः" — सत्-चित्-आनन्दस्वरूप पूर्ण (षोडशदल) परमशिव ही 'पुरुष' नाम से विख्यात है। वही पार्वतीसहित परमेश्वर का मूर्त रूप धारण करता है, अन्य कोई रुद्र (महेश) विष्णु अथवा अज (ब्रह्मदेव) नहीं।

"वेष्टितं पुरुषोत्तमं शिवम्" — मनन करने वाला वीरशैव अत्यन्त शान्तस्वरूप उसी पुरुषोत्तम शिव का उमा के साथ ध्यान कर सभी भवपाश-बन्धनों से मुक्त होता है।

"उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः" — सबसे भिन्न पुरुषोत्तम शिव ही परमात्मा नाम से प्रख्यात है, जो अविनाशी ईश्वर (शिव) त्रिभुवन (स्वर्ग-मृत्यु-पाताल तीनों लोकों) में प्रवेश कर उसका भरण-पोषण करते हैं।

"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषः" — वह शरीरधारी जीवात्मा के शरीररूपी पुर में शयन करने वाला पुरुष अङ्गुल (अंगूठे) के बराबर है, और वह अंगूठे के बराबर स्थान में रहता है। समस्त जगत् का प्रभावशाली वही स्वामी है। वही विश्व का उपभोक्ता तथा सबका प्रसन्नता की वर्षा करता है और प्रसन्न रहता है।

"अथवा परमात्मानम्" — अथवा उस परमानन्दस्वरूप कृष्णपिंगलवर्ण पुरुष को गुरुमंत्र दीक्षा से ही जाना जा सकता है।

---

१. ब्र.गी.अ.११
२. नील.भा.पृ.४१
३. भ.गी.१५.१७
४. म.नारायण उ.
५. श्रीकण्ठ भा. पृ. ३

'ब्रह्म ब्रह्मपुरे'त्यादिपूर्वोक्तस्कान्दसूतसंहितादिषु च।

'अथ परा, यया तदक्षरमधिगम्यते'[१] इति। परमः परशिवः तद्विषयिणी विद्या परा सर्वोत्कृष्टा, तद्बोध्यमक्षरम्, 'अक्षरः परमः शिवः' इत्याद्युपक्रम्य श्रुतिशतसमधिगम्यः परमेश्वरः **''क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः[२]''**, **''येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यम्''**[३] इति, **''प्रकरणादिति[४]''** सूत्रे श्रीमन्नीलकण्ठश्रीकरभाष्ययोः प्रतिपादितम्।

क्षरः सर्वाणि भूतानि सूत्रात्माऽक्षर उच्यते।
अक्षरं परमं ब्रह्म निर्विशेषं निरञ्जनम्[५]।।

''ब्रह्म ब्रह्मपुरे'' इत्यादि पूर्वोक्त स्कन्दपुराण, सूतसंहिता आदि ग्रन्थरत्नों में उसी की चर्चा है।

अथ परा, यया तदक्षरमधिगम्यते — अर्थात् परमशिव ही ''पर'' है, उस परमशिवविषयिणी पञ्चाक्षरी मन्त्रविद्या **''परा विद्या''** सर्वोत्कृष्ट ब्रह्मविद्या है, जिसके द्वारा अविनाशी अक्षर-क्षरणरहित परमशिव का ज्ञान होता है।

''क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः'', **''येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यम्''** इत्यादि सैकड़ों मन्त्रों द्वारा इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है। [**''क्षरं प्रधानम् अमृताक्षरं हरः''** का अर्थ है— ''प्रधान (प्रकृति) क्षरणशील (परिवर्तनशील) है, किन्तु परमशिव अमर-अक्षर अविनाशी है। **''येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यम्''** जिसके कारण सत्स्वरूप अविनाशी अक्षर-पुरुष का अधिगम होता है।] **श्रीनीलकण्ठभाष्य** और **श्रीकरभाष्य** दोनों में **''प्रकरणात्''** इस ब्रह्मसूत्र के ऊपर इसी का भाष्य किया गया है।

''क्षरः सर्वाणि भूतानि'' — सभी जीव-जगत् क्षर-नश्वर है। केवल एकाकी सूत्रात्मा (अणुपरिमाण) परब्रह्म-परशिव अक्षर-अविनाशी है। वह अक्षर अविनाशी परब्रह्म निर्विशेष (विशेषताओं से रहित निर्विकल्पक) निरञ्जन (निर्गुण-निराकार) है।

---

१. मु.उ. १.५
२. श्वे.उ.१.१०
३. श्रीमन्नीलकण्ठ (पृ.३३)
४. श्रीकरभाष्ययोः (पृ.१३४)
५. योगशिखोपनिषत् अ.३

यदक्षरं परं ब्रह्म तत् सूत्रमिति धारयेत्[1]।।

जगतः कारणं ब्रह्म चोपास्यं हि मुमुक्षुभिः।
'नाऽयमात्मे'ति वाक्येन शिवस्य वरणं तनोः।।
वरणं नाम तद्रूपधारणं विधिमार्गतः[2]।।

इति श्रुत्याद्यनेकोक्तिभिः 'पुरुष'शब्दवाच्यः शिव एव, नान्यो नारायणादिरित्यवगम्यते। भाष्यकृत्पूर्वाचार्यैरपि सयुक्तिकं बहुधा सिद्धान्तितं चात्र ग्रन्थविस्तरभयान्न लिखितम्। **याति** प्राप्नोति, लिङ्गाङ्गसामरस्यसुखमनुभवतीत्यर्थः।।१।।

''यदक्षरं परं ब्रह्म''— जो अक्षर-अविनाशी परब्रह्म है, वही **''सूत्रात्मा''** परम शिव है। अतः उसे अतः उसे इष्टलिङ्ग के रूप में धारण करना चाहिये।

जगतः कारणं ब्रह्म— जगत् की सृष्टि, स्थिति और संहार का कारण जो परब्रह्म-परशिव है; उसकी उपासना मुक्तिकाम साधकों को करनी चाहिये।

'नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः'' इस मन्त्रवाक्य से शिव के शरीर का वरण करना चाहिये। यहाँ 'वरण' का अर्थ है क्रियादीक्षा की शास्त्रीय विधि से इष्टलिङ्ग को धारण करना।

इस प्रकार अनेक वेदमन्त्रों और आगमवचनों से यह ज्ञात होता है कि ''पुरुष'' शब्द द्वारा संकेतित वही परम शिव है और वह नारायण से भिन्न नहीं है। पूर्व के अनेक भाष्यकार आचार्यों ने अनेक बार युक्तिपूर्वक इसी सिद्धान्त को स्थिर किया है। यहाँ पर ग्रन्थ के विस्तारभय से उसका उल्लेख यहाँ नहीं किया गया है।

(पुरुषं) याति— शिवभक्त जीवात्मा उसी श्रेष्ठ पुरुष का साक्षात्कार करते हुए लिङ्गाङ्गसामरस्यसुखस्वरूप मुक्ति का अनुभव करता है।।१।।

मन्त्रार्थ — किसी आश्वलायन नामक मुमुक्षु शिष्य ने सहज लिङ्गाङ्गसामरस्य-स्वरूप मोक्षसुख प्राप्त करने के लिये परमेष्ठी भगवान् अर्थात् षड्गुण-ऐश्वर्य से सम्पन्न उत्पत्ति-प्रलय आदि के अभिज्ञ हृदयकमल के बीच में भासमान ज्योतिर्लिङ्गस्वरूप सच्चिदानन्द परमशिव से अभिन्न सद्गुरु के निकट शास्त्रीय

---

१. परब्रह्मोपनिषत्
२. क्रियासार उ.१

भक्तस्थलम्

ब्रह्मणो मनोवागतीतत्वेन साक्षादुपदेष्टुमशक्यतया तज्ज्ञानोपायान् आह श्रुतिः—

विधि से आकर कहा– ''भगवन्! आप जगत्-कल्याण के लिये उस ब्रह्मविद्या का स्मरण-चिन्तन-मनन करते हैं और जो अत्यन्त ''निगूढ'' रहस्यमयी है। जिस परा विद्या (ब्रह्मविद्या) के द्वारा बुद्धिमान जीवात्मा सभी पाप-पुण्यों से मुक्त होकर ब्रह्मदेव, विष्णु आदि देवताओं से विलक्षण, देहधारी जीवात्माओं के देहरूपी नगर में शयन करने वाले पुराण-पुरुष को प्राप्त करता है अर्थात् परब्रह्म परमशिव के साथ लिङ्गाङ्गसामरस्य-सुख की अनुभूति करते हुए परमपद (मुक्ति) प्राप्त करता है।।१।।

भक्तस्थल

श्रीशङ्करानन्दसम्मत व्याख्या के अनुसार आश्वलायन मुनि अपनी ब्रह्म-जिज्ञासा ''**परमेष्ठी**'' (सर्वोत्कृष्ट स्थाननिवासी) ''**पितामह**'' (दक्षप्रजापति आदि के पिता कमलासन ब्रह्मदेव) के निकट जाकर कर रहे हैं, जब कि **सादाशिव भाष्य** के अनुसार तुरीय परब्रह्मस्वरूप परशिव के निकट यह ब्रह्मजिज्ञासा कर रहे हैं।

पितामह ने तत्काल उसका समाधान किया। क्योंकि ब्रह्मविद्या वाणी का अथवा मन का विषय नहीं है। उसके अन्य उपाय हैं— श्रद्धा, भक्ति आदि। शङ्करानन्द ''**श्रद्धा-भक्ति-ध्यानयोगात्**'' इस पद का इतरेतर द्वन्द्वसमास के साथ तत्पुरुष समास करते हैं— ''**श्रद्धा आस्तिक्यबुद्धिः, भक्तिः भजनं तदेकतात्पर्यबुद्धिः, ध्यानम् विजातीय-प्रत्ययशून्य-सजातीय-प्रत्यय-प्रवाहः, एतेषां योगः सम्बन्ध तत्कारणमिति यावत्, तस्मात्।**'' सादाशिव भाष्य में इसका समास-विग्रह इस प्रकार है— ''श्रद्धा च भक्तिश्च ध्यानं च योगश्च एषां समाहारः श्रद्धाभक्तिध्यानयोगाः तस्मात्।'' ''**फलावश्यंभावनिश्चयः श्रद्धा**'' इस श्रद्धा की परिभाषा का उपबृहंण ''**श्रद्धा नाम गुरुचराद्युपदिष्टेऽर्थे आस्तिक्यबुद्धिः**'' है। अर्थात् गुरु, चर और जङ्गमद्वारा उपदिष्ट परतत्वस्वरूप परशिव में आस्तिक्यबुद्धि रखना ''श्रद्धा'' कहलाता है। ''**पूज्येष्वनुरागो भक्तिः**'' का उपबृहंण ''**भक्तिः सर्वदा तत्राऽऽसक्तिरनुरागः**'' यह है। अर्थात् परशिव-

तस्मै स होवाच पितामहश्च
श्रद्धाभक्तिध्यानयोगादवेहि।।२।।

तस्मा इति। **श्रद्धाभक्तिध्यानयोगात्**— श्रद्धा च भक्तिश्च ध्यानं च योगश्चैषां समाहारः श्रद्धाभक्तिध्यानयोगम्, तस्मात्। **श्रद्धा** नाम गुरुचराद्युपदिष्टेऽर्थे आस्तिक्यबुद्धिः। **भक्तिः** सर्वदा तत्राऽऽसक्तिरनुरागो वा। **ध्यानम**नन्यचिन्तनं विजातीयप्रत्ययपरिहारपूर्वकसजातीयप्रत्ययप्रवाहात्मकम्। **योगः** शिवार्चनमुख्यः शिवयोगः। तथा चोक्तं श्रुतौ सूतसंहितायां च।

''भक्तिगम्यं परं तत्त्वम्।''[1]

स्वरूप उस परब्रह्म में आसक्ति अथवा अनुराग भक्ति कहलाती है। **''ध्यानम् अनन्यचिन्तनं विजातीयप्रत्यय- परिहारपूर्वकसजातीयप्रत्ययप्रवाहात्मकम्''** ध्यान की यह परिभाषा श्रीशंकरानन्द की परिभाषा से मिलती है। ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओं में जो आसक्ति अथवा अनुराग होता है, वह विजातीय प्रत्यय है, उसको हटाकर एकमात्र परशिव ब्रह्म में आसक्ति अथवा अनुराग रखना सजातीय प्रत्यय है। वही धाराप्रवाह अनन्य चिन्तन ''ध्यान'' है। **श्रीशंकरानन्द** इनके **''योग''** सम्बन्ध को ब्रह्म-जिज्ञासा का अन्य उपाय कहते हैं। जब कि **सादाशिवभाष्य** में ''योग'' (शिवयोग) को भिन्न उपाय माना गया है, जिनमें शिव की अर्चना मुख्य होती है। पितामह ''इन सभी उपायों से परशिव परब्रह्म का ज्ञान तुम करो'' इस प्रकार आश्वलायन मुनि को उपदेश दे रहे हैं। **''सादाशिव भाष्य''** के अनुसार **''तस्मै स होवाच पितामहश्च''** यहाँ से **भक्तस्थल** का निरूपण है।

यतः तुरीय परब्रह्मस्वरूप परशिव मन और वाणी से परे होने के कारण साक्षात् उपदेश नहीं दे सकते, अतः साक्षात् वेदमाता ही ब्रह्मज्ञानप्राप्ति के उपायों का वर्णन कर रही है। अथवा परब्रह्म परशिव के दो रूप हैं— (१) निराकार और (२) साकार। उसका साकार स्वरूप चतुर्भुज महादेव का है, वही द्विभुज गुरुरूप में अवतीर्ण होकर आश्वलायन मुनि के व्याज से सभी वीरशैव सत्शिष्यों को ब्रह्मज्ञानोपाय वर्णित कर रही है।

श्रद्धा, भक्ति, ध्यान और शिवयोग में भक्ति की महत्ता अन्यत्र इस प्रकार वर्णित है— **''भक्तिगम्यं परं तत्त्वम्''**— भक्ति के द्वारा परमतत्त्व को जाना जा सकता है।

---

१. ब्र.गी.अ.८

'भक्त्या सर्वसिद्धयः सिध्यन्ति'।
'भक्तेरसाध्यं न हि किञ्चिदस्ति'।।

"श्रद्धया परमा भक्त्या ध्यानेन च सुरोत्तमाः!।
योगेन च परा विद्या लभ्या सा नैव कर्मणा[1]।।" इति।

अवेहि-जानीहीत्यर्थः। **'इण् गतावि'**ति धातोः 'ये गत्यर्थकास्ते ज्ञानार्थका' इत्युक्तत्वादवेत्युपसर्गवशाच्चाऽत्र ज्ञानपरः। **तस्मै** उपसन्नाय शरणागतायाऽऽश्वलायननाम्ने सच्छिष्यायेत्यर्थः। **पितामहश्च** प्राकृतसृष्टिस्थित्यादिकर्तृणां जगज्जीवकोटिपितृणां ब्रह्मविष्ण्वादीनामपि यः पिता जनकः कर्ता स्वाम्यधिको

"भक्त्या सर्वसिद्धयः सिद्ध्यन्ति" — भक्ति के द्वारा सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। **"भक्तेरसाध्यं न हि किञ्चिदस्ति"** — भक्ति से कुछ भी असाध्य नहीं होता।

"ब्रह्मगीता" भी श्रद्धा आदि उपायों से ब्रह्मविद्या की प्राप्ति का इस प्रकार प्रतिपादन कर रही है— **"श्रद्धया परमा भक्त्या"** इत्यादि। देवताओं! परम श्रद्धा, परा भक्ति, अनन्य ध्यान तथा शिवयोग द्वारा ही परा विद्या (ब्रह्मविद्या) प्राप्त की जा सकती है, भजन याजन आदि कर्मकाण्ड द्वारा नहीं।

"अवेहि" (अव+इण्, लोट्, म.पु.ए.व.)— "इण् गतौ" धातु का यह रूप है। **"ये गत्यर्थकास्ते ज्ञानार्थकाः"** जो गत्यर्थक धातु है, वे ज्ञानार्थक भी है। [**"उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते"** इस नियम के अनुसार "अव्" उपसर्ग के साथ "इण्" धातु का अर्थ केवल गत्यर्थक न होकर ज्ञानार्थक ही होगा। अतः यहाँ "अवेहि" का अर्थ होगा "इन उपायों से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करो।"]

[(**इति**=इस प्रकार), **तस्मै**=अपने निकटवर्ती शरणागत आश्वलायन नामक उस सत्शिष्य से पितामह ने कहा।)

स पितामहश्च [यहाँ श्रीशंकरानन्द सम्मत अर्थ दक्ष प्रजापति आदि के पिता **"परमेष्ठी"** = "सर्वोच्चस्थाननिवासी कमलासन पितामह ब्रह्मदेव" यह अर्थ विवक्षित नहीं है, अपितु] "प्राकृत, सृष्टि, स्थिति और संहार के कर्ता, चराचर जगत् के करोडों जीवों के पिता, किं बहुना, ब्रह्मदेव, विष्णु आदि के भी जनक कर्ता सभी स्वामियों के स्वामी महादेव" यह अर्थ

---

१. ब्र.गी.अ.८

देवाधिदेवो महादेवस्तस्येतरः कोऽपि पिता कर्ताऽधिपश्चाऽधिको नास्त्येव, स परशिव एव पितामहशब्दवाच्य इत्यर्थः।

''ध्यायीतेशानं प्रध्यायितव्यं सर्वमिदम् ब्रह्मविष्णुरुद्रास्ते सम्प्रसूयन्ते[१]।।''

''यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वमि''[२]त्यादि

''शिव एको ध्येयः शिवङ्करः सर्वमन्यत् परित्यज्य''

''एक एव रुद्रो न द्वितीयाय तस्थे'',

''असंख्याताः सहस्राणि स्मर्यते न च दृश्यते'',

''प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तः''[३],

विवक्षित है। उनका कोई भी अन्य पिता, कर्ता, स्वामी नहीं हो सकता। **''पितामह''** शब्द से तुरीय ब्रह्मस्वरूप 'परशिव' ही सम्बोधनयोग्य है। और अन्य कोई नहीं।

इसमें वेदमंत्र, आगम तथा पुराणों के वचन भी प्रमाण हैं—

''ध्यायीतेशानम्'' — ईशान परशिव का ध्यान करें। यह सब कुछ परशिवस्वरूप है और उसका प्रमुखरूप से ध्यान करना चाहिये। क्योंकि ब्रह्मदेव विष्णु और रुद्र उसी के द्वारा जन्म लेते हैं।

''यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वम्'' — जिसने सृष्टिकर्ता ब्रह्मदेव को सर्वप्रथम जन्म दिया इत्यादि।

''शिव एको ध्येयः'' — ''सब अन्य कुछ छोड़कर एकमात्र 'शिव' प्रदाता परमशिव का ही ध्यान करना चाहिये।

''एक एव रुद्रो'' एक मात्र परशिव-रुद्र ही अवस्थित है, उसने दूसरे के लिये स्थान ही नहीं छोड़ा है।

''असंख्याताः सहस्राणि'' — असंख्य हजारों का स्मरण किया जाता है, किन्तु वे दृष्टिगोचर नहीं होते।

''प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तः'' — जिसके गर्भ में भीतर प्रजापति विचरण करते हैं।

---

१. अथर्वशिखा उ.

२. श्वे.उ.६.१८

३. अथर्वशिखा,

"यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वाधिको रुद्रो महर्षिः।
हिरण्यगर्भं पश्यत जायमानं स नो देवः शुभया स्मृत्या संयुनक्तु[१]।।"

न चास्य कश्चिज्जनिता न चाधिपः[२]।
न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते[३]।।

"शिवं प्रशान्तममृतं ब्रह्मयोनिं तं देवतानां परमं च दैवतम्[४]।
शिवे स्थिते सर्वदेवाधिराजे भरद्वाज! निर्जरैः किं तथान्यैः[५]।।"

त्रयस्ते कारणात्मानो जाताः साक्षान्महेश्वरात्।
चराचरस्य विश्वस्य सर्गस्थित्यन्तहेतवः।।

पित्रा नियमिताः पूर्वं त्रयोऽपि त्रिषु कर्मसु।
ब्रह्मा सर्गे हरिस्त्राणे रुद्रः संहरणे पुनः।।

"यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च" — "जो अन्य देवों की उत्पत्ति तथा विकास का स्थान है, वे महर्षि (महान् क्रान्तदर्शी) परशिव-रुद्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं। उनके द्वारा आप हिरण्मय अण्ड के गर्भ से उत्पन्न होने वाले ब्रह्मदेव को स्वयं देखें। वे देवाधिदेव महादेव हमें अपनी शुभस्मृति (चिन्तन-मनन) से संयुक्त करें।"

"न चास्य कश्चिज्जनिता" — "न तो कोई उस परशिव का जनक है, न कोई स्वामी, न तो उसके कोई सदृश है और न उससे कोई बढ़कर है।"

"शिवं प्रशान्तममृतं ब्रह्मयोनिम्" — "एकमात्र परम शिव ही अत्यन्त शान्त, अमर, ब्रह्मदेव के जन्महेतु तथा देवताओं में भी परम दैवत है।"

"शिवे स्थिते सर्वदेवाधिराजे" — "हे भरद्वाज! सभी देवों के स्वामी परम शिव के रहते अन्य देवताओं से हमें क्या प्रयोजन हैं?"

"त्रयस्ते कारणात्मानो" — समस्त चर-अचर विश्व की सृष्टि-स्थिति संहार के कारण तीनों ब्रह्मदेव, विष्णु एवं महेश साक्षात् परमशिव से ही उत्पन्न हुए हैं। परमपिता परमशिव ने सर्वप्रथम तीनों को भी तीन कामों के लिये अधिकृत किया— सृष्टिकार्य के लिये ब्रह्मदेव को, पालन पोषण के

---

१. श्वे.उ.४.१२;
२. श्वे.उ.६.९
३. श्वे.उ.६.८
४. श्वे.उ.६.७
५. सिद्धान्तशिखा उ. ३३.

तथाऽप्यन्योन्यमात्सर्यादन्योन्यातिशयार्थिनः।
तपसा तोषयित्वा तं पितरं चन्द्रशेखरम्[१]।।

रुद्रं विश्वाधिकं साक्षान्महर्षिं सततोदितम्।
हिरण्यगर्भसंज्ञस्य देवस्य जनकं तथा[२]।।

वरिष्ठो मुनयः! साक्षाच्छिवो नाऽत्र विचारणा।
शिवाद् वरिष्ठो नैवाऽस्ति मया सत्यमुदीरितम्।।
विश्वस्य जगतः कर्ता पशोरन्यः परः शिवः[३]।।

ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्ताः पशवः परिकीर्तिताः[४]।।

अतः सर्वं परित्यज्य शिवादन्यत्तु दैवतम्।
तमेव शरणं गच्छेत् सद्यो मुक्तिं यदीच्छति[५]।।

लिये विष्णु को और संहार के लिये रुद्र को। तथापि वे तीनों परस्पर के प्रति मात्सर्य (द्वेष) रखते थे, और स्वयं एक दूसरे से श्रेष्ठ बनना चाहते थे। अतः उन्होंने परमपिता चन्द्रशेखर (परमपिता) को तपश्चरण द्वारा सन्तुष्ट किया।

''रुद्रं विश्वाधिकम्'' — वे परमशिव रुद्र सतत उदीयमान विश्व में सर्वश्रेष्ठ साक्षात् क्रान्तदर्शी महर्षि हैं, तथा हिरण्यगर्भ नामक पितामह ब्रह्मदेव के जनक है।

''वरिष्ठो मुनयः!'' — ''हे ऋषियों! साक्षात् दृष्टिगोचर परम शिव ही वरिष्ठ श्रेष्ठ हैं, इसमें कोई तर्क-कुतर्क अन्य विचार-विमर्श नहीं करना चाहिये। अन्य कोई शिव से श्रेष्ठ नहीं है यह मैंने सत्य कहा है। पशु से भिन्न पशुपति परम शिव ही सम्पूर्ण जगत् के सृष्टिकर्ता हैं।''

''ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्ताः पशवः परिकीर्तिताः'' — ब्रह्मदेव से लेकर स्तम्ब (तृण) पर्यन्त सभी जीव ''पशु'' कहलाते हैं। [''शिवः पतिरिति प्रोक्तः'' — उनके स्वामी परमशिव 'पशुपति' कहलाते हैं।]

''अतः सर्वं परित्यज्य'' — अतः यदि तत्काल मोक्ष की कामना हो, तो शिव से भिन्न अन्य देवता की उपासना छोड़कर केवल एक परमशिव की ही शरण में जाना चाहिये।

---

१. श्रीकर भा. पृ. उ. ३६
२. श्रुतिसारभाष्य पृ. १६
३. सूतगीता अ. २
४. सूक्ष्मतन्त्रम् (क्रियापाद) ५.२०
५. ब्र.गी.अ.४

महादेवस्तु सर्वात्मा सर्ववस्त्ववभासकः।
सर्वानन्दकरः पूर्णः सर्वदेवोत्तमोत्तमः।।
जन्मादिकारणं हेतुः शास्त्रयोनिः सुखासनः।
न तत्समो वाधिकोऽसङ्ग आत्मा चाऽमलसाधनम्[1]।।

सोमः पवतेः जनिता मतीनां जनिता
दिवो जनिता पृथिव्याः जनिताऽग्नेः जनिता
सूर्यस्य जनितोत विष्णोः[2]।।
ब्रह्माद्याः स्थावरान्ताश्च देवदेवस्य शूलिनः।
पशवः परिकीर्त्यन्ते संसारवशवर्तिनः।
तेषां पतित्वाद् देवेशः शिवः पशुपतिः स्मृतः[3]।।

इति हि बहुधा श्रूयते श्रुत्यागमपुराणादिष्वपि। स एव पितामहः परशिवो लोकोपकारार्थं शिष्यजनोद्धारार्थं च गुरुचरादिरूपः।

''महादेवस्तु सर्वात्मा'' — परमशिवस्वरूप महादेव ही सभी के आत्मस्वरूप, सभी वस्तुओं के प्रकाशक, सबके आनन्ददाता, परिपूर्ण (षोडशकल), सभी देवताओं में सर्वश्रेष्ठ, सृष्टि, स्थिति और संहार के कारण, शास्त्रयोनि, सुखपूर्वक आसन पर विराजमान हैं। न तो कोई उनके समान हैं, और न कोई उनसे बढ़कर हैं। वे सङ्गरहित तथा एकमात्र निर्मल होने के साधन हैं।

''सोमः पवतेः'' — परब्रह्म परमशिवस्वरूप साम्ब सदाशिव ही इन्द्र, समस्त बुद्धि, स्वर्ग (द्यौ), पृथिवी, अग्नि, सूर्य तथा विष्णु के जन्महेतु हैं।

ब्रह्माद्याः स्थावरान्ताश्च — ब्रह्मदेव आदि चरसृष्टि से लेकर स्तम्बपर्यन्त स्थावर (अचर) सृष्टितक संसार को अपने वश में रखने वाले 'पशु' कहे जाते हैं। देवाधिदेव महादेव उनका **'पति'** होने के कारण **'पशुपति'** नाम से उनका सादर स्मरण किया जाता है।

इस प्रकार जो लोगों पर उपकार करने के लिये तथा शिष्यजनों का उद्धार करने के लिये गुर, चर और जंगम के रूप में अवतीर्ण होते हैं, वे ही बहुधा वेद-आगम तथा पुराणों में भी 'पितामह' नाम से प्रसिद्ध हैं, (ब्रह्मदेव नहीं)। और वही विषय अन्यत्र (कैवल्यसार में) इस प्रकार निरूपित है—

---

१. सूत.सं.यज्ञ.खं.अ. ३३-४०
२. श्रुति,सा.भा.पृ.१८
३. वीरशैवानन्द चं. पृ.७५

तथा चोक्तमन्यत्र— **कदम्बगोलकाकारो विश्वस्याऽतिहितो वपुर्धत्ते जगद्धितार्थः वेदादिनिगमैः प्रणवादिमन्त्रैः क्रियादिकर्मणि आत्माऽयं बोधः स रुद्रः स चरः द्विभुजः द्व्यक्षः द्विपादेकशिरा एको रुद्रः आचार्यरूपः**[१]।।

सर्वलोकोपकाराय यो देवः परमेश्वरः।
चरत्यतिथिरूपेण नमस्ते जङ्गमात्मने[२]।।

योजयति परे तत्त्वे स दीक्षयाऽऽचार्यमूर्तिस्थः[३]।

निष्कलो हि महादेवो नित्यज्ञानमहोदधिः।
सकलो गुरुरूपेण सर्वानुग्राहको भवेत्[४]।।

"कदम्बगोलकाकारः" इत्यादि। वह निर्गुण निराकार परमशिव लोककल्याण के लिये कदम्ब के गोलक के आकार के समान लिङ्ग-शरीर धारण करता है और वही वेद-आगमादिप्रोक्त प्रणव (औङ्कार) आदि मन्त्रों से बोधस्वरूप रुद्रावतार चररूप से तथा वही एकाकी रुद्र द्विभुज, द्विनेत्र, चरणयुगलवान् एकमस्तकसम्पन्न त्रिविधदीक्षाप्रदाता आचार्य (गुरु) रूप में अवतीर्ण होता है।

"सर्वलोकोपकाराय" — जो सभी लोकों का उपकार करने के लिये अतिथिरूप से विचरण करता है, उस जंगमस्वरूप परमेश्वर परमशिव को नमस्कार।

"योजयति परे तत्त्वे" — जो त्रिविध दीक्षा द्वारा परमतत्त्व स्वरूप परमशिव का संयोजन करता है, वह भी आचार्यमूर्ति से अवतीर्ण परमशिव ही है।

"निष्कलो हि महादेवः" — नित्य-निरन्तर ज्ञानसागर के रूप में विराजमान निर्गुण-निराकार निष्कल जो महादेव हैं, वे ही समस्त कलासम्पन्न गुरु के रूप में अवतीर्ण होकर सभी पर अनुग्रह करते हैं।

---

१. *कैवल्यसार: प्र.३, श्लो.३०*
२. अनादिवीरशैवसार सं. प्र.१६
३. सूत.सं.मुक्तिखण्ड, अ.६, श्लोक.३१, व्या.
४. सि.शि.म.११.२०

अप्रत्यक्षो महादेवः सर्वेषामात्ममायया।
प्रत्यक्षो गुरुरूपेण वर्तते भक्तिसिद्धये[१]।।

हररूपं समादाय पूजां गृह्णाति सर्वदा।
गुरुरूपं समादाय भवपाशं निकृन्तति[२]।।

ललाटलोचनं चान्द्रीकलामपि च दोर्द्वयम्।
अन्तर्निधाय वर्तेऽहं गुरुरूपो महेश्वरि![३]।।

स पितामहश्च-स परशिवाभिन्नः सच्चिद्गुरुरूपीत्यर्थः। **च**कारस्त्वप्यर्थेऽस्ति। **उवाच ह**-प्रोक्तवान् खलु। शिष्यवात्सल्येन बोधयामासेत्यर्थः। अत्र **स** इति तच्छब्दः पितामहपरामर्शकः, **है**ति खल्वर्थकमव्ययं चेति ज्ञेयम्।

"अप्रत्यक्षो महादेवः" — जो परमशिव अपनी अज्ञानस्वरूप-माया के आवरण से सबको प्रत्यक्ष नहीं होते, वे ही शिष्य की भक्ति की सफलता के लिये उसका अज्ञानावरण हटाकर गुरु के रूप में उसके सम्मुख प्रत्यक्ष होते हैं।

"हररूपं समादाय" — परब्रह्मस्वरूप परमशिव शिवलिङ्ग का स्वरूप धारण कर भक्त की पूजा को स्वीकार करते हैं और गुरुरूप से अवतीर्ण होकर उसके सांसारिक पाश को काटते हैं।

"ललाटलोचनं" — (निराकार परब्रह्म-परमशिव साकार महादेव के रूप में अवतीर्ण होकर पार्वती से कहते हैं कि) हे महेश्वरि! (मैं अपने चतुर्भुजस्वरूप में) ललाटस्थित तृतीय नेत्र अग्नि, चन्द्रकला और दोनों भुजाओं को छिपाकर गुरुरूप में अवतीर्ण हो रहा हूँ।

"स पितामहश्च" — यहाँ **'च'**कार का अर्थ समुच्चय न लेकर "अपि"= भी लेना चाहिये। **'सः'**— यह तत् सर्वनाम, 'पितामह' का संकेत कर रहा है। इसका अर्थ है परशिव से अभिन्न सद्गुरु ने, **उवाच ह** — "उवाच" यह **"वच परिभाषणे"** धातु के लिट् लकार का रूप है। **'ह'** यह 'खलु' का पर्याय वाची अव्यय है। इस प्रकार पितामहस्वरूप परमशिव से अभिन्न गुरुने आश्वलायन नामक सच्छिष्य से कहा अर्थात् प्रेम (वात्सल्य) से समझाया।

---

१. शिवरहस्यम्
२. शैवरत्नाकर अ.९
३. वी.आ.प्रदीपिका अ.२

तस्मै स विद्वान् उपसन्नाय सम्यक्
प्रशान्तचित्ताय शमान्विताय।
येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं
प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्याम्[१]।।
क्रियावन्तः श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठाः
स्वयं जुह्वत एकर्षिं श्रद्धयन्तः।
तेषामेवैतां ब्रह्मविद्यां वदेत
शिरोव्रतं विधिवद् यैस्तु चीर्णम्[२]।।

गुरुभक्ताय दान्ताय शान्ताय ऋजुचेतसे।
शिवभक्ताय दातव्यं ब्रह्मकर्मोक्तधीमते।।

अन्य श्रुतिवचन भी इस इतिहास की पुष्टि करते हैं। यथा—

"तस्मै स विद्वान् उपसन्नाय" — लिङ्गाङ्गसामरस्य के परमाचार्य सद्गुरुस्वरूप परमशिव ने शास्त्रीय विधि से सम्मुख पहुँचने वाले शरणागत अत्यन्त शान्तचित्त शम-दमादिसम्पत्तिसम्पन्न सत्शिष्य को यथार्थ रूप से उस पञ्चाक्षरीमन्त्रस्वरूप ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया, जिससे वह सत्स्वरूप **पुरुष** (हृदयगुफा में प्रकाशमान) क्षरणरहित ज्योतिर्लिङ्गस्वरूप अविनाशी परमशिव का साक्षात्कार कर सके।

"क्रियावन्तः श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठाः" — क्रियादीक्षासम्पन्न जो वीरशैव श्रोत्रिय ब्रह्म (परमशिव) की उपासना में लीन होकर श्रद्धाभक्तिसम्पन्न होकर उस क्रान्तदर्शी ऋषि परमशिवस्वरूप इष्टलिङ्ग का यजन (अर्चन) करते हैं, और जिन्होंने विधानपूर्वक **शिरोव्रत** इष्टलिङ्गधारणस्वरूप शैवदीक्षाव्रत लिया है, उन्हें ही इस ब्रह्मविद्या का उपदेश करना चाहिये।

"गुरुभक्ताय दान्ताय" — हे सुव्रत! उसी सच्छिष्य को शिवदीक्षा देनी चाहिये, जो गुरुभक्त, शम-दमादिसम्पन्न, सरलचित्तं, ब्रह्मकर्मसम्पन्न, बुद्धिमान् और शिवभक्त हो और प्रयत्नपूर्वक उसकी सदा रक्षा करनी चाहिये। जो कृतज्ञ न हो, कृतघ्न हो उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश नहीं करना चाहिये।

---

१. मुण्ड. १.२.१३
२. मुण्ड. ३.२.१०

स्वभक्तायैव दातव्यमकृतज्ञाय सुव्रत!।
न दातव्यं सदा गोप्यं यत्नेनैव द्विजोत्तम![1]।।

इति श्रुत्याद्युक्तेः, **'वच् परिभाषण'** इति धातोः।।२।।

न कर्मणा न प्रजया धनेन
त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः।
परेण नाकं निहितं गुहायां
विभ्राजते यद् यतयो विशन्ति।।३।।

न कर्मणेति। कर्मणा-श्रुतिस्मृत्युक्तयज्ञयागहोमहवनतीर्थस्नानदानेष्टापूर्तादिरूपबाह्यजडकर्मणा, **न**-मुक्तिर्नास्ति। **प्रजया**-पुत्रपौत्रादिसन्तानेन, **धनेन**-धनकनकधान्यवस्तुवाहनादिरूपद्रव्येण, **न**-मुक्तिर्नास्तीत्यर्थः। **एके**-ये केचित् प्राकृतसंन्यासिनः, **त्यागेन**-सर्वकर्मपरित्यागेन एषणात्रयत्यागेन च, **अमृतत्वम्**-मोक्षसुखम्,

---

मन्त्रार्थ — परमेष्ठी पितामह परशिव से अभिन्न सद्गुरु ने अपने सत्-शिष्य आश्वलायन मुनि से कहा– "तुम श्रद्धा, भक्ति, ध्यान और लिङ्गाङ्गसामरस्य-स्वरूप शिवयोग द्वारा उस परा ब्रह्मविद्या को प्राप्त कर सकते हो।।२।।

"न कर्मणा न प्रजया" इत्यादि। [टीकाकार **शंकरानन्द** संन्यास को भी ब्रह्मविद्या का साधन मानकर **"न कर्मणा न प्रजया"** इत्यादि अर्धाली का अन्वय **"तस्मै स होवाच"** इत्यादि पूर्वमंत्र के साथ करते हैं, जब कि **सदाशिव शिवाचार्य** इसका अन्वय **"परेण नाकं निहितं गुहायां"** इस पंक्ति के साथ करते हैं। उनकी व्याख्या इस प्रकार है—]

"कर्मणा अमृतत्वं च" — श्रुति-स्मृति-पुराणों में वर्णित यज्ञ-याग, होम-हवन, तीर्थयात्रा, स्नान, दान, इष्टापूर्त आदि बाह्य जड कर्मों से जीव को अमरता (मुक्ति) नहीं मिलती। **प्रजया अमृतत्त्वं न** — पुत्र-पौत्र आदि सन्तान के द्वारा भी मुक्ति नहीं मिलती। **धनेन अमृतत्त्वं न** — रुपया-पैसा, सोना-चांदी, धान्य(खेती-बाड़ी) भौतिक सुख साधन मोटर-गाडी आदि चल अचल सम्पत्ति द्वारा भी अमृत (मोक्ष) प्राप्ति नहीं होता। **एके त्यागेन अमृतत्त्वम् आनशुः** — कुछ साधारण संन्यासी सर्वकर्मपरित्याग अथवा वित्तेषणा, पुत्रेषणा और

---

१. शरभोपनिषत्

आनशुः-प्राप्ताः, प्रापुरित्यर्थः। एतेन देहेन्द्रियादिविषयविरक्ता क्षणिकसिद्धिं प्राप्नुवन्तीत्यवगम्यते। **अत्रैके** इति पदेनाऽस्वारस्यं सूचितम्। किन्तु, **यतयः**-शिवयोगिनो नैसर्गिकस्वभावेन बहिर्मुखानि मनोमुख्येन्द्रियाणि शिवेतरविषयेभ्यः प्रत्याहृत्य शिवैकविषय एव संयमनशीलाः फलाभिसन्धिरहितशिवार्चाद्यजडकर्मक्रियमाणास्तनुत्रयादिसकलद्रव्यसमर्पणरूपदासोऽहम्भावविशिष्टा अत एव प्रजाद्यनुरक्ता अपि मुमुक्षवो धीरा भक्तमाहेश्वरादयः निर्लिप्ता वेति पङ्कस्थकुलालकीटवत् पद्मपत्रमिवाम्भसेति विशेषार्थः। तथा चोक्तं श्रुति-सिद्धान्त-शिखामणि-गीताऽनुभवसूत्रादिषु—

पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयम्भूस्तस्मात् पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्।
कश्चिद् धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन्[1]।।

लोकेषणास्वरूप त्रिविध इच्छाओं का त्याग करने से मोक्षसुखप्राप्ति समझते हैं। **''एके''** यह पद अस्वारस्य व्यञ्जक है। इससे यह ज्ञात होता है कि जो देह-इन्द्रिय आदि से विरक्त साधारण संन्यासी होते हैं, वे क्षणिक सिद्धि प्राप्त होते हैं। किन्तु **यतयः**— जो शिवयोगी अपने स्वभाव से बहिर्मुख रहने वाले मन तथा अन्य ज्ञानेन्द्रिय-कर्मेन्द्रियों को परशिव से भिन्न विषयों से हटाकर केवल परमशिव में लगाकर संयम बरतते हैं; वे निष्कामभावना से, बिना फल की इच्छा किये ही शिवपूजा आदि अजड कर्म करते रहते हैं तथा जो अपने स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण त्रिविध शरीर तक सभी वस्तुओं को शिवार्पण बुद्धि से **''दासोऽहंभावविशिष्ट''** होते हैं, वे धीर, भक्त, माहेश्वर आदि वीरशैव मुमुक्षु उसी प्रकार निर्लिप्त रहते हैं, जिस प्रकार कीचड में रहने वाला कुलाल कीट अथवा जल में रहने वाला कमलपत्र। जैसा कि कठोपनिषद्, ब्रह्मगीता, सिद्धान्तशिखामणि, गीता, अनुभवसूत्र आदि ग्रन्थरत्नों के वचनों से प्रमाणित है—

''पराञ्चि खानि व्यतृणत्'' — स्वयम्भू परमशिव ने जीवमात्र को देह, मन इन्द्रिय को दिया हैं। साधारण जीव उनसे परे हृदयगुफा में प्रकाशमान परमशिव का साक्षात्कार नहीं करता, किन्तु जो विरल धीर वीरशैव भक्त माहेश्वर आदि होता है, वह लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप अमृत (मोक्ष) की कामना से अपनी दृष्टि को अन्तर्मुख कर हृदयकमल में विद्यमान प्रत्यगात्मा (परमशिव) का साक्षात्कार करता है।

---

१. कठ.उ.२.१.१

**तज्विज्ञानेन परिमुच्यन्ति धीरा यद् भाति चाऽऽनन्दवपुः स्वभावात्।
अथ धीरा अमृतत्वं विदित्वा ध्रुवं तत्त्वं यान्ति कामैरसक्ताः[१]।।**

**विशुद्धाः प्राकृताश्चेति द्विविधा मानुषाः स्मृताः।
शिवसंस्कारिणः शुद्धाः प्राकृता इतरे मताः[२]।।**

**शिवार्थे देहसंशोषस्तपः कृच्छ्रादि नो मतम्।
शिवार्चा कर्म विज्ञेयं बाह्यं यागादि नोच्यते।।**

**जपः पञ्चाक्षराभ्यासः प्रणवाभ्यास एव वा।
रुद्राध्यायादिकाभ्यासो न वेदाध्ययनादिकम्[३]।।**

''तज्विज्ञानेन परिमुच्यन्ति धीराः'' — धीर वीरशैव उस परमशिव का विशिष्ट साक्षात्कार कर सर्वथा मुक्त होते हैं, जो अपने स्वाभाविक आनन्दमय स्वरूप से प्रकाशमान है। पश्चात् वे धैर्यशाली अमृतत्व का साक्षात्कार कर निष्काम होकर शाश्वत परम तत्व को प्राप्त करते हैं।

''विशुद्धाः प्राकृताश्चेति'' — दो प्रकार के मनुष्य होते हैं— विशुद्ध और प्राकृत। जो त्रिविध शैवदीक्षासंस्कार सम्पन्न होते हैं, वे वीरशैव ''विशुद्ध'' मानव होते हैं और उनसे भिन्न संस्कार रहित 'प्राकृत' मानव होते हैं।

''शिवार्थे देहसन्तोषः'' — वस्तुतः शिवपूजा के निमित्त पूजासामग्री एकत्रित करने के लिये किया जाने वाला शारीरिक ह्रास ही **तप** है, कृच्छ्र चान्द्रायण व्रत आदि तप नहीं है। शिवलिङ्ग का पूजन ही मुख्यकर्म समझना चाहिये, क्योंकि उसका फल शाश्वत रहता है। बाह्य यज्ञ-यागादि प्रमुख कर्म नहीं हैं, क्योंकि वे बहुत खर्चीले होते हैं, और उनका फल नश्वर (क्षणिक) होता है।

''नमः शिवाय'' इस पञ्चाक्षर मन्त्र का जप अथवा ओंकार का जप ही मुख्य **जप** है, उसमें भिन्न वेदों का अध्ययन, रुद्राध्याय आदि का अथवा अथर्वशिखाउपनिषद् आदि का आवर्तन जपकोटि में नहीं है।

[जैसा कि **''त्रैगुण्यविषया वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन!''** इस प्रकार भगवद्गीता (२.४५) में स्वयं श्रीकृष्ण ही इसका नियमन कर रहे हैं। यह व्याख्या श्रीमरितोण्टदार्यकृत **''तात्पर्यदीपिका''** के अनुसार है।]

---

१. ब्र.गी.७.११

२. सि.शि.म.१०.३४

३. सि.शि.म.,९.२२-२३

ज्ञाने सिद्धेऽपि विदुषां कर्माऽपि विनियुज्यते।
फलाभिसन्धिरहितं तस्मात् कर्म न सन्त्यजेत्[१]।।

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाऽम्भसा।।

कायेन मनसा बुद्ध्या केवलैरिन्द्रियैरपि।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वाऽऽत्मशुद्धये[२]।।

युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम्।
अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबद्ध्यते।।

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाऽक्रियः[३]।।

''ज्ञाने सिद्धेऽपि विदुषाम्'' — ब्रह्मज्ञानियों को परमशिव का साक्षात्कार होने पर भी निष्काम कर्म में नियुक्त किया गया है। अत: उन्हें फल की कामना किये बिना ही कर्म करते रहना चाहिये और उसका परित्याग नहीं करना चाहिये।

''ब्रह्मण्याधाय कर्माणि'' — जो परब्रह्म परमात्मा में चित्त लगाकर अनासक्त भाव से निष्काम कर्म करता है, वह उसी प्रकार पाप-कर्दम से लिप्त नहीं होता, जिस प्रकार जल में रहते हुए कमल जल से अलिप्त रहता है।

शिवयोगी आत्मशुद्धि के लिये कायिक, मानसिक, बौद्धिक तथा केवल ज्ञानेन्द्रिय एवं कर्मेन्द्रिय द्वारा भी अनासक्त भाव से निष्काम कर्म करते रहते हैं।

''युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा'' — शिवयोगी कर्मफल का त्याग कर नैष्ठिक शान्ति प्राप्त करता है। उससे भिन्न फल की कामना से आसक्त रहकर कर्म करने वाला जीव सांसारिक पाशबन्धनों से जकड़ता है।

''अनाश्रितः कर्मफलं'' — जो कर्मफल का आश्रय न लेकर निष्काम भावना से कर्म करता है, वह संन्यासी और शिवयोगी न तो अग्निहोत्र से वञ्चित और न निष्क्रिय कहलाता है।

---

१. श्रीकर भा.पृ.१२
२. भ.गीता, ५.१०-१२
३. भ.गीता ६.१

असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पूरुषः[1]।।

प्रसादात् कर्मसन्त्यागः फलतो न स्वरूपतः।
तस्मात् कर्मफलत्यागात् शिवधर्मः स्वयं शुभः[2]।।

शरीरादिपदार्थांश्च दत्त्वा दानं समर्पणम्।
समर्प्य सोऽहमस्मीति दासोऽहऽम्भाव उच्यते[3]।।

गुहायाम्-सूक्ष्मदहरहृत्पुण्डरीके, **नाकम्**-तदवच्छिन्नचिदाकाशे, छान्दसत्वात् विभक्तिव्यत्ययः। **परेण**-सर्वव्यापकशिवकलारूपतेजसेत्यर्थः। **निहितम्**-मुमुक्षुसद्भक्तोपासनानिमित्तं परिच्छिन्नतया तत्र सन्निहितं सत्

''असक्तो ह्याचरन कर्म'' — जीव अनासक्त भाव से कर्म करता हुआ परशिव को प्राप्त करता है।

''प्रसादात् कर्मसन्त्यागः'' — फलप्राप्ति की कामना से कर्मों का त्याग करना चाहिये। स्वरूपतः उनका त्याग नहीं करना चाहिये। [अर्थात् निष्काम भावना से कर्म करना चाहिये।]

''शरीरादिपदार्थांश्च'' — त्रिविध शरीरों तक की समर्पणभावना वास्तविक **दान** है। उस समर्पणबुद्धि के साथ **सोऽहम्भाव** (परम शिव से तादात्म्य सम्बन्ध) **दासोऽहम्भाव** कहलाता है।

[**''परेण नाकम्''** इत्यादिका **''गुहायां नाकं परेण निहितं यत् विभ्राजते, यतयः (तद्) विशन्ति''** इस प्रकार अन्वय करना चाहिये।] **गुहायाम्** — सूक्ष्म दहर हृदय-कमल में, **नाकम्** — यहाँ द्वितीया विभक्ति का प्रयोग सप्तमी के अर्थ में वैदिक प्रयोग है— **''नाके''** = हृदय कमल से अवच्छिन्न (व्याप्त) चिदाकाश में, **परेण** = सर्वव्यापक शिव के कलारूप तेज से, **निहितं (सत्)** = मुमुक्षु सद्भक्त की उपासनानिमित्त परिच्छिन्नरूप से वहाँ अवस्थित रहते हुए, **यत् विभ्राजते** = इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग के रूप में जिसका गुरूजी उपदेश करते हैं और जो ब्रह्मनामक परमशिवतत्त्व वहाँ विराजमान रहता है; [संन्यासी उसमें प्रवेश करते हैं।]

---

१. भ.गीता ३.१९
२. क्रियासार: उ. २७
३. विशेषार्थप्र.अ.२७

तस्य भासा सर्वमिदं विभाति[१]।

यद्भासा भासते विश्वं यत्सुखेनाऽनुमोदते[२]।।

नीलतोयदमध्यस्था विद्युल्लेखेव भास्वरा[३]।

सा कला परमा सूक्ष्मा तत्त्वानां बोधिनी परा।
तामाकृष्य यथान्यायं लिङ्गे समुपवेशयेत्[४]।।

इति श्रुत्यागमाद्युक्तेः।

यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्[५]।

''एष सर्वभूतान्तरात्मा स शिवः''

उस परमशिवकला का वर्णन अनेक श्रुतियों और आगमों में है—

''तस्य भासा सर्वमिदं विभाति'' — हृदयकमल में विराजमान उसी परशिव के तेज पुञ्ज से यह समस्त जगत् भासमान है।

इसी मन्त्र का उपबृंहण **''यद्भासा भासते विश्वम्''** इत्यादि कारिका में है— जिस परमशिव की कला के प्रकाश से यह समस्त जगत् प्रकाशित होता है और आनन्दानुभव करता है।

''नीलतोयदमध्यस्था'' — वह शिवकला उसी प्रकार है, जिस प्रकार नीलमेघ के मध्य विराजमान चमकने वाली बिजली। **सा कला परमा सूक्ष्मा** वह शिवकला अत्यन्त सूक्ष्म तथा तत्त्वों की ज्ञापिका है। उसे आकृष्ट कर शास्त्रानुसार इष्टलिङ्ग में प्रतिष्ठापित करना चाहिये।

उस परमशिवकला का वास जीवमात्र के हृदय कमल में है। इसके अनेक प्रमाण वचन हैं—

''यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्'' — जो जीव अपनी हृदय गुफा के अन्तराल में प्रतिष्ठित उस शिवकला का साक्षात्कार करता है।

''एष सर्वभूतान्तरात्मा स शिवः'' — जो सभी प्राणियों के अन्तस्तल में विराजमान परमात्मा है, वही शिव है।

---

१. सि.शि.म. १.४
२. मुण्डक.२.२.१०
३. नारायण उ.
४. अनुभवसूत्र ५.४५
५. तैत्तिरीय उ. १.४३-४४

"एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा[1]।"

इत्यादिश्रुतेः। **यत्**-ब्रह्मापरपर्यायपरशिवतत्त्वगुरूपदिष्टेष्टप्राणभावलिङ्गरूपशिव इत्यर्थः। **विभ्राजते**-राराज्यते। **तदात्मतत्त्वं** तत् ब्रह्म परतरशिवलिङ्गमित्यर्थः। यत्तदोर्नित्यसम्बन्धात् तदिति ग्रहणमत्र, **तत्वं ब्रह्मणि याथार्थ्ये** इत्यमरोक्तेः। श्रवणमनननिदिध्यासससाधनादिस्वगुरूपदिष्टमार्गेण ज्ञात्वेति भावः। **विशन्ति** प्रविशन्ति, तत्समरसा भवन्तीति भावः॥३॥

वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः
संन्यासयोगाद् यतयः शुद्धसत्वाः।

"एको देवः सर्वभूतेषु गूढः" — सभी प्राणियों में गुप्त रूप से वास करने वाला एक मात्र **देव** प्रकाशमान परमशिव है, जो सर्वव्यापी तथा सभी प्राणियों को उनकी अन्तरात्मा बनकर वास करता है।

यतयः (तत्) विशन्ति — 'यत्तदोर्नित्यः सम्बन्धः' इस नियम के अनुसार **यत्** के साथ **तत्** का सम्बन्ध रहता है, अतः **तत्** का अध्याहार करना चाहिये। **"तत्त्वं ब्रह्मणि याथार्थ्ये"** इस अमरकोष के वचनानुसार **तत्** का अर्थ है परब्रह्म-परतर शिवलिङ्ग। अपने-अपने गुरूजी द्वारा उपदिष्ट श्रवण-मनन-निदिध्यासन आदि मार्ग से उस परतर शिवलिङ्ग का साक्षात्कार कर शिवयोगी उसमें प्रविष्ट होते हैं, अर्थात् उसके साथ लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप शिवयोग द्वारा स्वस्वरूप को शिवस्वरूप में विलीन कर देते हैं। उसके साथ एकरूप होते हैं॥३॥

***मन्त्रार्थ*— सकाम कर्म, पुत्र पौत्रादि सन्तति और चल-अचल सम्पत्ति द्वारा मुक्ति नहीं मिलती। कुछ प्राकृत संन्यासी सर्वकर्मपरित्याग अथवा पुत्रेषणा, वित्तेषणा और लोकेषणास्वरूप त्रिविध एषणाओं का त्याग कर क्षणिक मोक्षसुख प्राप्त करते हैं। किन्तु जो शिवयोगी होते हैं वे सदा बिना फल की आकांक्षा के कर्म करते रहते हैं। ऐसे धीर मुमुक्षु *दासोऽहम्भावविशिष्ट* होते हैं तथा हृदयगुफा में प्रकाशमान परमशिवकला का ध्यान करते हुए लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप शिवयोग द्वारा स्वयं को परमशिव में विलीन कर देते हैं।।३।।**

"वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः" इत्यादि।

---

१. श्वेताश्वतर उ. ६.११

ते ब्रह्मलोके तु परान्तकाले
परामृतात् परिमुच्यन्ति सर्वे।।४।।

वेदान्तेति। **वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः**— वेदानाम् ऋग्गादिचतुर्वेदानामन्ताः वेदान्ता उपनिषदस्तासां विज्ञानं सम्यक् ज्ञानं तेन सुनिश्चितः सुष्ठु निर्धारितोऽर्थः ब्रह्मापरपर्यायलिङ्गं यैस्ते वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः उपनिषद्विचारजन्यशिवानुभवज्ञानेन सुनिर्धारितब्रह्माणो लिङ्गाङ्गिनो भक्तमाहेश्वरादय इत्यर्थः। उपनिषदादि-

---

[टीकाकार **श्रीशंकरानन्द** ने पूर्वमन्त्र के **''परेण नाकं निहितं गुहायाम्''** इस उत्तरार्द्ध के साथ इस मन्त्र की व्याख्या की है। इसमें **नाकेन** का अर्थ स्वर्ग अथवा आनन्दात्मक परब्रह्म है। **नाकम्** का निर्वचन इस प्रकार है— **''कं सुखम्, तद्विरोधि अकम्=दुःखम्, तत् न विद्यते यस्मिन् स नाकः=स्वर्गः।''**

''यन्न दुःखेन सम्भिन्नं न च ग्रस्तमनन्तरम्।
अभिलाषोपनीतं यत् तत् सुखं स्वःपदास्पदम्।।''

इस निर्वचन के अनुसार **स्वः** अथवा **स्वर्ग** उस सुख को कहते हैं, जिसमें दुःख का लेश भी न हो, उसमें भविष्य में भी दुःख का कण मिश्रित न हो, तथा अभिलाषा के तत्काल अनन्तर क्षण में ही वह प्राप्त हो।

श्रीशङ्करानन्द के अनुसार **परेण नाकम्** इत्यादि का अर्थ यह है कि ''स्वर्ग के ऊपर अथवा आनन्दस्वरूप हृदयगुफा में जो परम तत्त्व प्रकाशमान रहता है और संन्यासी समाधि की स्थिति में **अहं ब्रह्मास्मि** इस प्रकार तदाकार होकर उसका साक्षात्कार करते हैं।''

यतयः के विश्लेषण हैं— **वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः** और **शुद्धसत्वाः**। दोनों का सम्मिलित अर्थ है— वे सभी संन्यासी वेदान्तदर्शन द्वारा परमतत्त्व के गूढ रहस्य का निर्धारण करते हैं। संन्यास से इनका अन्तःकरण निर्मल होता है। ऐसे संन्यासी ब्रह्मलोक में **परान्तकाल** ब्रह्मदेव के अन्तसमय द्वितीय परार्द्ध के अन्त में अमृतपद प्राप्त करते हैं और मुक्त हो जाते हैं।

यह मन्त्र **''मुण्डकोपनिषद्''** (३.२.६) में भी उपलब्ध है। इस मन्त्र का **शाङ्करभाष्यसम्मत भावार्थ** इस प्रकार है— ''जो उपनिषदों का अध्ययन कर अपनी जीवनयात्रा का एकमात्र प्राप्तव्य ब्रह्मसाक्षात्कार निर्धारण करते हैं, वे सर्वकर्मपरित्याग कर केवल ब्रह्म में चित्त को एकाग्र करते हैं। जिससे उनकी

शिवानुभवशास्त्रप्रबन्धप्रबोधित**पशु-पाश-पति**रूपत्रिपदज्ञानेन सम्यङ् निश्चितप्रयोजना: **लिङ्गिपाशुपतव्रत**विशिष्टा अप्राकृताऽतिवर्णाश्रमिणो भक्तमाहेश्वरादय

बुद्धि का अज्ञानमल हट जाने के कारण चित्त निर्मल हो जाता है। जिस समय उनका अन्तकाल आ जाता है, वे देहधारण को भी महत्व नहीं देते हैं। उस समय उन्हें एक ही ब्रह्म अनेक भासित होता है। इस **''जीवन्मुक्ति''** की अवस्था में वे उस ब्रह्म में विलय प्राप्त करते हैं, जहाँ मृत्यु फटकती तक नहीं और वे सर्वतोभावेन मुक्ति प्राप्त करते हैं। उन्हें अन्यत्र जाने की अपेक्षा नहीं होती और अन्य वस्तु की कामना भी नहीं रहती।''

इस पर लिङ्गैक्य-शिवयोगी **उमचिगि शङ्कर शास्त्री जी** की वैदुष्यपूर्ण व्याख्या प्रकाशित है। तदनुसार उसका भावार्थ इस प्रकार है— ''षड्विधा भक्ति, शरीरशोषणरूप तप और लिङ्गधारण इन उपायों से प्रयत्नशील जो वीरशैव **वेदान्त** अर्थात् पञ्चाक्षर मन्त्र द्वारा लिङ्ग, अङ्ग और उनके सामरस्य का श्रवण-मनन-निदिध्यास करते हैं अथवा जो **वेदान्त (वीरशैवदर्शन** अथवा **शक्तिविशिष्टाद्वैतदर्शन**) द्वारा पति, पशु और पाश का नि:संदिग्ध अर्थ जानते हैं, परमप्रकाशस्वरूप परम शिव में अथवा निवेश करने से जिनका अन्त:करण शुद्ध अर्थात् विकसित चित्‌शक्तिवरूप होता है, वे मायातत्त्व से ऊपर उठते हैं। इनमें सकाम भक्त अपने लिङ्ग-शरीर से शिवलोक पहुँच कर सभी सुख भोगते हैं और अन्त में शिवसायुज्य प्राप्त करते हैं। **''ते ब्रह्मलोकेषु''** यह पाठभेद मानने पर ब्रह्मलोक, विष्णुलोक और शिवलोक से सर्वोत्कृष्ट सर्वोच्च कैलास अथवा शिवलोक पहुँचकर लिङ्गशरीर धारण कर शिवलोक में प्राप्त हो सकने वाले सुखों का उपभोग कर अन्त में **विदेहमुक्ति** कैवल्य प्राप्त करते हैं।]

''कैवल्योपनिषद्'' स्थित इस मन्त्र की **''सादाशिवभाष्य''**सम्मत व्याख्या इस प्रकार है—

'वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्था:'' — **''वेदानाम् अन्ता: वेदान्ता: उपनिषद:, तासां विशिष्टं, सम्यक् ज्ञानं विज्ञानम्, तेन सुनिश्चित अर्थ यैस्ते''** — अर्थात् जिन्होंने उपनिषदों के विचारों से प्रभावित होकर परब्रह्मस्वरूप लिङ्गस्थल को निर्धारित किया है, वे लिङ्गाङ्गसामरस्यसम्पन्न शिवभक्त, **पशु, पाश** और **पति** इन तीन शब्दों का यथार्थ अर्थ जानते हैं, **लिङ्गिपाशुपतव्रत** स्वीकार करते हैं। ऐसे अप्राकृत अतिवर्णाश्रमी भक्त, माहेश्वर आदि शिवयोगी होते हैं।

इति भावः। अत एव **शुद्धसत्वाः** शुद्धं परिशुद्धं सत्वं परवस्तु येषां ते परिशुद्धपरब्रह्मस्वरूपा लिङ्गरूपिण इत्यर्थः।

अस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्।[१]

आत्मद्रव्यं स्वयं शुद्धं सत्यज्ञानादिलक्षणम्[२]

इति श्रुत्याद्युक्तेः।

अत्याश्रमसमाख्यं यद् व्रतं पाशुपतव्रतम्।
वेदान्तेषु समस्तेषु तत् सारतरमुत्तमम्।।

ब्राह्मणस्य विशेषेण धर्मो धर्मरतस्य च।
शिवभावं समागम्य शिवयोगं समाचरेत्।।

कुर्यात् त्रिसन्ध्यमप्येवमेतत् पाशुपतव्रतम्।
तिस्रो रेखाः प्रकुर्वीत व्रतमेतच्चशाम्भवम्।

शुद्धसत्त्वाः (''शुद्धं सत्वं परब्रह्मस्वरूपं येषां ते'') — ऐसे संन्यासी अत्यन्त शुद्धबुद्धस्वरूप, परतरशिवलिङ्गस्थल से तादात्म्य स्थापित कर तदाकार होते हैं। इसमें दो वचन प्रमाण हैं—

''**अस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्**'' — वह परब्रह्म परशिव ''**अस्नाविर**'' और पापपुण्यरहित अत्यन्त शुद्ध, निर्मल है।

''**आत्मद्रव्यं स्वयं शुद्धम्**'' (सूतसंहिता) — सत् सत्यस्वरूप, चित् ज्ञानस्वरूप तथा आनन्दस्वरूप परब्रह्म-परशिवस्वरूप परमात्मा स्वयम् अत्यन्तसुन्दर, निर्मल तथा पापपुण्यरहित होता है।

अनेक वेद-आगम और पुराणादि ग्रन्थों में ''**पाशुपतव्रत**'' का सविस्तार प्रतिपादन किया गया है। यथा ''**अत्याश्रमसमाख्यं यद्**'' (क्रियासार)— ''**अत्याश्रम**'' नामक जो पाशुपतव्रत है, वह समस्त वेदान्तदर्शनों में सर्वोत्तम सारस्वरूप है। विशेषरूप से धर्मनिष्ठ ''**ब्राह्मण**'' अर्थात् परब्रह्मस्वरूप परशिवतत्त्ववेत्ता वीरशैव का यह धर्म है। उसको चाहिये कि वह शिवभाव से आविष्ट होकर शिवयोग का अभ्यास करे।

''**कुर्यात् त्रिसन्ध्यं**'' — तीनों सन्धिकालों में — (प्रातः, मध्याह्न एवं सायंकाल) इस पाशुपत व्रत को करना चाहिये। (ललाट में भस्म की) तिरछी

---

१. ईशावास्य
२. सू.सं.यज्ञ.अ.४४

सर्ववेदेषु वेदादिभिरुक्तं भवति।
तस्मात् तत् तत् समाचरेन्मुमुक्षुरपुनर्भवाय ।।

ब्राह्मणेनाऽऽत्मभूतेन शिवेन परमात्मना।
आदरेण धृतं भस्म त्रिपुण्ड्रोद्धूलनात्मना।।

आदिब्राह्मणभूतस्य धर्मं तिर्यक् त्रिपुण्ड्रकम्।
ब्राह्मणो धारयेन्नित्यं भुक्तिमुक्तिफलप्रदम्।।

वेदसिद्धेषु मार्गेषु त्रिपुण्ड्रं भस्मगुण्ठनम्।
वरिष्ठं सर्वलिङ्गेभ्य इति सत्यं मयोदितम्।।

भस्म श्रेयोऽर्थिभिः सर्वैर्जन्मना लब्धजातिभिः।
तिर्यक्त्रिपुण्ड्ररूपेण भस्मना चाऽवगुण्ठनम्।।

रुद्राक्षधारणं कार्यं सर्वश्रेयोऽर्थिभिर्नरैः।
त्रिपुण्ड्रं धारयेन्नित्यं त्रिकालेष्वपि भक्तितः।।
होमदण्डजटाहीनमेतत् पाशुपतं व्रतम्[१]।।

तीन रेखाएँ बनानी चाहिये। यह **शाम्भवव्रत** सभी वेदों में वेदमन्त्रों द्वारा निरूपित है। इसलिये मुमुक्षु को वारंवार जन्म से छुटकारा पाने के लिये इस व्रत को आचरण में लाना चाहिये।

ब्राह्मणेनाऽऽत्मभूतेन— परब्रह्म-परमात्मा परमशिव ब्रह्मज्ञानी होने के कारण **ब्राह्मण** हैं, जिन्हें त्रिपुण्ड्रधारण (भस्मोद्धूलन) के रूप में भस्मधारण किया है। अत: अतिवर्णाश्रमी ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मण को चाहिये कि वह आदि-ब्राह्मण परमशिव के धर्मप्रतीक तिरछे भुक्ति और मुक्ति के दायक त्रिपुण्ड्रभस्म को नित्य धारण करे। मैंने आप से यह सत्य कहा है कि पाशुपतव्रत के सभी लिङ्गों चिन्हों में सर्वश्रेष्ठ त्रिपुण्ड्रभस्म का धारण है, जिसका सभी वेदसम्मत धर्ममार्गों में विवेचन किया गया है। श्रेयस् की कामना करने वाले शिवभक्तों को चाहिये कि वे तिरछा त्रिपुण्ड्रभस्मधारण, भस्मावगुंठन और रुद्राक्षधारण तीनों कालों (प्रात:, मध्याह्न एवं सायं) में भक्तिपूर्वक त्रिपुण्ड्र भस्मधारण करें। क्योंकि वह होमहवन, दण्डधारण तथा जटाधारण से रहित पाशुपतव्रत है।

---

१. क्रियासार उ.८

निर्मितं हि मया पूर्वं व्रतं पाशुपतं शुभम्।
गुह्याद् गुह्यतमं सूक्ष्मं वेदसारं विमुक्तये।।

एष पाशुपताचारः सेवनीयो मुमुक्षुभिः।
तान्त्रिकं वैदिकं मिश्रं त्रिधा पाशुपतं स्मृतम्।।

तप्तलिङ्गाङ्कशूलादिधारणं तान्त्रिकं मतम्।
लिङ्गरुद्राक्षभस्मादिधारणं वैदिकं भवेत्।।

रविं शम्भुं तथा शक्तिं विघ्नेशं च जनार्दनम्।
यजन्ति समभावेन मिश्रपाशुपतं हि तत्।।

वेदमार्गैकनिष्ठानां मुमुक्षूणां निरन्तरम्।
श्रौतं पाशुपतं ग्राह्यं न ग्राह्ये मिश्रतान्त्रिके[१]।। इति

ये लिङ्गधारिणो लोके ते भक्ता इति कीर्तिताः।
तदन्याः पशवः प्रोक्तास्तस्मात् पाशुपतं चरेत्।।

''निर्मितं हि मया पूर्वम्'' (लिङ्गपुराण) — शिव स्वयं कहते हैं कि मैंने मुक्तिप्राप्ति के लिये मङ्गलमय पाशुपतव्रत का प्रवर्तन किया है, जो अत्यन्त गुह्य, सूक्ष्म और वेद का सारसर्वस्व है।

''एष पाशुपताचारः'' — मुमुक्षु भक्तों को चाहिये कि वे इस पाशुपत-व्रत को अनुष्ठान में लाएं। पाशुपतव्रत त्रिविध है— तान्त्रिक, वैदिक और मिश्र। लिङ्ग, शूल आदि तप्तमुद्राओं को धारण करना **तान्त्रिक पाशुपतव्रत** है। लिङ्ग, रुद्राक्ष भस्म आदि धारण करना **वैदिक पाशुपताचार** है। सूर्य, शिव, शक्ति, श्रीगणेश और विष्णु इन पञ्चदेवों की समानरूप से अर्चना करना **मिश्र पाशुपतव्रत** है। जो वेदमार्ग पर निरन्तर चलने वाले मुमुक्षु वीरशैव हैं, उन्हें श्रौत (वैदिक) पाशुपतव्रत का अनुष्ठान करना चाहिये। मिश्र और तान्त्रिक पाशुपतव्रत का नहीं।

''ये लिङ्गधारिणो लोके'' — जो मृत्युलोक में इष्टलिङ्ग धारण करते हैं, वे **''वीरशैव''** कहे जाते हैं, और उससे भिन्न **'पशु'**। अतः उन्हें **पाशुपतव्रत** का अनुष्ठान करना चाहिये।

---

१. कूर्मे

ब्रह्मविष्ण्वादिदेवाश्च मुनयो गौतमादयः।
लिङ्गस्य धारणादेव पशुत्वविनिवारिताः[१]।। इति।

पवमानानुवाकेन सर्वेषां लिङ्गधारणम्।
यजुषा गीयते यस्मात् तस्मात् पाशुपतं शुभम्[२]।।

अतिवर्णाश्रमं धीरं महानन्दपरायणम्[३]।

इति भस्मरुद्राक्षलिङ्गधारणाद्यप्राकृताऽतिवर्णाश्रमात्मकं महापाशुपतव्रतमेतदाम्नाया-ऽऽगमपुराणादिषु बहुधा प्रपञ्चितमत्र संक्षिप्तम्।

यतयः-यतन्त इति यतयः प्रयत्नशीलाः शिवयोगिनो गुरूपदिष्टेष्टप्राणभाव-लिङ्गरूपशिवासक्तचित्ताः क्रियावन्तो भक्तमाहेश्वरादय इत्यर्थः।

आत्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावानेष ब्रह्मविदां वरिष्ठः[४]।

ब्रह्मा, विष्णु आदि के देवताओं तथा इसी से गौतम आदि ऋषि-मुनियों की पशुत्व से निवृत्ति हुई, क्योंकि उन्होंने लिङ्गधारण किया था।

''पवमानानुवाकेन'' (क्रियासार) — यजुर्वेदप्रोक्त पवमान-अनुवाक द्वारा सभी के लिए लिङ्गधारण के गीत गाए गये हैं, अतः पाशुपतव्रत अत्यन्त शुभ है।

''अतिवर्णाश्रमं धीरम्'' — अतिवर्णाश्रमी धीर वीरशैव अत्यन्त आनन्दपरायण होते हैं।

यतयः — यह कर्ता कारक है। **''यतन्ते इति यतयः''** — जो प्रयत्नशील होते हैं अर्थात् गुरुद्वारा इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्गस्वरूप त्रिविध शिवलिङ्गों से अभिन्न परम शिव में आसक्त, क्रियाशील होते हैं, वे भक्त माहेश्वर आदि शिवयोगी **''यति''** होते हैं।

इसमें **''आत्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावान्''** इत्यादि मुण्डकोपनिषद् का मन्त्र (३.१.४) प्रमाण है। [त्रिविध लिङ्गों से अभिन्न परशिव की अर्चना में रत, त्रिपुण्ड्र, रुद्राक्ष, भस्मोद्धूलन आदि क्रियाशील परमशिव-परमात्मा के

---

१. लैङ्गये
२. क्रियासारः
३. श्रीकरभाष्य पृ.९५, ९७,१०६ सू.सं.मुक्तिखण्ड, अ.७
४. मुण्डक.उ. ३.१.४

इति श्रुतेः। **संन्यासयोगात्**-फलानासक्तिनिष्कारणरूपशिवार्चनार्पणानुभवमुख्य**शिव-योगमखादित्यर्थः**।

ध्यानज्ञानात्मकः सूक्ष्मः शिवयोगो महामखः।
विशिष्टः सर्वयज्ञानामसंख्यातैर्महामखैः[१]।।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि[२]।।

इति क्रियासारगीताद्युक्तेः,

''काम्यानां कर्मणां न्यासं संन्यासं कवयो विदुः''[३] इति,

साथ क्रीडा करने वाला **''आत्माराम''**, **''शरण''** वीरशैव भक्त ही चतुर्विध परशिवब्रह्मज्ञानियों में अत्यन्त श्रेष्ठ कहा गया है। क्योंकि सञ्चित, क्रियमाण कर्मों के साथ प्रारब्ध कर्मफल का उसे स्पर्श नहीं होता।

''संन्यासयोगात्'' — कर्मफलों की आसक्ति न रखते हुए विना कारण शिवपूजा में अपनी समर्पण भावना रखना यही प्रमुख रूप से **'शिवयोग'** संन्यासयोग नामक यज्ञ उसमें प्रमुख कारण है। इसमें क्रियासार, गीता आदि के प्रमाण हैं। यथा—

''ध्यानज्ञानात्मकः सूक्ष्मः'' इत्यादि। असंख्य महायज्ञों मे विशिष्ट महायज्ञ **''शिवयोग''** अथवा **''संन्यासयोग''** है, जो ध्यानात्मक और ज्ञानात्मक अत्यन्त सूक्ष्म है।

''कर्मण्येवाधिकारस्ते'' — (भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन को निमित्त बनाकर कहते हैं कि) ''हे जीव! मात्र निरन्तर काम करते रहना ही तुम्हारा अधिकार है। फलप्राप्ति की अभिलाषा करना कभी भी तुम्हारा अधिकार नहीं है। इसलिये तुम कर्मफल के कारण मत बनो उसके लिये कर्म करो; साथ ही निष्क्रियता अथवा दुष्कर्मों में हमारी आसक्ति नहीं होनी चाहिये।

''काम्यानां कर्मणां न्यासम्'' — यह स्मृतिवचन भी इसमें प्रमाण है। क्रान्तदर्शियों ने काम्य कर्मों के **'न्यास'** अथवा 'त्याग' को संन्यास समझा

---

१. क्रि.उ.२७
२. भगवद्गीतायाम् २.४७
३. गीता १८.२

स्मृतिदर्शनात् **"फलत्यागस्संन्यास इति तत्वम्"** इति श्रीकरभाष्ये (पृ. ४३०) प्रदर्शिततत्वाच्च।

परान्तकाले-देहावसानसमये, देहाभिमानहानावस्थायां वा, **ब्रह्मलोके तु**-अत्र ब्रह्मैव लोको ब्रह्मलोक इति कर्मधारयसमास एव ग्राह्यः। तु शब्दस्तु अवधारणार्थकः। शिवलोकेषु,. ब्रह्मलोको नामाऽत्र परशिवावासभूतदहराकाश इत्यर्थः। तत्र जीवन्मुक्तावस्थायां स्थित्वेति यावत्। **ते सर्वेऽपि**—समस्तवीरशैवभक्त-माहेश्वरादयःषट्स्थलब्रह्मिणः शिवयोगिनोऽपीत्यर्थः। **परामृतात्**-सर्वोत्कृष्टजीवन्मुक्ता-वस्थातः, **परिमुच्यन्ति**-लिङ्गशरीरान्मुक्ता भवन्ति, सहजलिङ्गाङ्गसामरस्यरूप-सुखमनुभवन्तीति तात्पर्यम्, **'मुच्लृ मोक्षण'** इति धातोः।

"ते ब्रह्मलोके तु परान्तकाले शिवप्रसादात् परिमुच्यन्ति सर्वे"।[१]

है। **श्रीकरभाष्य** में भी यह प्रदर्शित है कि "कर्मफलों का त्याग ही संन्यास" है। ऐसे वीरशैव **परान्तकाले** = देहावसान के समय अथवा देहाभिमान से छुटकारा पाने की स्थिति में, **ब्रह्मलोके तु** = यहाँ पर **"ब्रह्मणः लोकः ब्रह्मलोकः"** षष्ठीतत्पुरुष समास न करते हुए **"ब्रह्मैव लोकः ब्रह्मलोकः"** यह कर्मधारय समास करना चाहिये। 'तु' शब्द अवधारणा अर्थ का वाचक है। इसका अर्थ है "शिवलोक" में, अर्थात् परब्रह्म परशिव के आवासस्वरूप दहराकाश में। वहाँ जीवन्मुक्त अवस्था में रहकर, **ते सर्वेऽपि** = समस्त वीरशैव भक्त माहेश्वर आदि तथा षट्स्थलब्रह्मोपासक शिवयोगी भी, **परामृतात्** = "पर" सर्वोत्कृष्ट, "अमृत" जीवन्मुक्त अवस्था से, **परिमुच्यन्ति** = सर्वतोभावेन लिङ्गशरीर से छुटकारा पाते हैं। यह **"परि** उपसर्गपूर्वक **मुचलृ मोक्षणे"** इस धातु से निष्पन्न है।

"ते ब्रह्मलोके तु परान्तकाले" तथा **"लिङ्गाङ्गसामरस्याच्च"** इत्यादि वचन वीरशैवोत्कर्षसंग्रह में संकलित हैं। **"ते ब्रह्मलोके तु"** — वे सभी शिवयोगी मृत्यु के समय अथवा जीवन्मुक्त स्थिति में शिव की कृपा से लिङ्गशरीर से छुटकारा पाते हैं।

---

१. मुण्डक उ. ३.२.६

''लिङ्गाङ्गसामरस्याच्च शरीरे लिङ्गधारणात् ।
नियमेनैव धृत्वा ते मुक्ताः संसारबन्धनात्।।''

इति (पृ.७) वीरशैवोत्कर्षसंग्रहोक्तेः।।४।।

अथ माहेश्वरस्थलम्

''स्थिरासनसमायुक्तो माहेश्वरपदान्वितः''

इत्युक्तदिशा निष्ठादार्ढ्याय गुरूक्तरीत्या अनुष्ठानविधानस्याऽत्र निरूपणात् ''**माहेश्वरस्थलमि**''ति संज्ञा कृता। सिद्धसाध्यस्वरूपादिकमतिसंक्षिप्तमुक्त्वा तत्साधनक्रमादिकमप्यधुना साधकस्य श्रुतिर्दर्शयति '**विविक्तदेशे चे**'त्यादिना-

---

''लिङ्गाङ्गसामरस्याच्च'' — शरीर में इष्टलिङ्ग धारण करने के कारण और लिङ्गाङ्गसामरस्ययोग से नियमपूर्वक इष्टलिङ्ग धारण करने वाले वीरशैव सांसारिक बन्धनों से छुटकारा पाते हैं।

***मन्त्रार्थ*— शक्तिविशिष्टाद्वैत (औपनिषद) वेदान्तदर्शन से परशिवपरब्रह्म का स्वरूप निर्धारण करने वाले समस्त वीरशैवों का अन्तःकरण जब रागद्वेष-मुक्त, निर्मल होता है, तब वे सकाम कर्मों का परित्याग करते हुए निष्काम कर्म करते हैं। ऐसे सभी संन्यासी वीरशैव देहावसान के समय अथवा जीवन्मुक्त स्थिति में सर्वोत्कृष्ट जीवन्मुक्त स्थिति से भी ऊपर अपने लिङ्गशरीर (सूक्ष्मशरीर) से भी मुक्त होकर लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप मोक्षसुख का अनुभव करते हैं।।४।।**

माहेश्वर स्थल

मन्त्रावतरण— ''स्थिरासनसमायुक्तो माहेश्वरपदान्वितः''

इस परिभाषाा के अनुसार जिसे स्थिर आसनसिद्धि होती है, वह '**माहेश्वरस्थल**' कहा जाता है। इसमें परमशिव की उपासना में दृढनिष्ठा होने के लिये गुरुमुख द्वारा अनुष्ठानविधि का निरूपण किया गया है। पूर्वमन्त्रों में ब्रह्मजिज्ञासा और समाधान में निरूपित भक्तस्थल के अन्तर्गत अत्यन्त संक्षेप में सिद्ध, साध्य आदि के स्वरूप-निरूपण के अन्तर्गत अब वेदमाता ''**विविक्तदेशे च**'' इत्यादि अग्रिम तीन मन्त्रों द्वारा साधक के साधनाक्रम आदि का भी प्रतिपादन कर रही है—

विविक्तदेशे च सुखासनस्थः
शुचिः समग्रीवशिरःशरीरः।
अत्याश्रमस्थः सकलेन्द्रियाणि
निरुद्ध्य भक्त्या स्वगुरुं प्रणम्य।।५।।

हृत्पुण्डरीकं विरजं विशुद्धं
विचिन्त्य मध्ये विशदं विशोकम्।
अचिन्त्यमव्यक्तमनन्तरूपं
शिवं प्रशान्तममृतं ब्रह्मयोनिम्।।६।।

तमादिमध्यान्तविहीनमेकं
विभुं चिदानन्दमरूपमद्भुतम्।
उमासहायं परमेश्वरं प्रभुं
त्रिलोचनं नीलकण्ठं प्रशान्तम्।
ध्यात्वा मुनिर्गच्छति भूतयोनिं
समस्तसाक्षिं तमसः परस्तात्।।७।।

विविक्तदेश इति। **विविक्तदेशे च** पुण्याश्रमाऽरण्यादिविधिविहिते स्वप्रशस्ते युक्तस्थान एव, जनोपद्रवादिरहितरहस्यरम्यप्रदेश इत्यर्थः। आत्यन्तिकब्रह्मानन्द-प्राप्तेरैकान्तिकसुखमावश्यकमिति ज्ञेयम्।

[**''त्रिभिः श्लोकैर्विशेषकम्''** इस लक्षण के अनुसार तीन मन्त्रों का एकान्वय इसे 'विशेषक' के अन्तर्गत रखता है, जिसमें तृतीय मन्त्र **''षट्पद''** अर्थात छः चरणों वाला है। इसका **अन्वय** इस प्रकार है— ''विविक्तदेशे च शुचिः सुखासनस्थः समग्रीवशिरःशरीरः अत्याश्रमस्थः मुनिः सकलेन्द्रियाणि निरुद्ध्य, भक्त्या स्वगुरुं प्रणम्य, विरजं विशुद्धं हृत्पुण्डरीकं विचिन्त्य, मध्ये विशदं विशोकम् अचिन्त्यम् अव्यक्तम् अनन्तरूपं शिवं प्रशान्तम् अमृतं ब्रह्मयोनिम् आदिमध्यान्तविहीनम् एकं विभुं चिदानन्दम् अरूपम् अद्भुतम् उमासहायम् प्रभुं त्रिलोचनं प्रशान्तं तं परमेश्वरं ध्यात्वा तमसः परस्तात् समस्तसाक्षि भूतयोनिं गच्छति।'' इसकी व्याख्या इस प्रकार है—]

विविक्तदेशे च — [इसकी **शङ्करानन्द**कृत व्याख्या इस प्रकार है— **''एकान्तदेशे, 'च' शब्दात् अव्याकुलकालेऽपि''** — एकान्तस्थान में ''च'' अव्यय से ऐसे समय भी बैठना चाहिये, जब चित्त की व्याकुलता न हो।]

देवागारे तरुमूले गुहायां वसेदसङ्गो लक्षितशीलवृत्तः।
निरिन्धनज्योतिरिवोपशान्तो न चोद्विजेदुद्विजेद् यत्र कुत्र।।
धृष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं विद्वान् मनो धारयति प्रमत्तः।
समे शुचौ शर्करावह्निवालुकाविवर्जिते शब्दजालाश्रयादिभिः।।
मनोऽनुकूलेन च चक्षुपीडने गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत्।।

इत्यादिना एकाग्रतातिरिक्तदेशकालविशेषाश्रयणादेकाग्रतानुकूलो यो देशः कालश्च स एवोपासनस्य देशः कालश्च शास्त्रे निर्णीयेते। तस्मात् नदीतीरदेवालयपुण्यक्षेत्रस्य ग्राममध्ये यत्र यस्मिन् प्रदेशे मनसः एकाग्रता चित्तप्रसन्नता, तत्र ध्यानं निरंतरं शिवोपासनात्मकं कर्तव्यम्[१]।

सादाशिवभाष्य के अनुसार वह स्थान पवित्र आश्रम अरण्य आदि विधिविहित, स्वयं को प्रशस्त, लोगों के उपद्रव-कोलाहल आदि से रहित रहस्यमय रम्य हो। क्योंकि आत्यन्तिक ब्रह्मानन्द की प्राप्ति के लिये ऐकान्तिक सुख आवश्यक है।

''श्रीकरभाष्य'' में **''देवागारे तरुमूले गुहायाम्''** इत्यादि प्रमाणवचनों को उद्धृत करते हुए यह सिद्ध किया है कि जिस स्थान में चित्त का एकाग्रता अथवा मन की प्रसन्नता हो, वहाँ निरन्तर शिवोपासनास्वरूप ध्यान करना चाहिये।

''देवागारे तरुमूले गुहायाम्'' इत्यादि। ब्रह्मज्ञानी को चाहिये कि वह अनासक्तभाव से अपने सुस्वभाव तथा सच्चरित्र की अभिव्यक्ति करते हुए देवालय, वृक्ष की छाया में अथवा गुफा में वास करे। जिस प्रकार इन्धनरहित ज्योतिपुञ्ज शान्त रहता है, उसी प्रकार शान्त रहे और उद्विग्न न हो। यदि प्रमादवश वह उद्विग्न हो, तो जिस प्रकार सारथी अपने रथ में लगे हुए अनियन्त्रित घोड़े को नियन्त्रित करता है, उसी प्रकार अपने मन के घोड़े पर लगाम कसे। वह समाधिस्थल समतल और पवित्र कंकड़-पत्थर, आग भरी बालू आदि से मुक्त होना चाहिये। वहाँ मनुष्यों की बस्ती कलकल निनाद नहीं होना चाहिये। वहाँ का वातावरण मनके अनुकूल आँख और कानों को पीड़ा न देने वाला, जिसमें हवा की सांय-सांय भी प्रवेश न करे ऐसा गुफा आदि होना चाहिये।

इस प्रकार इन प्रमाणवचनों के द्वारा एकाग्रता के लिये अतिरिक्त देश और काल का विचार करने के कारण एवं चित्त की एकाग्रता के अनुकूल जो देश और काल है, वही उपासना का समुचित देशकाल है यही शास्त्रीय निर्णय दिया गया है। अतः गांव के बीच नदीतट, देवालय, पुण्यक्षेत्र,

---

१. श्रीकरभा.पृ.४४४

ऐकान्तिकसुखं यत्र तथैवाऽऽत्यन्तिकं भवेत्[1]।

स्वराज्ये धार्मिके देशे सुभिक्षे निरुपद्रवे।
एकान्ते मठिकामध्ये स्थातव्यं हठयोगिना[2]।।

इति श्रीकरभाष्यादिषूक्तत्वात्। **शुचिः**-जलभस्मादिबाह्यस्नानेन, शान्तिसत्याद्याभ्यन्तरस्नानेन सात्त्विकाहारनियमेन वा शुचिर्भूत्वा, पवित्रदेहेन्द्रियमनःप्राणः सन्नित्यर्थः।

भस्मस्नानादिभिः पूतः सितभस्मावगुण्ठितः।
विशिष्टमन्नं भुञ्जीत चित्तशुद्ध्यर्थमात्मनः[3]।।

जहाँ मन की एकाग्रता, चित्त की प्रसन्नता हो, वहाँ निरन्तर ध्यान करना चाहिये, जो शिवोपासना के उपयुक्त होता है।

'देवीकालोत्तरतंत्र' के **''ऐकान्तिके सुखं यत्र''** के अनुसार जहाँ एकान्तिक सुख होता है, वहीं आत्यन्तिक सुख होता है।

''स्वराज्ये धार्मिके देशे'' (हठयोगप्रकाशिका) — हठयोगी का कर्तव्य है कि वह अपने राज्य में रहे, वह देश धार्मिक होना चाहिये, वहाँ सुभिक्ष रहना चाहिये तथा किसी प्रकार के उपद्रव नहीं होने चाहिये। वहाँ एकान्त होना चाहिये। ऐसे प्रदेश में मठिका (मढी) में आसन जमाना हठयोगी का कर्तव्य है।

''शुचिः'' — [समाधि के लिये शुचिता (पवित्रता) की आवश्यकता होती है। वह द्विविध है— बाह्य और आभ्यन्तर] तीर्थस्नान, भस्मस्नान आदि बाह्य स्नान से उसके शरीर और इन्द्रिय शुद्ध होते हैं। शान्ति रखना, सत्य आदि का आचरण आन्तर स्नान है, अथवा सात्त्विक आहार के नियम- पालन से भी आभ्यन्तर शुद्धि होती है। इस प्रकार बाह्य स्नान तथा आभ्यन्तर स्नान द्वारा अपने शरीर, ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, अन्तःकरण मन तथा प्राणों को पवित्र रखते हुए यह इसका तात्पर्य है।

इसमें सूतसंहिता आदि के वचन प्रमाण हैं— **''भस्मस्नानादिभिः पूतः''** (सूतसंहिता) — साधक को चाहिये कि वह अपनी चित्तशुद्धि के लिये भस्मस्नान, तीर्थस्नान आदि से पवित्र रहे। भस्मोद्धूलन की प्रक्रिया से अपने सर्वाङ्ग को भस्म से अवगुण्ठित करे और विशिष्ट सात्त्विक आहार ग्रहण करे।

---

१. देवीकालोत्तरज्ञानाचारपटलः
२. हठयोग प्र.उ.१
३. सूत.सं.यज्ञ.अ.१६

आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः सत्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः।
स्मृतिलम्बे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः[१]।।

अभक्ष्यस्य निवृत्त्या तु विशुद्धं हृदयं भवेत्।
आहारशुद्धौ चित्तस्य विशुद्धिर्भवति स्वतः[२]।।

इति सूतसंहिताद्युक्तेः। **सुखासनस्थः**-सुखासने तिष्ठतीति सुखासनस्थः, स्वस्तिकादिष्वासनेषु स्वसुखकर आसन उपविश्येत्यर्थः। तथा चोक्तं भगवद्गीतायाम्, **'आसीन सम्भवादि'**ति सूत्रे श्रीकरभाष्ये च।

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः[३]।
''उपविश्याऽऽसने युञ्ज्याद् योगमात्मविशुद्धये।''[४]

''आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः'' (छान्दोग्य उपनिषद्) — सात्विक शुद्ध भोजन द्वारा मन शुद्ध होता है। मन शुद्ध होने पर स्मरणशक्ति शाश्वत रहती है और वह स्थिर रहने पर सभी ग्रन्थियाँ धीरे-धीरे खुल जाती है।

''अभक्षस्य निवृत्त्या तु'' (पाशुपतब्रह्मोपनिषद्) — अभक्ष्य भक्षण छोड़ने से हृदय अत्यन्त निर्मल, शुद्ध रहता है। पवित्र भोजन करने पर चित्त भी स्वतः अत्यन्त पवित्र निर्मल रहता है।

''सुखासनस्थः'' — ''सुखासने तिष्ठतीति सुखासनस्थः'' इस प्रकार यहाँ उपपद तत्पुरुष समास है। इसका अर्थ यह है कि स्वस्तिकासन आदि अनेक प्रकार के आसनों में अपने अनुकूल सुखकर आसन लगाकर।

जैसा कि भगवद्गीता तथा **''आसीन सम्भवात्''** इस सूत्र पर किये गये 'श्रीकरभाष्य' में उल्लिखित है। **''शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य''** तथा **''उपविश्यासने युञ्ज्याद्''** इस भगवद्गीता के वचनों के अनुसार योगी को आत्मशुद्धि के लिये पवित्र स्थान में सुखपूर्वक स्थिर आसन लगाकर ''शिवयोग'' (लिङ्गाङ्गसामरस्ययोग) की साधना में लगना चाहिये।

---

१. छान्दोग्य अ.७.२६.२
२. पाशुपतब्रह्मोपनिषत्
३. भग.गी.६.११
४. भग.गी.६.१२

श्वेताश्वतर-कैवल्याद्युपनिषत्सु ब्रह्मविद्याकामानामासनपूर्वकत्वेन तदुपासना-विध्युपदेशादारूढानाम् आसननियमाभावेऽप्यारुरुक्षूणामासनमुद्रालक्ष्याभ्यासनियमो न विरुद्ध्यते।

साधनं विना साध्यानिष्पत्तेरिति न्यायात् स्थितिगत्योः प्रयत्नसापेक्षाच्छयाने च निद्रासम्भवादासीनस्यैव चित्तैकाग्रता भवति। तस्मादासीनः सन् ब्रह्मोपासन-मनुतिष्ठेत् इति शास्त्रनियमानुगमात् आसनपूर्वकत्वेन दहरादिब्रह्मोपासनं मुमुक्षूणां कर्तव्यमिति सिद्धम् इति।[1]

समग्रीवशिरःशरीरः-अचलितकण्ठमस्तकाद्यङ्गः सन्नित्यर्थः।

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः[2]

"श्वेताश्वतर उपनिषद्, कैवल्य उपनिषद् आदि उपनिषदों में ब्रह्मविद्याप्राप्ति की कामना करने वालों के लिये आसनसिद्धिपूर्वक उसकी उपासनाविधि का उपदेश होने के कारण जो आरोहण कर चुके हैं उनके लिये आसननियम न होने पर भी जो आरोहण करना चाहते हैं आसनमुद्राओं का अभ्यास करना विरुद्ध नहीं है।

"साधनं विना साध्यानिष्पत्तेः" — अर्थात् बिना साधना के साध्य की सिद्धि नहीं होती। इस न्याय के अनुसार स्थिति (ठहरना) और गति (चलना) दोनों प्रयत्न पर निर्भर होने के कारण, सोने का प्रयत्न करने पर भी नींद न लगने के कारण जो सुखपूर्वक स्थिर आसनसिद्धि करता है, उसीका चित्त एकाग्र होता है। इसलिये आसन लगाकर ही ब्रह्मोपासना करनी चाहिये इस शास्त्र के नियमानुसार मुमुक्षुओं का दहर (मानस अन्तराल) वर्ती ब्रह्मस्वरूप परशिव की उपासना करनी चाहिये यह सिद्ध है।

"समग्रीवशिरःशरीरः" — (समानि ग्रीवा च शिरः च शरीरं च यस्य सः) — अपनी गरदन, मस्तक और शरीर को सरल समान स्थिर करते हुए, जैसा कि **"समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः"** इस प्रकार भगवद्गीता का प्रमाण वचन है।

---

१. श्रीकरभाष्यम् पृ. ४४३

२. भग.६.१३

इति भगवद्गीतोक्तेः। **अत्याश्रमस्थः**-अत्याश्रमे तिष्ठतीत्यत्याश्रमस्थः, आश्रमपदेन वर्णोऽप्यत्रोपलक्ष्यते। ततः प्राकृतवर्णाश्रमधर्मानतीत्य स्वात्मरूपाऽप्राकृतवर्णाश्रम-धर्मेषु तिष्ठतीत्यतिवर्णाश्रमस्थो भक्ताद्यैक्यान्तषडाश्रमाष्टावरणादिधर्मवान् वीरशैव-भक्तमाहेश्वरादिरित्यर्थो लभ्यः।

यस्य वर्णाश्रमाचारो गलितः स्वात्मदर्शनात्।
स वर्णानाश्रमान् सर्वानतीत्य स्वात्मनि स्थितः।।

योऽतीत्य स्वाश्रमान् वर्णानात्मन्येव स्थितः पुमान्।
सोऽतिवर्णाश्रमी प्रोक्तः सर्ववेदार्थवादिभिः[१]।।

यो वर्णानाश्रमान् सर्वानतीत्य स्वात्मनि स्थितः।
सोऽतिवर्णाश्रमी प्रोक्तः सर्ववेदार्थवादिभिः[२]।।

अत्याश्रमस्थः — ''अतिक्रान्तः आश्रमः (वर्णाश्रमधर्मः) यस्य सः अत्याश्रमः। अत्याश्रमे तिष्ठतीति अत्याश्रमस्थः''। यहाँ ''आश्रम'' पद से ''वर्ण'' भी लक्षित होता है। **''आश्रम''** का अर्थ है प्राकृत (साधारण) वर्णाश्रम धर्म और **''अत्याश्रम''** का अर्थ है विशिष्ट अप्राकृत असाधारण वर्णाश्रमधर्म। अतः **''अत्याश्रमस्थः''** पद का अर्थ है सामान्य वर्णाश्रमधर्म से परे असामान्य स्वस्वरूप अप्राकृत वर्णाश्रम धर्म में निरत भक्तस्थल से लेकर ऐक्यस्थल तक छः अत्याश्रमधर्मसम्पन्न अष्टावरणसम्पन्न पञ्चाचारवान् भक्त, माहेश्वर आदि वीरशैव, इसमें अनेक प्रमाण वचन हैं। यथा—

''यस्य वर्णाश्रमाचारः'' इत्यादि। **''अतिवर्णाश्रमी''** वह कहा जाता है, जो परब्रह्म-परशिवस्वरूप परमात्मा का साक्षात्कार करने के कारण वर्णधर्म और आश्रमधर्मों को महत्व न देता हो। ऐसा जीव वर्णधर्म और आश्रमधर्मों को लांघकर केवल परब्रह्म-परशिवस्वरूप परमात्मा में ध्यान लगाता है।

''योऽतीत्य स्वाश्रमान् वर्णान्'' इत्यादि। जो पुरुष (जीव) अपने आश्रमधर्म और वर्णधर्मों का अतिक्रमण कर स्वस्वरूप में अवस्थित रहता है, उसे सर्ववेदार्थवादी **''अत्याश्रमी''** कहते हैं।''

नारदपरिव्राजकोपनिषत् एवं ''वीरशैवसदाचारसंग्रह'' में संकलित **''यो वर्णानाश्रमान् सर्वान्''** का भी वही अर्थ है।

---

१. नारदपरिव्राजकश्रुतिः उ.६
२. वीरशैवसदाचारसङ्ग्रहे (पृ.२७)

हृदब्जमध्ये लिङ्गं धृत्वा ज्योतिषि संविशन्ति।

अत्याश्रमस्थाः परिमुच्यन्ति सर्वे
लिङ्गाङ्गशोभा मोक्षमार्गैकनिष्ठाः[१]।। इति।

अष्टावरणसम्पन्नः पञ्चाचारपरायणः।
वैदिकं कर्म कुर्वीत ज्ञानैकफलसाधनम्।।

उद्धूलनं त्रिपुण्ड्रञ्च ज्ञानाङ्गत्वेन सादरम्।
आमनन्ति मुनिश्रेष्ठाः श्वेताश्वतरशाखिनः।।

अयमत्याश्रमो धर्मो यैः समाचरितो मुदा।
तेषामेव शिवज्ञानं संसारच्छेदकारणम्।।

अत्याश्रमसमाख्यं यद् व्रतं पाशुपतव्रतम्।
वेदान्तेषु समस्तेषु तत् सारतरमुत्तमम्[२]।।

''**हृदब्जमध्ये लिङ्गं धृत्वा**'' हृदयकमल में इष्टलिङ्ग को ऊपर धारण कर और हृदयगुफा में भावलिङ्ग को धारण कर वे परम-प्रकाशमय परशिवब्रह्म में प्रवेश करते हैं।

''**अत्याश्रमस्थाः परिमुच्यन्ति सर्वे**'' — अप्राकृत वर्णाश्रमधर्मस्वरूप ''**अत्याश्रम**'' में रहने वाले सभी वीरशैव लिङ्गाङ्गसामरस्ययोग (शिवयोग) से सुशोभित होकर एकमात्र मोक्षमार्ग पर चलते हुए सर्वतोभावेन युक्त होते हैं।

''**अष्टावरणसम्पन्नः**'' — अष्टावरण[1] और पञ्चाचार[2] से सम्पन्न वीरशैव वही वैदिक अनुष्ठान सम्पन्न करें, जो एकमात्र ज्ञानप्राप्ति का साधन हो।

श्वेताश्वतरशाखा के अनुयायी वैदिक श्रेष्ठ मुनि ज्ञान के अङ्ग के रूप में भस्म के उद्धूलन तथा त्रिपुण्ड्रधारण का आदरपूर्वक विवेचन करते हैं। जिन्होंने प्रेमपूर्वक इस अत्याश्रम धर्म को आचरण में लाया है, उनके द्वारा किया गया शिवस्वरूप का ज्ञान सांसारिक पाशबन्धनों के छेद का कारण होता है।

''अत्याश्रम'' नामक जो ''पाशुपतव्रत'' है, वह समस्त उपनिषदों में उत्तम और सारभूत है।''

---

१. वीरशैवोत्कर्षसङ्ग्रहे पृ.२७

२. क्रियासार उ.८

1. अष्टावरण— गुरु, लिंग, जंगम, पादोदक, प्रसाद, भस्म, रुद्राक्ष और मन्त्र।

2. पञ्चाचार — लिङ्गाचार, सदाचार, शिवाचार, भृत्याचार और गणाचार।

षड्विधाश्रमिणामेषां पृथगाचारलक्षणम्[१]।
ऐक्यस्थलादिभक्तान्तस्थलसम्भूतिरीरिता।
ऐक्यादिभक्तपर्यन्ताश्रमिणां षट्स्थलात्मनाम्[२]।।

विचिन्तयेत् स्वात्मनि शम्भुमीशं शिवं परं शान्तमुमासहायम्।
भस्माङ्गमाविष्कृतदीप्तदेहमत्याश्रमोऽयं चतुराश्रमेषु[३]।।

यः पशुः स पशुत्वं च व्रतेनाऽनेन सन्त्यजेत्।
विशोध्य सर्वतत्वानि प्रणवेनाऽथवा पुनः।।

संस्थाप्य मयि चाऽऽत्मानं निर्मले परमेश्वरे।
प्लावयित्वाऽऽत्मनो देहं तेनैव ज्ञानवारिणा[४]।।

भक्तस्थल से लेकर ऐक्यस्थल तक षड्विध अत्याश्रमधर्म का पालन करने वालों के आचरण का स्वरूप ही भिन्न होता है।

अनुभवसूत्र के अनुसार "ऐक्यस्थल से लेकर भक्तस्थल तक षट्स्थलस्वरूप छः अत्याश्रमधर्म के अनुयायियों के लिये उनके पृथक् पृथक् आचार और षट्अंगस्थलों की उत्पत्ति वर्णित है।"

"विचिन्तयेद् स्वात्मनि शम्भुमीशम्" — (वीरशैवयोगी) को अपनी हृदयगुफा में शम्भुस्वरूप परमेश्वर शान्तचित्त उस पार्वतीपति परमशिव का ध्यान करना चाहिये, जो अपने सर्वाङ्ग में भस्म लगाते हैं और अपने तेजस्वी लिङ्गशरीर को प्रकट करते हैं। चारों वर्णों और आश्रमों में **"अत्याश्रम धर्म"** (अप्राकृत वर्णाश्रमधर्म) श्रेष्ठ है"।

"यः पशुः स पशुत्वं च" — जो पशु है, वह इस पाशुपतव्रत से सभी तत्त्वों का विशोधन करते हुए अथवा प्रणव (ओङ्कार) के जप से पुनश्च त्रिविध मलरहित परमेश्वर मुझे (शिव को) अपने हृदयप्रदेश में इष्टलिंग के रूप में और हृदयगुफा में भावलिङ्ग के रूप में प्रतिष्ठापित कर उसी ब्रह्मज्ञान के जल से स्वयं त्रिविध स्थूल, सूक्ष्म और कारणशरीर का प्रक्षालन कर अपने पशुत्व का त्याग करे।

---

१. अनु.सू.४.३४
२. अनु.सू. ४.३७
३. वीर.आनं.पृ.४५२
४. कूर्म.पु.भा.१, अ.१३

लिङ्गाङ्गसङ्गिनां चैव पुनर्जन्म न विद्यते।
एष पाशुपतो योगः पशुपाशविमुक्तये।।
सर्ववेदान्तसारोऽयमत्याश्रम इति श्रुतिः।
परब्रह्माभिधं लिङ्गं पशुपाशविमोचकम्।।
यो धारयति सद्भक्त्या स पाशुपत उच्यते।
शरीरत्रितये भक्त्या लिङ्गं परशिवात्मकम्।।
यो धृत्वा विचरेद् भूमौ स पाशुपत उच्यते।
लिङ्गं शिवो भवेत् क्षेत्रमङ्गं संयोग आश्रयः।।
तस्माल्लिङ्गाङ्गसंयुक्तो योऽपि सोऽत्याश्रमी भवेत्[१]।।

''लिङ्गाङ्गसङ्गिनां चैव'' — लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप शिवयोगियों का पुनर्जन्म नहीं होता। अपने पशुत्व तथा भवपाशों से मुक्ति (छुटकारा) पाने के लिए यह पाशुपतयोग है। **अत्याश्रम धर्म** (अप्राकृत वर्णाश्रमधर्म) सभी वेदान्तदर्शनों के अन्तर्गत शक्तिविशिष्टाद्वैत वेदान्तदर्शन का सारसर्वस्व है यह वेदमाता उद्घोष करती है।

पाशुपत — जो **पशुत्व** तथा **भवपाश** के निवारक परब्रह्म परशिव नामक इष्टलिङ्ग को भक्तिपूर्वक धारण करता है, वह **पाशुपत** कहलाता है।

जो परशिवस्वरूप ज्योतिर्लिङ्ग को त्रिविध शरीर में (स्थूल शरीर में इष्टलिङ्ग के रूप में, सूक्ष्मशरीर में प्राणलिङ्ग के रूप में तथा कारणशरीर में भावलिङ्ग के रूप में) सद्भक्तिपूर्वक धारण कर धरती पर विचरण करता है, वह **पाशुपत** कहलाता है। (**लिङ्गाङ्गसंयोग** में तीन पद हैं— लिङ्ग, अङ्ग और संयोग। उसमें) लिङ्ग शिवस्वरूप है, अङ्ग उसका क्षेत्र है, और उनका परस्परसंयोग आश्रय है। अतः जो लिङ्गाङ्गसंयोग से युक्त होता है, वह शिवभक्त **अत्याश्रमी** अप्राकृतवर्णाश्रमधर्म वीरशैव सम्प्रदाय का अनुयायी होता है। इस प्रकार क्रियासार आदि के वचन इसमें प्रमाण हैं।

---

१. श्रीकर भा.पृ.९

इति क्रियासाराद्युक्तेः, **सकलेन्द्रियाणि**-सकलानि च तानीन्द्रियाणि च सकलेन्द्रियाणि मनोमुख्यैकादशानीन्द्रियाणि ज्ञानकर्मोभयेन्द्रियाणीत्यर्थः, **निरुद्ध्य**-संयम्य, मनोमुख्येन्द्रियाणामैकाग्र्यरूपतपस्वी सन्नित्यर्थः।

मनसश्चेन्द्रियाणां च ह्यैकाग्र्यं परमं तपः।।

इत्यभिज्ञोक्तेः,

योगी भुञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः[१]।।
तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः[२]।।

इति गीतोक्तेश्च, **स्वगुरुम्**-स्वानुभवोपदेशकर्तारम्, स्वकीयं सच्चिद्गुरुमित्यर्थः। **भक्त्या**-तत्तद्देशकालवस्त्वनुसृत्याऽतिममता यथैव स्वात्मनि वर्तते, तथैव

''सकलेन्द्रियाणि निरुद्ध्य'' — ''सकलानि च तानि इन्द्रियाणि सकलेन्द्रियाणि''— मन के साथ पञ्च ज्ञानेन्द्रिय और पञ्चकर्मेन्द्रिय ग्यारह इन्द्रियों का, **''निरुद्ध्य''** — निरोध (संयम) करके, इसमें अभिज्ञवचन तथा गीता प्रमाण है।

''मनसश्चेन्द्रियाणां च'' इत्यादि अभिज्ञोक्ति के अनुसार मन तथा इन्द्रियों की एकाग्रता परम (श्रेष्ठ) तप है।

''योगी भुञ्जीत सततं'' — योगी को एकाकी ही एकान्त में रह कर अपने मन और शरीर पर नियन्त्रण रखकर निराहार तथा अपरिग्रहवृत्ति से निरन्तर स्वस्वरूप में रमण करना चाहिये।

''तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा'' — अपने मन तथा इन्द्रियों की हलचल को नियन्त्रित करते हुए और मन को एकाग्र करके योगी को समाधिस्थ होना चाहिये।

''भक्त्या स्वगुरुं प्रणम्य'' — **''स्वगुरुम्''** स्वानुभव का उपदेश देने वाले सत्स्वरूप और चित्स्वरूप गुरु को उस-उस देश-काल तथा वास्तविक परिस्थिति का अनुसरण करते हुए जिस प्रकार स्वयं में ममता रहती है, उसी प्रकार, **भक्त्या** — गुरुविषयिणी और देवताविषयिणी उससे अधिक रति

---

१. गीता, ६.१०
२. गीता, ६.११

गुरुदेवतादिषु तदधिकोऽनुरागो भक्तिस्तया, गुरुः साक्षाच्छिव एवेति सद्भावरूपानुरागेणेत्यर्थः। **प्रणम्य**-पादादिमस्तकपर्यन्तं तत्स्वरूपं हृदि सम्यग् विचिन्तयन्नभिवन्द्येत्यर्थः। तथा चोक्तं शिवागमादिषु—

गुरुदेवो महादेवो गुरुदेवः सदाशिवः।
गुरुदेवात् परं नास्ति तस्मै श्रीगुरुवे नमः।। इति

अवाच्यात्मस्वरूपाय शिवभावप्रदायिने।
नमः सद्गुरुनाथाय षट्स्थलब्रह्ममूर्तये:[१]।।

चैतन्यं शाश्वतं शान्तं व्योमातीतं निरञ्जनम्।
नादबिन्दुकलातीतं तस्मै श्रीगुरुवे नमः।।

विविक्तं देशमाश्रित्य सुखासीनो महाशुचिः।
समग्रीवशिरःकायः सितभस्मावगुण्ठितः!।।

(अनुराग) भक्ति कहलाता है; उसके साथ, गुरु को साक्षात् शिवस्वरूप समझकर उसी भावभक्ति के साथ, **प्रणम्य** — उन्हें चरण से लेकर मस्तकपर्यन्त सद्गुरु के स्वरूप का हृदयकमल में निरन्तर ध्यानपूर्वक प्रणाम करते हुए। गुरुवन्दना के प्रमाणस्वरूप अनुभवसूत्र, ब्रह्मगीता आदि शैवागम ग्रन्थ द्रष्टव्य हैं।

यथा— **''गुरुदेवो महादेवः''** इत्यादि। गुरुदेव महादेव हैं, गुरुदेव सदाशिव हैं। गुरुदेव से बढ़कर कोई नहीं है। उस श्रीगुरु को नमस्कार है— **''तस्मै श्रीगुरवे नमः''**।

''अवाच्यात्मस्वरूपाय'' — जिसका स्वस्वरूप वाणी से परे और शिवभाव को देने वाला है, उस षट्स्थलब्रह्ममूर्ति सद्गुरुनाथ को नमस्कार।

''चैतन्यं शाश्वतं शान्तम्'' — जो चैतन्यस्वरूप शाश्वत, शान्त, चिदाकाश से भी परे और निरञ्जन-निर्गुण, निराकार नाद-बिन्दु और कला से परे है, उस गुरुदेव को वन्दन — **''तस्मै श्रीगुरवे नमः।''**

ब्रह्मगीता **''विविक्तं देशमाश्रित्य''** से लेकर **''प्रणम्य स्वगुरुं भक्त्या''** तक **''विविक्तदेशे च सुखासनस्थः''** इसी पञ्चम मन्त्र का उपबृंहण कर रही है— ''श्रेष्ठ देवताओं! एकान्तस्थान में सुखपूर्वक आसन लगाकर बाह्य और

---

१. अनु.सू.१.२

इन्द्रियाणि समस्तानि निरुद्ध्य सुरपुङ्गवाः!।
प्रणम्य स्वगुरुं भक्त्या..................[१]।। इति।।

विरजम्-विगतं रजो यस्मात् तद् विरजं दुर्विषयवासनाजनितकालुष्यरहितम्, निर्मलमत एव **विशुद्धं**-परिशुद्धं परिपूतमित्यर्थः। **हृत्पुण्डरीकम्**-हृदयपद्मं शिवधर्मकन्दादिलक्षणलक्षितं हृत्कमलमित्यर्थः। श्रीचन्नसदाशिवयोगीन्द्र-चरणैस्तदुक्तम्—

हृत्पद्मं शिवधर्मकन्दसहितं सुज्ञाननालं तथा
नित्यैश्वैर्यदलाष्टकं शशिनिभं वैराग्यसत्कर्णिकम्।
श्रीरुद्रेश्वरकेसरान्वितमिदं सञ्चिन्त्य तन्मध्यमे
सूर्येन्दूज्ज्वलवह्निमण्डलगतं ध्यायेच्छिवं चिन्मयम्[१]।। इति।

आभ्यन्तर रूप से पवित्र होते हुए अपनी ग्रीवा, मस्तक और काया को सरल रखते हुए, शुभ्र भस्म से अवगुण्ठित होकर समस्त एकादश इन्द्रियों पर नियन्त्रण रखकर और अपने सच्चिदानन्दस्वरूप गुरु को परमशिव से अभिन्न समझते हुए भक्तिभाव से उन्हें प्रणाम करो।'' यह इसका अर्थ है।

''हृत्पुण्डरीकं विरजं विशुद्धं विचिन्त्य'' — निर्मल अत्यन्त शुद्ध हृदय— कमल का निर्मल मनसे सम्यक् चिन्तन कर, **विरजम्**—''विगतं रजः यस्मात् तत् विरजम्'', जिसमें खराब विषय वासनाओं का कालुष्य निकल गया हो, अत एव निर्मल, **विशुद्धम्** — अत्यन्त पवित्र।

हृत्पुण्डरीकम् — शिवधर्मवृन्द आदि के लक्षण द्वारा लक्षित हृदय-कमल को। जैसा कि श्री चन्नसदाशिव योगीन्द्रचरणों ने अपनी शिवयोगप्रदीपिका के प्रथम पटल में कहा है— **''हृत्पद्मं शिवधर्मकन्दसहितम्''** इत्यादि। हृदय एक ऐसा कमल है, जिसमें शिवधर्म का कन्द, सुज्ञान का नाल, नित्य ऐश्वर्य आदि दल, वैराग्य की सत्कर्णिका, श्रीरुद्र, ईश्वर के केसर है। इस प्रकार का सम्यक् चिन्तन करते हुए शिवयोगी को उसके बीच सूर्य और चन्द्रमण्डल से प्रकाशित अग्निमण्डल में अवस्थित चित्स्वरूप परमशिव का ध्यान करना चाहिये।

---

१. ब्रह्म.गी.अ.८
२. शिवयोगप्रदीपिकायां प्रथमपटले

दहरं विपाप्मं परवेश्मभूतं
हृत्पुण्डरीकं पुरमध्यसंस्थम्।
तत्रापि दहरं गगनं विशोकः
तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्[१]।।

हिरण्मये परे कोशे विरजं ब्रह्म निष्कलम्।
तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिः[२]।।

हृदयं निर्मलं कृत्वा चिन्तयित्वाऽप्यनामयम्।
अहमेव परं सर्वमिति पश्येत् परं सुखम्[३]।।

शुचौ देशे समासीनो यथावत् कल्पितासनः।
जितेन्द्रियो जितक्रोधश्चिन्तयेत् शिवमव्ययम्।।

''दहरं विपाप्मम्'' इत्यादि। — जीव के शरीररूपी नगर के मध्य में पापपुण्यादिरहित दहर हृदयकमल है। उसमें भी बीच में शोक-मोह आदि से रहित चिदाकाश है, उसके बीच में जो रहता है, उस परब्रह्म-परशिवस्वरूप परमात्मा की उपासना करनी चाहिये।

''हिरण्मये परे कोशे'' — हृदयकमल के सुवर्णमय श्रेष्ठ कोश में कालुष्यरहित, निष्कल-निराकार परब्रह्म परशिव का वास है, जो अत्यन्त शुभ्र तथा समस्त ज्योतिःपुञ्जों में अत्यन्त तेजोमय है।

''हृदयं निर्मलं कृत्वा'' — हृदयकमल को समस्त राग-द्वेषादि विकारों से मुक्त कर उसे निर्मल शुद्ध कर उसमें भी नीरोग परमशिव का ध्यान कर ''मैं स्वयं वह परब्रह्म-परशिवस्वरूप हूँ'' इसी प्रकार तदाकार होकर सर्वत्र परम सुखानुभूति करनी चाहिए।

''शुचौ देशे समासीनः'' — पुण्याश्रम आदि पवित्र स्थान पर यथावत् आसन लगाकर बैठते हुए अपने इन्द्रियों पर तथा क्रोध पर नियन्त्रण रखते हुए अव्यय, अविनाशी परमशिव का ध्यान करना चाहिये।

---

१. म.नारायण.
२. ब्र.गी.अ.७
३. पैङ्गलोपनिषत् अ.४

हृत्पुण्डरीकान्तरसन्निविष्टं स्वतेजसा व्याप्तनभोऽवकाशम्।
अतीन्द्रियं सूक्ष्ममनन्तमाद्यं ध्यायेत् परानन्दमयं महेशम्।।
ध्यानावधूताखिलकर्मबन्धश्चिरं चिदानन्दनिमग्नचेताः[१]।।

इति श्रुतिस्मृत्याद्युक्तेश्च-**विचिन्त्य**-निर्मलमनसा सम्यक् स्मृत्वा, **मध्ये**-तद्हृदम्बुजमध्ये, **विशदम्**-धवलं निर्मलमित्यर्थः। अत एव **विशोकम्** शोकहेतुभूतमायाराहित्याद् दुःखरहितं नित्यानन्दरूपत्वाच्छोकरहितं वेत्यर्थः।

ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति ब्रह्मकामो ब्रह्मवेदनं कुर्यात्।
अजमात्मानं तं मत्वा धीरो न शोचति[२]।।

''तरति शोकमात्मवित्[३]'' इत्यादिश्रुतेः, **अव्यक्तम्**-शब्दस्पर्शरूपरसादीनामभिव्यक्तिकारणानामभावादव्यक्तम्, अतएवाऽत्यन्तनिर्विकल्पकत्वान्मनसाऽप्य**चिन्त्यम्,**

''हृत्पुण्डरीकान्तरसन्निविष्टम्'' — हृदयकमल के बीच में रहकर अपने तेज से समस्त अन्तराल को व्याप्त कर अवस्थित इन्द्रियों से परे **अणु** अत्यन्त सूक्ष्म और **महान्** अन्तरहित परानन्दस्वरूप महेश्वर परमशिव का ध्यान करना चाहिये, ध्यान के समय समस्त कर्मबन्धनों को काटना चाहिये तथा अपने चित्त को चिदानन्दसागर में मग्न करना चाहिये।

विचिन्त्य = इस प्रकार निर्मल अन्तःकरण से परमशिव का चिन्तन कर **मध्ये विशदं विशोकम्** = उस हृदयकमल के बीच में, धवल, अत्यन्त निर्मल, शोक हेतु माया का (अज्ञान) का आवरण भंग होने के कारण और नित्य आनन्दस्वरूप होने के कारण त्रिविध दुःखों से रहित। इसमें अनेक वेदमंत्र प्रमाण हैं। यथा— **''ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति''** इत्यादि। ब्रह्मवेत्ता ब्रह्मस्वरूप होता है। ब्रह्म की कामना करने वाला ब्रह्म की अनुभूति करे। धैर्यशाली भक्त जन्मरहित परमात्मा का साक्षात्कार कर शोक नहीं करता, शोकमुक्त होता है। **''तरति शोकमात्मवित्''** — ब्रह्मज्ञानी शोकसागर को पार करता है।

''अचिन्त्यमप्यक्तमनन्तररूपम्'' — **अव्यक्तम्** = यतः जो शब्द, स्पर्श, रूप रस आदि के अभिव्यक्ति हेतु हैं, उन श्रवणादि इन्द्रियों का वहाँ अभाव

---

१. श्रीकरभा.पृ.४६३
२. श्रीकर भा.पृ.१९-५२
३. सुबालोपनिषत् खं.३

तथाप्यनन्तरूपम्-चन्द्रधरत्वादिसकलसाकारसगुणात्मकपञ्चविंशतिलीलाजालात्मक-स्वेच्छाविग्रहरूपमित्यर्थः। **यद्वा** न विद्यते अन्तो यस्य तदनन्तम्, अनन्तं रूपं यस्य **तदनन्तरूपम्**-अगणिताप्राकृतदिव्यमङ्गलाचारगुरुशिवचरप्रसादमहदिष्ट-प्राणभावादिनवलिङ्गमूर्ध्वलिङ्गादिरूपं वेत्यर्थः।

पञ्चविंशतिभेदैस्तु तन्मूर्तिर्विविधा भवेत्।
नानारूपधरं देवं नानारूपसमन्वितम्।।
नानाचिह्नसमोपेतं नानालीलाधरं हरम्[१]।।

स्वेच्छाविग्रहयुक्ताय स्वेच्छावर्तनवर्तिने।
स्वेच्छाकृतत्रिलोकाय नमः साम्बाय शम्भवे[२]।।

इति शिवागमाद्युक्तेः।

रहने के कारण निर्गुण निराकार होने के कारण वह अव्यक्त है। **अचिन्त्यम्** = इसीलिये अत्यन्त निर्विकल्पक होने के कारण मन से भी उसका चिन्तन असम्भव है। **अनन्तरूपम्** = तथापि परमशिव चन्द्रमौलि आदि सकल, साकार, सगुण पच्चीस लीलावतार लेने के कारण उनके अनन्त रूप हैं। क्योंकि वे स्वेच्छासे अपना शरीर धारण करते रहते हैं, रूप बदलते रहते हैं। अथवा **''न विद्यते अन्तः यस्य तत् अनन्तम्, अनन्तं रूपं यस्य तत् अनन्तरूपम्''** जिसका अन्त नहीं, उतने रूप वे धारण करते हैं। आचारलिङ्ग, गुरु, शिव, चर, प्रसाद, महालिङ्ग, इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, भावलिङ्ग आदि नौ लिङ्ग तथा ऊर्ध्वलिङ्ग आदि अनगिनत अप्राकृत, असाधारण दिव्य मङ्गल रूप धारण करने के वे **''अनन्तरूप''** हैं। इसमें अनेक शैवागम ग्रन्थों के वचन प्रमाण हैं। यथा— **''पञ्चविंशतिभेदैस्तु''** पच्चीस शिवमूर्ति अपने प्रकारों से विविध पचीस रूप धारण करती हैं। परब्रह्म परशिव विविधस्वरूप धारण करते हैं, वे नाना स्वरूपों से युक्त, अनेक चिह्नों से अलङ्कृत तथा विविध लीलावतार धारण करते हैं।

''स्वेच्छाविग्रहयुक्ताय'' — उस साम्ब सदाशिव को नमस्कार है, जो निराकार होने पर भी स्वेच्छा से विविध शरीर धारण करते हैं, स्वेच्छा से, किसी के अधीन न होकर, अपना वर्तन (आचरण) करते हैं, तथा अपनी इच्छा से ही समस्त त्रिभुवन की रचना करते हैं।

---

१. वातुल, १.१२१-१२२
२. सि.शि.म.१.६

भावलिङ्गं परं तत्त्वं प्राणलिङ्गं तु सूक्ष्मकम्।
इष्टलिङ्गं भवेत् स्थूलमेतल्लिङ्गत्रयं स्मृतम्[१]।।

महालिङ्गं प्रसादाख्यं लिङ्गं च चरलिङ्गकम्।
शिवलिङ्गं तथा चैव गुरुलिङ्गं ततः परम्।।
आचारलिङ्गमित्येव लिङ्गं षड्विधमुच्यते[२]।।

इत्यनुभवसूत्रोक्तेः, **स्थिरेभिरङ्गैरुरुरूप उग्रः** इति श्रीरुद्रसूक्तोक्तेः,

निधनपतये नमः, निधनपतान्तिकाय नमः, ऊर्ध्वाय नमः, ऊर्ध्वलिङ्गाय नमः, हिरण्याय नमः, हिरण्यलिङ्गाय नमः इति महानारायणश्रुतेश्च, **शिवम्**-मङ्गलात्मकम्, **प्रशान्तम्**-संसारसंस्पर्शव्यामोहविरहान्निस्तरं गोदधिवत् प्रकर्षेण शान्तम्, **अमृतम्**-अमरणं जननमरणरहितम्। अमृतत्वसाधनभूतनित्यानन्दलिङ्गरूपं वेत्यर्थः।

''भावलिङ्गं परं तत्त्वम्'' — ''भावलिङ्ग परशिवतत्त्व है, प्राणलिङ्ग सूक्ष्मतत्त्व है और इष्टलिङ्ग स्थूलतत्त्व है, ये परशिवतत्त्व के त्रिविध लिङ्गशरीर हैं।''

''महालिङ्गं प्रसादाख्यम्'' — ''महालिङ्ग, प्रसादलिङ्ग, चरलिङ्ग, शिवलिङ्ग, गुरुलिङ्ग और आचारलिङ्ग ये छः प्रकार के लिङ्ग कहे जाते हैं।''

''स्थिरेभिरङ्गैरुरुरूप उग्रः''— श्रीरुद्रसूक्त भगवान् रुद्र-शिव अपने विविध स्थिर अङ्गों से विविध अवतार लेकर उग्ररूप धारण करते हैं।

''निधनपतये नमः'' इत्यादि महानारायणोपनिषद् के मन्त्रों से निधनपति, निधनपतान्तिक, ऊर्ध्व, ऊर्ध्वलिङ्ग हिरण्य और हिरण्यलिङ्ग इन विविध नामों से परमशिव की वन्दना की गयी है।

''शिवं प्रशान्तममृतं ब्रह्मयोनिम्'' — **शिवम्**— शिवस्वरूपम्, **मङ्गलम्** — मंगलमय, **प्रशान्तम्**— प्रकर्षेण शान्तम्, सासांरिक संपर्क का व्यामोह न होने के कारण निरन्तर तथा गाय के दूध से बना दही जिस प्रकार अत्यन्त शान्त होता है, उसी प्रकार अत्यन्त शान्त, **अमृतम्**—जन्म-मृत्यु के बन्धनों से मुक्त अथवा अमृतत्व के साधनस्वरूप सतत आनन्दलिङ्गस्वरूप। इसमें अनेक वैदिक तथा आगम ग्रन्थों के वचन प्रमाण हैं।

---

१. अनु.सूत्र.३.१३-१४
२. अनु.सूत्र.३.२१-२२

ये ह वा अमृतं सत्येन, धीराः सुकृतस्य लोके। ग्रीवायां बध्द्वा। अपि कक्ष आसने। अतिपाप्मानमतिमृत्युं तरन्ति इति पैङ्गायनश्रुतेः,

ब्रह्म प्रजननं काटं पवित्रममृतं स्नपः।
प्रस्तरोऽजनिमप्राणो देवो लिङ्गं तथैव च।।

पर्यायवाचका ह्येते लिङ्गस्य परमात्मनः[१]।
लिङ्गं च काटं जनिममृतं ब्रह्मोडितं परम्।।

सत्यं ज्ञानं सुखं नित्यं वार्धकं शरणं श्रुतम्।
एवमादीनि नामानि सन्ति लिङ्गस्य भूरिशः[२]।।

इति वैदिकनिघण्टुक्रियासारोक्तेश्च, **ब्रह्मयोनिम्**-वेदकारणम्, चतुर्मुखब्रह्मादीनामपि बीजं वेत्यर्थः।

यथा— **''ये ह वा अमृतं सत्येन''** इत्यादि। जो लोग सत्य के द्वारा अमरत्व प्राप्त करते हैं, वे धीर-गम्भीर वीरशैव पुण्य के लोक में प्रवेश करते हैं। **''ग्रीवायां बद्ध्वा, अपि कक्ष आसने''** कर्मपाशबन्धन से इस जन्ममृत्युचक्र में पड़ते हैं, जो अत्यन्त पापस्वरूप अथवा त्रिविध दुःख स्वरूप हैं। उस अत्यन्त पापमय, **''अतिमृत्युं तरन्ति''** — वे **अतिमृत्युं** जन्ममरणचक्र स्वरूप को पार करते हैं, जो चिदानन्दलिङ्गस्वरूप परमशिव का साक्षात्कार करते हैं।

''ब्रह्म प्रजननं कारम्'' — लिङ्गस्वरूप परमेश्वर शिव के अनेक पर्याय वाचक शब्द हैं— ब्रह्म, प्रजनन, काट, पवित्र, अमृत, स्नप, प्रस्तर, अजनि, अप्राण, देव तथा लिङ्ग। ''अमृत (जन्ममृत्युरहित) परब्रह्म (परशिव) की ही लिङ्ग तथा प्रतिमाकार द्विविध साकार स्वरूप की स्तुति की गयी है''।

''सत्यं ज्ञानं सुखं नित्यं''(वीरशैवानन्दचन्द्रिका)— परमशिव के लिङ्गस्वरूप के अनेक नाम हैं— सत्य, ज्ञान, सुख, नित्य, वार्धक, शरण, श्रुत इत्यादि।

ब्रह्मयोनिम्— परमशिव वेद का कारण अथवा चतुर्मुख ब्रह्मदेव आदि का भी बीजस्वरूप है। [**''ब्रह्मन्''** शब्द के कोष में अनेक अर्थ प्रतिपादित है— नपुंसक लिङ्ग में परम तत्त्व, तप और वेद तथा पुल्लिङ्ग में ब्रह्मदेव—

---

१. क्रियासारः उ.१,
२. वीरशैवानन्दचं. पृ.६२

ब्रह्म तत्वं तपो वेदे न द्वयोः पुंसि वेधसि इत्युक्तत्वात्।

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्[१]।

इत्यादिश्रुतिप्रमाणाच्च।

आदिमध्यान्तविहीनम्-आदौ मध्ये चान्ते चाऽवस्थितेन वस्त्वन्तरेण परिच्छेदकेन विनिर्मुक्तम्, **एकम्**-अद्वितीयम्, सजातीयविजातीयभेदरहितेष्टप्राणलिङ्गादिस्वगत-भेदैकविशिष्टं वेत्यर्थः।

एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म[२]

एकमेव परं ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणम्।
शिवतत्त्वं शिवाचार्याः स्थलमित्याहुरादरात्[३]।।

"**ब्रह्मतत्त्वं तपो वेदे न द्वयोः प्रति वेधसि।**" मुण्डकोपनिषद् (३.१.३) भी परमशिव को **ब्रह्मयोनि**" (ब्रह्मा आदि देवों के जनक) कहती है—

"**यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कतार्रमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्।**" जिस समय पञ्चाक्षर महामन्त्र से उत्पत्तियोग्य लिङ्गाङ्गसामरस्यज्ञाता अधिकारी वीरशैव सुवर्णकान्तिमय, सृष्टि-स्थिति-संहार-बन्ध-मोक्षस्वरूप पांच कृत्यों के कर्ता, जगन्नियन्ता, सर्वत्र परिपूर्ण, ब्रह्मा आदि देवों के जनक परमपुरुष का साक्षात्कार करता है; उस समय वह शिवयोगी उत्कृष्ट सारूप्य को प्राप्त करता है।

"**आदिमध्यान्तविहीनम्**" — आदौ मध्ये च अन्ते च विहीनम्) — जिसके आदि, मध्य और अन्त में कोई परिच्छेद करनेवाली अन्य वस्तु नहीं है? **एकम्**— अद्वितीय, वह सजातीय अथवा विजातीय भेदों से रहित है अथवा उसी एकमात्र परमशिवलिङ्ग में जिसके अपने इष्टलिङ्ग प्राणलिङ्ग आदि भेद अन्तर्निहित हैं।

'त्रिपाद्विभूतिमहानारायणोपनिषद्' परमशिव को ही एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म कहती है— "**एकमेवाद्वितीयम् ब्रह्म।**"

---

१. मुण्डक.उ.३.१.३
२. त्रिपाद्विभूतिमहानारायणोपनिषत् अ.३
३. अनु.सूत्र.२.२

स्थलं नाम परं तत्त्वं शिवरुद्रादिसंज्ञिकम्।
उपास्योपासकत्वेन स्वयमेव द्विधा भवेत्[1]।।

इति श्रुत्यागमाद्युक्तेः। यद्वा-सर्वदैकरूपम् वृध्द्यपचयविपरिणामशून्यमित्यर्थः।

विभुम्-सर्वव्यापकम्, **चिदानन्दम्**-सच्चिदानन्दादिपञ्चलक्षणलक्षितमित्यर्थः। **अरूपम्**-नीरूपं निष्कलं निराकाररूपं प्रापञ्चिकाकारशून्यं वेत्यर्थः। **अद्भुतम्**-अजहर्यादिदेवानामप्याऽऽश्चर्यकरोरुलिङ्गरूपमद्भुतविराट्स्वरूपं वेत्यर्थः।

उमासहायम्-चिच्छक्तिवल्लभम्, परशिवस्वरूपानतिरेकिण्या परशक्त्याऽविनाभावेन सहितमिष्टलिङ्गस्वरूपमित्यर्थः। तथाहि श्रूयते—

नमः सोमाय च रुद्राय च[2], नमोऽम्बिकापतये उमापतये[3]

अनुभवसूत्र के अनुसार शिवाचार्यों ने सच्चिदानन्दस्वरूप एकमात्र परब्रह्म शिवतत्त्व को सादर **'स्थल'** कहा है— **'एकमेव परं ब्रह्म'** (२.२)। वहीं स्थल नामक परतत्व 'शिव', 'रुद्र' आदि नामों से विख्यात है और वह स्वयं ही उपास्य और उपासक के भेद से लिङ्गस्थल और अङ्गस्थल नाम से द्विधा विभक्त होता है— **''स्थलं नाम परं तत्त्वम्''** (२.१२-१३) अथवा वह वृद्धि, ह्रास आदि परिवर्तनों से रहित है। अथवा **एकम्** —सर्वदा एकस्वरूप वृद्धि-ह्रास इत्यादि परिणाम से रहित यह इसका तात्पर्य है।

विभुम् — वह सर्वव्यापक है। **चिदानन्दम्**—वह सत्स्वरूप, चित्सवरूप, आनन्दस्वरूप आदि पांच लक्षणों से जाना जाता है। **अरूपम्**—वह रूपहीन, निष्कल (कलाहीन), निराकार अर्थात् प्रापञ्चिक आकार से रहित है। **अद्भुतम्**— उसका विराट् ज्योतिर्लिङ्गस्वरूप ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओं को भी आश्चर्य में डालता है।

उमासहायम् — उसकी परा चित्शक्ति उमा ही, जो परशिवस्वरूप से अभिन्न है, उसकी प्राणवल्लभा है, वे उसके साथ ही अविनाभावसम्बन्ध से इष्टलिङ्ग रूप में अवतीर्ण है। जैसा कि श्रुतियों में वर्णित है— **''नमः सोमाय च रुद्राय च''** (उमया सहितः सोमः तस्मै सोमाय) — चिच्छक्तिस्वरूपा उमा के साथ अविनाभाव सम्बन्ध से रहने वाले **सोम** और रुद्र-शिव को नमस्कार है।

''नमोऽम्बिकापतये उमापतये'' — चिच्छक्तिस्वरूपा जगदम्बा उमा के पति परमपिता परमशिव को नमस्कार।

---

१. अनु.सूत्र.२.१२-१३, २. रुद्राध्याये अ.७, ३. *महानारायण उ.*

रुद्रो लिङ्गमुमापीठं तस्मै तस्यै नमो नमः[१]।।

पीठिका परमा शक्तिर्गोलः साक्षात् सदाशिवः।
तयोरैक्यमिदं लिङ्गं भुक्तिदं मुक्तिदं द्विजाः[२]।।

न शिवेन विना शक्तिर्न देव्या च विना शिवः।
नाऽनयोरन्तरं किञ्चित् चन्द्रचन्द्रिकयोरिव।। इति।

प्रभुम्-ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तानामपि जीवजन्तूनां पतिम्, स्वामिनं कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुमपि वा सर्वस्वतन्त्रमित्यर्थः।

प्रभुः स्वतन्त्रोऽप्रभुरस्वतन्त्रः प्रभुर्यदेवेच्छति तत् करोमि।
इच्छाज्ञानक्रियाशक्तित्रयं यस्याऽस्ति स प्रभुः[३]।

"रुद्रो लिङ्गमुमापीठम्" — रुद्र शिवलिङ्गस्वरूप है और उसकी पीठिका चिच्छक्तिस्वरूपा उमा उस से अभिन्न है। उन दोनों को नमस्कार है।

"पीठिका परमा शक्तिः" — "द्विजों! पीठिका चित्शक्तिस्वरूपा पार्वती है और वर्तुलाकार गोल शिवलिङ्ग साक्षात् सदाशिव है। दोनों की एकता का ज्ञापक यह इष्टलिङ्ग है, जो भुक्ति (भोग) और मुक्ति (मोक्ष) को प्रदान करता है।

"न शिवेन विना शक्तिः" — शिव के बिना शक्तिस्वरूपा देवी नहीं रह सकती और देवी के बिना शिव भी नहीं रह सकते, जिस प्रकार चन्द्र और उसकी चन्द्रिका दोनों में कोई अन्तर नहीं होता, उसी प्रकार शिव और शक्ति में भी कोई अन्तर नहीं है।

प्रभुम् — वे ब्रह्मदेव से लेकर तृण (स्तम्ब) तक सभी जीव जन्तुओं के स्वामी, सर्वतन्त्रस्वतन्त्र हैं। परतन्त्र न होने के कारण वे चाहे जो कर सकते हैं, नहीं भी कर सकते अथवा विपरीत भी कर सकते हैं। इसमें अनेक प्रमाण हैं। यथा—

"प्रभु स्वतन्त्रोऽप्रभुरस्वतन्त्रः" — प्रभु स्वतन्त्र होता है तथा जो स्वामी नहीं (सेवक होता है), वह स्वतन्त्र नहीं होता, अपितु परतन्त्र रहता है। जो स्वामी चाहता है, मैं (सेवक) करता हूँ। **"इच्छाज्ञानक्रियाशक्ति"** — जिसके पास इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति तीनों शक्तियाँ होती हैं, वह "प्रभु" सर्वसमर्थ है, जो प्रभु नहीं है, वह स्वतन्त्र नहीं है।

---

१. रुद्रहृदयोपनिषत्
२. श्रुतिसारः भा. पृ.२८
३. वि.प्र.अधि.२

ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तपशूनां पतिरीश्वरः

इति विशेषार्थप्रकाशादावुक्तत्वात्, **एषामीशः पशुपतिः पशूनाम्**[1] इति श्रुतेश्च।

त्रिलोचनम्-त्रीणि लोचनानि सूर्येन्द्वग्निनेत्राणि यस्य तम्, यद्वेच्छाज्ञानक्रियामयान्यक्षीणि यस्य तमित्यर्थः।

इति ध्यात्वा पुनरपि ध्यायेद् देवं सदाशिवम्।
इच्छाज्ञानक्रियाशक्तिविलसल्लोचनत्रयम्।।
इच्छा ज्ञानं क्रिया चेति शम्भोरक्षित्रयं विदुः[2]**।।**

इत्युक्तेः, **नीलकण्ठम्**-श्यामग्रीवम्, विषकण्ठमिति यावत्। **प्रशान्तम्**-प्रकर्षेण शान्तम्, **तं परमेश्वरम्** सकलनिष्कलोभयात्मकमिष्टप्राणभावलिङ्गरूपपरशिवमित्यर्थः।

''ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्त''— प्रभु का ही पर्यायवाची शब्द **'पशुपति'** है, जैसा कि **विशेषार्थप्रकाश** आदि में ईश्वर परमशिव को ब्रह्मदेव से लेकर स्तम्बपर्यन्त सभी **पशुस्वरूप** जीवों का पति **''पशुपति''** कहा है।

''एषामीशः पशुपतिः पशूनाम्'' इस प्रकार वेदमन्त्र भी इसका समर्थन करता है।

''त्रिलोचनम्'' — ''त्रीणि लोचनानि यस्य सः, तम्'', जिसके तीन नेत्र हैं, वे शिव ''त्रिलोचन'' हैं। उनके वे नेत्र सूर्य, चन्द्र और अग्नि अथवा इच्छा, ज्ञान, क्रिया त्रिविध शक्तियाँ हो सकती हैं।

जैसा कि **''क्रियासार''** का वचन है **''इति ध्यात्वा पुनरपि''** इत्यादि। इस प्रकार ध्यान कर पुनश्च परमदेव सदाशिव का ध्यान करने चाहिये, जो अपने त्रिविध शक्तिस्वरूप तीन नेत्रों से सुशोभित होने के कारण **''त्रिलोचन''** कहलाते हैं। परमशिव के तीन नेत्रों को लोग इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति तीन शक्तियों के रूप में जानते हैं।

नीलकण्ठम्— विषपान के कारण वे 'नीलकण्ठ' हैं। **प्रशान्तम्** — वे अत्यन्त शान्त है। **तं परमेश्वरम्** — वे परमेश्वर परमशिव निष्कल (निर्गुण निराकार) और सकल (सगुण-साकार) उभयस्वरूप हैं। निष्कल परशिव ही इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग त्रिविध स्वरूप में सकल (सगुण-साकार) रूप धारण करते हैं। उसमें शैवागम ग्रन्थों के प्रमाणवचन उद्धृत हैं।

---

१. श्रीकरभाष्ये पृ.४३२

२. क्रियासारः उ.२.३.३२६

योगिनां च यतीनां च ज्ञानिनां मन्त्रिणां तथा।
ध्यानपूजानिमित्ताय सकलं निष्कलं भवेत्[1]।।

सकलं निष्कलं सूक्ष्मं हिरण्मयमनामयम्।
व्योमवत् सर्वसम्पूर्णं सर्वैश्वर्यसमन्वितम्।।

स्वतन्त्रं जगदाधारं शिवरुद्रादिसंज्ञकम्।
नित्यसंवेतचिच्छक्तियुक्तं साम्बं महेश्वरम्[2]।।

इति शिवागमोक्तेः। **ध्यात्वा**-स्वहृत्कमले स्वस्वरूपतया चिन्तयित्वेत्यर्थः। **मुनिः**-मन्यत इति मुनिर्ज्ञानी शिवानुभवज्ञानी मुमुक्षुर्लिङ्गाङ्गी स्वेष्टप्राणभावलिङ्गाद्यनुसन्धानशीलः शिवभक्तमाहेश्वरादिरित्यर्थः। **तमसः परस्तात्**-मायायाः परं महाप्रलयसाक्षिणं तमोरूपप्रकृतिविलक्षणं वेत्यर्थः। तमोरूपप्रकृतिमण्डलस्यो-

---

यथा— **''योगिनां च यतीनां च''** — निष्कल (निर्गुण-निराकार) परम शिव ही शिवयोगी, संन्यासी, ब्रह्मज्ञानी और मंत्रवेत्ताओं के ध्यान तथा पूजा अर्थात् आन्तर-बाह्य उपासना की सिद्धि के निमित्त **सादाख्यतत्त्व** नामक सकल (सगुण साकार) स्वरूप ग्रहण करते हैं।

''सकल निष्कलं सूक्ष्मम्'' — परम शिव सकल (कलासहित, सगुण, साकार) भी हैं और निष्कल (कलाहीन, निर्गुण, निराकार) भी। वह अत्यन्त सूक्ष्म, सुवर्णप्रकाश, आमयरहित-निरोगी, आकाश के समान सर्वव्यापक, सभी षड्विध ऐश्वर्यों से सम्पन्न, स्वतन्त्र, जगत् के आधारस्वरूप, शिव-रुद्र आदि नामों से प्रसिद्ध, अपनी नित्य संवित्चिच्छक्ति से युक्त साम्ब सदाशिव हैं।

''ध्यात्वा'' अपने हृदयकमल में स्वस्वरूप से ही उस परब्रह्मस्वरूप परशिव का एकाग्रचित्त से ध्यान करके, **''मुनिः''**— ''मन्यते इति मुनिः।'' शिवस्वरूप की अनुभूति करने वाले मुक्तिकाम लिङ्गाङ्गसामरस्यसम्पन्न शिवयोगी स्वकीय इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, भावलिङ्ग, आदि लिङ्गों का अनुसन्धान करने वाले शिवभक्त, माहेश्वर आदि ऋषि-मुनि, **''तमसः परस्तात्''** — अज्ञानान्धकारस्वरूप माया से परे, महाप्रलय के साक्षिस्वरूप अथवा तमोरूप प्रकृति से विलक्षण, उस प्रकृतिमण्डल के ऊपरी भाग में अवस्थित महाकैलासवासी,

---

१. वातुलशुद्धाख्यतन्त्रम् १.२८
२. श्रीकरभाष्यम् पृ.२५०

परिभागस्थितमहाकैलासवासिनमिति यावत्। **समस्तसाक्षिम्**-आकाशादिभूत-भौतिकस्य सर्वस्य जगतः साक्षिणम्, द्रष्टारमिति यावत्। **भूतयोनिम्**-तस्य जगतः कारणमिष्टलिङ्गाद्यभिधानं परशिवमित्यर्थः। **गच्छति**-प्राप्नोतीति, **'गम्लृ गतावि'**ति धातोः। **यद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः**[1] इतीतरश्रुतेः। तथा चोक्तं सूतसंहितादिषु—

विशुद्धं विरजं तस्य मध्ये विशदमीश्वरम्।
अनन्तं शुद्धमव्यक्तमचिन्त्यं सर्वजन्तुभिः।।

शिवं प्रशान्तममृतं वेदयोनिं सुरर्षभाः!।
आदिमध्यान्तनिर्मुक्तमेकं साक्षाद् विभुं तथा।।

अरूपं सच्चिदानन्दमद्भुतं परमेश्वरम्।
उमासहायमोमर्थं प्रभुं साक्षाद् त्रिलोचनम्[2]**।।**

न च नामानि रूपाणि शिवस्य परमात्मनः।
तथापि मायया तस्य नामरूपे प्रकल्पिते।।

''**समस्तसाक्षिम्**'' — आकाश आदि पञ्च महाभूतों से निर्मित चराचर समस्त भौतिक जगत् के साक्षी, द्रष्टा, ''**भूतयोनिम्**'' — स्थावर-जङ्गमस्वरूप पाञ्चभौतिक जगत् के कारणस्वरूप इष्टलिङ्ग आदि नामों से संकेतित, परम शिव को, **गच्छति**— प्राप्त कर लेता है। यह ''**गम्लृ गतौ**'' धातु से निष्पन्न लट् लकार का रूप है।

'मुण्डकोपनिषद्'' (१.१.६) भी इसका समर्थन करती है— ''**यद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः**'' धैर्यशाली वीरशैव भक्त शब्दार्थस्वरूप चराचर भौतिक जगत् के उपादानकारणस्वरूप जिस परमशिव का साक्षात्कार सर्वतोभावेन करते हैं।

ब्रह्मगीता भी ''**हृतपुण्डरीकं विशदं विशुद्धम्**'' इत्यादि मन्त्र का ही उपबृहंण करती है। इस मन्त्र में एक नवीन पद है— ''**ओमर्थम्**'' ये सभी अर्थ प्रणवस्वरूप ओङ्कार के हैं। ''सूतसंहिता'' ''**न च नामानि रूपाणि**'' से लेकर ''**इत्येषा शाश्वती स्मृतिः**'' तक यह कहती है— ''परब्रह्म परमात्मा के नाम और रूप नहीं हैं, तथा अज्ञानस्वरूपा माया के आवरणद्वारा उसके नाम और रूपों की कल्पना की गयी है।

---

१. मुण्डक.उ. १.१.६
२. ब्र.गी.अ.८

अरूपस्य शिवस्याऽपि मूर्तिर्ध्येया ह्युपासकैः।
उमार्धविग्रहा शुक्ला त्रिनेत्रा चन्द्रशेखरा।।

नीलग्रीवा परानन्दप्रमोदा ताण्डवप्रिया।
ब्रह्मविष्णुमहादेवैरुपास्या गुणमूर्तिभिः।।

सर्वमूर्तिविहीनस्य सर्वमूर्तेः शिवस्य तु।
तथाऽप्येषा परा मूर्तिरित्येषा शाश्वती श्रुतिः[१]।।

इति सूतसंहितायाम्,

निरस्तदोषसम्बन्धं निरुपाधिकमव्ययम्।
दिव्यमप्राकृतं नित्यं नीलकण्ठं त्रिलोचनम्।।

चन्द्रार्धशेखरं शुद्धं शुद्धस्फटिकसन्निभम्।
शुद्धमुक्ताफलाभासमुपास्यं गुणमूर्तिभिः।।

विशुद्धज्ञानकरणं विषयं सर्वयोगिनाम्।
कोटिसूर्यप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसमप्रभम्[२]।।

यद्यपि परब्रह्म परमशिव रूपहीन, निष्कल निर्गुण निराकार है, तथापि उपासकों को चाहिये कि वे (अपने ध्यान तथा अर्चना के लिये), उसके साकार स्वरूप का ध्यान करें। अर्धनारीश्वर परमशिव अपनी चिच्छक्तिस्वरूप उमा (पार्वती) के साथ अर्धशरीर में वास करते हैं। वे शुक्लवर्ण तथा त्रिनेत्र हैं। उनके मस्तक में चन्द्रकला विराजमान हैं। विषपान के कारण उनका कण्ठ श्यामल है। वे परमानन्द से सबको आनन्दित करते हैं। उन्हें ताण्डव नृत्य अत्यन्त प्रिय है। ब्रह्मदेव, विष्णु और महेश को भी, जो उनकी सगुण साकार मूर्तियाँ हैं, सब मूर्तियों से विहीन अरूप-निर्गुण-निराकार परमशिव के इस साकार मूर्ति की उपासना करनी चाहिये यह शाश्वत सत्य है।

"सिद्धान्तशिखामणि"[२] में **"निरस्तदोषसम्बन्धम्"** से **"चन्द्रकोटि-समप्रभम्"** तक परमशिव के निष्कल और सकल स्वरूप का इस प्रकार वर्णन है— परमशिव जन्म-मरण आदि दोषरहित, अविद्याप्रभृति सकल उपाधिशून्य, अव्यय-अविनाशी, त्रिकालाबाधित, दिव्य, अप्राकृत (असाधारण), नित्य, नीलकण्ठ, त्रिलोचन, चन्द्रशेखर, निर्मल, विशुद्ध स्फटिक के समान

---

१. सूत.सं.—ब्रह्मवैभवखण्डः अ.२८
२. सि.शि.म.२.९-१११

निर्विकल्पं निराकारं निरस्ताशेषविप्लवम्[१]।
स्वप्रकाशं पराकाशमनौपप्यमनामयम्[२]।।
सर्वज्ञं सर्वगं शान्तं सर्वशक्ति निरङ्कुशम्।
शिवरुद्रमहादेवभवादिपदसंज्ञितम् ।।
अद्वितीयमनिर्देश्यं परं ब्रह्म सनातनम्[३]।।

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमा-
दित्यवर्णं तमसस्तु पारे।
सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो
नामानि कृत्वाभिवदन् यदास्ते।।

शुभ्रवर्ण, शुद्धमौक्तिकों के समान शुभ्र इस प्रकार परमशिव का निर्गुण स्वरूप उसकी सत्वरजस्तमस्वरूप त्रिगुण मूर्तियों-ब्रह्मा, विष्णु और महेश द्वारा उपास्य है। वह विशुद्ध ज्ञान का असाधारण कारण सभी योगियों का समाधिवेद्य विषय, करोड़ों सूर्यों के समान तेजस्वी तथा करोड़ों चन्द्रों की चन्द्रिका के समान शीतल आल्हाददायी है।

''निर्विकल्पं निराकारम्'' — सच्चिदानन्दस्वरूप परब्रह्म परशिव निर्विकल्पक (सभी विशेषताओं से युक्त) निराकार तथा समस्त विप्लवरहित (शान्त) है।

''स्वप्रकाशं पराकाशम्'' — परमशिव स्वयम्प्रकाश चिन्मय, अनुपम और निरामय है। वह परमशिव सर्वज्ञ, सर्वत्र गतिशील, सर्वान्तर्यामी, शान्त, सर्वशक्तिसम्पन्न, अंकुशरहित स्वतन्त्र, शिव, रुद्र, महादेव, भव आदि नामों से परिचित, अद्वितीय तथा जिसका निर्देश सम्भव नहीं, वह सनातन परब्रह्मस्वरूप है।

''वेदाहमेतं पुरुषं महान्तम्'' — मैं अपनी हृदयगुफा में इस महान् परमपुरुष का साक्षात्कार करता हूँ, जो सूर्य के समान सुवर्णवर्ण, अत्यन्त तेजस्वी अज्ञानान्धकार से परे प्रकाशमान है। धैर्यशाली वीरशैव उसके सभी

---

१. सि.शि.म.२.३

२. पाठान्तरम् — ''स्वप्रकाशं विराजन्तमनामयमनौपमम्'' इति सिद्धान्तशिखामणौ।

३. सि.शि.म.२.५,६

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्।

तमेवं विद्वानमृत इह भवति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय इति पुरुषसूक्ते।

''प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तः। अजायमानो बहुधा विजायते। तस्य धीराः परिजानन्ति योनिम्।'' ''योनिश्च हि गीयते'' इति बादरायणसूत्रस्य **''साक्षात् परमेश्वर एव भूतयोनिरित्युच्यत''** इति श्रीमन्नीलकण्ठभाष्यम्।

देव एव देवतेत्युच्यते परशब्दावहत्ववाचिदेवशब्दात् तल्।

''परो देवो महादेवः सोऽयं देवस्तदैक्षत'' इति, **''द्यावाभूमी जनयन् देव एक''** इति **''स महादेव एव सकलभूतकारणं परं ब्रह्म श्रूयते''** इत्यादि। **''तानि परे तथा ह्याह''**[१] इति सूत्रे श्रीमन्नीलकण्ठभाष्ये (पृ. १३१) प्रपञ्चितमिति॥५॥६॥७॥

रूपों और नामों का संकीर्तन करता है। उसका साक्षात्कार करनेवाला विद्वान् ही इहलोक में अमर होता हे। अमृतत्त्वप्राप्ति का अन्य कोई मार्ग नहीं है।

''प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तः'' — जीवमात्र की हृदयगुफा में और समस्त ब्रह्माण्ड के मध्य में चराचर जीवों का स्वामी **''पशुपति''** परमशिव विचरण करता है। वह अजन्मा होने पर भी बहुधा जन्म लेता है। धैर्यशाली वीरशैव सर्वतोभावेन उसके मूलकारण परमशिव का साक्षात्कार करते हैं।

''योनिश्च हि गीयते'' — इस बादरायण के ब्रह्मसूत्र पर श्री नीलकण्ठभाष्य इस प्रकार है— ''साक्षात् परमशिव (परमेश्वर) ही ''भूतयोनि'' (समस्त जगत् के कारण) कहे जाते हैं। **''देव''** को ही देवता कहते हैं। **''परदेवता''**शब्द में ''पर'' शब्दपूर्वक ''देव'' शब्द से ''तल्'' प्रत्यय लगाकर ''टाप्'' प्रत्यय करने पर ''देवता'' शब्द निष्पन्न होता है।

''परो देवो महादेवः'' — परम (सर्वश्रेष्ठ) देव महादेव हैं। वही देव हैं, उनका साक्षात्कार किया गया।

''द्यावाभूमी जनयन् देव एकः'' एक महादेव ही द्यौ (स्वर्गलोक) और भूलोक की रचना करते हैं। महादेव ही समस्त चराचर जगत् के कारण परब्रह्म हैं यह श्रुति कहती है— **''स महादेव एव सकलभूतकारणम्''** इत्यादि। **''तानि परे तथा ह्याह''** इस ब्रह्मसूत्र (४.१४) के ऊपर श्री नीलकण्ठभाष्य में इन सभी विषयों का विस्तार किया गया है।

---

१. ब्र.सू.अ.४.१४

स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः
सोऽक्षरः परमः स्वराट्।
स एव विष्णुः स प्राणः
स कालोऽग्निः स चन्द्रमाः।।८।।

स एव सर्वं यद् भूतं
यश्च भव्यं सनातनम्।
ज्ञात्वा तं मृत्युमत्येति
नाऽन्यः पन्था विमुक्तये।।९।।

मन्त्रार्थ— वीरशैव को अपने अत्याश्रम अर्थात् अप्राकृत वर्णाश्रम धर्म का पालन करना चाहिये। अर्थात् उसे भक्तस्थल से लेकर ऐक्यस्थल तक षट्स्थलों के लिये विहित आश्रमधर्म, अष्टावरण तथा पञ्चाचार से सम्पन्न होना चाहिये। ऐसे वीरशैव भक्त को परब्रह्मस्वरूप परमशिव के साक्षात्कार के लिये एकान्त एवं पवित्र स्थान मे सुखपूर्वक आसन लगाकर अन्तर्बाह्यशुचिता की स्थिति में बैठना चाहिये। उस स्थिति में उसकी गरदन, मस्तक और पूरा शरीर सीधा होना चाहिये। उस समय उसे मन और समस्त इन्द्रियों पर नियन्त्रण रखना चाहिये और अपने गुरु में सत्‌चित्‌आनन्दस्वरूप परमशिव का साक्षात्कार करते हुए उन्हें भक्तिपूर्वक प्रणाम करना चाहिये। तदनन्तर एकाग्रचित्त होकर अपने हृदयकमल में ध्यान लगाकर उसके बीच में वाणी और मन से भी परे अचिन्त्य, अव्यक्त, अनन्तरूप, अत्यन्त शान्त, वेद के जनक अव्यय ब्रह्मदेव, विष्णु आदि सगुण मूर्तियों के कारण आदिमध्य, अन्तरहित, अद्वितीय, सर्वव्यापी, सत्‌चिदानन्दस्वरूप, निराकार, अत्यन्त अद्‌भुत, चित्‌शक्तिविशिष्ट, सर्वसमर्थ, त्रिलोचन, विषपान के कारण नीलकण्ठ परमशिव का ध्यान करना चाहिये। ऐसा शिवानुभवज्ञानी मुक्तिकाम ब्रह्मवेत्ता मुनि वीरशैव भक्त ही अज्ञानावरणस्वरूप अन्धकार अथवा माया से परे महाप्रलय के साक्षी तामसी प्रकृति से विलक्षण स्थावरजंगमस्वरूप पाञ्चभौतिक समस्त विश्व के साक्षी द्रष्टा तुरीयब्रह्मस्वरूप परमशिव का साक्षात्कार करता है, अन्य नहीं।।५।।६।।७।।

स ब्रह्मेति। बृंहतीति **ब्रह्मा,** शिवमस्याऽस्तीति **शिवः,** इन्द्रतीति **इन्द्रः,** न क्षरतीत्य**क्षरः,** वेष्टि व्याप्नोतीति व्यापनशीलः **विष्णु**रित्यादियोगवृत्या शिवजगन्मयत्वसर्वगत्वादिना वा भूतभविष्यद्वर्तमानकालीनब्रह्मेन्द्रोपेन्द्रादिसर्व-

---

''स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः'' इत्यादि। [**''द्वाभ्यां युग्ममिति प्रोक्तम्''** इस नियम के अनुसार दो मन्त्रों के एकान्वय द्वारा इसे 'युग्मक' मानते हुए **''ज्ञात्वा तं मृत्यमत्येति नान्यः पन्था विमुक्तये''** तक इसकी **''सादाशिवभाष्य''** में व्याख्या की गयी है।] 'ब्रह्मा' आदि पदों के अर्थ यहाँ ''योगवृत्ति'' से किये गये हैं। **''बृंहतीति ब्रह्मा''** — जो बृंहण (विस्तार) करता है, वही ब्रह्मा है। **''शिवमस्यास्तीति शिवः''** — जो शिवङ्कर मङ्गलकारी है वही शिव है। **सेन्द्रः**— [**''सः इन्द्रः सेन्द्रः''** यह वैदिक सन्धि है। लौकिक सन्धि में विसर्गलोप होकर **''स इन्द्रः''** यह रूप होगा— **''सेन्द्रः स इन्द्रः छान्दसः सन्धिः''**— दीपिका।] **''इन्द्रतीति इन्द्रः''** जो त्रिभुवनपर शासन करते हैं, वे ''इन्द्र'' हैं।

''न क्षरतीत्यक्षरः'' — जो क्षरणशील (ह्रासोन्मुख) नहीं होता, वही अक्षर है।

''स्वराट्'' — ''अन्यानपेक्षत्वेन स्वयमेव राजते इति स्वराट्''— बिना अन्य की अपेक्षा कें जो स्वयं विराजमान रहता है, वही परम ''स्वराट्'' है।

''वेष्टि व्याप्नोतीति व्यापनशीलः विष्णुः'' — जो सर्वव्यापक है, वहीं विष्णु है।

सः प्राणः — वही प्राण-अपान-व्यान-उदान और समान इस पञ्चप्राणवृत्ति-स्वरूप है। **'प्राणिति इति प्राणः'** यह उसका निर्वचन है।

[**''स कालाग्निः''** यही दीपिकासम्मत पाठ है— **''स उक्तः कालाग्निः कालरूप वैश्वानरः''** यह उसकी श्रीशङ्करानन्दकृत व्याख्या है— वही कलन (संहार) करने वाला कालस्वरूप अग्नि है।] **''स कालोऽग्निः''** यह सादाशिवभाष्यसम्मत पाठ है, जिसका सन्धिविग्रह होगा— ''सः, कालः, अग्निः''। इसकी प्रथम व्याख्या दीपिकासम्मत है। द्वितीय अर्थ होगा— वह भूतभविष्यवर्तमानकालस्वरूप है और दक्षिणाग्नि-गार्हपत्य-आवहनीय-त्रेताग्निस्वरूप है। **स चन्द्रमाः** — **''चन्द्रति आह्लादयति इति चन्द्रमा''** — वही आल्हादकारी चन्द्रमा है।

शब्दाभिधेयः **सः** साकारनिराकारात्मकेष्टप्राणभावलिङ्गरूपी परमात्मैव नाऽन्यः कोऽपीति **तमिष्ट**लिङ्गादिरूपिणमीश्वरम्, **ज्ञात्वा**-बुध्द्वैवेत्यर्थः।

''स एव सर्वम्'' इत्यादि। 'ब्रह्मा' से लेकर 'चन्द्रमा' तक सभी विभिन्न नाम परमशिव के ही हैं। प्रत्येक शब्द का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ इसमें सहायक है। साथ ही शिव चराचर जगत् में व्याप्त कोई भी रूप ग्रहण करते हैं, अतः वे **जगत्स्वरूप** हैं। समस्त जगत् ही उनका रूप है। वे सर्वगामी हैं और भूत-भविष्य वर्तमान सभी कालों में रहते हैं।

''यश्च भव्यं सनातनम्'' इसमें **''यश्च''** यह पुल्लिगी रूप **''तं ज्ञात्वा''** के अनुरोध से है। [**''यच्च भाव्यं सनातनम्''** इस दीपिकासम्मत पाठ में नपुंसकलिङ्गी प्रयोग के अनुसार है। **''भाव्यम्''** का अर्थ भविष्यकालीन होगा और **''भव्यं''** का अर्थ भविष्य कालीन तथा भव्य (विशाल) भी होगा। चकार से वर्तमान कालीन भी होता— **''चकाराद् वर्तमानमपि''** — दीपिका]

''स एवं सर्वं यद् भूतम्'' — इत्यादि का तात्पर्य यह है कि ''ब्रह्मा'' से लेकर ''स्तम्ब'' (तृण) पर्यन्त जो कुछ सृष्टि है वह परम शिवस्वरूप ही है और जो कुछ भूतकाल का था, वर्तमान काल का है और भविष्यकाल में होगा, वह सब कुछ परमशिवस्वरूप ही है। उसे ब्रह्मा, शिव, इन्द्र किसी भी नाम से संबोधित किया जा सकता है। **''सर्व''** (शर्व) यह पद ही ईश्वर (शिव) के लिये पर्याप्त है। वह सकल साकार भी है और निष्कल निराकार भी। इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, भावलिङ्ग आदि के रूप में ''सकल'' साकार है, और वही उनसे अभिन्न निष्कल निराकार परमशिवस्वरूप भी है। वह कोई अन्य नहीं है।

तं ज्ञात्वा = इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, भावलिङ्ग आदि के रूप में अवतीर्ण परब्रह्म-परमेश्वर का साक्षात्कार करके ही [**'मृत्युम् अत्येति'** — 'दीपिका'कार के अनुसार ब्रह्मज्ञानी **''अहं ब्रह्मास्मि''** इस प्रकार अपने से अभिन्न रूप में सच्चिदानन्दस्वरूप परब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार कर जीव की सभी वासनाएँ तथा अज्ञान मिट जाता है और वह जन्म-मरणचक्र से छुटकारा पाता है।] **'सादाशिवभाष्य'** के अनुसार परब्रह्म परमेश्वर परम शिव ही है, अन्य कोई नहीं हैं। इसमें अनेक प्रमाणवचन हैं। यथा–

महादेवस्तु सर्वात्मा सर्ववस्त्ववभासकः।
सर्वानन्दकरः पूर्णः सर्वदेवोत्तमोत्तमः[१]।।

पुरुषो वै रुद्रस्तन्महो नमः। विश्वं भूतं चित्रं बहुधा जातं जायमानं च यत्, सर्वो ह्येष रुद्रस्तस्मै रुद्राय नमः।

"सर्वज्ञः सर्ववित् साक्षी सर्वस्य जगतः सदा।
परमार्थपरानन्दः परज्ञानघनाऽद्वयः।।

शिवः शम्भुर्महादेवो रुद्रो ब्रह्मा महेश्वरः।
स्थाणुः पशुपतिर्विष्णुरीश ईशान ईश्वरः।।

परमात्मा परः पारः पुरुषः परमेश्वरः।
पुराणपरमः पूर्णस्तत्त्वं काष्ठा परा गतिः।।

पतिर्देवो हरो हर्ता भर्ता स्रष्टा पुरातनः।
महाव्यासो महाधारः अत्ता विश्वाधिकः प्रभुः।।

"महादेवस्तु सर्वात्मा" — महादेव सभी जीवों का अन्तरात्मा स्वरूप, सभी वस्तुओं का प्रकाशक, समस्त जीवों का सम्पूर्ण आनन्द, आनन्दप्रदाता, समस्त कलाओं से परिपूर्ण और सभी देवों में उत्तमोत्तम हैं।

"पुरुषो वै रुद्रः" इस मन्त्र में भी परमशिव को ही विश्व की त्रैकालिक सृष्टि प्रतिपादित है— पुरुष रुद्रस्वरूप है। उस तेज को नमस्कार है। नानाविध चित्रविचित्र उत्पन्न और उत्पन्न होने वाला जो चराचर विश्व है, वह सभी रुद्रस्वरूप है। उस रुद्र को नमस्कार।

"सर्वज्ञः सर्ववित् साक्षी" इत्यादि सूतसंहिता के उद्धरणों में परमशिव को विविध नामों से सम्बोधित किया गया है— "वह सर्वज्ञ, सर्ववेत्ता, सदा समस्त जगत् का साक्षी, पारमार्थिक चरम आनन्दप्रदाता श्रेष्ठज्ञानघन और अद्वय है। वही शिव, शम्भु, महादेव, रुद्र, ब्रह्मा, महेश्वर, स्थाणु, पशुपति, विष्णु, ईश, ईशान, ईश्वर, परमात्मा, पर, पार, पुरुष, परमेश्वर, पूर्ण, तत्त्व, परा काष्ठा और गति है। वही पति, देव, हर, हर्ता, भर्ता, पुरातन, स्रष्टा, महाव्यास, महा आधार, अत्ता, विश्वाधिक, प्रभु, महर्षि, भूतपाल, अग्नि, आकाश, हरि, अव्यय, प्राण, ज्योति, पुमान्, भीम, अन्तर्यामी, सनातन,

---

१. सू.सं.यज्ञ.अ.४०

महर्षिर्भूतपालोऽग्निराकाशो हरिरव्ययः।
प्राणो ज्योतिः पुमान् भीमः अन्तर्यामी सनातनः।।

अक्षरो दहरः साक्षादपरोक्षः स्वयम्प्रभुः।
असङ्ग आत्मा निर्द्वन्द्वः प्रत्यगात्मादिसंज्ञितः।।

उमासहायो भगवान् नीलकण्ठस्त्रिलोचनः।
ब्रह्मणा विष्णुना चैव रुद्रेणाऽपि सदा हृदि।।

उपास्यमानः सर्वात्मा सर्ववस्तुविवर्जितः।
न च नामानि रूपाणि शिवस्य परमात्मनः।।

तथापि मायया तस्य नामरूपे प्रकल्पिते।
शिवो रुद्रो महादेवः शङ्करो ब्रह्म सत् परम्।।

एवमादीनि नामानि विशिष्टानि परस्य तु।
विष्णुनारायणादीनि नामानि परमेश्वरे।।

कथञ्चिद् योगवृत्या तु वर्तन्ते न तु मुख्यया।
विश्वरूपाय विश्वासलभ्याय विदितात्मने[१]।।''

इति आगमसूतसंहितादिषु।

अक्षर, दहर, साक्षात्, अपरोक्ष, स्वयम्प्रभु, असङ्ग, आत्मा, निर्द्वन्द्व, प्रत्यगात्मा आदि नामों से सम्बोधित है।

परम शिव ही **'उमासहाय'** ''चिच्छक्तिविशिष्ट अर्धनारीश्वर हैं। वे ही भगवान् नीलकण्ठ और त्रिलोचन हैं। निर्गुण, निराकार परमशिव के सगुण अवतार ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र हैं। वे सदा हृदय में परमशिव की उपासना करते हैं। वे सभी की अन्तरात्मा होने पर भी सब वस्तुओं से वर्जित हैं।

यद्यपि परमात्मा शिव के नाम और रूप नहीं है, तथा उसकी चिच्छक्तिस्वरूपा माया द्वारा उसके नाम-रूप कल्पित किये गये हैं। परमशिव के ही शिव, रुद्र, महादेव, शंकर, ब्रह्म, सत्, पर इत्यादि विशिष्ट नाम हैं। विष्णु, नारायण आदि नाम परमेश्वर परमशिव में 'योगवृत्ति' से कथंचित् सार्थक होते हैं, मुख्य वृत्ति से नहीं। वह ''विश्वरूप'' अर्थात् समस्त जगत् ही उसका रूप है। श्रद्धा और विश्वास से ही उसका साक्षात्कार किया जा सकता है। वह समस्त प्राणियों का अन्तरात्मा को जानता है।

---

१. सू.सं.मुक्ति.अ.२, यज्ञवै.अ.२५-२७

"सर्वं खल्विदं ब्रह्म, एतत् सर्वमात्मैव, यस्मिन्निदँ सञ्चविचैति सर्वम्, यस्मिन् देवा अधिविश्वे निषेदुः, तदेव भूतं तदु भव्यम्[१]।"

"पुरुष एवेदँ सर्वं यद् भूतं यच्च भव्यम्[२]"

"भूतं च मे भविष्यच्च मे[३]",

"विश्वरूपाय वै नमः", "विरूपेभ्यो विश्वरूपेभ्यश्च वो नमः[४]"

"पूर्णमदः पूर्णमिदम्[५]"

"ईशावास्यमिदं सर्वम्[६]"

"सर्वं खल्विदं ब्रह्म" — यह समस्त जगत् ब्रह्मस्वरूप है। यह समस्त चराचर प्राणिजगत् परमात्मा का ही रूप है। जिस परब्रह्म परशिव में सबका सञ्चय (संकलन) और उससे ही सबका विचय (विकास) जिस परमशिव में सभी देवता अवस्थित है। वही समस्त भूत, (वही वर्तमान) और वही भविष्य है।

"पुरुष एवेदं सर्वम्" यह जो सब कुछ वर्तमानकालिक दृष्टिगोचर हो रहा है, भूतकाल में था और भविष्यकाल में होगा वह सब, **'पुरुषः'**- हृदयगुफा में सुप्तावस्था में अवस्थित परमात्मा-परमशिवस्वरूप वही है।

"भूतं च भविष्यच्च मे' — रुद्राध्याय में परमशिव भी यही स्वीकार करता है— त्रैकालिक सत्यस्वरूप मैं ही हूँ।

"विश्वरूपाय वै नमः" — उस 'विश्वरूप' को नमस्कार। निर्गुण निराकार रूपहीन के तथा सगुण-साकार विश्वरूप को नमस्कार।

"पूर्णमदः पूर्णमिदम्" — निष्कल निराकार परमशिव भी पूर्ण है, तथा सकल साकार उसका चराचर प्राणिजगत् भी पूर्ण है।

"ईशावास्यमिदं सर्वम्" — यह समस्त जगत् परमशिव का ही आवास है, उससे ही व्याप्त है।

---

१. निरालम्ब-नारायणादि
२. श्वेताश्वउ.३.१५
३. रुद्राध्याय अ.२
४. रु.अ.४
५. बृहदा.उ.५.१.१
६. ईश.उ.१

''क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः[१]''

''येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यम्''

''सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः।
सर्वव्यापी च भगवान् तस्मात् सर्वगतः शिवः[२]।।''

इति श्वेताश्वतरादिश्रुतौ।

''सर्वगोऽपि स्थितः शम्भुः स्वाधारे हि विशेषतः।
तस्मादन्यत्र विमुखः स्वेष्टलिङ्गे यजेच्छिवम्।।
शिवस्य सर्वगत्वेऽपि सर्वत्र रतिवर्जितः।
स्वेष्टलिङ्गे यजन् देवं सर्वगत्वनिरासकः।।

''क्षरं प्रधानम् अमृताक्षरं हरः'' — प्रकृति क्षरणशील परिवर्तनशील है, किन्तु हर ''अमृत'' (जन्ममृत्युरहित) और ''अक्षर'' (क्षरण-ह्रासरहित, अपरिवर्तनीय और शाश्वत-सत्यस्वरूप) हैं।

''सर्वाननशिरोग्रीवः'' — यत: परमशिव सभी प्राणियों के गुफा में रहता है, अत: सभी प्राणियों के मुख, मस्तक और ग्रीवाएँ भी उसीकी हैं। वह सर्वव्यापक है, अत: सर्वत्र गतिशील है।

''सर्वगोऽपि स्थितः शम्भुः'' इत्यादि। यतः परमशिव सर्वत्र गतिशील हैं, तथापि वे अपने आधारपीठ इष्टलिङ्ग में विशेष रूप से रहते हैं। अतः वीरशैव शिवभक्त को चाहिये कि वह अन्यत्र उपासना से विरत रहकर अपने इष्टलिङ्ग में ही शिवपूजन करे।

''शिवस्य सर्वगत्वेऽपि'' — ''परमशिव के सर्वत्र गतिशील होने पर भी जो सर्वत्र अनुरक्त नहीं रहता और इष्टलिङ्ग की ही पूजा करता है, वह **''सर्वगत्वनिरासक''** कहलाता है। केवल इष्टलिङ्ग में आवाहित परमशिव पूजाकाल में भक्त द्वारा नियन्त्रित होने के कारण इष्टलिङ्ग का पूजन करते हुए भी शिवभक्त को उसकी सर्वव्यापकता और सर्वत्र गतिशीलता की भावना करनी चाहिये। [इस पर श्रीमायिदेव कहते हैं— **''अन्यथा कुम्भकारवत्**

---

१. श्वे.उ.१.१०
२. श्वेताश्व.उ.३.११

पूजाविधौ नियम्यत्वाल्लिङ्गमात्रे स्थितं शिवम्।
पूजयन्नपि देवस्य सर्वगत्वं विभावयेत्[१]।।''

इत्यादिना बहुधा प्रपञ्चितत्वात्। **''यश्च ब्रह्मा यश्च विष्णुरि''**त्यारभ्य ब्रह्मविष्णुरुद्रोमासहायविनायकादिसर्वप्रपञ्चवाच्यत्वं प्रतिपाद्यते। तथा सर्वश्रुतिसामरस्यसर्वचिदचिद्वस्त्वन्तर्यामितया सर्वशब्दवाच्यः परमेश्वरः शिव इति विज्ञायते।

''देवा ह वै स्वर्गं लोकमगमन्। ते देवा रुद्रमपृच्छन्— 'को भवानि'ति। सोऽब्रवी'दहमेकः प्रथममासम्, वर्तामि च भविष्यामि च। नाऽन्यः कश्चिन्मत्तो व्यतिरिक्तः।' सोऽन्तरादन्तरं प्राविशत्।'' इत्युपक्रम्य **''यो वै रुद्रो स भगवान् यश्च ब्रह्मा यश्च विष्णुरि''**त्यादिना अथर्वशिरसि ब्रह्मविष्णुरुद्रेन्द्रचन्द्र-

---

परिच्छिन्नतत्वप्रसंगात्।''] इसप्रकार अनेक शैवागम ग्रन्थ, सूतसंहिता, उपनिषद्ग्रन्थ, सिद्धान्तशिखामणि आदि ग्रन्थों में परमशिव का ''सर्व'' (शर्व) नाम से सविस्तर प्रतिपादन किया गया है।

''यश्च ब्रह्मा यश्च विष्णुः'' इत्यादि से उपक्रम कर ''ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, उमासहाय, विनायक आदि सभी प्रपञ्च उसी शिव का है।'' यह सिद्ध किया गया है। उसी प्रकार सभी श्रुतियों का स्वारस्य यही है कि परमेश्वर शिव ही सभी चेतन-अचेतन वस्तुओं में अन्तर्यामी बनकर रहता है। अतः **''सर्व''** (शर्व) इस नाम से उसका परमार्थ समझना चाहिये।

''देवा ह वै स्वर्गलोकमगमन्'' इत्यादि। सभी देवता स्वर्गलोक गये और उन्होंने रुद्रशिव से पूछा— ''आप कौन हैं?'' उसने कहा — ''मैं अकेला था, वर्तमान में भी अकेला हूँ और भविष्य में भी अकेला रहूँगा। मुझ से भिन्न अन्य कोई नहीं है।'' ऐसा कहकर परमशिव बीच से ही अन्तःप्रविष्ट हो गये।

यहाँ से प्रारम्भ करते हुए **''यो वै रुद्रो स भगवान् यश्च ब्रह्मा यश्च विष्णुः''** (जो वे रुद्र हैं, वे ही षड्विध ऐश्वर्यसम्पन्न भगवान् हैं, जो बृंहणशील ब्रह्मा है, जो व्यापनशील विष्णु हैं) इत्यादि मन्त्रों से ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र, चन्द्र, दिनेन्द्र को अथर्वशिखा उपनिषद् में परमशिव के पर्यायवाची कहा गया है।''

---

१. सि.शि.म. १०.६१-६२

दिनेन्द्रादिशब्दानां परशिववाचकत्वेन व्यवस्थापनात्'' इति, **''अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः**[१]'' इति, **''गतिसामान्यात्**''[२] इति च सूत्रे श्रीमन्नीलकण्ठश्रीकरभाष्ययोः प्रदर्शितत्वाच्च। ब्रह्माद्यखिलशब्दवाच्यः सर्वगतोऽपि स परशिवो विष्णुब्रह्मादिनिखिलमुमुक्षुजनोपासनार्थं मुख्यतः स्थूलसूक्ष्मपरेति त्रिविधरूपस्तेषु गुरूपदिष्टस्वस्वरूपेष्टलिङ्गात्मकपररूप एव धीरैर्लिङ्गाङ्गिभिर्भक्तमाहेश्वरादिभिः षट्स्थलब्रह्मिभिरुपास्यो नाऽन्यः स्थूलसूक्ष्मरूपो ब्रह्मविष्ण्वादिदेवतान्तरश्चेति निगमागमश्रुतिस्मृतिपुराणेतिहासाद्यनेकप्रबलप्रमाणग्रन्थोक्तयुक्तिमनुसृत्य ब्रह्मसूत्रादिभाष्यकृन्नीलकण्ठपण्डिताराध्यप्रभृतिभिः शिवाचार्यैं राद्धान्तितो विशेषार्थ इत्यस्माकमाशयः।

उक्त सभी विषय **''अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः''** (ब्र.सू.१.५.) तथा **''गतिसामान्याच्च''** (ब्र.सू.१) इन् दो ब्रह्मसूत्रों पर श्रीनीलकण्ठभाष्य और श्रीकरभाष्य में प्रदर्शित हैं। अतः हमारा आशय यह है कि ब्रह्मा आदि समस्त शब्दोंद्वारा वेद्य तथा सर्वव्यापक सर्वत्र गतिशील होने पर भी वह परमशिव विष्णु, ब्रह्मदेव आदि देवताओं से लेकर सम्पूर्ण मुमुक्षुजनों की उपासना के लिये मुख्य रूप से तीन स्वरूपों में अवतीर्ण होता है— स्थूलस्वरूप, सूक्ष्मस्वरूप और उससे परे परमशिवस्वरूप। उनमें भी गुरुजन स्वस्वरूप से इष्टलिङ्ग में जो क्रियादीक्षा देते हैं, उसमें वह परशिवस्वरूप में वास करता है। धीर लिङ्गाङ्गसामरस्योपासक भक्त, माहेश्वर आदि षट्स्थलब्रह्मज्ञानी उसी इष्टलिङ्ग की उपासना करते हैं। इससे भिन्न न तो उसका स्थूलस्वरूप है अथवा सूक्ष्मस्वरूप और न कोई परशिव से भिन्न ब्रह्मा, विष्णु आदि अन्य देवता हैं। अन्तिम सिद्धान्त यही है और यही मत ''ब्रह्मसूत्र'' आदि के भाष्यकार नीलकण्ठ, पण्डिताराध्य आदि ने अनेक निगम, आगम (तन्त्रागम), श्रुति (वेद), स्मृति (धर्मसंहिता), पुराणेतिहास आदि के अनेक प्रमाणवचनों का उद्धरण देकर युक्तिपूर्वक विवेचित किया है।

---

१. ब्र.सू.अ.१.५ पा.४

२. ब्र.सू.पा.१

तं सनातनम्-पुरातनं परशिवलिङ्गरूपिणं शिवमित्यर्थः। **ज्ञात्वा**-अन्तर्विचारेण विदित्वेति विशिष्टार्थः न तु बाह्यक्रियया सर्वत्रोपास्यत्वबुद्धिः कार्येति भावः। तथा चोक्तमागमाम्नायादिषु—

''तदीयं त्रिविधं रूपं स्थूलं सूक्ष्मं ततः परम्।
अस्मदाद्यमरैर्दृश्यं स्थूलं सूक्ष्मं च योगिभिः।।
ततः परं तु यन्नित्यं ज्ञानमानन्दमव्ययम्।
तन्निष्ठैस्तत्परैर्भक्तैर्दृश्यं तद् रूपमास्तिकैः[१]।।'' इति।

अतः शिवः सर्वजगद्विभासकः
स्वयम्प्रकाशः स्वयमेव केवलः।
मयोदितो लिङ्गमिति द्विजर्षभास्त-
देव पूज्यं श्रुतिमस्तकस्थितम्[२]।।

तं सनातनम् = परशिवलिङ्गस्वरूप में अवतीर्ण उस सनातन शिव का, **ज्ञात्वा** = चिन्तन-मनन कर आन्तरिक विचार से साक्षात्कार कर यह उसका विशिष्ट अर्थ है। केवल बाह्यक्रिया द्वारा सर्वत्र उपास्यबुद्धि नहीं रखनी चाहिये अर्थात् केवल बाह्यपूजा की दृष्टि से उसे नहीं देखना चाहिये। जेसा कि आगम-आम्नाय आदि ग्रन्थों में प्रतिपादित है।

''**तदीयं त्रिविधं रूपम्**'' इत्यादि। ''शिव के तीन स्वरूप हैं— स्थूल, सूक्ष्म और उससे भी परे। हमारे जैसे मानव शिवयोगी उसके स्थूल और सूक्ष्म स्वरूप का साक्षात्कार कर सकते हैं। उससे परे नित्य-शाश्वत, ज्ञानस्वरूप, आनन्दप्रद, अव्यय-अविनाशी जो रूप है, केवल उसी का ध्यान करने वाले आस्तिक भक्त समाधिस्थ होकर ही स्थूल-सूक्ष्मातीत परशिवस्वरूप का साक्षात्कार कर सकते हैं।''

''**अतः शिवः सर्वजगद्विभासकः**'' इत्यादि। ''हे श्रेष्ठ ब्राह्मणों! अतः मैंने समस्त जगत् के प्रकाशक स्वयंप्रकाश केवल परशिव को ही लिङ्गस्वरूप कहा है, और वही वेद के अग्रभाग में स्थित है। (ओंकारस्वरूप नादात्मक) स्थूल-सूक्ष्मातीत उसी परशिवलिङ्ग की पूजा करनी चाहिये।''

---

१. वातुलशुद्धाख्यतन्त्रे तत्वभेदपटले (१.३६-३७)
२. सू.सं.यज्ञ.अ.२८

अपरिच्छिन्नमव्यक्तं लिङ्गं ब्रह्म सनातनम्।
उपासनार्थमन्तःस्थं परिच्छिन्नं स्वमायया[१]।।

अलिङ्गमेकमव्यक्तं लिङ्गं ब्रह्मेति निश्चितम्।
स्वयं ज्योतिः परं तत्त्वं परे व्योम्नि व्यवस्थितम्[२]।।

सूक्ष्मत्वात् कारणत्वाच्च लयनाद् गमनादपि।
लक्षणात् परमेशस्य लिङ्गमित्यभिधीयते[३]।।

"प्रत्यगानन्दरूपात्मा मूर्ध्नि स्थाने पदे पदे।
तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः[४]।।"

"अपरिच्छिन्नमव्यक्तम्" इत्यादि। "वह स्थूल-सूक्ष्मातीत (नादात्मक) अव्यक्त लिङ्ग है, उसका कोई परिच्छेद (सीमा) नहीं है। किन्तु उसकी अपनी ही माया चिच्छक्ति द्वारा अन्तस्तल पर स्थित होकर उपासना के लिए वह इष्टलिङ्ग के रूप में मर्यादित हो गया है।" (हृदयगुफा में ही सुप्तावस्था में ही वह अव्यक्त अपरिच्छिन्न नादात्मक भावलिङ्ग स्वयंप्रकाशित है।)

"अलिङ्गमेकमव्यक्तम्" इत्यादि। "जिसका कोई लिङ्ग (आकार) नहीं वह एकमात्र अव्यक्त (नादात्मक) लिङ्ग ही ब्रह्म है यह निश्चित है, जो ज्योतिर्मय स्वयंप्रकाश परतत्त्व है और हृदयकमल के चिदाकाश में वर्तमान है।

"सूक्ष्मत्त्वात् कारणत्वाच्च" इत्यादि। [**"लीयते गम्यते च यत् तल्लिङ्गम्"** इस निर्वचन के अनुसार नादस्वरूप में] अत्यन्त सूक्ष्म, जगत् का कारण, लयन और गति ये ही परमशिव के लक्षण होने के कारण उसे "लिङ्ग" कहा जाता है।"

"प्रत्यगानन्दरूपात्मा" इत्यादि। "पग-पग पर मस्तकस्थित सहस्त्रदल-कमल में उस ज्योतिर्मयी शिखा के बीच में प्रत्यगानन्दस्वरूप स्थूल-सूक्ष्मातीत परब्रह्म-परमात्मा का वास है।"

---

१. सि.शि.म. ६.३६
२. कूर्म.पु.भा.२, अ.१०
३. योगशिखोपनिषत् अ.२
४. त्रिशिखब्राह्मणोपनिषत्

"स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट्[१]।"

**"गुरुर्लिङ्गं समादाय शिष्यमस्तकचित्कलाम्।
निजस्वभावमात्रेण विलोक्याऽऽकृष्य तां कलाम्।।
लिङ्गे संस्थाप्य पादाम्बुस्नानं (कुर्यात्)चरस्य च[२]।।"**

**"स्वशरीरे स्वयञ्ज्योतिःस्वरूपं पारमार्थिकम्।
क्षीणदोषाः प्रपश्यन्ति नेतरे माययाऽऽवृताः[३]।।"**

"तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः[४]।"

**"निष्कलं निर्गुणं शान्तं निर्विकारं निराश्रयम्।
निर्लेपकं निरापायं कूटस्थमचलं ध्रुवम्।।**

"स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः" इत्यादि। वही ब्रह्म, वही शिव, वही इन्द्र और वही अक्षर (क्षरणरहित) परम स्वराज्य सम्पन्न स्वराट् है।

"गुरुर्लिङ्गं समादाय" इत्यादि। "गुरु (दीक्षा देते समय) इष्टलिङ्ग को हाथ में लेकर शिष्य के मस्तक में विराजमान चित्कला को केवल अपने भाव से देखे और उस चित्कला का आकर्षण कर उसे इष्टलिङ्ग में प्रतिष्ठित करे और अनन्तर चरलिङ्ग की चरणपादुका को स्नान कराए।"

"स्वशरीरे स्वयञ्ज्योतिःस्वरूपम्" इत्यादि। "जिनके आणव-मायीय-कार्म-मल दूर हो गये हैं, वे ही अपने शरीर के हृदयकमलस्थित चिदाकाश में प्रकाशमान स्वयंज्योतिःपुञ्जस्वरूप पारमार्थिक लिङ्ग का साक्षात्कार करते हैं। अज्ञानान्धकारस्वरूप माया के आवरण से घिरे इतर जन उसका साक्षात्कार नहीं कर सकते।

"तमेव धीरो" इत्यादि। धैर्यशाली ब्रह्मज्ञानी वीरशैव शिवभक्त उसी ज्योतिर्मय स्वरूप का साक्षात्कार कर ब्रह्मज्ञान प्राप्त करें।

"निष्कलं निर्गुणं शान्तम्" इत्यादि। निष्कल, निर्गुण, शान्त, निर्विकार, निराधार, निर्लेप, कूटस्थ, अचल, ध्रुव समस्त तेजों का तेजःपुञ्ज वह परमशिव

---

१. महानारायण उ.
२. वीरभद्रपुराणम्
३. पाशुपतब्रह्मोपनिषत्
४. ब्रह्मगीता, अ.१

ज्योतिषामपि तत् ज्योतिस्तमःपारे प्रतिष्ठितम्।
भावाभावविनिर्मुक्तं भावनामात्रगोचरम्[१]।।''

''साकारमनित्यं नित्यं निराकारमिति श्रुतेः[२]।''

''हृत्पुण्डरीकमध्यस्थं चैतन्यं ज्योतिरव्ययम्।
कदम्बगोलकाकारं तुर्यातीतं परात्परम्[३]।।''

''यदक्षरं परं ब्रह्म तत् सूत्रमिति धारयेत्।
सूचनात् सूत्रमित्याहुः सूत्रं नाम परं पदम्।।
तत् सूत्रं धारयेत् योगी योगवित् तत्वदर्शिनाम्[४]।।''

''एक एव शिवो नित्यस्ततोऽन्यत् सकलं मृषा।
तस्मात् सर्वान् परित्यज्य विष्णुब्रह्मादिकान् सुरान्।।

अज्ञानान्धकार के ऊपर प्रतिष्ठित, भाव-अभाव से मुक्त और केवल भावना द्वारा ही अनुभवगोचर होता है।''

''साकारमनित्यम्'' इत्यादि। ''श्रुति के अनुसार वह साकार भी है और निराकार भी, नित्य भी है और अनित्य भी।''

''हृत्पुण्डरीकमध्यस्थम्'' इत्यादि। ''तुरीय ब्रह्म से भी परे विराजमान परात्पर वह परमशिव हृदयकमल के मध्य में अवस्थित चित्स्वरूप अव्यय अविनाशी कदम्ब-गोल के आकृति का ज्योतिःपुञ्ज है।''

''यदक्षरं परं ब्रह्म'' इत्यादि। जो क्षरणरहित अक्षर परब्रह्म है, वही सूत्राकार में अवस्थित है वह समझकर **सूत्र** को धारण करना चाहिये। **''सूचनात् सूत्रम्''**, यतः वह ''सूत्र'' नामक परमपद है, अतः तत्त्वदर्शी योगवेत्ता शिवयोगी को चाहिये कि शिवयोगी वह ''सूत्र'' धारण करे।''

''एक एव शिवो नित्यः'' इत्यादि। एकमात्र परमशिव ही नित्य शाश्वत परम सत्य है, उससे भिन्न अन्य समस्त अनित्य-अशाश्वत-असत्य (मृषा) है। इसलिये विष्णु, ब्रह्मा आदि समस्त देवताओं का ध्यान करना छोड़कर उस परम शिव का सदा ध्यान करना चाहिये, जो समस्त संसार को मुक्ति प्रदान करता है।''

---

२. योगशिखोपनिषत् अ.३

३. त्रिपाद्विभूति महानारायणोपनिषत् अ.२

४. त्रिशिखब्राह्मणोपनिषत्

५. ब्रह्मोपनिषत्

शिव एव सदा ध्येयः सर्वसंसारमोचकः[१]।।''

''सन्त्यज्य हृद्गुहेशानं देवमन्यं प्रयान्ति ये।
ते रत्नमभिवाञ्छन्ति त्यक्तहस्तस्थकौस्तुभाः[२]।।''

मुनिः-मननशीलो **धीरो**-धीमान् लिङ्गाङ्गी शिवभक्तमाहेश्वरादिरित्यर्थः। **मृत्युम्**-मरणं, तदुपलक्षितजननमपि। **अत्येति**-ध्यानज्ञानात्मकशिवयोगमहामखेनोत्तरति। अजननमरणधर्मवान् साक्षाच्छिवो भवतीत्यर्थः। **'इण् गतावि'**ति धातोः।

''ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति, ईशं ज्ञात्वा अमृता भवन्ति।''

''तरति शोकमात्मवित्।''

''ज्ञात्वा शान्तं शान्तिमत्यन्तमेति[३]।''

''सन्त्यज्य हृद्गुहेशानम्'' — जो स्वयं की हृदयगुफा में अवस्थित परमशिव को छोड़कर अन्य देवता के पीछे भागते हैं, वे अपने हाथ में आए कौस्तुभ (हीरे) को छोडकर अन्य रत्नों की कामना करते हैं।

मुनिः— मननशील धैर्यशाली बुद्धिमान् लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप शिवयोगी शिवभक्त, माहेश्वर आदि [इसका अध्याहार **''ध्यात्वा मुनिर्गच्छति''** इत्यादि मंत्रभाग से करना चाहिये।] (वह) ध्यानात्मक और ज्ञानात्मक शिवयोग नामक महायज्ञ के द्वारा **मृत्युम्** — जन्म और मृत्यु को, **अत्येति**— पार करता है। जन्म-मरण-चक्र से छुटकारा पाकर वह साक्षात् शिव हो जाता है। यह **''अति''** उपसर्गपुर्वक **''इण् गतौ''** इस धातु से निष्पन्न लट् लकार का रूप है।

जन्ममरणचक्र से मुक्ति के समर्थन में अनेक प्रमाण वचन हैं— **''ब्रह्म वेद''** इत्यादि। जो परब्रह्म को जानता है, वह ब्रह्मस्वरूप होता है। ज्ञानी परमशिव का साक्षात्कार कर अमर होते हैं। परमात्मतत्त्व को जानने वाला शोक-सागर को पार करता है। भक्त परमशिव के शान्त स्वरूप का साक्षात्कार कर अत्यन्त शान्ति प्राप्त करता है।

''अजमात्मानं मत्वा'' इत्यादि। परमात्मा शिव के जन्मरहित स्वरूप का साक्षात्कार कर धैर्यशाली शोकमुक्त होता है।

---

१. शरभोपनिषत् ३०-३१

२. महोपनिषत् अ.३

३. श्वेत. उ. ३-४-६

"अजमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति।"
"तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति
धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्[१]।।"
"ध्यानज्ञानात्मकः सूक्ष्मः शिवयोगो महामखः[२]।"
"कीटो भ्रमरयोगेन भ्रमरो भवति ध्रुवम्।
मानवः शिवयोगेन शिवो भवति निश्चयम्[३]।।"

इति श्रुत्याद्युक्तेश्च। **विमुक्तये**-विमोक्षाय, सकलदुःखनिवृत्तिनित्यानन्दपदप्राप्तिरूपलिङ्गाङ्गसामरस्यसुखायेत्यर्थः। एतच्छिवयोगमार्गं विना, **अन्यः पन्था**-अन्यः कोऽपि मार्गः, **न**-नास्त्येवेत्यर्थः। **"तमेवं विदित्वा अति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय।।"** इति पुरुषसूक्तोक्तेः॥९॥१०॥

"तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति" इत्यादि। धैर्यशाली जो भक्त अपनी हृदयगुफा में वास करने वाले परमशिव का साक्षात्कार करते हैं उन्हें शाश्वत सुख मिलता है, दूसरों को नहीं।

"ध्यानज्ञानात्मकः सूक्ष्मः" इत्यादि। शिवयोग नामक महायज्ञ का स्वरूप ध्यानात्मक, ज्ञानात्मक और सूक्ष्म हैं।

"कीटो भ्रमरयोगेन" इत्यादि। "जिस प्रकार विशेष जाति का कीडा भ्रमर का सम्पर्क पाकर निश्चित रूप से भ्रमर (तद्रूप) बन जाता है, उसी प्रकार शिवभक्त मानव शिव का साक्षात्कार कर उसके सतत सम्पर्क से निश्चित ही शिव (तद्रूप) बन जाता है।"

"विमुक्तये" — विशिष्ट मुक्ति पाने के लिये अर्थात् सम्पूर्ण त्रिविध दुःखनिवृत्ति के साथ नित्य आनन्दपदप्राप्तिस्वरूप लिङ्गाङ्गसामरस्य सुख पाने के लिये, **अन्यः पन्थाः न** — और कोई रास्ता नहीं है।

इसमें **"पुरुष सूक्त"** का मन्त्र प्रमाण है— **"तमेव विदित्वा"** इत्यादि। इस प्रकार उस हृदयगुफानिवासी परमशिव का साक्षात्कार कर शिवभक्त जन्म-मृत्यु-चक्र को पार करता है, इससे भिन्न जाने का अन्य कोई मुक्तिमार्ग नहीं है॥८॥९॥

---

१. सुबालोपनिषत् खं.३
२. क्रियासार उ. २७
३. लिं.पु.भा.२, अ.२१

सर्वभूतस्थमात्मानं
सर्वभूतानि चात्मनि।
सम्पश्यन् ब्रह्म परमं
याति नाऽन्येन हेतुना।।१०।।

सर्वभूतस्थमिति। मुनिर्ज्ञानी शिवभक्तमाहेश्वरादिः, **आत्मानम्**-परमात्मानमिष्टलिङ्गरूपपरशिवमित्यर्थः। **सर्वभूतस्थम्**-ब्रह्मादिस्तम्बान्तेषु सर्वेषु भूतेषु तिष्टतीति सर्वभूतस्थमिति ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तसमस्तचराचरवस्तुष्वन्तर्यामित्वेन ब्रह्माण्डे भानुवद् गुहादिषु प्रदीपवद् घटादिष्वाकाशवदविकारात्मना वर्तमानमित्यर्थः। **आत्मनि**-परमात्मवस्तुनि, शिवलिङ्ग इत्यर्थः। **सर्वभूतानि**-ब्रह्मादिस्तम्बान्तानि सकलस्थावरजङ्गमवस्तून्यपि सूत्रे मणिगणा इव मयूराण्डरसे करचरणाद्यवयवा इव, वटबीजे महातरुमूलशाखादिवद् वा विद्यन्त इति च। **सम्पश्यन्**-अन्तर्विचारेण

***मन्त्रार्थ*— (तुरीय ब्रह्म से परे परमशिव निर्गुण-निराकार है। उसका कोई नाम-रूप नहीं है। तथापि) योगवृत्ति द्वारा ब्रह्मा, शिव, इन्द्र, अक्षर, परम, स्वराट्, प्राण, काल, अग्नि, चन्द्रमा आदि ये सभी नाम परमशिव के ही वाचक हैं। वे उससे भिन्न नहीं, अपितु परमशिवस्वरूप ही हैं। वही भूत-वर्तमान-भविष्यकालीन त्रैकालिक शाश्वत (अपरिवर्तनीय) सत्य है। भक्त हृदयकमल में उसका साक्षात्कार कर जन्म और मृत्यु दोनों से छुटकारा पाते हैं। मोक्षप्राप्ति का अन्य कोई मार्ग नहीं है।।८।।९।।**

''**सर्वभूतस्थमात्मानम्**'' इत्यादि। (**मुनिः** ''ब्रह्मज्ञानी भक्त, माहेश्वर आदि), **आत्मानम्** = परमशिवस्वरूप परब्रह्म परमात्मा को, **सर्वभूतस्थम्** = सभी प्राणियों में अवस्थित, अर्थात् जिस प्रकार ब्रह्माण्ड में सूर्य, अथवा गुहा आदि में दीपक प्रकाशमान रहता है अथवा घट आदि में जिस प्रकार आकाश विकाररहित होकर अवस्थित रहता है, उसी प्रकार शिवलिङ्गस्वरूप परमेश्वर में, **सर्वभूतानि** = जिस प्रकार सूत्र में अनेक रत्न पिरोए रहते हैं अथवा जिस प्रकार मयूराण्डरस में मोर के हाथ-पैर आदि अवयव अव्यक्त रूप से रहते हैं अथवा जिस प्रकार वट के बीज में महावृक्ष, उसकी जड़, शाखाएँ, पत्र आदि अव्यक्त रहते हैं उसी प्रकार ब्रह्मदेव से लेकर तृण पर्यन्त समस्त चर अचर प्राणिजगत् को अन्तर्यामी के रूप में, **सम्पश्यन्** = अन्तर्दृष्टि से देखते हुए,

परिजानन् सन्, **परमं ब्रह्म**-परतरशिवलिङ्गरूपपरमशिवम्, **याति**-स्वस्वरूपतया प्राप्नोतीति भावः। **'या प्रापण'** इति धातोः। **अन्येन हेतुना**-एतद् विना अन्येन केनापि कारणेन, **न याति**-न प्राप्नोतीत्यर्थः। तथा चोक्तं श्रुत्यन्तरादिषु—

रुद्रो जनानां हृदि सन्निविष्टः
यो रुद्रोऽग्नौ योऽप्सु य ओषधीषु।
यो रुद्रो विश्वा भुवनानि विवेश
तस्मै रुद्राय नमो अस्तु[1]।।

इत्यादिश्रुतौ। **''सर्वभूतगुहाशयम्'',**
''ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन! तिष्ठति[2]।''
''तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्याऽस्य बाह्यतः।
यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवाऽनुपश्यति।।
सर्वभूतेषु चाऽऽत्मानं ततो न विजुगुप्सते[3]।।''

परमं ब्रह्म = परम ब्रह्मपद परम शिवलिङ्गस्वरूप परम पद को, **याति** = अपने से अभिन्नस्वरूप से प्राप्त करते हैं। यह **''या प्रापणे''** इस धातु का वर्तमान कालिक रूप है। इसी अर्थ का समर्थन अन्य श्रुतियाँ भी करती हैं। यथा—

''रुद्रो जनानां हृदि सन्निविष्टः'' इत्यादि। 'रुद्र-शिव सभी प्राणियों में अवस्थित है। जो रुद्र शिव अग्नि, जल, वनस्पतियों अथवा चराचर विश्व में प्रविष्ट है, उस रुद्र को नमस्कार।''

''सर्वभूतगुहाशयम्'' — परमशिव सभी प्राणियों के गुहा में सुप्तावस्था में अवस्थित है।

''ईश्वरः सर्वभूतानाम्'' — ''अर्जुन! परमशिव सभी प्राणियों के हृदय-प्रदेश में अवस्थित है।''

''तदन्तरस्य सर्वस्य'' इत्यादि। वह परमशिव सब जीवों के अन्तस्तल में प्रकाशमान है और वह समस्त दृष्टिगोचर स्थावर-जंगम जगत् के बाहर भी प्रकाशमान है। जो सभी प्राणियों को परमशिव में तथा सभी प्राणियों में परमशिव को अन्तर्दृष्टि से देखते हैं, वह वीरशैवभक्त जुगुप्सा (घृणा) नहीं करता।''

---

१. शतरुद्रीय
२. भ.गी.१८.६१
३. ईशावास्य उ.५,६

''सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः[१]।।''

''सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः।
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते[२]।।''

''यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याऽहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति[३]।।''

इति गीतादिषु।

''यस्यान्तःस्थानि भूतानि यस्मात् सर्वं प्रवर्तते।
यदाहुस्तत्परं तत्त्वं स देवः स्यान्महेश्वरः[४]।।''

''सर्वभूतस्थमात्मानम्'' — शिवयोगी सर्वत्र समान दृष्टि रखता है। परमशिव को सभी प्राणियों में प्रकाशमान देखता है और सभी प्राणियों को परमशिव में अव्यक्तावस्था में देखता है।

''सर्वभूतस्थितं यो माम्'' — ''जो जीव मुझे अपने से अभिन्न समझते हुए परब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार सभी प्राणियों की हृदयगुफा में करते हुए मेरी उपासना करता है, वह योगी इस संसार में रहते हुए भी (जीवन्मुक्त होने के कारण) वास्तव में मुझ में (परमशिव) में ही वास करता है।''

''यो मां पश्यति सर्वत्र'' — जो शिवभक्त मुझे सर्वत्र (भीतर और बाहर) अन्तर्दृष्टि से देखता है तथा समस्त जीव-जगत् का मुझ परमशिव में ही अव्यक्तरूप से साक्षात्कार करता है; मैं परमशिव उसे नष्ट नहीं करता और वह मुझे नष्ट नहीं करता।''

''यस्याऽन्तःस्थानि भूतानि'' — ''समस्त चर-अचर जीव जिस (परमशिव) के भीतर रहते हैं, जिस (परमशिव) से समस्त चराचर विश्व की सृष्टि होती है; ऋषि-मुनि जिसे ''तत्'' और ''परतत्त्व'' नाम से सम्बोधित करते हैं, वह देव एकमात्र परमशिव होना चाहिये।''

---

१. भ.गी.६.२९
२. भ.गी.६.३१
३. भ.गी.६.२९
४. कूर्म.पु.भा.२,अ.३१

"चन्द्रकान्ते यथा तोयं सूर्यकान्ते यथाऽनलः।
बीजे यथाऽङ्कुरः सिद्धस्तथाऽऽत्मनि शिवः स्थितः[१]।।"

इति।।१०।।

आत्मानमरणिं कृत्वा
प्रणवं चोत्तरारणिम्।
ध्याननिर्मथनाभ्यासात्
पापं दहति पण्डितः।।११।।

आत्मानमिति। पण्डितः—शिवानुभवज्ञानी भक्तमाहेश्वरादिरित्यर्थः। **आत्मानम्**-स्वनिर्मलचित्तमित्यर्थः। **"आत्मा चित्ते शरीरे च"** इत्यमरोक्तेः। **अरणिं कृत्वा**-अधः काष्ठं कृत्वेत्यर्थः। **प्रणवम्**-अकारोकारमकारमात्रात्रयात्मक-मोङ्कारमित्यर्थः। ॐकाररूपब्रह्मलिङ्गापरपर्यायसदाशिवमिति यावत्। **उत्तरारणिं**

"चन्द्रकान्ते यथा तोयम्" — जिस प्रकार चन्द्रकान्तमणि के भीतर जल अथवा जिस प्रकार सूर्यकान्तमणि के के भीतर अग्नि, अथवा जिस प्रकार बीज में अङ्कुर अव्यक्त रूप से रहता है, उसी प्रकार जीवात्मा की हुदयगुफा में परमात्मा-परमशिव अव्यक्त रूप से वास करता है।

मन्त्रार्थ— **शिवयोगी परमशिव से अभिन्न इष्टलिङ्ग में सभी चराचर विश्व का तथा सभी प्राणियों को परमशिव के भीतर अन्तर्दृष्टि से देखते हुए परब्रह्मपद (परमशिव पद) प्राप्त करता है; इससे भिन्न अन्य कारण से वह परम पद प्राप्त नहीं करता।।१०।।**

"आत्मानमरणिं कृत्वा" — इत्यादि। **'पण्डितः'** = शिवानुभवज्ञानी भक्त माहेश्वर आदि, **आत्मानम्** = अपने निर्मल चित्त को, **"आत्मा चित्ते शरीरे च"** अमरकोष के इस वचन में आत्मा के दो अर्थ हैं — चित्त और शरीर। **अरणिं कृत्वा** = "अरणी" वह काष्ठनिर्मित यज्ञसाधन है, जिसे मथकर अग्निप्रज्वलित किया जाता है, जिसे अरणी (नीचे की लकड़ी) बनाकर, **प्रणवम्** = अकार, उकार और मकार तीन मात्राओं से निर्मित ओङ्कारस्वरूप परब्रह्म-परशिवलिङ्ग को, **उत्तरारणिं कृत्वा** = ऊपर का अरणीकाष्ठ

---

१. सिद्धान्तशिखामणि ५.३६

च कृत्वा-उपरिकाष्ठं च कृत्वेत्यर्थः। **ध्याननिर्मथनाभ्यासात्**-अनुदिनमुचितकाले तैलधारावद् दीर्घघण्टानिनादवदविच्छिन्नमुच्चारणानुचिन्तनरूपाभ्यासाल्लिङ्गाङ्ग-सामरस्यबोधकप्रणवपञ्चाक्षरीजपाभ्यासाद् वेत्यर्थः। **पापम्**-तनुवाङ्मनःकृतमविदितं विदितं चाऽखिलदुरितमपीत्यर्थः। **दहति**-दहनं करोति, **'दह भस्मीकरण'** इति धातोः।

तथाहि श्रूयते श्रुतिशिवागमादिषु— **''ॐ तद् ब्रह्म''**।

प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयो भवेत्[1]।।

ह्रस्वो दहति पापानि दीर्घः सम्पत्प्रदोऽव्ययः।
अर्धमात्रासमायुक्तः प्रणवो मोक्षदायकः।।

तैलधारामिवाऽच्छिन्नं दीर्घघण्टानिनादवत्।
अवाच्यं प्रणवस्याऽग्रं यस्तं वेद स वेदवित्।।

बनाकर, **ध्याननिर्मथनाभ्यासात्** = प्रतिदिन यथावसर तेल की धारा अथवा घण्टा के निनाद के समान अविच्छिन्न ओंकार का उच्चारण तथा चिन्तन की वारंवार आवृति के कारण अथवा लिङ्गाङ्गसामरस्यसहित ओंकारपूर्वक पञ्चाक्षरी जप के अभ्यास के कारण, **पापम्** = शारीरिक, वाचिक और मानसिक अज्ञात-ज्ञात समस्त पाप को, **दहति** = जलाता है। जैसा कि वेद, शैवागम आदि ग्रन्थों में मंत्र हैं— **''ॐ तद् ब्रह्म''** वह ओंकारस्वरूप परब्रह्म है।

''प्रणवो धनुः'' इत्यादि। प्रणव (ओङ्कार) धनुष्यस्वरूप है और जीवात्मा बाणस्वरूप है, परब्रह्म परशिव को उसका लक्ष्य कहा जाता है। अतः शिवयोगी को चाहिये कि वह प्रमादरहित सावधान होकर बाण के समान परमशिवस्वरूप लक्ष्य का तन्मय होकर वेध करे।''

''ह्रस्वो दहति पापानि'' इत्यादि। (ॐकार के त्रिविध उच्चारण के फल भिन्न-भिन्न हैं।) ह्रस्व ओंकार का उच्चारण पापों को जलाता है। दीर्घ ओंकार का तथा सम्पत्ति को प्रदान करता है। अर्धमात्रा के साथ ओंकार का उच्चारण मोक्ष प्रदान करता है।

तेल की धारा के समान अथवा दीर्घकाल तक होने वाले घण्टानाद के समान अविच्छिन्न ओंकार का मूल कहा होता है? यह कहना असम्भव है। जो उसे समझता है, वहीं वेदों का जानकार होता है।

---

१. मुण्डक उ.२.२.४

हृत्पद्मकर्णिकामध्ये स्थिरदीपनिभाकृतिम्।
अङ्गुष्ठमात्रमचलं ध्यायेदोङ्कारमीश्वरम्[१]।।

ध्यात्वा मध्यस्थमात्मानं कलशान्तरदीपवत्।
अङ्गुष्ठमात्रमात्मानमधूमज्योतिरूपकम् ।।
प्रकाशयन्तमन्तःस्थं ध्यायेत् कूटस्थमव्ययम्।
ध्यायन्नास्ते मुनिश्चैव चाऽऽसुप्तेरामृतेस्तु यः।।
जीवन्मुक्तः स विज्ञेयः स धन्यः कृतकृत्यवान्[२]।।

ॐकारः सर्वमन्त्राणामुत्तमः परिकीर्तितः।
ॐकारेण प्लवेनैव संसाराब्धिं तरिष्यति।।

[क्योंकि **''ओङ्कारप्रभवा वेदाः''** — वेदों का जन्म ओंकार से ही हुआ है। ओंकार और ईश्वर का वाच्यवाचकभावसम्बन्ध है। दोनों अविनाभाव सम्बन्ध से एक साथ रहते हैं। ओंकार शब्द है और परमशिव उसका अर्थ। अत:] भक्त को अन्तर्वर्ती हृदयकमल की कर्णिका के बीच में स्थिर निश्चल दीपशिखास्वरूप अङ्गुष्ठ के बराबर अन्तर्यामी परमशिव का और उससे अभिन्न ओङ्कार का एक साथ उच्चारण और ध्यान करना चाहिये।''

''ध्यात्वा मध्यस्थमात्मानम्'' इत्यादि। जिस प्रकार कलश के बीच रहने वाली दीपशिखा प्रकाशित होती है, उसी प्रकार शरीरधारी प्राणी के हृदयकमल की कर्णिका में अन्तर्यामी जीवात्मा का वास है, जो अंगूठे के बराबर है। उसका प्रथम ध्यान करे उसके उपरान्त जो स्थूल-सूक्ष्मातीत निर्धूम ज्योति के समान प्रकाशमान कूटस्थ अविनाशी अव्यय परमशिव है और जो हृदयकमलवर्ती अन्तर्यामी आत्मा को प्रकाशित करता है, उसका ध्यान करना चाहिये। जो मुनि निद्रावस्था (समाधि) में भी उस परमशिव का आजीवन ध्यान करता है, उसे जीवन्मुक्त, धन्य और कृतकृत्य, सफलजीवन समझना चाहिये।''

''ओङ्कारः सर्वमन्त्राणाम्'' इत्यादि। ओङ्कार को सभी मन्त्रों में उत्तम कहा गया है। जीव ओङ्कारजप की नौका से ही संसारसागर को पार करेगा।

---

१. *ध्यानबिन्दूपनिषत्* १७-१९
२. पैङ्गलोपनिषत् अ.३

उमार्धविग्रहो देवो रुद्रः सत्यादिलक्षणः।
संसारतारकस्याऽस्य प्रणवस्याऽर्थ उच्यते[१]।।

अथ हैनं ब्रह्मचारिण ऊचुः — 'किं जप्येनाऽमृतत्वं ब्रूही'ति। स होवाच याज्ञवल्क्यः 'शतरुद्रीयेणे'त्येतानि ह वा अमृतस्य नाम ध्येयान्येतैर्ह वा अमृता भवन्ती'ति[२]।

शतरुद्रीयसंज्ञस्तु मन्त्रो जप्यो महत्तरः।
रुद्रजापी विमुच्येत महापातकपञ्जरात्।।

सम्यक् ज्ञानं च लभते तेन मुच्येत बन्धनात्।
अनेन सदृशं जप्यं नास्ति सत्यं श्रुतौ स्मृतौ।।

क्योंकि प्रणव (ओङ्कार) संसारसागर को तारनेवाला, परमशिव का वाचक शब्द है तथा सत्, चित् और आनन्दस्वरूप अर्धनारीश्वर भगवान् रुद्र शिव उसका अर्थ है।''

''अथ हैनम्'' इत्यादि। अनन्तर ब्रह्मचारियों ने याज्ञवल्क्य मुनि से पूछा— ''जप से क्या लाभ है? आप अमरता का अन्य उपाय कहें।'' याज्ञवल्क्य मुनि ने उनसे कहा— ''शतरुद्री का पाठ कीजिये। उस पाठ से अमृत परमशिव का नामसंकीर्तन करते हुए उसका ध्यान करना चाहिये। जीव उसी नाम-संकीर्तन से अमृतपद प्राप्त करते हैं अर्थात् जन्ममरणचक्र से छुटकारा पाकर अजर-अमर बन जाते हैं''।

''शतरुद्रीयसंज्ञस्तु'' इत्यादि। ''लम्बे शतरुद्री मन्त्र का जप करना चाहिये। उस रुद्र का जप करनेवाला महापातकों के पिंजड़े से छुटकारा पाता है और उसे समीचीन रूप से परब्रह्म परशिव का स्वरूप ज्ञात होता है और वह बन्धनमुक्त होता है। श्रुतियों एवं स्मृतियों में इसके समान अन्य मन्त्र जपयोग्य नहीं है, यह सत्य है।

---

१. सू.सं.यज्ञ.अ.२
२. जाबालोपनिषत् २

एषा पञ्चाक्षरी विद्या शतरुद्रीयमध्यगा।
पञ्चाक्षरे महादेवः सर्वदा सुप्रतिष्ठितः।।
आचार्यमुखतः प्राज्ञाः! सिद्ध्यत्येवाऽचिरेण तु।
आचार्यरहितो मन्त्रः पुंसोऽनर्थस्य कारणम्[१]।।
तस्माज्जीवो भवेच्छम्भुः क्रिमिवत् कीटचिन्तनात्[२]।

ॐकारात्मकलिङ्गरूपसदाशिवस्मरणपूर्वकध्यानेन रसवेधेन ताम्रादिकं यथा स्वभावविद्धताम्रत्वादिकं विहाय हेमत्वं प्राप्नोति, क्रिमिः कीटको भृङ्गध्यानेन स्वाभाविकक्रिमित्वनिवृत्तिपूर्वकभृङ्गत्वं यथा प्राप्नोति, तथा परशिवात्मकत्वेन प्रणवोपासनं यो जीवः करोति, स तथैव स्वाभाविकजीवत्वनिवृत्तिपूर्वकशिवत्वं प्राप्नोतीति रहस्यमुपदिष्टमिति। **ॐमिति ब्रह्म ओमितीदँ सर्वम्** इत्यादि

''एषा पञ्चाक्षररी विद्याः'' इत्यादि। शतरुद्री महामन्त्र के मध्य में ''पञ्चाक्षरी विद्या'' है— (**''ॐ''**) **''नमः शिवाय''**। इन पाँच अक्षरों में सदा सर्वदा महादेव विराजते हैं। विद्वज्जनों! इस पञ्चाक्षर मन्त्र को गुरुमुख करने पर वह तत्काल सिद्ध होता है। गुरुमुख के बिना मन्त्रजप उस पुरुष के अनर्थ का कारण होता है।''

''तस्माज्जीवः'' इत्यादि। गुरुमुख से प्राप्त इस पञ्चाक्षरी मन्त्रजप से जीव उसी प्रकार शिवस्वरूप होता है, जिस प्रकार विशिष्ट प्रकार का कीट भ्रमर के चिन्तन से भ्रमरस्वरूप हो जाता है।

जो जीव परशिवस्वरूप से प्रणव (ओंकार) की उपासना करता है, अर्थात् ओंकारस्वरूप लिङ्गरूप में सदाशिव का स्मरण और ध्यान करता है, वह उसी प्रकार स्वाभाविक जीवत्व (पशुत्व) से छुटकारा पाते हुए शिवत्व प्राप्त करता है, जिस प्रकार रसवेध से ताम्बा आदि धातु अपने स्वभावसिद्ध ताम्रत्व आदि को छोड़कर सोना आदि बन जाता है, अथवा क्रिमिकीट भौरे का ध्यान करते हुए स्वाभाविक क्रिमित्व को छोडकर भौंरा बन जाता है, इस समस्त रहस्य का उपदेश वृषभपण्डितराध्यचरणों ने **''ओमिति ब्रह्म ओमितीदं**

---

१. स्.सं.यज्ञ.अ.२४
२. श्रीकरभा.पृ.४२

शिक्षावल्ल्यष्टमानुवाकभाष्ये वृषभपण्डिताराध्यचरणैः प्रदर्शितमत्र संक्षिप्तमिति।।११।।

प्रसादि-प्राणलिङ्गिस्थले

स एव मायापरिमोहितात्मा
शरीरमास्थाय करोति सर्वम्।
स्त्र्यन्नपानादिविचित्रभोगैः
स एव जाग्रत् परितृप्तिमेति।।१२।।

स्वप्ने स जीवः सुखदुःखभोक्ता
स्वमायया कल्पितजीवलोके।
सुषुप्तिकाले सकले विलीने
तमोऽभिभूतः सुखरूपमेति।।१३।।

स एवेति। प्रणवात्मकशिव एव लिङ्गमेवेत्यर्थः। **मायापरिमोहितात्मा-** माययाऽविद्यया परिमोहितो व्यामोहित आत्मा यस्य सः तथाभूतः सन्, अनाद्यविद्यासम्बन्धात् किञ्चिज्ज्ञत्वकिञ्चित्कर्तृत्वादिधर्मवान् जीवात्मा सन्नित्यर्थः।

सर्वम्'' इत्यादि शिक्षावल्ली अष्टम अनुवाद का भाष्य करते समय सविस्तर प्रतिपादन किया है, उसका सारसंक्षेप यहाँ दिया गया है।।११।।

***मन्त्रार्थ*— शिवानुभवज्ञानी पण्डित को चाहिये कि वह अपने निर्मल चित्त को नीचे की अरणी तथा ओङ्कारजप को ऊपर की अरणी बनाए तथा ओङ्कारस्वरूप शिव के ध्यान और अभ्यास के द्वारा अरणीमन्थन करे। उससे जो अग्निशिखा प्रज्ज्वलित होगी, उससे उस शिवयोगी के कायिक-वाचिक-मानसिक-ज्ञात-अज्ञात सभी पाप भस्मसात होंगे।।११।।**

प्रसादी स्थल और प्राणलिङ्गी स्थल

''स एव माया'' इत्यादि। **स एव** = प्रणवात्मक शिवस्वरूप लिङ्ग ही, **मायापरिमोहितात्मा** (मायया परिमोहितः आत्मा यस्य सः) = अविद्या के आवरण से परिच्छिन्न होकर अर्थात् अनादि अविद्या के सम्बन्ध से किञ्चित्ज्ञत्व,

शरीरम्-देहं, तदुपलक्षितेन्द्रियादिकमपीत्यर्थः। **आस्थाय**-उपस्थाय, सङ्गम्योपलभ्येति भावः। **स्त्र्यन्नपानादिविचित्रभोगैः**-वनिताऽशनवसनादिनानाविचित्रभोगसाधनैः सह, **सर्वम्**-समस्तव्यवहारादिकमपि, **करोति**-कुरुते आचरति, **'डुकृञ् करण'** इति धातोः। **स एव**-स विश्वाख्यो जीव एव। **जाग्रत्परितृप्तिम्**-जाग्रदवस्थायां सन्तृप्तिम्। **एति**-प्राप्नोति, **'इण् गतावि'**ति धातोः। **स जीवः**-स तैजसाख्यो जीव एवेत्यर्थः। **स्वप्ने**-देहेन्द्रियव्यापारशून्ये केवलमानसिकादिव्यापारात्मके स्वप्नावस्थायामित्यर्थः। सङ्कुचितावयवकूर्मवद् भासमानावस्थायामिति यावत्। **स्वमायया**-स्वकीयाऽविद्यया, **कल्पितजीवलोके**-सङ्कल्पितजीवप्रपञ्चे, **सुखदुःखभोक्ता**-सुखं च दुःखं च सुखदुःखे, ते भुङ्क्त इति सुखदुःखभोक्ता, जाग्रत्कृतकर्मवासनानुसारेण सुखदुःखेऽनुभवन् सन्नित्यर्थः। **सुषुप्तिकाले**-केवलतमसावृतमायावृत्यात्मकसुषुप्त्यवस्थायामित्यर्थः। स्वार्भकान् स्वान्तर्गर्भीकृत्य निद्रायां स्थितकुक्कुटवद्भासमानावस्थायामिति यावत्। **सकले**-

---

किञ्चित्कर्तृत्वशील जीवात्मा के रूप में अवतीर्ण होते हुए, **शरीरम्** = शरीर और उससे उपलक्षित इन्द्रिय, मन आदि को भी, **उपस्थाय** = प्राप्त कर, **स्त्र्यन्नपानादिविचित्रभोगैः** = भार्या-खानपान-वस्त्र आदि चित्रविचित्र उपभोगसामग्री के साथ, **सर्वं करोति** = सभी व्यवहार भी करता है। ''**करोति**'' यह **'डुकञ् करणे'** धातु का परस्मैपदी लट्लकार का रूप है। (उस जीव के त्रिविध रूप हैं— विश्व, तैजस और प्राज्ञ उनमें से) **स एव** = वही जीवात्मा विश्व नाम से, **जाग्रत्** = जाग्रत अवस्था में, **परितृप्तिम्** = अत्यन्त सन्तोष, **एति** = प्राप्त करता है, यह **'इण् गतौ'** इस धातु का रूप है। **स जीवः** = वही जीवात्मा तैजस नाम से, **स्वप्ने** = देह और इन्द्रियों के व्यापार से शून्य केवल मानस व्यापारस्वरूप स्वप्नावस्था में, जो ऐसी प्रतीत होती है, जैसे कछुवे ने अपने अङ्ग-प्रत्यङ्ग को सिकोड लिया हो। **स्वमायया** = अपनी कल्पित अविद्या (अज्ञान) द्वारा, **सुखदुःखभोक्ता**— सुखं च दुःखं च सुखदुःखे ते भुङ्क्ते इति सुखदुःखभोक्ता'' इस प्रकार इतरेतर द्वन्द्व के साथ उपपद तत्पुरुष समास करना चाहिये। जाग्रत् अवस्था में किये गये कर्मवासनाओं के अनुसार सुख और दुःख का अनुभव करने वाला, **सुषुप्तिकाले** = सुषुप्ति (निद्रा) की स्थिति में, जो ''तमस्'' (अन्धकार) से घिरी माया की आवृत्तिस्वरूपिणी होती है, उस समय ऐसा प्रतीत होता है मानो मुर्गी अपने नन्हें-

निखिलमनोव्यापारेऽपि, **विलीने** सति, केवलतमसावृतमायावृत्तौ तल्लीने सतीत्यर्थः। **सः**-तत्प्राज्ञाख्यो जीवः। **तमोऽभिभूतः**-केवलतमसावृतः सन्, **सुखरूपम्**-सुखस्वरूपनिद्रानन्दम्, **"सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिषम्"** इत्याकारात्मकप्राकृतिकानन्दमित्यर्थः। **एति**-प्राप्नोति, **'इण् गतावि'**ति धातोः। बद्धजीवस्य व्यवहारपद्धतिरियं किन्तु त्यागभोगयोगाङ्गात्मको विश्वतैजसप्राज्ञाख्यः शुद्धजीवस्तु तत्तदवस्थासु तत्तद्व्यापारादिकमपि सर्वं तत्तल्लिङ्गमुखार्पणधिया भक्त्या च करोति भुङ्क्ते च। अत एव स लिङ्गार्पितोपभोगेन तन्निर्लेपतामेवेयादिति विशेषः। तयोरेतादृशं वैलक्षण्यं ज्ञेयमिति भावः। अलमतिविस्तरेण।

अंशो नानाव्यपदेशात्[1]

मुन्ने बच्चों को छिपाकर नींद ले रही हो। **सकले** = सम्पूर्ण मानसिक व्यापार के भी, **विलीने सति** = केवल तमस् के आवरण से ढकी हुई माया की आवृत्ति होने पर अर्थात् गाढान्धकार में मानस व्यापार का विलय होने पर, **सः** = प्राज्ञ नामक वह जीवात्मा, **तमोऽभिभूतः** = केवल तमस् (गाढान्धकार) के आवरण से वेष्टित होते हुए, **सुखरूपम्** = सुखस्वरूप निद्रा के आनन्द को, **एति** = प्राप्त करता है। ("इण्"+लट्+तिप्=एति) उस प्राकृतिक निद्रा के आनन्द का आकार है— **"सुखमहमस्वाप्सम्, न किञ्चिदवेदिषम्"** मैं सुखपूर्वक खूब सोया, किन्तु उसकी कुछ भी अनुभूति नहीं हुई (दो प्रकार के जीव होते हैं— बद्ध और शुद्ध (१) केवल समययापन बद्ध जीव की जीवन-निर्वाह की शैली है। किन्तु शुद्ध जीव के तीन भेद हैं— त्यागाङ्ग अथवा "विश्व" नामक जीव, भोगाङ्ग अथवा तैजस नामक जीव और योगाङ्ग अथवा "प्राज्ञ" नामक जीव। ऐसा जीवन उन उन जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति अवस्थाओं में भी उन उन समस्त व्यापारों को भावलिङ्ग-प्राणलिङ्ग-इष्टलिङ्ग को भक्तिपूर्वक यथाक्रम शिवार्पण करता है और उसके प्रसादस्वरूप उसका उपभोग करता है। अत एव इस प्रकार निर्लिप्तभाव से उपभोग करने के कारण वह निर्लिप्त ही रहता है यह उसका वैशिष्ट्य है। इस प्रकार बद्ध और शुद्ध जीव का अन्तर समझना चाहिये। "अलमतिविस्तरेण"।

इसमें विविध प्रमाणवचन हैं, यथा— **"अंशो नानाव्यपदेशात्"**, जीव परमशिव का अंशस्वरूप है, जो अनेक नाम-रूपों से अवस्थित है।

---

१. ब्र.सू.अ.२, पा.३, सू.४०

अनाद्यविद्यासम्बन्धात् तदंशो जीवनामकः।
देवतिर्यङ्मनुष्यादिजातिभेदे व्यवस्थितः।।
मायी महेश्वरस्तेषां प्रेरको हृदि संस्थितः[१]।।

यथा सुदीप्तात् पावकात् विस्फुलिङ्गाः सहस्रशः प्रभवन्ते सरूपाः।
तथाऽक्षराद् विविधाः सौम्य! भावाः प्रजायन्ते तत्र चैवाऽपियन्ति[२]।।

''आलयः सर्वभूतानां लोकानां सर्वसम्पदाम्।
यद् भवेत् परमं ब्रह्म स्थलं तत् प्राहुरक्षरम्।।
परनिर्वाणनिष्ठानां यद् भवेत् परमं पदम्।
तदाहुः स्थलमद्वैतं शिवज्ञानैकतत्पराः।।
स्वशक्तिक्षोभमात्रेण स्थलं तद् द्विविधं भवेत्[३]।''

''अनाद्यविद्यासम्बन्धात्'' इत्यादि। ''अनादि अविद्या सम्बन्ध से परब्रह्म परशिव का **''जीव''** नामक अंश देव-पशु-पक्षी, मनुष्य आदि विविध चौरासी जातियों में रहता है। चिच्छक्ति (माया) से विशिष्ट सोपाधिक **''मायी''** महेश्वर उनका प्रेरक है, जो उनकी हृदयगुफा में ही अवस्थित है।''

''यथा सुदीप्तात् पावकात्'' इत्यादि। ''जिस प्रकार प्रज्वलित अग्नि से उसके समान हजारों चिनगारियाँ जन्म लेती हैं, हे सौम्य! उसी प्रकार अक्षर परमशिव से अनादि अविद्या के संबंध से उसी के अंशस्वरूप विविध जीव जन्म लेते हैं और उसी में विलीन होते हैं।''

''आलयः सर्वभूतानाम्'' इत्यादि। ''सभी चराचर प्राणियों का आश्रयस्थान, स्वर्ग-मृत्यु-पाताल सभी लोगों की समस्त चल-अचल सम्पदा की, जो परब्रह्म परमात्मा का स्वरूप लिङ्गमूर्ति परशिव है, (क्षरणरहित) अक्षर उस परशिव को ही **स्थल** कहते हैं। जो लिङ्गाङ्गसामरस्यात्मक सुखस्वरूप परम निर्वाण (मोक्ष) में निष्ठा रखते हैं, उनका जो परम पद है, केवल शिवज्ञानोपासना में विलीन मुमुक्षुओं ने उसे **अद्वैत स्थल** कहा है। वह स्थल अपनी मायामयी चित्शक्ति के विक्षोभमात्र से द्विविध होता है— लिङ्गस्थल और अङ्गस्थल।''

---

१. सि.शि.म.५.३४-३५
२. मुं.उ.२.१.१
३. अनु.२.८-१०

"शक्तिः प्रवृत्तिराख्याता निवृत्तिर्भक्तिरीरिता।
शक्त्या प्रपञ्चसृष्टिः स्याद् भक्त्या तद्विलयो मतः।।
शक्तिवैचित्र्यतो रूपं नीरूपमपि याति हि।
भक्तिवैचित्र्यतो रूपमपि नीरूपतामियात्[1]।।"

"आत्मोपभोगजातानि द्रव्याणि त्रिविधानि हि।
स्थूलाख्यं प्रविविक्ताख्यमानन्दाख्यमिति त्रिधा।।
स्थूलद्रव्यं भवेत् रूपं प्रविविक्तं रुचिर्भवेत्।
आनन्दस्तु भवेत् तृप्तिरेवमेव पृथक् क्रमात्[2]।।"

"रूपद्रव्यार्पको विश्व इष्टलिङ्गे स्वभावतः।
रुचिद्रव्यार्पकः साक्षात् प्राणलिङ्गे तु तैजसः।।
भावलिङ्गे सदा प्राज्ञ आनन्दार्पक उच्यते[3]।"

"शक्तिः प्रवृत्तिराख्याता" इत्यादि। (पारमार्थिक दृष्टि से शक्ति और भक्ति में कोई भेद न होने पर भी) 'प्रवृत्ति' **'शक्ति'** नाम से प्रसिद्ध है, और **निवृत्ति** भक्ति नाम से। शक्ति के द्वारा समस्त संसार की सृष्टि होती है और भक्ति के द्वारा उसका विलय (संहार)। शक्ति (प्रवृत्ति) की विविधता से निर्गुण-निराकार रूपहीन भी सगुण-साकार हो जाता है, विशिष्ट स्वरूप धारण करता है। भक्ति (निवृत्ति) की विविधता से सगुण-साकार-रूपवान् भी निर्गुण-निराकार रूपहीन हो जाता है।

"आत्मोपभोगजातानि" इत्यादि। तीन प्रकार के द्रव्य परब्रह्म-परशिव के उपभोग के लिये उत्पन्न हुए हैं। उनके तीन नाम हैं— स्थूल, प्रविविक्त और आनन्द। स्थूल द्रव्य **'रूप'**, प्रविविक्त द्रव्य **'रुचि'** और आनन्द द्रव्य **'तृप्ति'** होता है।

"रूपद्रव्यार्पको विश्व" इत्यादि। "स्वाभाविक रूप से इष्टलिङ्ग को रूप द्रव्यका समर्पण करने वाला जीव **"विश्व"**, साक्षात् प्राणलिङ्ग को रुचि द्रव्य समर्पित करने वाला जीव **"तैजस"** तथा सदा भावलिङ्ग की आनन्द द्रव्य का भोग लगाने वाला जीव **"प्राज्ञ"** कहा जाता है।"

---

१. अनु.२.२७-२९
२. अनु.७.९-११
३. अनु.७.१२-१४

''लिङ्गार्पणधिया ह्यात्मा प्रसादसुखमश्नुते[१]।।''

''तत्तदर्पणतो लब्धं प्रसादं तत्तदादरात्।
भुङ्क्ते यत्नात् स्वयं विश्वतैजसप्राज्ञरूपतः।।
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिसर्वावस्थासु सर्वदा।
लिङ्गार्पितोपभोगेन निर्लेपोऽयं न संशयः[२]।।''

''लेपोऽज्ञं न जहेज्जातु तज्ज्ञं स्पृशति न क्वचित्।
सर्पिषा लिप्यते पाणी रसना नैव लिप्यते।।
यथा कालिकया दृष्टौ सम्पृक्तापि न लिप्यते।
पक्ष्मणोरन्तरा तारा तथा सम्यक् शिवात्मवित्।।

''लिङ्गार्पणधिया'' इत्यादि। ''इस प्रकार त्रिविध जीवात्मा अपने अपने लिङ्ग को रूपादि द्रव्य को समर्पित करने की भावना रखते हुए उसके अवशिष्ट प्रसादोपभोग का आनन्द प्राप्त करता है।''

''तत्तदर्पणतो लब्धम्'' इत्यादि। ''यतः जीव विश्व, तैजस और प्राज्ञ के रूप में इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्ग को यथाक्रम 'रूप', 'रुचि' और 'आनन्द' द्रव्य का समर्पण करते हुए जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति सभी अवस्थाओं में प्रयत्नपूर्वक अवशिष्ट प्रसाद ग्रहण करता है, अतः इस शिवार्पणबुद्धि से वह जीव अलिप्त रहता है इसमें कोई संशय नहीं है।''

''लेपोऽज्ञं न जहेज्जातु'' इत्यादि। अज्ञानी को कर्मबन्धन रहता है और ज्ञानी को वह नहीं रहता। इसीका विवेचन इस प्रकार किया गया है—शिवतत्त्व से अज्ञ जीव को सांसारिक उपभोग का लेप कभी भी नहीं छोड़ता और शिवज्ञानी को वह कभी स्पर्श नहीं करता। उदाहरणार्थ दोनों हाथ घी से भले सन जाय, किन्तु जीभ उससे लिप्त नहीं होती। जिस प्रकार आंखों में काजल लगाने पर भी पलकों के बीच में पुतली (रेटीना) को काजल का स्पर्श नहीं होता, उसी प्रकार शिवार्पणबुद्धि से किया गया उपभोग शिवतत्वज्ञानी को अलिप्त ही रखता है।

---

१. अनु.७.३६
२. अनु.७.२३-२४

शरीरादिपदार्थांश्च दत्वा दानं समर्पणम्।
समर्प्य सोऽहमस्मीति दासोऽहम्भाव उच्यते।।

इन्द्रियादागतं किञ्चिद् यत् सुखं तच्छिवार्पितम्।
तत्प्रसादन्तु भोक्तव्यं तदिन्द्रियमुखेन च।।

येन गन्धरसौ रूपस्पर्शशब्दरतिक्रियाः।
एतेनैव विजानाति किमत्र परिशिष्यते।।

एवं लिङ्गार्पितं सर्वमिति यो वेत्ति तत्त्वतः।
सोऽश्नुते सकलान् भोगान् विपश्चित् ब्रह्मणा सह।।

लिङ्गदेही शिवात्माऽयं लिङ्गाचारो न लौकिकः।
सर्वं लिङ्गमयं रूपं लिङ्गेन सममश्नुते।।

सर्वाङ्गं लिङ्गमेव स्यादन्नपानाद्यमर्पितम्।
प्रसादतृप्तिरेव स्यात् सर्वं लिङ्गमयत्वतः।।

परशिव को शरीरादि पदार्थों का दान ही वास्तविक दान अथवा समर्पण है और उसे समर्पित कर **''सोऽहम् अस्मि''** (मैं जीव वही परशिव-परब्रह्म हूँ) यह भाव **''दासोऽहम्भाव''** कहलाता है। घ्राणेन्द्रिय आदि इन्द्रिय से प्राप्त होने वाला जो कुछ गन्ध आदि विषयसुख है, उसे शिव को अर्पित करना चाहिये तथा उन इन्द्रियों द्वारा ही उसका अवशिष्ट प्रसाद ग्रहण करना चाहिये। जिसके द्वारा घ्राणेन्द्रिय का गन्ध, रसनेन्द्रिय का रस, नेत्र का रूप, त्वचा का स्पर्श, कान का (और वागिन्द्रिय का) शब्द, (उपस्थ की) रतिक्रिया शिवार्पण बुद्धि से इनका उपभोग उसके प्रसादस्वरूप किया जाय, तो यहाँ क्या अवशिष्ट रहेगा। ''यह सभी मैंने शिवार्पण बुद्धि से किया है'' इस प्रकार जो जीव पारमार्थिक रूप से जानता है, वह ब्रह्मज्ञानी जीवात्मा परब्रह्म परशिव के साथ समस्त भोगों का उपभोग करता है। ऐसा जीवात्मा लिङ्गदेहधारी तथा शिवस्वरूप होता है। यह **'लिङ्गाचार'** लौकिक आचार नहीं है। यह समस्त दृश्यमान जगत् का रूप शिवलिङ्ग का ही रूप है यह समझकर तत्त्वज्ञानी लिङ्ग के साथ विषयोपभोग करता है। अन्न (खाद्य) और पान (पेय) आदि जो कुछ शिव को समर्पित है, वह सब लिङ्गस्वरूप ही है। केवल उसको अवशिष्ट प्रसाद पाकर ही मुझे तृप्ति मिलेगी। यह सभी पदार्थ परब्रह्म परशिवलिङ्ग को ही प्राप्त हों।''

एतदर्पणसद्भावज्ञानं वेदान्तवाक्यजम्।
गुरूपदेशतः साध्यं नाऽन्यथा शास्त्रकोटिभिः[१]।।"

"अनात्मात्मेत्युभे तत्त्वे वेदितव्ये विवेकतः।
अनात्मरूपो देहादिरात्मा तद्व्यतिरिच्यते।।

अनात्माचारोऽनाचार ईरितः समलः सुखम्।
देहादिधर्मो ह्यज्ञानलक्षणो लौकिको जडः।।

अनात्माचारतत्त्वज्ञैरनाचारः प्रकीर्तितः।
आत्माचारो ह्यदेहादिधर्मः सुज्ञानलक्षणः।।
अलौकिकः स्यादजडः सद्भिराचार आदृतः[२]।।"

"जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्याख्यावस्थारूपेण भाति यः।
स विश्वतैजसप्राज्ञसमाख्यः क्रमशो भवेत्।।

इस प्रकार का शक्तिविशिष्टाद्वैत वेदान्तदर्शनग्रन्थों में जो शिवार्पणभावना का मूल मर्म है, वह गुरु के उपदेश से ही प्राप्त किया जा सकता है, केवल करोड़ों शास्त्रग्रन्थ पढ़कर नहीं।"

"**अनात्मात्मेत्युभे तत्त्वे**" इत्यादि। "विवेकपूर्वक दो तत्त्वों को जानना चाहिए — अनात्मा और आत्मा। देह, इन्द्रिय, भवबुद्धि आदि अनात्मा है और उससे भिन्न परब्रह्म-परमशिव आत्मा। अनात्मा से सम्बन्धित आचार अनाचार कहलाता है, जो आणव, मायीय और कार्म त्रिविध मलदूषित देह-इन्द्रिय आदि का धर्म लौकिक सुख है तथा अज्ञानस्वरूप लौकिक जड है। इसी को अनात्मा देहादि के आचारतत्ववेत्ताओं ने "**अनाचार**" कहा है। यतः परब्रह्म परमात्मास्वरूप परमशिव का आचार देह-इन्द्रियादि से भिन्न धर्म है, जिसका स्वरूप है सुज्ञान (सम्यक् ज्ञान), वह अलौकिक अजड होता है और सन्त-महात्मा उसे "आचार" (सदाचार) के नाम से आदर देते हैं।"

"**जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्याख्या**" इत्यादि। जो जीवात्मा जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति तीन अवस्थाओं में रहता है, वही विश्व, तैजस और प्राज्ञ नाम से प्रसिद्ध है। विश्व नामक जीव स्थूल द्रव्य का, तैजस नामक जीव प्रविविक्त द्रव्य का

---

१. अनु.सू.अ.७.५९-६७
२. विशेषार्थ प्र.अ.३

विश्वो हि स्थूलभुक् नित्यं तैजसः प्रविविक्तभुक्।
प्राज्ञस्त्वानन्दभुक् साक्षी केवलः सुखलक्षणः[१]।।''

''य एष सुप्तेषु जागर्ति कामं कामं पुरुषो निर्मिमाणः।
तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म तदेवाऽमृतमुच्यते[२]।।''

''सर्वं ह्येतद् ब्रह्माऽयमात्मा ब्रह्मणोऽयमात्मा चतुष्पात्।।२।।

जागरितस्थानो बहिःप्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशति-
मुखः स्थूलभुक् वैश्वानरः प्रथमः पादः।।३।।

स्वप्नस्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशति-
मुखः प्रविविक्तभुक् तैजसो द्वितीयः पादः।।४।।

यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते
कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत् सुषुप्तम्।

और प्राज्ञ नामक जीव आनन्द द्रव्य का उपभोग करता है। परब्रह्मपरशिवस्वरूप परमात्मा केवल सुखस्वरूप और जीवात्मा का मात्र साक्षी होता है।''

''य एष सुप्तेषु जागर्ति'' इत्यादि। ''जो प्राणियों को हृदयगुफा में समाधिनिद्रा में अवस्थित परमात्मा सुप्त अज्ञाननिद्रा में अवस्थित बीवात्माओं के बीच जागरूक रहता है, उसे ही ''शुक्र'', ''ब्रह्म'' और उसे ही ''अमृत'' कहा जाता है।''

''सर्वं ह्येतद् ब्रह्म'' इत्यादि। जो कुछ दृश्यमान जगत् है वह सब कुछ परब्रह्म है, यह आत्मा है, यह ब्रह्मदेव की आत्मा है, जिसके चार चरण हैं।।२।। उसका प्रथम चरण है जाग्रत् अवस्था में रहने वाला **''बहिप्रज्ञ''** (बहिर्मुख) सात अंगों से सुशोभित उन्नीस मुखों वाला ''स्थूल'' द्रव्य का भोक्ता वैश्वानर **विश्व** जीव।।३।। उसका द्वितीय चरण है स्वप्नावस्था में रहने वाला अन्तःप्रज्ञ (अन्तर्मुख) सात अंगों तथा उन्नीस मुखों वाला ''प्राविविक्त द्रव्य का भोक्ता **तैजस** जीव।।४।। 'सुषुप्त अवस्था' वह है जहाँ सोया हुआ न तो कोई कामना करता है और न स्वप्न देखता है। उस अवस्था में रहने

---

१. ब्र.गी.अ.८
२. कठ.उ.अ.२, व.५

सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो
ह्यानन्दभुक् चेतोमुखः प्राज्ञस्तृतीयः पादः।।५।।

एषु सर्वेश्वर एषु सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष
योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्।।६।।

नान्तःप्रज्ञं न बहिःप्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञं
न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाऽप्रज्ञम्।
अदृष्टमव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणमव्यपदेश्य-
मेकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शान्तं
शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स विज्ञेयः[१]।।७।।

''बद्धशुद्धादिभेदेन जीवत्रयमिदं स्मृतम्।
गुरुदीक्षाविहीनश्च शिवभक्तिविवर्जितः।।

स्वकर्तृत्वाभिमानी तु बद्धः स पशुरुच्यते।
गुरुदीक्षां परां लब्ध्वा कैङ्कर्यत्रयसंयुतः।।

वाला एकत्रित 'घृतकाठिन्यन्याय' से प्रज्ञानधन आनन्दस्वरूप आनन्दद्रव्य का उपभोग करनेवाला चेतोमुख (एकाग्रचित्त) **प्राज्ञ** जीव उसका तृतीय चरण है॥५॥ इन सभी जीवों में सर्वेश्वर का वास है, वहाँ सर्वज्ञ रहता है, यह अन्तर्यामी है, यह सबका जन्मस्थान, सृष्टि और संहारस्वरूप है॥६॥ जो न तो अन्त:प्रज्ञ है, न बहि:प्रज्ञ है, न उभयप्रज्ञ है, न प्रज्ञानघन है, न प्रज्ञ है और न अप्रज्ञ। जो दृष्टिगोचर नहीं होता, व्यवहारयोग्य और ग्राह्य नहीं है, जिसका न तो कोई लक्षण (स्वरूप) है, और न उसे किसी नाम से पुकारा जा सकता है; जो एकात्मकता की अनुभूति का सारसर्वस्व है, जिससे सांसारिक प्रपञ्च शान्त होते हैं और जो स्वयं शान्त है उसे अद्वैत चतुर्थ चरण समझते हैं और केवल वही जानने योग्य है।''

''बद्धशुद्धादिभेदेन'' इत्यादि। जीव के तीन भेद हैं— बद्ध, शुद्ध और मुक्त। जो गुरुद्वारा दी जानेवाली त्रिविधदीक्षा से वञ्चित और शिवभक्ति से विहीन होता है, जिसे अपने कर्तृत्व का अभिमान रहता है, वह जीव कर्मपाशबन्धनों से जकड़ा हुआ बद्ध होता है अत: **''पशु''** कहलाता है।

---

१. माण्डूक्य उ. आगम प्र.२-७

शान्त्यादिसद्गुणोपेतो मुमुक्षू रागवर्जितः।
शिवाधीनसुधीर्भक्तः शुद्धजीव इति स्मृतः।।

शिवयोगशिवज्ञानविभवानन्दसंयुतः ।
प्रचण्डातपमध्यस्थशुद्धकर्पूरदीपवत् ।।

शिवाकारे पराकाशे कोटिसूर्यप्रकाशके।
विलीनचित्तवृत्तिस्तु मुक्तजीव इति स्मृतः[१]।।''

जो परम गुरुदीक्षा को प्राप्त कर त्रिविध कैङ्कर्य (दासभाव) तथा शान्ति आदि सद्गुणों से युक्त, मुक्तिकाम और रागद्वेषविहीन शिवार्पण की सद्बुद्धि रखनेवाला भक्त होता है, वह जीव ''**शुद्ध**'' कहलाता है।

जो लिङ्गाङ्गसामरस्यमुक्तिसुखदायक शिवयोग, परशिवस्वरूप ब्रह्मज्ञानवैभव और दुःखरहित परमानन्द से युक्त होता है तथा प्रचण्ड आतप के बीच कर्पूर-दीप के समान प्रकाशमान रहता है और जिसकी चित्तवृत्ति करोड़ों सूर्यों को प्रकाशित करने वाले शिवाकार ग्रहण करने वाले परम (श्रेष्ठ) चिदाकाश में विलीन होती है, उसे **मुक्तजीव** कहते हैं।'' — श्रीकरभाष्य ।

इस प्रकार ब्रह्मसूत्र, सिद्धान्तशिखामणि, अनुभवसूत्र, मुण्डकोपनिषत्, विशेषार्थप्रकाशिका, माण्डूक्योपनिषत्, कठोपनिषत्, श्रीकरभाष्य आदि ग्रन्थों में मुक्तजीव द्वारा परमशिव प्राप्ति का विशद वर्णन किया गया है।

मन्त्रार्थ— जीव के चतुर्विध स्वरूप हैं। प्रथम वह द्विधा विभक्त है– बद्ध और शुद्ध। अज्ञानमयी माया से आवृत बद्धजीव, तीन अवस्थाओं में रहता है– जाग्रत् अवस्था, स्वप्नावस्था और सुषुप्ति अवस्था। वह जाग्रत् अवस्था में अपने देह-इन्द्रिय आदि का आश्रय लेते हुए भार्या, अन्न-पान आदि वैषयिक वस्तुओं का क्षणिक सुख प्राप्त करता है, स्वप्नावस्था में केवल अपने मानस व्यापार द्वारा काल्पनिक लोक में विचरण करते हुए सुख दुःख का अनुभव करता है और सुषुप्ति अवस्था में गाढ निद्रा में रहकर वह किसी प्रकार की अनुभूति नहीं करता।

''शुद्धजीव के तीन स्वरूप हैं– विश्व अथवा त्यागाङ्ग, तैजस अथवा भोगाङ्ग तथा प्राज्ञ अथवा योगाङ्ग। जीव की प्रवृत्ति संसार में 'शक्ति' के

---

१. श्रीकरभा. २०७

इति सूत्रश्रुत्यनुभवसूत्राऽऽगमादिषु बहुधा प्रपञ्चितमतिविस्तरभयान्न लिख्यतेऽस्माभिरत्र।।१२।।१३।।

पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात्
स एव जीवः स्वपिति प्रबुद्धः।
पुरत्रये क्रीडति यश्च जीवः
ततस्तु जातं सकलं विचित्रम्।
आधारमानन्दमखण्डबोधं
यस्मिन् लयं याति पुरत्रयं च।।१४।।

पुनश्चेति। **पुनश्च-** पुनरपि, **स एव जीवः**-स प्राज्ञाख्यो जीव एव, **जन्मान्तरकर्मयोगात्**-अन्यज्जन्म जन्मान्तरं तस्य कर्म जन्मान्तरकर्म तस्य योगस्तस्मात्, जन्मान्तरीयकर्मवासनासम्बन्धादित्यर्थः। **स्वपिति**-शेते, **प्रबुद्धः**-सुषुप्त्यवस्थायां जाग्रन् सन्, **पुरत्रये**-पुराणां स्थूलसूक्ष्मकारणशरीराणां त्रयं तस्मिन् तनुत्रये **क्रीडति**-विनोदं करोति, **'क्रीड विहरण'** इति धातोः। **ततस्तु**-तस्मादेव, **यश्च जीवः**-यो विश्वादिजीवः साक्षात् शिव एव, न त्वन्यः। चकारस्त्वेवकारार्थे विद्यते, **ततस्तु-** तस्माज्जातं तत्प्रादुर्भूतम्, **विचित्रम्**-आश्चर्यं

कारण होती है और निवृत्ति 'भक्ति' के कारण। उसकी शिवार्पण बुद्धि से ही वह कर्मलेप से अलिप्त रहता है। मुक्त जीव वह होता है जिसकी चित्तवृत्ति कोटिसूर्यतुल्य परमशिवस्वरूप चिदाकाश में विलीन होती है।।१२।।१३।।

"पुनश्च जन्मान्तर" इत्यादि। **पुनश्च** = फिर से, **यश्च जीवः** = प्राज्ञ नामक जो जीव, **जन्मान्तरकर्मयोगात्** (अन्यत् जन्म जन्मान्तरम्, तस्य कर्मणः योगात्) = पूर्वजन्म की कर्मवासना के सम्बन्ध से, **स्वपिति** = अज्ञाननिद्रा में मग्न रहता है। **प्रबुद्धः** = अज्ञाननिद्रा की जाग्रत् अवस्था में ही, **यश्च जीवः** = जो जीव, **पुरत्रये** = तीनों नगरों, स्थूल-सूक्ष्म-कारण तीनों शरीरों में, **क्रीडति** = विहार करता है। **"क्रीडति"** यह रूप **"क्रीड् विहरणे"** इस धातु से निष्पन्न है। उक्त तीनों पुरों में विश्व-तैजस-प्राज्ञ नामों से विहार करने वाला जो जीव है, **स एव** = वह साक्षात् शिव ही है, कोई दूसरा नहीं है। "यश्च" का 'च'कार 'एव' के अर्थ में है। **ततस्तु** = उसी परशिव से, **विचित्रम्** = नानानामरूपस्वरूप आश्चर्यजनक, **सकलम्** =

नानानामरूपात्मकं वेत्यर्थः। **सकलं च**-समस्तमेतच्चराचरं जगत्, **पुरत्रयं च**-स्थूलादिदेहत्रयं चकारादन्यदपि, **यस्मिन्**-यत्परब्रह्मणि परशिवलिङ्गे, **लयम्**-लीनं दर्शनाभावं, न त्वत्यन्तनाशमित्यर्थः। **याति**-प्राप्नोति, यद् ब्रह्मणो लिङ्गादुद्भवति च, **तद्** ब्रह्म लिङ्गम्। **आधारम्**-अखिलजगदाधारम्, **आनन्दम्**-नित्यानन्दरूपम्, **अखण्डबोधम्**-परिपूर्णज्ञानात्मकमिति, ज्ञेयमित्यर्थः। तथाहि श्रूयते—

एकमेव परं ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणम्।
शिवतत्त्वं शिवाचार्याः स्थलमित्याहुरादरात्[1]।।

यत्रादौ स्थीयते विश्वं प्राकृतं पौरुषं यतः।
लीयते पुनरन्ते च स्थलं तत् प्रोच्यते ततः[2]।।

लीयते गम्यते यत्र जगदेतच्चराचरम्।
तल्लिङ्गमिति विख्यातं लिङ्गतत्त्वपरायणैः[3]।। इत्यागमे

सम्पूर्ण स्थावरजंगमस्वरूप विश्व, **जातम्** = उत्पन्न हुआ है, **यस्मिन्** = जिस परशिव में, **पुरत्रयं च** = स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीर और सम्पूर्ण संसार, **लयं याति** = विलीन, अदृश्य होता है, (**तत्** = ब्रह्मस्वरूप परमशिव लिङ्ग को), **आधारम्** = सम्पूर्ण जगत् का आधार, **आनन्दम्** = नित्य आनन्दस्वरूप, **अखण्डबोधम्** = परिपूर्ण ज्ञानात्मक (**ज्ञेयम्** समझना चाहिये)।

जैसा कि प्रमाणवचन है— **"एकमेव परं ब्रह्म"** (अनु.सू. २.२) इत्यादि। ब्रह्मज्ञानी शिवाचार्यों ने सत्‌चित्‌आनन्दमय एकमात्र परब्रह्मस्वरूप शिवतत्त्व को आदरपूर्वक **"स्थल"** नाम से सम्बोधित किया है।

"यत्रादौ स्थीयते" (अनु.सू. २.४) इत्यादि। यतः प्रकृति (मायामयी चिच्छक्ति तथा स्थूल-सूक्ष्म-कारणशरीरस्वरूप त्रिविध पुरों में शयन करने वाले **"पुरुष"** (अन्तर्यामी शिव) के संयोग से निर्मित "प्राकृत" और **"पौरुष"** विश्व जिस स्थूल-सूक्ष्मातीत परमशिव के आदि में अवस्थित रहता है और लयप्रक्रिया के अन्त में उसी में विलीन (अदृश्य) होता है, अतः उसे **"स्थल"** कहते हैं— **"यत्र आदौ लीयते अन्ते च लीयते तत् स्थलम्।"**

"लीयते गम्यते" इत्यादि। यतः जहाँ यह चर-अचर जगत् गमन करता है और विलय प्राप्त करता है, अतः लिङ्गतत्त्व-विशारदों ने उस परब्रह्म-परशिव को **"लिङ्ग"** कहा है।"— **"यत्र लीयते गम्यते च तत् लिङ्गम्।"**

---

१. अनु.२.२ २. अनु.२.४ ३. अनु.३.३

विश्वं भूतं चित्रं बहुधा जातं जायमानं च
यत् सर्वो ह्येष रुद्रस्तस्मै रुद्राय नमः[१]।।

विज्ञानात्मा सह देवैश्च सर्वैः प्राणो भूतानि सम्प्रतितिष्ठन्ति यत्र।
तदक्षरं वेद्यते यस्तु स सर्वज्ञः सर्वमेव विवेशेति[२]।

य एष सुप्तेषु जागर्ति कामं कामं पुरुषो निर्मिमाणः।
तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म तदेवाऽमृतमुच्यते[३]।।
तस्मिन् लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नाऽत्येति कश्चन एतद् वै तत्[४]।।
सूर्यो यथा सर्वलोकस्य चक्षुः न लिप्यते चाक्षुषैर्बाह्यदोषैः।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः।।

''विश्वं भूतं चित्रम्'' इत्यादि। (इसका अर्थ **''स ब्रह्मा स शिवः''** इत्यादि मन्त्र (८-९) व्याख्या में द्रष्टव्य है।

''विज्ञानात्मा सह देवैश्च'' इत्यादि। वह विज्ञानस्वरूप (चित्स्वरूप) परब्रह्म परशिव है, जहाँ सभी देवताओं के साथ पञ्च प्राण तथा सभी पञ्च महाभूत अथवा प्राणी प्रतिष्ठित हैं, जो उस अक्षरब्रह्म को जानता है। वह सर्वज्ञ है, क्योंकि उसमें सभी प्रविष्ट हैं।

''य एष सुप्तेषु जागर्ति'' इत्यादि। इसका अर्थ **''स एव मायापरि-मोहितात्मा''** (१२-१३) इत्यादि मन्त्रव्याख्या में द्रष्टव्य है।

''तस्मिन् लोकाःश्रिताः सर्वे'' इत्यादि। उसी परमशिव पर सभी लोक (स्वर्ग-मृत्यु-पाताल अथवा चतुर्दशभुवन) आश्रित हैं। उसका कोई अतिक्रमण नहीं करता। वही परशिव ब्रह्म है। जिस प्रकार सभी लोकों का नेत्रस्वरूप सूर्य चाक्षुष दोषों से आक्रान्त नहीं होता, उसी प्रकार सभी भूतों (प्राणियाँ) की गुफा में वास करने वाला परमात्मा और सर्वत्र व्यापक परमशिव बाह्य दोषों से लिप्त नहीं होता। वह एक अद्वितीय अखण्ड, परिपूर्ण है, जो सभी

---

१. *नारायणोपनिषत्*
१. *प्रश्न. उ. ४*
३. *कठ.उ. २.५*
४. *कठ.उ. २.८*

एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा एकं रूपं बहुधा यः करोति।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्।।
नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान्।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्[1]।।
इति।।११।।

एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च।
खं वायुर्ज्योतिरापश्च पृथ्वी विश्वस्य धारिणी।।१५।।

प्राणियों का अन्तर्यामी और सबको वश में रखता है। वह एकरूप है; जो नानाविध स्वरूपों में अवतीर्ण होता है। जो धीर अपनी हृदयगुफा में उसका साक्षात्कार करते हैं, वे शाश्वत शान्ति प्राप्त करते हैं, इतर नहीं। वही परमशिव नित्य और पदार्थों में नित्य चेतनों में चेतन होकर सभी के मनोरथ पूर्ण करता है, जो अपनी हृदयगुफा में उस परमशिव का साक्षात्कार करते हैं, उन्हें शाश्वत शान्ति मिलती है। दूसरों को नहीं।

मन्त्रार्थ— जो प्राज्ञ जीव पूर्वजन्म के संस्कारों के बन्धन में पड़कर अज्ञाननिद्रा में रहते हुए पुनश्च स्थूल, सूक्ष्म और कारणशरीरों में प्रविष्ट होकर विविध विहार करता है, वह परमशिव से अभिन्न, परमशिवस्वरूप ही है। जिससे समस्त संसार तथा स्थूल, सूक्ष्म और कारणशरीर की सृष्टि होती है, और जिसमें उसका विलय (अन्तर्ध्यान) होता है, वह समस्त जगदाधार, अखण्ड आनन्द आनन्दमय और पूर्णबोधस्वरूप परमशिव ही है।।१४।।

''**एतस्माज्जायते**'' इत्यादि। [यह मन्त्र ''मुण्डकोपनिषद्'' (२.१.३) में भी उपलब्ध है। इस उपनिषद् के भाष्यकार लिङ्गैक्य शिवयोगी उमचिगि शङ्करशास्त्री जी की दृष्टि में ''**एतस्माज्जायते प्राणः**'' इत्यादि मन्त्र का अर्थ, मन्त्रक्रम के अनुसार न होकर उत्पत्तिक्रम के अनुसार है। ''**मुण्डकोपनिषद्**'' स्थित ''**गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठाः**'' (३.२.७) इस मन्त्रद्वारा यह प्रतिपादित है कि ''प्राण आदि पन्द्रह कलाएँ (देह के प्रारम्भिक तत्त्व) अपने अपने कारणों (आश्रयों) में अवस्थित होती हैं।'' इससे यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि प्राण आदि भौतिक हैं और पञ्च महाभूतों की उत्पत्ति के अनन्तर ही प्राण, मन और सभी इन्द्रियों की उत्पत्ति होती है।

---

१. कठ.उ.२.११-१३

एतस्मादिति। एतस्मात्-एतद्ब्रह्मणः परशिवलिङ्गादित्यर्थः। **प्राणः**-सर्वचेतनान्तर्वृत्तिरूपप्राणानिल इत्यर्थः। **''स प्राणमसृजत आत्मन एष प्राणो जायते''** इत्यादिश्रुतेः। **मनः**-सङ्कल्पविकल्पात्मकं मनः। **सर्वेन्द्रियाणि च**-चक्षुरादिसकलेन्द्रियाणि च। **खम्**-आकाशम्। **वायुः**-मरुत्, **ज्योतिः**-अग्निः।

परशिवस्वरूप महालिङ्ग पञ्चब्रह्मतनु हैं एवं **''नमः शिवाय''** इस पञ्चाक्षर मन्त्र से अभिन्न है। उसके पाँच मुख हैं— ईशान, तत्पुरुष, अघोर, वामदेव और सद्योजात। **''नमः शिवाय''** इस मन्त्र के पाँच अक्षर विपरीत क्रम से ईशान आदि शिव की परा आदि शक्तियों की ओर संकेत करते हैं। दूसरे शब्दों में ईशान आदि लिङ्गपञ्चक की परा आदि पाँच शक्तियाँ व्युत्क्रम से पञ्चाक्षर मन्त्र के पाँच अक्षरों से अभिन्न हैं। इस प्रकार पञ्चशक्तिविशिष्ट लिङ्गपञ्चक से आकाशादि पञ्चभूतों की उत्पत्ति होती है तथा इच्छा-ज्ञान-क्रियाशक्तिप्रधान परशिव परब्रह्म से प्राण, मन और सभी ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रियों की उत्पत्ति होती है। **''सादाशिवभाष्य''** में इस मन्त्र की व्याख्या इस प्रकार है—]

एतस्मात् = परशिवलिङ्ग स्वरूप इस पर ब्रह्म से, **प्राण** = सब चेतनों का अन्तर्वृत्तिस्वरूप प्राणवायु, **जायते** = उत्पन्न होता है। इसमें यह वेदमन्त्र प्रमाण है— **''स प्राणमसृजत, आत्मन एव प्राणो जायते''**, अर्थात् परशिवलिङ्गस्वरूप परब्रह्म परमात्मा में प्राणवायु की सृष्टि की, उस परमात्मा से ही प्राणवायु उत्पन्न होता है। **मनः जायते** = सङ्कल्पविकल्पस्वरूप उस मन का जन्म होता है, जो अन्तःकरण है। **सर्वेन्द्रियाणि च जायन्ते** = उस परमात्मा से चक्षुरादि पञ्च ज्ञानेन्द्रिय तथा वाक्, हस्त, पाद आदि पञ्च कर्मेन्द्रियों की उत्पत्ति होती है, जो बाह्यकरण हैं। **खं जायते** = पञ्च महाभूतों में अन्यतम आकाश की उत्पत्ति होती है। **वायुः जायते** = पञ्च महाभूतों में अन्यतम वायु की उत्पत्ति होती है। **ज्योतिः जायते** = अग्निस्वरूप ज्योतिपुञ्ज की उत्पत्ति होती है, जो पञ्चमहाभूतों के अन्तर्गत है। **जलं जायते** = पञ्चभूतों में अन्यतम प्राणियों के जीवनस्वरूप जल की सृष्टि होती है। **विश्वस्य धारिणी** = और समस्त ब्रह्माण्डों की नीवस्वरूप, विश्व का पालन-पोषण करनेवाली, **पृथ्वी च जायते** = पृथ्वी का जन्म होता है।

---

४. तै.भृ. अ.१

आपः-जलम्। **विश्वस्य धारिणी**-विश्वम्भरी जगदाश्रयेत्यर्थः। **पृथ्वी च**-भूमिश्च, **जायते**-उत्पद्यते। पिण्डाण्डब्रह्माण्डाद्यखिलजगत्सृष्टिर्भवतीति तात्पर्यम्।

यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति[1]।

येनेदं भ्राम्यते विश्वं यदाकाशान्तरं शिवम्।
योगिभिश्चिन्त्यते तत्त्वं महादेवः स शङ्करः[2]।।

एष ब्रह्मैष इन्द्र एष प्रजापतिरेते सर्वे देवा इमानि च पञ्च महाभूतानि[3]।

''एष एव हि देवाश्च भूतानि भुवनानि च।
अण्डजा जारुजाश्चैव स्वेदजा उद्भिजा अपि[4]।।''

इसका तात्पर्य यह है कि परशिवलिङ्गस्वरूप परब्रह्म परमात्मा से ही पिण्डाण्ड से लेकर ब्रह्माण्डपर्यन्त सम्पूर्ण चर-अचर जगत् की सृष्टि होती है। [इसमें अनेक वेदमन्त्र प्रमाण हैं—]

''यतो वा इमानि भूतानि'' इत्यादि। जिस परब्रह्म परमात्मा से समस्त पञ्च महाभूतों अथवा समस्त प्राणियों की सृष्टि होती है और जिस परशिवलिङ्ग परमात्मा से उत्पन्न स्थावर जङ्गमस्वरूप प्राणी जीवित रहते हैं।

''येनेदं भ्राम्यते'' इत्यादि। जिसके द्वारा यह विश्व भ्रमणशील होता है, योगीगण जिस हृदयमध्यवर्ती चिदाकाश के अन्तरालस्थित शिवतत्त्व की चिन्ता करते हैं, वे महादेव और शंकर हैं।

''एष ब्रह्मा'' इत्यादि! यह परशिवलिङ्गस्वरूप (निर्गुण-निराकार) परब्रह्म ही सगुण साकार ब्रह्मदेव है, यही इन्द्र है, यही प्रजापति है, यही दृष्टिगोचर समस्त देव हैं और यही पञ्च महाभूत हैं। **''एष एव हि''** इत्यादि। यही परशिवलिङ्ग समस्त देवता, समस्त पञ्चमहाभूत, समस्त चतुर्दश भुवन और समस्त अण्डज, जारुज (झिल्ली से उत्पन्न) स्वेद (पसीने) में उत्पन्न तथा उद्भिज (जमीन से उत्पन्न) चर-अचर प्राणी भी हैं।

---

१. तै.भृ.अ.१
२. सामवेदे, कूर्म. पु.भा. २, अ.३१
३. ऐतरेयश्रुतिः ३.३
४. ब्र.गी.अ.३

"ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीदि"त्यारभ्य **"प्राणाद् वायुरजायत,**
नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत,
पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात् तथा लोकाँ अकल्पयन्[1]।।"

इति श्रुत्याद्युक्तेः।।१५।।

शरणस्थलम्

यत्परं ब्रह्म सर्वात्मा
विश्वस्याऽऽयतनं महत्।
सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं नित्यं
सत्वमेव त्वमेव तत्।।१६।।

यदिति-यत्परं ब्रह्म-यो महादेवः परतरशिवलिङ्गमित्यर्थः। **सर्वात्मा**-सकलचराचरभूतान्तर्गतत्वात् सर्वात्मस्वरूप इत्यर्थः। **विश्वस्य**-जगतः, **आयतनम्**-आलयम्, आश्रयभूततत्वादालयमित्यर्थः। **महत्**-बृहत्, **सूक्ष्मात्**- सूक्ष्मवस्तुनोऽपि,

---

"ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्" (सभी वर्णों में अग्रगण्य ब्राह्मण इस परशिवलिङ्ग का मुख था) से लेकर **"प्राणाद् वायुरजायत"** (पञ्चप्राणों में अन्यतम प्राणवायु से वायु उत्पन्न हुआ)। **"नाभ्या आसीदन्तरिक्षम्"** इत्यादि। (उसकी नाभि से अन्तरिक्ष की, मस्तक से द्युलोक (स्वर्ग) की, चरणों से भूमि की, कर्मेन्द्रिय से दसों दिशाओं की तथा समस्त भुवनों की सृष्टि की।।१५।।

मन्त्रार्थ— (निर्गुण निराकार) इस परशिव परब्रह्म परमात्मा से प्राणवायु, अन्तःकरण मन, समस्त ज्ञानेन्द्रिय और कमेर्न्द्रिय, आकाश, वायु, तेज, जल और समस्त पिण्डाण्ड से ब्रह्माण्ड तक चराचर विश्वधारिणी पृथ्वी इस प्रकार समस्त विश्व ने आकार ग्रहण किया।।१५।।

शरणस्थल

"यत्परं ब्रह्म" इत्यादि। **यत्परं ब्रह्म** = जो महादेव परतर शिवलिङ्ग, परब्रह्म परमात्मा है, **सर्वात्मा** = सभी चर (जङ्गम) अचर (स्थावर) प्राणियों के अन्तर्गत होने के कारण सबका आत्मस्वरूप है, **विश्वस्य** = समस्त जगत् का, **आयतनम्** आश्रयस्वरूप होने के कारण निवासभूमि (घर) है; **महत्** = अत्यन्त विशाल

---

१. पुरुषसूक्तम्

सूक्ष्मतरम्-अतिसूक्ष्मम्, **नित्यम्**-त्रिकालाबाधितम्, **सत्वम्**-सतो भाव: सत्वं सद्रूपम्। **तदेव**-तद् ब्रह्मैव लिङ्गमेवेत्यर्थ:, **त्वमेव**-युष्मच्छब्दगोचर: प्रत्यगात्मैव, एवेत्यव्ययमत्र निर्धारणे वर्तते। ''**तत्त्वमसि**'' इति श्रुते: अत्र तस्यैवाहम्, तवैवाहम्, त्वमेवाहमित्याकारकचिन्तनानुरूपानुसन्धानमवगम्यत इति भाव:।।१६।।

ऐक्यस्थलम्

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादि
प्रपञ्चं यत् प्रकाशते।
तद् ब्रह्माऽऽहमिति ज्ञात्वा
सर्वबन्धै: प्रमुच्यते।।१७।।

जाग्रदिति। यत्-यद्ब्रह्मण: सकाशाल्लिङ्गादित्यर्थ:। **जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादि प्रपञ्चम्**-जाग्रदाद्यवस्थात्मकसकलव्यापारादिकमपीत्यर्थ:। **प्रकाशते**-भासते।

है, (तथापि) **सूक्ष्मात्** = सूक्ष्म वस्तु से भी, **सूक्ष्मतरम्** = अत्यन्त सूक्ष्म है, **नित्यम्** = भूत-भविष्य-वर्तमान तीनों कालों में अबाधित शाश्वत, **सत्वम्** = अपरिवर्तनीय सत्ता(सत्य)स्वरूप है; **तत्** = वह लिङ्गस्वरूप परब्रह्म परशिव परमात्मा, **त्वमेव** = तुम्ही जीवस्वरूप प्रत्यगात्मा हो। यहाँ एवकार निर्धारण के अर्थ में है। ''**तत्त्वमसि**'' यह श्रुतिवाक्य इसमें प्रमाण है। यहाँ पर ''मैं उसी परशिव का हूँ'', ''मैं तुम्हारा ही हूँ''। ''युष्मत्'' शब्द से सम्बोधित जीव और ''अस्मत्'' शब्द से सम्बोधित शिव दोनों मैं ही हूँ, मैं जीव भी हूँ और शिव भी'' इस आकार-प्रकार का चिन्तन के अनुरूप अनुसन्धान व्यञ्जित हो रहा है।।१६।।

मन्त्रार्थ— **जो परतर शिव परब्रह्म, सर्वान्तर्यामी, विश्व का घर, महत् से महत्तम, सूक्ष्म से सूक्ष्मतम, नित्य और सत्स्वरूप है, वह तुम्हीं जीव हो।।१६।।**

ऐक्य स्थल

''जाग्रत्स्वप्न'' इत्यादि। **यत् (यस्मात्)** = जिस परतर शिवलिङ्ग स्वरूप परब्रह्म परमात्मा से, **जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यादिप्रपञ्चम्** = जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में होने वाला समस्त व्यापार भी, **प्रकाशते** = भासित होता है।

"**तस्य भासा सर्वमिदं विभाति**" इति श्रुतेः[1]।

"**यद्भासा भासते विश्वं यत्सुखेनानुमोदते।**"[2]

इति (१.४) सिद्धान्तशिखामण्युक्तेश्च।

तद् ब्रह्माऽहमिति-तद् ब्रह्मैव परतरशिवलिङ्गमेवाऽहमिति, **ज्ञात्वा**-विदित्वा, **मुनि**र्ज्ञानी शिवभक्तो मुमुक्षुः, **सर्वबन्धैः**-अविद्याहृदयग्रन्थ्यादिसमस्तप्रतिबन्धकैरित्यर्थः। **प्रमुच्यते**-प्रकर्षेण मुच्यते, तद्बन्धनाद् विमुक्तो भवतीति यावत्। '**मुचॢ मोक्षण**' इति धातोः।

यथा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि स्थिताः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते[3]।।

इसमें "**तस्य भासा सर्वमिदं विभति**" यह मुण्डकोपनिषद् का मन्त्र (२.२.१०) और "**यद्भासा भासते विश्वम्**" इत्यादि "सिद्धान्तशिखामणि" की कारिका (१.४) प्रमाण है। दोनों का सम्मिलित अर्थ एक ही है— उस परतर शिवलिङ्ग की आभा (तेजःपुञ्ज) से समस्त चराचर विश्व भासमान है और उसके आनन्दमय स्वरूप से प्रमुदित है।"

"**तद् ब्रह्माऽहम्**" इत्यादि। "**तद् ब्रह्म**" = वह परतर शिवस्वरूप परब्रह्म परमात्मा, "**अहम्**" = मैं ही जीवस्वरूप में अवतीर्ण हूँ, **इति ज्ञात्वा** इस प्रकार का एकात्मकता की अनुभूति कर, **(मुनिः = मननशील साधक)**, **सर्वबन्धैः** = अविद्या, हृदयग्रन्थि आदि समस्त प्रतिबन्धक बन्धनपाशों से, **प्रमुच्यते** = अत्यन्त छुटकारा पाता है। "**प्र**" उपसर्गपूर्वक "**मुचॢ मोक्षणे**" इस धातु का यह रूप है।

इसमें दो श्रुतिवचन प्रमाण हैं, "**यथा सर्वे**" इत्यादि। मृत्युलोक में अवतीर्ण मानव के हृदय में स्थित जब सभी विषयवासनाएँ छूट जाती हैं, तब वह मानव अमर होता है और परब्रह्म परशिव के साथ लिङ्गाङ्गसामरस्ययोगद्वारा तादात्म्य स्थापित करता है।

---

१. मुण्डक.उ.२.२

२. बृहदार.अ.३, ब्रा.४

३. मुण्डक.उ.२.२

भिद्यते हृदयग्रन्थिः छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे[1]।।

इति श्रुतेः।।१७।।

त्रिषु धामसु यद् भोग्यं
भोक्ता भोगश्च यद् भवेत्।
तेभ्यो विलक्षणः साक्षी
चिन्मात्रोऽहं सदाशिवः।।१८।।

त्रिष्विति-त्रिषु धामसु-जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तित्रये, **यद् भोग्यम्**-भोक्तुं योग्यं यद्वस्त्वित्यर्थः। **भोक्ता**-तदनुभोक्ता जीवः, **भोगश्च**-तदाकारवृत्तिश्च, **यत्**-यः, **भवेत्**-स्यात्, **तेभ्यो**-भोग्यादित्रिभ्यः, **विलक्षणः**-विशिष्टसच्चिदानन्दादिलक्षणः। **साक्षी**-तत्साक्षी, **चिन्मात्रः**-चैतन्यमात्रः, **सदाशिवः**-प्रत्यक्षशिव एव, **अहम्**-अस्मच्छब्दप्रत्ययविषयः।

''भिद्यते हृदयग्रन्थिः'' इत्यादि। उस परतर शिवस्वरूप परब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार होने पर जीव की हृदयग्रन्थि (अज्ञान की गांठे) टूट जाती हैं, और सभी संशय मिट जाते हैं।।१७।।

***मन्त्रार्थ*— जिस परतर शिवस्वरूप परब्रह्म परमात्मा से जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति के क्रियाकलाप प्रकाशित होते हैं, जब जीव इसकी अनुभूति करता है कि ''वह ब्रह्म तो मैं ही हूँ'' मैं शिव ही जीवस्वरूप में अवतीर्ण हूँ'' तब वह समस्त सांसारिक पाशबन्धनों से पूर्ण छुटकारा पाता है।।१७।।**

''त्रिषु धामसु'' इत्यादि। **त्रिषु धामसु** = जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति तीन स्थानों में, **यद् भोग्यम्** = उपभोग के योग्य जो वस्तु है, **यद् भोक्ता भवेत्** = ''यत्'' का ''यः'' इस पुल्लिंग के अर्थ में यह प्रयोग है; भोग्य वस्तु का उपभोगकर्ता जो जीव है, **''भोगश्च यत् भवेत्''** = और जो तदाकार वृत्ति हो, **तेभ्यः** = भोग्य, भोक्ता और भोग तीनों से, **विलक्षणः** = भिन्न सच्चिदानन्दस्वरूप, **साक्षी** = उसका तटस्थ द्रष्टा, **चिन्मात्रः** = केवल चैतन्यस्वरूप, **सदाशिवः** = प्रत्यक्ष शिवस्वरूप, **अहम्** = मैं जीव हूँ।

---

१. सि.शि.म.१.४

तथा चोक्तमनुभवसूत्रादौ—

"त्रिषु धामसु यद् भोग्यं भोक्ता भोगश्च यो भवेत्।
त्रिविधं प्रति यो वेद स भुञ्जानो न लिप्यते[१]।।"

"अहं कर्ता समस्तस्य धर्माधर्मस्य कर्मणः।
इत्यनेनाऽभिमानेन कर्मकाण्डोऽयमुच्यते[२]।।"
नाऽहं कर्ताऽस्य कर्तृत्वं नैव साक्षी स्वभावतः।
इत्यनेनाऽभिमानेन ज्ञानकाण्डोऽयमुच्यते[३]।।"

"न कर्ताऽहं न साक्षी च शिव एवेति कर्मणोः।
द्वयाभिमानराहित्यं भक्तिकाण्डोऽयमुच्यते[४]।।"

अनुभवसूत्र आदि ग्रन्थों में इसके प्रमाणवचन इस प्रकार हैं—

"त्रिषु धामसु" इत्यादि। "जाग्रत्, स्वप्न और सुषप्ति इन तीनों धामों में जो भोग्य, भोक्ता और भोग होता है, और तीनों को जो जानता है वह निष्काम भावना से समर्पणबुद्धिपूर्वक उपभोग करते हुए कर्मलेप से लिप्त नहीं होता।"

"अहं कर्ता" इत्यादि। "मैं" इस समस्त धर्म-अधर्म अर्थात् पुण्य-पाप-कर्म का कर्ता हूँ" इस आकार के अभिमान से समस्त कर्मकाण्ड का विवेचन किया जाता है।

"नाहं कर्ता" इत्यादि। 'न मैं इस पाप-पुण्य कर्म का कर्ता हूँ, न मेरा कोई कर्तृत्व है, और न मैं स्वाभाविक रूप से इसका साक्षी हूँ" इस अभिमान से ज्ञानकाण्ड का विवेचन किया जाता है।"

"न कर्ताऽहम्" इत्यादि। "न तो मैं इस पाप-पुण्य कर्मों का कर्ता हूँ, और न मैं इनका साक्षी परशिव हूँ" इस प्रकार दोनों प्रकार की अभिमानशून्यता द्वारा भक्तिकाण्ड का निरूपण किया जाता है।"

---

१. अनु.सू.७.२५
२. अनु सू. ८.२०
३. अनु.सू. ८.२१
४. अनु.सू. ८.२१

**"शुक्तिः कर्मपदं सरोरुहदलं ज्ञानं पदं भक्तिकं
तप्तायोघनमेघसंसृतिपयोबिन्दुः स्थितस्तत्क्रमात्।
साफल्यं विफलत्वमाकृतितया प्रायेण नाशं गतो
नाम्नाप्येव शिवात्मिकां परतरां भक्तिं किमाचक्ष्महे[१]।।"**

**"कर्ता कारयिता कर्म करणं कार्यमेव च।
सर्वमात्मतया भाति प्रसादात् पारमेश्वरात्[२]।।"**

इत्यनुभवसूत्रे।

**भोक्ता देवो महेश्वरः।
शिवो दाता शिवो भोक्ता शिवः सर्वमिदं जगत्।**

"शुक्तिः कर्मपदम्" ८.२३) इत्यादि। कर्म, ज्ञान और भक्ति इन तीनों में कर्मपद सींप के समान, ज्ञानपद कमलदल के समान, और भक्तिपद गरम लोहे के समान है। जिस प्रकार सींप जलबिन्दु को अपने उदर में रखकर उसे मोती बना देती है; उसी प्रकार कर्म करने वाला मनुष्य पापपुण्यात्मक कर्मों के सुख-दुःखस्वरूप फलों को भोगता है। जिस प्रकार कमलपत्रों पर जलबिन्दु गिरने पर भी वह जलबिन्दु उस पर नहीं टिकती, उसी प्रकार ज्ञानयोगी कर्म करते हुए भी उन कर्मों में आबद्ध नहीं होता। जिस प्रकार गरम लोहे पर गिरी हुई जलबिन्दु वहीं नष्ट हो जाती हैं, उसी प्रकार शिवभक्त जो भी कर्म करता है वह नष्ट हो जाता है। उस अत्यन्त श्रेष्ठ भक्ति के विषय में हम क्या वर्णन कर सकते हैं? उसके लिये हमारे पास शब्द नहीं हैं।

"कर्ता कारयिता" इत्यादि। परमशिव परब्रह्म-परमात्मा के कृपाप्रसाद से कर्म का कर्ता, उसका प्रेरक (कारयिता), कर्म, उसके करण एकादश इन्द्रिय और उसके करणीय विषय सभी आत्मस्वरूप शिवस्वरूप स्वयं से अभिन्न प्रतीत होते हैं।

"भोक्ता देवो महेश्वरः" इत्यादि। सबका उपभोग करनेवाला एकमात्र परशिव महेश्वर है। परमशिव ही उसका दाता भी है और भोक्ता भी। समस्त दृश्यमान जगत् शिवस्वरूप है। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में जो

---

१. अनु.सू. ८.२०-२३
२. अनु.सू. ३.९

त्रिषु धामसु यद् भोग्यं भोक्ता यश्च प्रकीर्तितः।
उभयं ब्रह्म यो वेद स भुञ्जानो न लिप्यते[१]।। इति।।१८।।

मय्येव सकलं जातं
मयि सर्वं प्रतिष्ठितम्।
मयि सर्वं लयं याति
तद् ब्रह्माऽद्वयमस्म्यहम्।।१९।।

।। इति प्रथमः खण्डः ।।१।।

मयीति। मत्त एव, यद्ब्रह्मणः परशिवलिङ्गादित्यर्थः। 'मयी'ति पञ्चम्यर्थे छान्दसत्वात् सप्तमी। मय्येवेति पदम्, उत्तरत्रान्वयः। **सकलम्**-चराचरात्मकसमस्तं जगत्। **जातम्**-उत्पन्नम्। **सर्वम्**-अखिलं स्थावरजङ्गमात्मकं विश्वमित्यर्थः। **प्रतिष्ठितम्**-प्रकर्षेण स्थितम्, **लयं च**-लीनदर्शनं च। **याति**-प्राप्नोति, **'या प्रापण'** इति धातोः।

उपभोगयोग्य विषय और जो उसका भोक्ता कहा गया है, उन दोनों को जो परब्रह्म-परशिव से अभिन्न तदाकार समझता है, वह विषयोपभोग करते हुए भी उन विषयों से लिप्त नहीं होता।

मन्त्रार्थ— जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में जो उपभोगयोग्य वस्तु अथवा विषय, उसका उपभोग करने वाला जो जीव और जो भोग (तदाकारचित्तवृत्ति) होती है, उन तीनों से विलक्षण, उनसे पृथक्, उनका तटस्थ साक्षी द्रष्टा केवल चैतन्यस्वरूप मैं प्रत्यक्ष शिव ही हूँ।'' इस प्रकार की अनुभूति से जीव शिवस्वरूप हो जाता है।।१८।।

''**मय्येव सकलं जातम्**'' इत्यादि। ''**मयि**'' यह ''परशिव'' के लिये ''अस्मत्'' शब्द का सप्तमी विभक्ति का प्रयोग पञ्चमी के अर्थ में किया गया है। ''**मयि एव**'' = मुझ से अर्थात् परशिवलिङ्गस्वरूप परब्रह्म परमात्मा से ही, **सकलम्** = चर-अचर स्वरूप सम्पूर्ण जगत्, **जातम्** = उत्पन्न हुआ है। **मयि** = मुझ में ही, **सर्वम्** = निखिल स्थावर-जङ्गमस्वरूप संसार, **प्रतिष्ठितम्** = प्रतिष्ठित है। **मयि सर्वं लयं याति** = और मुझ परशिव में ही समस्त विश्व विलीन होता है। ''**याति**'' यह रूप ''**या प्रापणे**'' धातु से लट्लकार में निष्पन्न है।

---

१. अनु.सू.२.४

"यत्रादौ स्थीयते विश्वं प्राकृतं पौरुषं यतः।
लीयते पुनरन्ते च स्थलं तत् प्रोच्यते ततः[१]।।"

इत्युक्तत्वात्। **तत्**-तस्मात् सकलप्रपञ्चसृष्टिस्थितिसंहारकारणत्वात्, **ब्रह्म**-बृहत् देशकालादिपरिच्छेदशून्यम्, **अद्वयम्**-अद्वितीयं ज्ञातृज्ञानज्ञेयविभागशून्यशिवतत्त्वा-परपर्यायलिङ्गमेवेत्यर्थः। **अहम्**-नान्योऽहमिति।

"एक एव रुद्रो न द्वितीयाय तस्थे[२],"

"शिवोऽहमिति भावो हि शिवतापत्तिकारणम्[३]।"
शिव एव जगत् सर्वं शिव एवाऽहमित्यपि।।
भावयन् परमो योगी भवदोषैर्न बाध्यते[४]।।"

इत्यादिश्रुतिसिद्धान्तशिखामण्युक्तेः।

"यत्रादौ स्थीयते विश्वम्" इत्यादि प्रमाणवचन इसका समर्थक है। **"यस्मिन् लयं याति पुरत्रयं च"** इत्यादि चतुर्दश मन्त्र की व्याख्या में इसका अर्थ द्रष्टव्य है।

तत् = इसलिये, सम्पूर्ण प्रापञ्चिक सृष्टि, स्थिति और संहार का कारण होने के कारण; **ब्रह्म** = देशकाल आदि सीमा से परे, अत्यन्त बृहत्, विस्तृत, **अद्वयम्** = अद्वितीय, ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय इस विभाग से शून्य, शिवतत्त्व इस अन्य नाम से विख्यात लिङ्ग ही, **अहम्** = मैं हूँ, अन्य कोई दूसरा नहीं हूँ।

इसमें अनेक वचन प्रमाण हैं। **"महानारायणोपनिषत्"** कहती है **"एक एव रुद्रो न द्वितीयाय तस्थे"**, एक ही रुद्र शिव है, वह दूसरे के लिये नहीं रहता।" **"शिवोऽहमिति भावोऽपि"** इत्यादि सिद्धान्तशिखामणि के वचनानुसार "मैं ही शिव हूँ" ("शिवोऽहम्") इस प्रकार का शिवभाव भी शिवत्व की प्राप्ति में कारण होता है।

"शिव एव जगत् सर्वम्" इत्यादि। "सम्पूर्ण जगत् शिवस्वरूप है, मैं स्वयं शिवस्वरूप हूँ" इस प्रकार भावना करते हुए परमयोगी सांसारिक देशों से बाधित नहीं होता।

---

१. श्रीकरभा.पृ.४७; ब्र.गी.अ.८
२. नारायणोपनिषत्, शैवभाष्यम्, पृ.५२
३. सि.शि.म.१६.१६
४. सि.शि.म.१९.८४

''नमःशिवायेति शिवं प्रपद्ये
शिव! प्रसीदेति शिवं प्रपद्ये।
शिवात् परं नेति शिवं प्रपद्ये
शिवोऽहमस्मीति शिवं प्रपद्ये[४]।।

इति विशेषार्थप्रकाशिकायां मायिदेवप्रभुणाऽपि प्रदर्शितत्वाच्च।।१९।।

***।। इति श्रीसखरायपत्तन-क्षीरस्वमिमठाध्यक्षैः श्रीसदाशिवशिवाचार्यै-
र्विरचिते शिवाद्वैतप्रकाशककैवल्योपनिषत्सदाशिवभाष्ये
प्रथमः खण्डः समाप्तः ।।१।।***

''नमः शिवायेति शिवं प्रपद्ये'' इत्यादि कारिका द्वारा मायिदेव प्रभु ने भी अपनी विशेषार्थप्रकाशिका में यह प्रदर्शित किया है कि भक्त साधक इस प्रकार शरणागत होता है— **''नमः शिवाय''** इस पञ्चाक्षरी मन्त्रजप से शिव की शरण में जा रहा हूँ। ''शिव मुझ पर प्रसन्न रहना'' इस प्रकार शरणागत होकर शिवशरण में जा रहा हूँ। शिव से परस्पर कोई अन्य तत्त्व नहीं है, इसलिये मैं शिव की शरण में जा रहा हूँ और मैं जीव शिव का ही अंश होने के कारण शिवस्वरूप हूँ, इसलिये शिव की शरण में जा रहा हूँ।।१९।।

मन्त्रार्थ— यतः मुझसे परशिव स्वरूप परब्रह्म परमात्मा से ही समस्त स्थावर जङ्गमस्वरूप विश्व उत्पन्न है, मुझ में ही वह प्रतिष्ठित है और मुझ में ही वह विलीन होता है, अतः मैं शिव का अंशस्वरूप जीव वही अद्वय ब्रह्मस्वरूप परम शिव हूँ।।१९।।

***इस प्रकार शिवाद्वैतप्रकाशिका कैवल्योपनिषत् का प्रथम खण्ड,
उसका श्रीसखारायपत्तननिवासी क्षीरस्वामिमठ के अध्यक्ष
श्रीसदाशिव शिवाचार्य द्वारा विरचित सादाशिवभाष्य
(संस्कृत) तथा उसकी हिन्दी ''तात्पर्यदीपिका''
व्याख्या सम्पूर्ण हुई।।१।।***

अथ द्वितीयः खण्डः

उपास्योपासकत्वयोरेकत्वं दर्शयति श्रुति'**रणोरणीयानि**'त्यादिना—

अणोरणीयानहमेव तद्वत्
महानहं विश्वमहं विचित्रम्।
पुरातनोऽहं पुरुषोऽहमीशो
हिरण्मयोऽहं शिवरूपमस्मि।।२०।।

अपाणिपादोऽहमचिन्त्यशक्तिः
पश्याम्यचक्षुः स शृणोम्यकर्णः।
अहं विजानामि विविक्तरूपो
न चाऽस्ति वेत्ता मम चित् सदाऽहम्।।२१।।

अणोरिति। अहमेव शिवयोगतत्परः शिवोपासकोऽहमेव किञ्चिज्ज्ञत्वादिधर्मवान् जीवसाक्षितया भासमानसर्वज्ञत्वाद्यसाधारणधर्मवान् शिव एव, गुरूपदिष्टेष्टलिङ्गरूपपरमात्मैवेत्यर्थः।

सर्वज्ञता तृप्तिरनादिबोधः स्वतन्त्रता नित्यमलुप्तशक्तिः।
अनन्तशक्तिश्च विभोर्विधिज्ञाः षडाहुरङ्गानि महेश्वरस्य[1]।।

द्वितीय खण्ड

वेदमाता "**अणोरणीयान्**" इत्यादि और "**अपाणिपादोऽहम्**" इत्यादि अग्रिम दो मन्त्रों द्वारा उपास्य और उपासक दोनों की एकता को इस प्रकार प्रदर्शित कर रही है—

"**अणोरणीयान्**" इत्यादि। **अहमेव** = किञ्चिज्ज्ञत्व आदि धर्म से युक्त मैं जीव ही जब शिवयोग में तत्पर होकर शिवोपासक रहता हूँ, तब जीव के साक्षी के रूप में भासमान सर्वज्ञत्व आदि धर्मविशिष्ट शिवस्वरूप अर्थात् गुरुद्वारा उपदिष्ट इष्टलिङ्गस्वरूप परमात्मा से अभिन्न बन जाता हूँ।

"**पारमेश्वरागम**" के "**सर्वज्ञता सृष्टिरनात्मबोधः**" इत्यादि (६.३३) वचन में विधिज्ञों द्वारा परमशिव के छः अङ्ग परिगणित हैं— सर्वज्ञता, तृप्ति, अनादिबोध, नित्य स्वतन्त्रता, अलुप्त शक्ति और अनन्त अपरिमित शक्ति।

---

१. पारमेश्वरतन्त्रे, ६.३३

इति शिवागमोक्तेः। **अणोः**-सूक्ष्मात्, **अणीयान्**-सूक्ष्मतरः, अणुप्राणिनोऽप्यणुतर इत्यर्थः। **तद्वत्**-तथैव, **महान्**-महतो महीयानित्यर्थः, महद्वस्तुनोऽप्यतिमहानिति यावत्।

अणोरणीयान् महतो महीयानात्माऽस्य जन्तोर्निहितो गुहायाम्[1]।

यस्मात् परं नाऽपरमस्ति किञ्चिद् यस्मान्नाऽणीयो न ज्यायोऽऽस्ति कश्चित्।
वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्[2]।।

अशरीरं शरीरेष्वनवस्थेष्ववस्थितम्।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति[3]।।

इत्याद्यन्यश्रुतयोऽपि भणन्ति। अहमित्युत्तरत्राऽन्वयः।

''अणोः अणीयान्'' = और सूक्ष्म प्राणी से भी अत्यन्त सूक्ष्म बन जाता हूँ। **''तद्वत् महान्''** = उसी प्रकार महान् प्राणी से भी अत्यन्त महान् हो जाता हूँ। इसमें अनेक वचन प्रमाण हैं। **''अणोरणीयान्''** इत्यादि कठोपनिषद् के मन्त्र के अनुसार विशाल या सूक्ष्म जीव की हृदयगुफा में परमशिव 'अणु' से 'अणुतम' और 'महत्' महत्तम स्वरूप धारण कर निवास करता है।

''यस्मात् परं नास्ति'' इत्यादि नारायणोपनिषत् के मन्त्रानुसार ''जिससे परे न तो कोई दूसरा है, न तो कोई सूक्ष्मतत्त्व है और न कोई ज्येष्ठतम है। वह द्युलोक (चिदाकाश) में उसी प्रकार एकाकी निश्चल खड़ा रहता है, जिस प्रकार वृक्ष। देहरूपी नगर की हृदयगुफा में अज्ञाननिद्रा में जीव के रूप में अवस्थित उसी परमशिव (पुरुष) द्वारा सम्पूर्ण स्थावर-जंगमात्मक विश्व व्याप्त है।

कठोपनिषत् स्थित **''अशरीरं शरीरेषु''** इत्यादि मन्त्र के अनुसार धैर्यशाली वीरशैव भक्त शरीरधारी प्राणियों में जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति जीवों अवस्थाओं से परे अशरीरी बनकर रहने वाले महान् व्यापक परमशिव का जो साक्षात्कार करता है, वह शोकमुक्त होता है।

---

१. कठ.उ.१.२.२०
२. ना.उपनिषत्
३. कठ.उ.१.२.२२

विश्वम्-व्यापको जगद्रूपो वा। यद्वेष्टप्राणभावादिनवलिङ्गरूप इत्यर्थः। **विचित्रम्**-विचित्रः विलक्षणस्त्रिलोचनत्वादिविरूपात्, **यद्वा**-विविधनामरूपात्मकश्चन्द्रशेखर-त्वादिविचित्रलीलाविग्रहवानित्यर्थः। **'विश्वं विचित्रमि'**ति वचसी पुंल्लिङ्गत्वेन परिणेये, **'पुरातनोऽहमि'**त्यादि पुंल्लिङ्गत्वेन निर्देशात्। **पुरातनः** आद्यः सनातनः, पुराण इति यावत्।

अणीयसँ हि परात् परं यन्महतो महान्तं यदेकमव्यक्तमनन्तरूपम्।
विश्वं पुराणं तमसः परस्तात्[1]।।

ईशानो भूतभव्यस्य स एवाऽऽद्यः स उ श्वः एतद् वैतत्[2]।

रुद्रो वै शाश्वतं पुराणम्[3]। इत्यादिश्रुतेः।

''अहं विश्वम्'' = मैं (जीव) जगत् के रूप में व्यापक हूँ अथवा इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, भावलिङ्ग आदि नौ लिङ्गों में अवतीर्ण परमशिव हूँ। **''विचित्रम्''** = मैं जीव ही त्रिलोचन आदि विषमरूपधारी परमशिव भी हूँ। **अथवा** मैं जीव ही विविध लीलाविग्रहधारी परमशिव भी हूँ। **''विश्वम्''** और **''विचित्रम्''** इस नपुंसक लिङ्ग को **''विश्वः''** और **''विचित्रः''** इस प्रकार पुंल्लिंग में बदलना चाहिये, क्योंकि आगे के **''पुरातनोऽहम्''** इत्यादि प्रयोग पुंल्लिंग में किये गये हैं।

''पुरातनोऽहम्'' = आद्य-पुरातन सनातन पुराणपरुष भी मैं ही हूँ। इसमें अनेक वचन प्रमाण हैं— **''अणीयसं हि परात् परम्''** इत्यादि नारायणोपनिषत् के मन्त्र में उसे **''पुराण''**, **''ईशानी भूतभव्यस्य''** इत्यादि कठोपनिषत् के मन्त्र (२.४) में उसे **''आद्य''** तथा **''रुद्रो वै शाश्वतं पुराणम्''** अथर्वशिखा उपनिषत् के इस मन्त्र में उसे **''पुराणम्''** कहा गया है। इन मन्त्रों के अर्थ इस प्रकार हैं— **''अणीयसम्''** इत्यादि। वह परमशिव अत्यन्त 'अणु' (सूक्ष्मतम), परात्पर, महत् से महत्तम, एक-अखण्ड, अव्यक्त, अनगिनत रूपशाली, जगद्रूप, पुराण तथा ''तमस्'' (अज्ञानान्धकार) से परे है।

''ईशानः'' इत्यादि। परमशिव भूत और भविष्य का स्वामी है, वही आद्य है, वह चराचर विश्वरूप है, वही यह परशिवलिङ्ग है।

''रुद्रः'' इत्यादि। रुद्र शिव ही पुराण (पुरातन) शाश्वत सत्य है।

---

१. नारायण उ.

२. कठ.अ.२,व. ४

३. अ.शि.उ.

पुरुषः-पुरि शरीरे पुरीतति नाड्यां वा शयनात् पुरुषः। आत्मेष्टलिङ्गरूपशिव;, समस्तचेतनाऽचेतनप्राणिदेहान्तर्वर्ती पुरुषशब्दवाच्यः शिवलिङ्गरूपपरमेश्वर इत्यर्थः।

''योऽसौ पुरुषः सोऽहमस्मि[1]''

''अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा सदा जनानां हृदये सन्निविष्टः[2]।''

''इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था'' इत्युपक्रम्य **''अव्यक्तात् पुरुषः परः। पुरुषान्नपरं किञ्चित् सा काष्ठा सा परा गति''**रित्यन्तमुक्तं कठोपनिषदि।[3]

''अहं पुरुषः'' = (पुरि शयनात् पुरुषः) **''पूः स्त्री पुरी नगर्यौ वा''** इत्यादि अमरकोष वचन के अनुसार **''पूः''** का अर्थ नगरी होता है। हमारा शरीर एक नगरी अथवा पुरीतति नामक नाडी है। प्रत्येक शरीररूपी नगरी अथवा नाडी में परमशिव जीव के रूप में अज्ञाननिद्रा में शयन करता है। अतः जिस समय जीव को एकता का बोध होता है, वह इस प्रकार अनुभव करता है— **''अहं पुरुषः''** ''मैं वही आत्मा इष्टलिङ्गस्वरूप शिव हूँ और समस्त चेतन अचेतन प्राणियों के देह के अन्तराल में अवस्थित हूँ, अतः मुझे ''पुरुष'' कहते हैं। शिवलिङ्गस्वरूप परमेश्वर में ही हूँ। इसमें अनेक श्रुतिवचन प्रमाण हैं— **''योऽसौ पुरुषः सोऽहमस्मि''** — ''जो वह समस्त प्राणियों के शरीर में शयन करनेवाला ''पुरुष'' है, मैं वही जीव के रूप में अवतीर्ण परमशिव हूँ।''

''अङ्गुष्ठमात्रः पुरुष'' इत्यादि। वह शरीररूपी नगरी में शयन करने वाला ''पुरुष'' अङ्गुष्ठ के बराबर है और अन्तरात्मा के रूप में सदा लोगों की हृदयगुफा में प्रविष्ट है।

कठोपनिषद् में **''इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्थाः''** (इन्द्रियों से परे उसके विषय होते हैं) इत्यादि मन्त्र से लेकर **''अव्यक्तात् पुरुषः परः। पुरुषान्न परं किञ्चित् सा काष्ठा सा परा गतिः''** इस मन्त्र तक में उसका निरूपण है अर्थात् अव्यक्त (प्रकृति) से परे पुरुष है। पुरुष से परे कोई नहीं है। वही परम सीमा और अन्तिम गंतव्य स्थान है।

---

१. ईशावास्य उ.१६
२. श्वे.उ.३.१३
३. कठ.उ.१.३.१०-११

"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति[१]।"

"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो ज्योतिरिवाधूमकः[२]।"

"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽङ्गुष्ठं च समाश्रितः[३]।"

"एष त आत्मा सर्वान्तरः स वा अयं पुरुषः सर्वासु पूर्षु पुरि शय[४]"

इत्याद्यन्यश्रुतेः। **ईशः**-ईष्ट इतीशो हरिब्रह्माद्यखिलभूतानामपीश्वरः स्वामी, महालिङ्ग-रूपपरशिव इत्यर्थः।

"ईशानो भूतभव्यस्य[५]"

"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति" और **"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो ज्योतिरिवाऽधूमकः"** दोनों मन्त्रों का सम्मिलित अर्थ इस प्रकार है— वह अङ्गुष्ठप्रमाण "पुरुष" धूमरहित ज्योतिःपुञ्जके समान शरीर के मध्य अवस्थित है।"

"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽङ्गुष्ठं च समाश्रितः" — वह अङ्गुष्ठप्रमाण परमशिव "पुरुष" शरीर के मध्य अङ्गुष्ठप्रमाण अन्तराल में शयन करता है।"

"एष त आत्मा" इत्यादि। यह जो तुम्हारे शरीर में परमशिव परमात्मा निवास करता है, वही सभी प्राणियों की हृदयगुफा में रहता है। यह वही "पुरुष" है, क्योंकि वह सभी के शरीररूपी नगरियों में, प्रत्येक शरीर में शयन करता है। ['शयन' का अर्थ यह है कि जीव को अज्ञाननिद्रा में उस परमशिव का साक्षात्कार नहीं होता।]

"अहम् ईशः" — "ईष्टे इति ईशः" इस निर्वचन के अनुसार जो हरि, ब्रह्मा आदि देवगण तथा अन्य सम्पूर्ण प्राणियों का भी ईश्वर स्वामी महालिङ्गस्वरूप परम शिव है वह भी जीवरूप में अवतीर्ण मैं ही हूँ। अनेक श्रुतियाँ भी उसे "ईशान", "ईश्वर", "ईश", "महालिङ्ग" आदि नामों से सम्बोधित करती हैं। यथा **"ईशानो भूत-भव्यस्य"** — परमशिव भूत और भविष्य का स्वामी है।

---

१. कठ.उ.२.१.१२
२. कठ.उ.२.१.१३
३. नारायण उ.
४. बृहदारण्यक अ.२-३, ब्रा.५-४
५. कठ.उ.२.१.१३

"ईश्वरः सर्वभूतानाम्"

"ईशः सर्वस्य जगतः प्रभुः प्रीणाति विश्वभुक्[१]।"

"पशूनां ब्रह्मविष्ण्वादिदेवानां पतिरीश्वरः।
पशूनां पतये जगतां पतये[२]।।"

परब्रह्म महालिङ्गं प्रपञ्चातीतमव्ययम्।
तदेतत् सर्वभूतानामान्तरस्थानगोचरम्[३]।।

इति श्रुत्याद्यनेकोक्तेः। **हिरण्मयः**-हिरण्यमिव हिरण्मयो ज्योतिर्लिङ्गमयमहादेव इत्यर्थः।

"नमो हिरण्यबाहवे हिरण्यवर्णाय हिरण्यपतयेऽम्बिकापतये उमापतये पशुपतये नमो नमः[४]।"

"ईश्वरः सर्वभूतानाम्" — वह सभी प्राणियों अथवा पञ्चमहाभूतों का ईश्वर (स्वामी) है।

"ईशः सर्वस्य जगतः" इत्यादि। "वह समस्त जगत् का ईश्वर प्रभुशक्तिसम्पन्न विश्व का उपभोक्ता सदा प्रसन्न रहता है।"

"पशूनां ब्रह्म-विष्ण्वादि" इत्यादि। यतः ब्रह्मा, विष्णु आदि देव भी सृष्टिकर्तृत्व, स्थितिकर्तृत्व आदि अभिमान के पाशबन्धन में पड़ते हैं, अतः **'पशु'** हैं। उनका पति परमेश्वर रुद्र-शिव है। उस त्रिभुवन के पति समस्त बद्धजीवस्वरूप पशुओं के पति **पशुपति** परमशिव को नमस्कार।"

"परब्रह्म महालिङ्गम्" इत्यादि। "परब्रह्म परशिवस्वरूप वह महालिङ्ग, जो सांसारिक प्रपञ्चों से परे, अव्यय अविनाशी हैं, वह सभी प्राणियों के अन्तःकरण में अनुभूतिगम्य है।"

"अहं हिरण्मयः" जिस प्रकार हिरण्य (सुवर्ण) चमकाता है, उसी प्रकार प्रकाशित ज्योतिर्मय लिङ्गस्वरूप जो महादेव है, मैं जीव उससे अभिन्न हिरण्यमय हूँ।

अनेक श्रुतियाँ भी इसका समर्थन करती हैं— **"नमो हिरण्यबाहवे"** इत्यादि। "हिरण्य (सुवर्ण) बाहु, हिरण्यवर्ण, हिरण्यपति, जगदम्बा पार्वती के पति, उमापति पशुपति परमशिव को वारंवार प्रणाम।"

---

१. नारायण उ.
२. रुद्राध्याय अ.२
३. वीरशैवानन्दचन्द्रिका पृ.३६
४. नारायणश्रुतिः

''नमो हिरण्यबाहवे सेनान्ये दिशां च पतये नमो नमः[१]।।''

''असौ योऽवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः'' इत्यादिश्रुतेः।

''सर्वलोकविधातारमीश्वरं हेमरूपिणम्।
हिरण्मयश्मश्रुकेशं हिरण्मयनखं तथा।।
कप्याद्यासनवद्वक्त्रं नीलग्रीवं त्रिलोचनम्[२]।।''

इत्याद्युक्तेश्च। **शिवरूपमि**ति। शिवरूप इति पुल्लिङ्गतया विपरिणेयः, **पुरुषः ईश** इत्यादिपुल्लिङ्गसाहचर्यात्। **शिवरूपोऽस्मि**-साक्षाल्लिङ्गरूपपरमेश्वर एवाऽस्मीत्यर्थः।

अहं ब्रह्मास्मि सम्बुद्ध्य इदं सर्वं च मन्मयम्।
मयि विद्या समुद्दिष्टा विमुक्तिर्यन्निबन्धनी[३]।।

''नमो हिरण्यबाहवे'' इत्यादि। ''हिरण्यबाहु, सेनापति और समस्त दिशाओं के स्वामी को वारंवार नमस्कार।''

''असौ योऽवसर्पति'' इत्यादि। ''यह जो नीलकण्ठ लोहितवर्ण विशिष्ट विचरण कर रहे हैं।''

''सर्वलोकविधातारम्'' इत्यादि। परमशिव सभी लोकों चतुर्दश भुवनों के विधाता स्वामी हैं, उसका रूप सुवर्णमय है। उनके दाढ़ी-मूँछ और सिर के बाल सुवर्ण के हैं तथा नख भी सुवर्ण के हैं।

''कप्याद्यासनवद् वक्त्रम्'' इत्यादि। ''उनका मुख कपि के समान है। वे नीलकण्ठ और त्रिलोचन हैं।''

''अहं शिवरूपमस्मि'', **''पुरातनोऽहं पुरुषोऽहम्''** इत्यादि साहचर्य के कारण **''शिवरूपोऽस्मि''** इस प्रकार लिङ्ग बदलकर पढ़ना चाहिये। मैं जीव साक्षात् लिङ्गस्वरूप परमेश्वर ही हूँ।

उवटाचार्य कृत ईशावास्यभाष्य **''अहं ब्रह्मास्मि''** इत्यादि मंत्र से इसका समर्थन करता है— **''अहं ब्रह्मास्मि''** इत्यादि। ''मैं जीव परब्रह्म-परशिव हूँ। यह समस्त चराचर प्राणि-जगत् मुझ (जीव) से अभिन्न है। मुझ (जीव) को ही लक्ष्य कर परा विद्या का उपदेश दिया गया है, जिसमें लिङ्गाङ्गसामरस्यस्वरूप मुक्ति का निबन्धन है।''

---

१. रुद्राध्याय अ.२
२. श्रीकरभाष्ये पृ.७४
३. उवटाचार्यकृतमीशावास्यभाष्यम् पृ.२

इत्युक्तेः। **अपाणिपादः**-पाणी च पादौ च पाणिपादम्। न विद्यते पाणिपादं यस्य तथाभूतोऽहम्।

अपाणिपादो जवनो ग्रहीता
पश्यत्यचक्षुः स श्रृणोत्यकर्णः।
स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता
तमाहुराद्यं पुरुषं महान्तम्[१]।।

यद्वा-पाणिपादादिकर्मेन्द्रियवर्जित इति यावत्। **अचिन्त्यशक्तिः**-चिन्तयितुमशक्या शक्तिर्यस्य स तथाभूतः। ऐच्छिकशक्तिमान् विविधशक्तिमान् वेत्यर्थः।

''अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद् देवा आप्नुवन् पूर्वमर्षत्''[२] इति,

---

''अपाणिपादोऽहम्'' — ''पाणी च पादौ च पाणिपादम् न विद्यते पाणिपादं यस्य सः अपाणिपादः'' जिसे हाथ-पैर नहीं है, वह परमशिव भी मैं ही हूँ।

''अपाणिपादो जवनो ग्रहीता'' इत्यादि ''श्वेताश्वतर उपनिषत्'' का मन्त्र इसका समर्थन करता है— ''उसे हाथपैर न होने पर भी वह वेगपूर्वक दौडता है; और वस्तुओं का ग्रहण करता है, आँख न होने पर भी देखता है, कान न होने पर भी सुनता है, वह वेद्य (जानने योग्य) विषय को जानता है; किन्तु उसका वेत्ता (जाननेवाला) कोई नहीं है। उसी परमशिव को ''आद्य महापुरुष'' कहा है। अथवा वह निर्गुण निराकार होने के कारण हाथ-पैर आदि कर्मेन्द्रियों से शून्य है।

''अहम् अचिन्त्यशक्तिः'' — (चिन्तयितुम् अशक्या शक्तिः यस्य सः) उसके पास इतनी विविध शक्तियाँ हैं कि उसका विचार करना असम्भव है। वह भी मैं ही हूँ। अर्थात् ऐच्छिक शक्तिसम्पन्न अथवा विविध शक्तिसम्पन्न जीवस्वरूप परमशिव मैं ही हूँ।

इसमें अनेक श्रुतिवचन प्रमाण हैं— **''अनेजदेकम्''** इत्यादि। वह महालिङ्ग-स्वरूप परमशिव कम्परहित (निश्चल) अखण्ड एक है, मन से भी अधिक वेगवान है। देवता भी उसका साक्षात्कार नहीं कर सके। वह चिन्मय (ज्ञानस्वरूप) है।

---

१. श्वेताश्व.उ.३.१९
२. ईशावास्य उ.८०

"स पर्यगाच्छुक्रमकायब्रणम्।"[१] इति च ईशावास्ये

"अस्थूलमनणवह्रस्वमदीर्घम्[२]"

"अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते[३]।"

"यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रं तदपाणिपादम्।
नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं तदव्ययं यद् भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः[४]।।"

"पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च[५]।।"

इत्याद्यनेकश्रुतेः।

अथवाऽनन्ताकल्याणगुणैकघन ईश्वरः।
शिव इत्युच्यते सद्भिः शिवतत्त्वार्थवेदिभिः[६]।।

"स पर्यगात्" इत्यादि। वह परमतेजोमय परमशिव शरीररहित और व्रणरहित था, तथापि चारों ओर गतिशील था" — **"अस्थूलम्"** इत्यादि। "परम शिव 'स्थूल' (महान्) भी नहीं है और "अणु" (सूक्ष्म) भी नहीं है। वह न तो ह्रस्व (नाटा) है, और न दीर्घ (लम्बा)।"

"अथ परा" इत्यादि। "और वह पराविद्या शिवपञ्चाक्षरी महाविद्या है, जिसके द्वारा अक्षर (क्षररहित) परशिव का साक्षात्कार होता है"

"यत्तदद्रेशम्" इत्यादि। वह अदृश्य है; उसे कोई पकड नहीं सकता, न तो उसका कोई गोत्र है या ब्राह्मणादि अथवा शुक्ल आदि वर्ण। न उसे आँखें हैं और न कान। न उसे हाथ है और न पाँव, धैर्यशाली व्यक्ति उस नित्य-शाश्वत, व्यापक, सभी प्राणियों में अवस्थित, अत्यन्त सूक्ष्म अव्यय-अविनाशी चारों ओर प्राणियों के मूल कारण परमशिव का साक्षात्कार करते हैं।"

"पराऽस्य शक्तिः" इत्यादि। परशिव की पराचित् शक्ति श्रुतियों में स्वाभाविकशक्ति, ज्ञानशक्ति, शारीरिक शक्ति (बल) और क्रियाशक्ति के रूप में विविध प्रकार से वर्णित है।

"अथवाऽनन्त" इत्यादि। शिवतत्त्व के अर्थवेत्ता सन्त महात्मा अनन्त कल्याण-गुणों के अखण्ड समष्टिस्वरूप ईश्वर को शिव कहते हैं।"

---

१. ईशावास्य उ. ४
२. वृहदा.अ.३, ब्रा.७
३. मुण्डक उ.
४. मुंड.उ.१.१.६
५. श्वेताश्व.उ.६.८
६. वी.आनन्द चं.पृ.३८

इति स्मरणाच्च। **अचक्षुः**-न विद्येते चक्षुषी यस्य स तथाभूतः सन् प्राकृतभौतिकजडाङ्गेन्द्रियादिरहितोऽप्राकृताजडलिङ्गेन्द्रियादिविशिष्टः सन्नित्यर्थः। **पश्यामि**-शिवलिङ्गमुखत ईक्षे। तद्वद**कर्णः** सन् सो**ऽहं शृणोमि**-प्रसादलिङ्गमुखेन सर्वं शृणोमीत्यर्थः।

"विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखः[1]"

केनेषितं पतति प्रेषितं मनः केन प्राणः प्रथमः प्रैति युक्तः।
केनेषितां वाचमिमां वदन्ति चक्षुः श्रोत्रं क उ देवो युनक्ति?।

("सोऽहम्)अचक्षुः(सन्)पश्यामि" (न विद्येते चक्षुषी यस्य सः अचक्षुः) वह जीवस्वरूप मै परमशिव आँखे न होते हुए भी देखता हूँ। अर्थात् प्राकृत भौतिक जड बाह्य अङ्ग आदि से रहित होने पर भी अप्राकृत, अजड लिङ्गेन्द्रिय आदि से विशिष्ट होकर शिवलिङ्ग द्वारा देखता हूँ। **"स शृणोम्यकर्णः"** — उसी प्रकार कान न होने पर भी प्रसादलिङ्ग के माध्यम से जीवस्वरूप मैं परमशिव सभी कुछ सुनता हूँ। [**"पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः"** इस प्रकार "श्वेताश्वतर उपनिषद्" (३.१९) इसका समर्थन करती है।" इसका विस्तार अनेक श्रुतिग्रन्थों तथा अनुभवसूत्र आदि आगमग्रन्थों में किया गया है, जिसका संक्षेपसार इस प्रकार है—]

"विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखः" — मन्त्रपुष्पांजलि में यह मन्त्र आता है, जिसका अर्थ इस प्रकार है— "वह निर्गुण निराकार परमशिव स्वयं चक्षुरादि इन्द्रियों से रहित तथा मुखरहित होने पर भी समस्त चराचर प्राणियों के रूप में सगुण साकार होने के कारण वह चारों ओर से नेत्रसम्पन्न तथा मुखसम्पन्न है।"

"केनेषितं पतति" इत्यादि। समस्त प्राणियों के मन में यह जिज्ञासा होती है कि संकल्प-विकल्पात्मक अन्तःकरणस्वरूप मन किसके द्वारा प्रेरित होकर इधर-उधर दौड़ता है? प्राणवायु किसके द्वारा शरीरधारी जीव को जीवन देता है? लोग किसके द्वारा प्रेरित होकर वाणी बोलते हैं? कौन देवता चक्षुरिन्द्रिय अथवा श्रवणेन्द्रिय को अपने अपने विषय की ओर प्रेरित करती है?

---

१. श्रुतिसार भा.पृ.१५

श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनो यद्
वाचो ह वाचं स उ प्राणस्य प्राणः।
चक्षुषश्चक्षुरतिमुच्य धीराः
प्रेत्याऽस्माल्लोकादमृता भवन्ति[1]।।''

''स्थूलाङ्गे स्थूलरूपेण सूक्ष्माङ्गे सूक्ष्मरूपतः।
कारणे कारणत्वेन तिष्ठन्त्येतानि खानि हि।।
तेष्वेषु खेषु सर्वेषु लिङ्गं सत्यादिलक्षणम्।
गुरूपदेशसंसिद्धं भासते सर्वतोमुखम्।।
एतल्लिङ्गमुखं यत्र दृश्यते सूक्ष्मदर्शिभिः।
यदामनन्ति वेदाश्च तपांसि नियमास्तथा।।

''श्रोत्रस्य श्रोत्रम्'' इत्यादि मन्त्र उसका उत्तर दे रहा है— ''श्रोत्रेन्द्रिय का लिङ्गमुख श्रोत्र अथवा प्रसादलिङ्ग, अन्तकरण मन (हृदय) का लिङ्गमुख मन (हृदय) अथवा महालिङ्ग, वागिन्द्रिय का लिङ्गमुख वाणी अथवा प्रसादलिङ्ग, प्राणवायु का प्राणलिङ्ग मुख, चक्षुरिन्द्रियका चक्षु अथवा शिवलिङ्ग मुख होता है। इस बात का जो साक्षात्कार करते हैं, वे धैर्यशाली वीरशैव इस लोक से शरीरत्याग के उपरान्त अमर हो जाते है।''

''स्थूलाङ्गे स्थूलरूपेण'' इत्यादि। तीन प्रकार के शरीर है— स्थूलशरीर, सूक्ष्मशरीर और कारणशरीर। इन्हीं शरीरों में ये इन्द्रिय रहते हैं। वे इन्द्रिय स्थूलशरीर में स्थूल रूप से, सूक्ष्मशरीर में सूक्ष्म रूप से और कारणशरीर में कारण के रूप में वे इन्द्रिय रहते हैं।

''तेष्वेव खेषु सर्वेषु'' इत्यादि। उन्हीं सभी इन्द्रियों में सत्य-चैतन्य-सुखस्वरूप सर्वतोमुख लिङ्ग प्रकाशित होता है, जो गुरु के द्वारा उपदेश से सिद्ध होता है।

''एतल्लिङ्गमुखम्'' इत्यादि। सूक्ष्म निरीक्षण करनेवाले जहाँ इसके लिङ्गमुख का साक्षात्कार करते हैं। वेद, विविध तप तथा यम-नियम जिसका निरूपण करते हैं।

---

१. केन.उ.१.१,२

हृदयं हृदयस्येति श्रोत्रं श्रोत्रस्य सर्वदा।
वाचो वाक् त्वक् त्वचः पाणिः पाणेश्चक्षुश्च चक्षुषः।।
पादः पादस्य जिह्वाया जिह्वा गुह्यस्य गुह्यकम्।
नासिका नासिकायाश्च पायोः पायुरिति स्थितिः।।
तल्लिङ्गमुखमित्याहुः शिवसिद्धान्ततान्त्रिकाः।
प्रत्येकं लिङ्गमस्यैव मुखं वक्ष्ये पृथक् पृथक्।।
घ्राणस्य घ्राणमाचारलिङ्गस्य मुखमुच्यते।
जिह्वायाश्च तथा जिह्वा गुरुलिङ्गमुखं भवेत्।।
चक्षुषश्च तथा चक्षुः शिवलिङ्गमुखं भवेत्।
त्वचस्त्वक् चररूपस्य लिङ्गस्य मुखमुच्यते।।
मुखं प्रसादलिङ्गस्य श्रोत्रं श्रोत्रस्य कथ्यते।
हृदयं हृदयस्यैव महालिङ्गमुखं भवेत्[१]।।''

''हृदयं हृदयस्य'' इत्यादि। हृदयलिङ्ग सदा अन्तःकरण मन का लिङ्गमुख होता है। उसी प्रकार श्रोत्रलिङ्ग श्रोत्रेन्द्रिय का वागिन्द्रिय वाणी का, त्वगिन्द्रिय त्वचा का, हस्तेन्द्रिय हाथ का, चक्षुरिन्द्रिय आँख का चरणेन्द्रिय चरणों का, रसनेन्द्रिय जिह्वा का, गुह्येन्द्रिय गुह्य का, घ्राणेन्द्रिय नासिका का और गुदा इन्द्रिय पायु का लिङ्गमुख होता है यह शास्त्रीय व्यवस्था है। शैवागम विशेषज्ञों ने उसीको **''लिङ्गमुख''** कहा है। अब मैं इसी परमशिव के पृथक्-पृथक् लिङ्गमुख का निरूपण करता हूँ।

''घ्राणस्य घ्राणम्'' इत्यादि। घ्राणेन्द्रिय में घ्राण के रूप में रहने वाला ''आचारलिङ्ग'' का मुख कहा जाता है। रसनेन्द्रिय में रसना के रूप में रहनेवाला ''गुरुलिङ्ग'' का मुख होता है। चक्षुरिन्द्रिय में चक्षु के रूप में रहनेवाला ''शिवलिङ्ग'' का मुख होता है। त्वगिन्द्रिय में त्वचा के रूप में रहनेवाला चरलिङ्ग का मुख होता है।

''मुखं प्रसादलिङ्गस्य'' इत्यादि। श्रोत्रेन्द्रिय का श्रोत्र प्रसादलिङ्ग का और हृदय का ही हृदय ''महालिङ्ग'' का मुख कहलाता है।''

---

१. अनुभवसूत्रं, अ.६.१९-२७

**"नेता त्वमिन्द्रियाणां च सर्वज्ञानप्रबोधकः।
सांख्ययोगश्च हंसश्च मृत्युञ्जय! नमोऽस्तु ते[१]।।"**

इत्यादिश्रुत्यनुभवसूत्रादिषु बहुधा प्रपञ्चितं सविस्तरमत्र सङ्क्षिप्तम्। **यद्वा**-चक्षुःश्रोत्रादि-ज्ञानेन्द्रियरहित इति यावत्। **विविक्तरूपश्चाहम्**-सूक्ष्मरूपो विविधरूपो वा भूत्वा चाहम्, **विजानामि**-सकलं विशेषेण जानामि, इष्टप्राणभावलिङ्गादि-विविधरूपः सन् सर्वं जानामीति भावः। **सदा**-निरन्तरम्, भूतभविष्यद्वर्तमानेष्वपि कालेष्वित्यर्थः। **चिदहम्**-चैतन्यस्वरूपोऽहम्, **यद्वा** चिदुपलक्षितसच्चिदानन्दादि-पञ्चलक्षणलक्षितोऽहमित्यर्थः।

"चेता केवलो निर्गुणश्च[२]"

"नेता त्वम्" इत्यादि। "मृत्युञ्जय शिव! तुम समस्त एकादश इन्द्रियों के प्रेरणास्रोत मापक हो, सभी को ज्ञान देकर अज्ञाननिद्रा से प्रबुद्ध करते हो। तुम्ही सांख्ययोग और नीरक्षीरविवेकी सत्-असत् के विवेचक हंस हो। तुझे हमारा नमस्कार।"

अथवा **"पश्याम्यचक्षुः स शृणोम्यकर्णः"** का अर्थ यह है कि निर्गुण-निराकार परमशिव मैं चक्षुरिन्द्रिय, श्रोत्रेन्द्रिय इत्यादि पञ्चज्ञानेन्द्रियों से रहित होकर भी जीव के रूप में सगुण साकार रूप लेकर देख सकता हूँ, सुन सकता हूँ और अन्य ज्ञानेन्द्रियों से उन-उन विषयों का उपभोग कर सकता हूँ।

"विविक्तरूपः अहं विजानामि" — सूक्ष्म अथवा इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, भावलिङ्ग आदि विविध रूप लेकर मैं विशिष्ट रूप में समस्त चराचर जगत् का विशिष्ट रूप से साक्षात्कार करता हूँ।

"सदा चित् अहम्" मैं सदा-सर्वदा, निरन्तर, भूत-भविष्य-वर्तमान तीनों कालों में चैतन्यस्वरूप हूँ, अथवा "चित्" का तात्पर्य यह है कि मैं सदा-सर्वदा सत्-चित्-आनन्द आदि पञ्च स्वरूपों से लक्षित होता हूँ। इसमें अनेक वचन प्रमाण हैं। "ब्रह्मोपनिषत्" उसे परमशिव को निर्गुण और केवल चित्स्वरूप कहती है— **"चेता केवलो निर्गुणश्च।"**

---

१. मृत्युञ्जयस्तोत्रे
२. ब्रह्मोपनिषत्

"ज्ञानमयमात्मा",

"ज्ञानमानन्दं ब्रह्म"

"निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्।
अमृतस्य परं सेतुं दग्धेन्धनमिवानलम्[१]।।"

"चिद्रूपं हि परं तत्त्वं शिवाख्यं विश्वकारणम्।
निरस्तविश्वकालुष्यं निष्कलं निर्विकल्पकम्।।

सत्तानन्दपरिस्फूर्तिसमुल्लासकलामयम्।
अप्रमेयमनिर्देश्यं मुमुक्षुभिरुपासितम्[२]।।"

इति श्रुतिसिद्धान्तशिखामण्युक्तेः, **"चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्"**

"ज्ञानमयमात्मा" — परमशिव परमात्मा ज्ञानस्वरूप है।

"ज्ञानमानन्दं ब्रह्म" — परब्रह्म परमशिव ज्ञानस्वरूप और आनन्दस्वरूप है।

"निष्कलं निष्क्रियम्" इत्यादि। "वह परमशिव कलाहीन, क्रियाशून्य, अत्यन्तशान्त, निर्दुष्ट, निरञ्जन अमरता का परमसेतु तथा पूर्ण प्रज्वलित अग्नि के समान प्रकाशमान है।"

"चिद्रूपं हि परं तत्त्वम्" — "चैतन्यस्वरूप शिव नामक यह परमतत्त्व है, जो समस्त विश्व का कारण है, जो विश्व की कलुषता को दूर करता है, जो कलाहीन और निर्विकल्पक है, जो सत्यस्वरूप, आनन्दमय, स्फूर्तिसम्पन्न और समस्त कलापरिपूर्ण है। वह प्रमेयरहित है। मुमुक्षु उसकी उपासना करते हैं।" इस प्रकार अनेक वेदमन्त्र और सिद्धान्तशिखामणि उस परमशिव के चैतन्यस्वरूप का निरूपण करते हैं।

"चिदानन्दरूपः शिवोऽहम् शिवोऽहम्" इस प्रकार अभिज्ञ की सूक्तियाँ भी उसकी चिन्मात्र सत्ता का निरूपण करती हैं— **"चिदानन्दरूपः"** इत्यादि। मैं (जीव) चैतन्यस्वरूप आनन्दमय शिवस्वरूप हूँ, शिवस्वरूप हूँ।

---

१. श्वेताश्व.उ.६.१९
२. सि.शि.म., ६.३२-३३

''शिवोऽहमस्मीति शिवं प्रपद्ये'' इत्यभिज्ञोक्तेश्च। **मम**-माम्, 'ममे'ति कर्मणि षष्ठी। **वेत्ता**-ज्ञाता, **नास्ति**-न विद्यते, कोऽपि न वेत्तीत्यर्थः।।२०।।२१।।

वेदैरनेकैरहमेव वेद्यो
वेदान्तकृद् वेदविदेव चाहम्।
न पुण्यपापे मम नास्ति नाशो
न जन्मदेहेन्द्रियबुद्धिरस्ति।।२२।।

न भूमिरापो न च वह्निरस्ति
न चानिलो मेऽस्ति न चाम्बरं च।।२३।।

एवं विदित्वा परमात्मरूपं
गुहाशयं निष्कलमद्वितीयम्।

''शिवोऽहम्'' इत्यादि। मैं (जीव) शिवस्वरूप हूँ, इस लिये शिव की शरण में जा रहा हूँ।

''मम च वेत्ता नास्ति'' — ''मम'' यह ''अस्मत्'' सर्वनाम का षष्ठी विभक्ति में प्रयोग ''माम्'' इस कर्मकारक के लिये द्वितीया विभक्ति के लिये किया गया है। मेरा कोई जानकार नहीं है, मुझे कोई भी नहीं जानता।।२०।।२१।।

मन्त्रार्थ— [उपास्य (शिव) और उपासक (जीव) की एकात्मकता का निरूपण करती हुई वेदमाता कहती है कि] **मैं शिवस्वरूप जीव के रूप में अवतीर्ण हूँ। अत एव सूक्ष्म से सूक्ष्मतम, विशाल से विशालतम, चराचर जगत्स्वरूप, चित्र-विचित्र लीलावतार लेनेवाला, पुरातन पुरुष, सबका ईश्वर और सुवर्ण के समान सर्वत्र प्रकाशमान हूँ। न तो मुझे हस्तपादादि कर्मेन्द्रिय हैं और न चक्षुरादि ज्ञानेन्द्रिय हैं। मेरी शक्ति विविध तथा अनन्त होने के कारण कल्पनातीत है। निर्गुण निराकार होने के कारण चक्षुरादि इन्द्रियों से रहित होने पर सगुण साकार शिव के रूप में देख और सुन सकता हूँ और अपने अपने इन्द्रिय के विषय का उपभोग कर सकता हूँ। मैं सूक्ष्म अथवा विविध रूप लेकर समस्त जगत् का साक्षात्कार कर सकता हूँ। मैं सदा केवल चैतन्यस्वरूप अथवा सच्चिदानन्दस्वरूप हूँ। मैं सबको जानता हूँ, किन्तु मुझे कोई भी नहीं जातना।।२०।।२१।।**

समस्तसाक्षिं सदसद्विहीनं
प्रयाति शुद्धं परमात्मरूपम्।।२४।।

वेदैरिति। अनेकैः-चतुर्विधैः, **वेदैः**-ऋग्यजुराद्याम्नायैः, **अहमेव**-अस्मच्छब्दाभिधेय आत्मैव, लिङ्गरूपशिव एवेत्यर्थः। **वेद्यः**-वेत्तुं योग्यः। **वेदान्तकृत्**-वेदानामन्ता वेदान्ता उपनिषदः, तान् करोतीति वेदान्तकृत्, उपनिषत्कर्तेत्यर्थः। **वेदवित्**-वेदान् वेत्तीति वेदवित्, वेदज्ञोऽहमेवेत्यर्थः।

''अस्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेद'' इत्यादि, **''शिवो मामेव पितरः''**,

अष्टादशानामेतासां विद्यानां भिन्नवर्त्मनाम्।
आदिकर्ता शिवः साक्षाच्छूलपाणिरिति श्रुतिः[1]।।

''वेदैरनेकैः'' इत्यादि। **अनेकैः** = चार प्रकार के, **वेदैः** = ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद द्वारा, **''अहम् एव''** ''अस्मत्'' सर्वनाम से संकेतित परमात्मा अर्थात् लिङ्गस्वरूप शिव ही, **वेद्यः** = जानने योग्य है। **वेदान्तकृत्** (वेदानामन्ताः वेदान्ताः उपनिषदः, तान् करोतीति वेदान्तकृत्) = उपनिषदों का कर्ता, **वेदवित् च** (वेदान् वेत्तीति वेदवित्) = और वेदों का जानकार भी, **अहमेव** = जीव के रूप में अवतीर्ण परमशिव मैं ही हूँ।

इसके समर्थन में अनेक प्रमाणवचन हैं। यथा— **''अस्य महतो भूतस्य''** इत्यादि। इस परमशिव के प्राणिमात्र के निश्वास ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद हैं।

''शिवो मामेव पितरः'' — शिव ही मेरे माता-पिता हैं।

''अष्टादशानामेतासाम्'' इत्यादि। [ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद ये चार वेद हैं। शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्दःशास्त्र और ज्योतिष ये छः वेदाङ्ग हैं। पुराणेतिहास, न्यायशास्त्र, मीमांसाशास्त्र, धर्मशास्त्र, चार वेद और छः वेदाङ्ग मिलकर चौदह विद्याएँ होती हैं। आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद और अर्थशास्त्र मिलकर अठारह विद्याएँ परिगणित हैं। श्रुति कहती है कि] भिन्न-भिन्न मार्गों को दिखलानेवाली (इन) अठारह विद्याओं के आदि कर्ता प्रत्यक्ष शूलपाणि सदाशिव हैं।''

---

१. श्रीकरभा.पृ.३६

''ईश्वरः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां ब्रह्माऽधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिः ब्रह्मा शिवो मे अस्तु सदाशिवोम्[१]।''

''ब्रह्मयोनिः स वा एष पुरुषः'' इति श्रुत्याद्युक्तेः।

''यस्य निश्वसिता वेदा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेद'' इति श्रुतौ श्रूयते। तथा **''शास्त्रयोनित्वादि''**ति ब्रह्मसूत्रे (१.१.३) भगवता व्यासेन वेदप्रतिपाद्यत्वं वेदकारणत्वं च शिवस्य प्रतिपादितमिति पुरुषसूक्तभाष्ये प्रदर्शितत्वाच्च। **मम**-मे, **पुण्यपापे**-पुण्यं च पापं च पुण्यपापे धर्माधर्मजन्यादुरितदुरिते, **न स्तः**-न विद्येते इत्यर्थः।

''पुण्यपापे विधूय परात् परं पुरुषमुपैति विद्वान्। अपापविद्धम्[२]।'' इत्यादिश्रुतेः, **नाशः**-हानि, **नास्ति**-न विद्यते, सच्चिदानन्दादिरूपपरशिव-

---

''ईश्वरः सर्वविद्यानाम्'' इत्यादि। परमशिव उक्त सभी विद्याओं का स्वामी है। सभी प्राणियों का अधिपति वही परब्रह्म-परमशिव है। वही सृष्टिकर्ता ब्रह्मदेव का भी अधिपति है। वह परब्रह्म परमेश्वर सदाशिव सदा मेरे (जीव के) ही रहें — ''ॐ''।

''ब्रह्मयोनिः स वा एव पुरुषः'' — वह सब प्राणियों का अन्तर्यामी परब्रह्म-परमेश्वर वेदों का मूलकारण है। ''पुरुषसूक्त'' के भाष्य में भी यह निरूपण है— **''यस्य निश्वसितं वेदाः''** इत्यादि स्वयं वेदमाता कहती है। **''शास्त्रयोनित्वात्''** इस ब्रह्मसूत्र (१.१.३) में भगवान् वेदव्यास ने परब्रह्म-परशिव को वेद का प्रतिपाद्यविषय तथा वेद का कारण बतलाया है।

''मम पुण्यपापे न स्तः'' सदाशिवस्वरूप मेरा (जीव का) न तो धर्म-जनित पुण्य है, और न अधर्मजनित पाप। इसमें अनेक श्रुतिवचन प्रमाण है। यथा—

''पुण्यपापे विधूय'' इत्यादि। ब्रह्मवेत्ता साधक पुण्य और पाप को स्वयं से दूर करते हुए परात्पर पुरुष परमशिव का साक्षात्कार करता है। ईशावास्य उपनिषत् भी उसे पाप-पुण्यों से मुक्त कहती है— **''अपापविद्धम्''**।

''मम नास्ति नाशः'' — मैं जीव सच्चिदानन्द आदि परशिवस्वरूप, उसका ही अंश हूँ, अतः मेरा नाश नहीं होता।

---

१. नारायणोपनिषत्

२. ईशावास्य (८)

स्वरूपत्वात्। **जन्मदेहेन्द्रियबुद्धिः**-जन्म च देहश्चेन्द्रियाणि च बुद्धिश्चैषां समाहारो जन्मदेहेन्द्रिय-बुद्धिः। लिङ्गव्यत्ययः छान्दसः। जननमरणतनुकरणेन्द्रियादिकमपि, **नास्ति**-न विद्यते।

न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे[1]।।

सपर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्[2]।

इत्यादिश्रुतेः। **मे**-मम, **भूमिः**-पृथ्वी, **आपः**-जलम्, **वह्निश्च**-अग्निरपि, **न**-नास्ति। **अनिलश्च**-वायुरपि, **नास्ति**-न विद्यते। **अम्बरं च**-आकाशमपि, **नास्ति**-

---

''न जन्मदेहेन्द्रियबुद्धिरस्ति'' — ''जन्म च देहश्च इन्द्रियाणि च बुद्धिश्च एषां समाहारः जन्मदेहेन्द्रियबुद्धिः'' इस प्रकार समाहारद्वन्द्वसमास करना चाहिये। पुंल्लिग में प्रयोग वैदिक है। अर्थात् परमशिवस्वरूप होने के कारण मुझ जीव को जन्म-मरण, देह, इन्द्रिय बुद्धि आदि का अभिमान भी नहीं रहता।

इसमें अनेक वेदमन्त्र प्रमाण हैं। यथा— **''न जायते म्रियते वा विपश्चित्''** इत्यादि। ''न तो ब्रह्मज्ञानी का जन्म होता है, न उसकी मृत्यु होती है। न तो क़हीं से किसी रूप में उसका जन्म हुआ है। वह अजन्मा, नित्य, शाश्वत पुराणपुरुष है। शरीर के नष्ट होने पर भी वह नष्ट नहीं होता।''

''स पर्यगात्'' इत्यादि ईशावास्योपनिषत् मन्त्र में उसे **''अपापविद्धम्''** अर्थात् शुभाशुभकर्मसम्पर्कशून्य कहा गया है।

''न भूमिः'' इत्यादि। **मे** = मुझ शिवस्वरूप जीव की, **भूमिः न** = पृथ्वी नहीं है, **आपः न** = जल नहीं है, **न च वह्निरस्ति** = अग्नि (तेज) भी नहीं है, **''न चानिलो मेऽस्ति''** = वायु भी नहीं है, **''न चाऽम्बरं च''** = और आकाश भी नहीं है। यहाँ 'च'कार का प्रयोग समुच्चय अर्थ में न होकर ''अपि'' (भी) के अर्थ में किया गया है। अर्थात् परमशिव परमात्मा से आकाश आदि पञ्च महाभूतों की उत्पत्ति होने के कारण वे परमात्मस्वरूप नहीं

---

१. कठ.उ.१.२.१८
२. ईशावास्य उ. (८)

न विद्यते। चकारस्त्वप्यर्थेऽस्ति। आत्मन एवाऽऽकाशादिपञ्चभूतोत्पत्तेस्तत्पञ्च-भूतान्यात्मरूपाणि नेति भावः। **"आत्मन आकाशः सम्भूत आकाशाद् वायुः[३]।"**

"स यथा सौम्य! वयांसि वासो वृक्षं सम्प्रतिष्ठन्ते।
एवं ह वै तत् सर्वं पर आत्मनि सम्प्रतिष्ठते।।"
पृथिवी च पृथिवीमात्रा चाऽऽपश्चापोमात्रा च,
तेजश्च तेजोमात्रा च, वायुश्च वायुमात्रा
चाऽऽकाशश्चाऽऽकाशमात्रा च[१]।।
"आकाशवत् सर्वगतश्च पूर्णः[२]"

है। जैसा कि "तैत्तिरीयोपनिषत्" में **"आत्मन आकाशः सम्भूतः आकाशाद् वायुः"** इत्यादि मन्त्र द्वारा परमात्मा से पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति वर्णित है। जिसका अर्थ इस प्रकार है— परमात्मा से आकाश की और आकाश से वायु की उत्पत्ति हुई।

"स यथा सौम्य!" इत्यादि। "सौम्य! जिस प्रकार पक्षी वृक्ष को अपना घर बनाकर वहाँ रहते हैं, उसी प्रकार समस्त चराचर विश्व उसी परमशिव परमात्मा में प्रतिष्ठित है। [पञ्च महाभूतों में पञ्च तन्मात्राएँ रहती हैं। परमात्मा में पञ्चभूत और पञ्चतन्मात्राएँ रहती हैं। परमशिव-परमात्मा में पृथ्वी और उसकी गन्धतन्मात्रा, जल और उसकी रसतन्मात्रा, तेज और उसकी रूपतन्त्रमात्रा, वायु और उसकी स्पर्शतन्मात्रा, तेज और उसकी रूपतन्मात्रा, वायु और उसकी स्पर्शतन्मात्रा तथा आकाश और उसकी शब्दतन्मात्रा रहती है।"

"आकाशवत् सर्वगतश्च पूर्णः" — "जिस प्रकार आकाश सब वस्तुओं में पूर्णरूप से रहता है, उसीप्रकार परशिव-परब्रह्म परमात्मा भी सर्वान्तर्यामी सर्वत्र पूर्णरूप से रहता है।" इस प्रकार श्रीकरभाष्य में विवेचन किया गया है।

---

१. तै.अ.१, ब्रह्मानन्दवल्ली
२. प्रश्नोपनिषत् ४
३. *श्रीकरभा.पृ.२०* इत्यादिश्रुतेः।

इत्यादिश्रुतेः, **एवम्**-इत्थम्, **निष्कलम्**-अविद्यादिकलङ्करहितम्, **अद्वितीयम्**-अद्वयम्, सजातीयविजातीयभेदरहितस्वगतैकभेदविशिष्टमित्यर्थः।

"निष्कलं निष्क्रियं शान्तम्[१]**"**, **"एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म**[२]**"** इत्यादिश्रुतेः, **गुहाशयम्**-प्राणिनां हृदयाकाशे सन्निहितम्। **"आत्माऽस्य जन्तोर्निहितो गुहायाम्**[३]**"**, **"रुद्रो जनानां हृदये सन्निविष्टः**[४]**"**।

"एष सर्वेषु भूतेषु गूढाऽऽत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्रया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः[५]**।।"**

"गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तं यो भूतेभिर्व्यपश्यत, एतद् वैतत्।"

"एवं विदित्वा" इत्यादि। **एवम्** = इस प्रकार, **निष्कलम्** = अविद्या आदि कलंकों से मुक्त, **अद्वितीयम्** = अद्वय-एक, सजातीय-विजातीयभेद-रहित स्वगत एकभेदसहित। इसमें अनेक प्रमाणवचन हैं। यथा श्वेताश्वतर उपनिषत् उसे **"निष्कल निष्क्रिय शान्तम्"** कहती है। छान्दोग्य उपनिषत् **"एकमेवाऽद्वितीयं ब्रह्म"** इस प्रकार उसका वर्णन करती है। **"गुहाशयम्"** = प्राणियों की हृदयगुफा में प्रविष्ट, जैसे कि विविध प्रमाण वचन हैं— **"आत्माऽस्य जन्तोर्निहितो गुहायाम्"** — "परब्रह्म परमशिव उस जीव की हृदयगुफा में प्रविष्ट है।" **"रुद्रो जनानां हृदये सन्निविष्टः"**— "रुद्र शिवलोगों के हृदयाकाश में प्रतिष्ठित हैं।"

"एषु सर्वेषु भूतेषु" इत्यादि। "यह परशिव-परमात्मा सभी प्राणियों में प्रकाशित नहीं होता। सूक्ष्मदर्शी अपनी सूक्ष्मदृष्टि से उसका साक्षात्कार करते हैं।

"गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तम्" इत्यादि। "जिसका साक्षात्कार प्राणियों ने अपने हृदयगुफा में किया, वही यह परशिव परब्रह्म है।"

---

१. श्वेताश्व.उ.६.१९
२. छान्दोग्य उ.६, ख.२
३. कठ.उ.१.२.२०
४. श्रीकरभा.पृ.४६३
५. कठ.उ.१.३.१२

''एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च[१]।।''

इत्यादिश्रुतेः। **परमात्मरूपम्**-परतरशिवलिङ्गरूपपरमात्मानम्, **विदित्वा**-शिवयोगी भक्तमाहेश्वरादिर्ज्ञात्वेत्यर्थः। **समस्तसाक्षिम्**-चेतनाचेतनसकलप्रपञ्चसाक्षिणम्।

''सर्वात्मा शङ्करो नाम साक्ष्येव सकलस्य तु''

इति द्वितीयाध्याये ब्रह्मगीतोक्तेः। **सदसद्विहीनम्**-सच्चासच्च सदसत् ततो विहीनं सदसद्विहीनं जडाजडप्रपञ्चविरहितम्, विलक्षणमिति यावत्। **शुद्धम्**-परिशुद्धम्। **निर्मलम्**-अविद्यामलरहितमित्यर्थः, **''शुद्धमपापविद्धम्[२]''** इति श्रुतेः। **परमात्मरूपम्**-परतरशिवलिङ्गस्वरूपपरमात्मानम्, परब्रह्मपरशिवमित्यर्थः। **प्रयाति**-प्राप्नोति। सहजलिङ्गाङ्गसामरस्यसुखमनुभवतीत्यर्थः।

''एको देवः'' इत्यादि। केवल एक महादेव सभी प्राणियों में गुप्त रूप से प्रविष्ट हैं। वे सर्वव्यापक, सभी प्राणियों की अन्तरात्मा, उनके कर्मों का अधिपति, सभी प्राणियों में निवास करने वाला तटस्थ द्रष्टा केवल चित्स्वरूप निर्गुण-निराकार है।

भक्त माहेश्वर आदि शिवयोगी **''परमात्मरूपम्''** = परतर शिवलिङ्ग-स्वरूप परमात्मा का, **विदित्वा** = साक्षात्कार कर, **समस्तसाक्षिम्** = चेतन-अचेतन स्वरूप सम्पूर्ण प्रपञ्च के साक्षी, **सदसद्विहीनम्** = सत् (अजड़) और असत् (जड़) प्रपञ्चरहित उनसे विलक्षण, **शुद्धम्** = अत्यन्त पवित्र, आणव कार्म और मायीय त्रिविध अविद्यामल से रहित, **परमात्मरूपम्** = परब्रह्म परशिवस्वरूप को, **प्रयाति** = प्राप्त करता है, सहज लिङ्गाङ्गसामरस्य सुख पाता है।

''समस्तसाक्षिम्'' के समर्थन में ब्रह्मगीता कहती है— **''सर्वात्मा शङ्करो यस्य साक्ष्येव सकलस्य तु''** — सब प्राणियों के आत्मस्थानीय भगवान् शङ्कर सम्पूर्ण विश्व के साक्षी हैं।'' उसकी शुद्धता का समर्थन **''ईशावास्य उपनिषत्''** करती है— **''शुद्धमपापविद्धम्'', ''परमात्मरूपं प्रयाति''** — ''प्र'' उपसर्गपूर्वक प्रापणार्थक ''या'' धातु के लट्लकार का रूप ''प्रयाति'' है।

---

१. श्वेताश्व.उ.६.११
२. ईशावास्य उ. ८

यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय।
तथा विद्वान् नामरूपाद् विमुक्तः परात् परं पुरुषमुपैति दिव्यम्[१]।।

इति श्रुतेः, **या प्रापण** इति धातोः।।२२।।२३।।२४।।

फलश्रुतिः

यः शतरुद्रीयमधीते सोऽग्निपूतो भवति।
स वायुपूतो भवति।
स आत्मपूतो भवति।

शिवयोगी भक्त माहेश्वर आदि किस प्रकार लिङ्गाङ्गसामरस्यसुख का सहज अनुभव करते हैं, उसका सुन्दर चित्रण **''यथा नद्यः स्यन्दमाना''** इत्यादि मुण्डकोपनिषद् के मन्त्र में प्राप्त होता है। इसका अर्थ यह है कि जिस प्रकार विभिन्न नदियाँ बहती हुईं अपना नाम और स्वरूप छोड़कर समुद्र में विलय प्राप्त करती हैं, उसी प्रकार शिवतत्त्वज्ञानी जब नाम और रूप से मुक्त होता है, तब देहपात के अनन्तर अथवा जीवितावस्था में जीवन्मुक्तस्थिति में ही लिङ्गाङ्गसामरस्ययोगद्वारा परात्पर पुरुषोत्तम परम-शिव को प्राप्त करता है।

***मन्त्रार्थ*— मैं जीव ही समस्त वेदों द्वारा प्रतिपाद्य विषय तथा लिङ्गरूप शिव से अभिन्न हूँ, मैं ही उपनिषदों का कर्ता तथा वेदों का वेत्ता भी हूँ, सच्चिदानन्दस्वरूप होने के कारण मुझसे पुण्य-पाप सम्बद्ध नहीं है। मेरा न तो नाश होता है, और न मुझे जन्म-मरण, देह-इन्द्रिय-बुद्धि इत्यादि का अभिमान स्पर्श करता है। मुझ से (परमशिव परमात्मा से) ही पञ्च महाभूतों की उत्पत्ति होने के कारण न तो मैं भूमि हूँ, न जल हूँ, न अग्नि (तेज) हूँ, न वायु हूँ और न आकाश हूँ। इस प्रकार अविद्यादि-कलङ्करहित, अद्वय, प्राणियों की हृदयगुफा में प्रविष्ट, परतरशिवलिङ्गस्वरूप परब्रह्म परमात्मा का जो साक्षात्कार करता है, वह भक्त माहेश्वर आदि साधक स्वयं लिङ्गाङ्गसामरस्य-शिवयोगद्वारा जड-अजड-प्रपञ्च से शून्य त्रिविधमलरहित चेतन-अचेतन समस्त प्रपञ्च का साक्षी परमशिव परब्रह्म परमात्मा बन जाता है।।२२।।२३।।२४।।**

---

१. मुण्ड.उ.२.२

स सुरापानात् पूतो भवति।
स ब्रह्महत्यायाः पूतो भवति।।
स सुवर्णस्तेयात् पूतो भवति।
स कृत्याकृत्यात् पूतो भवति।
तस्मादविमुक्तमाश्रितो भवति।
अत्याश्रमी सर्वदा सकृद् वा जपेत्।।
अनेन ज्ञानमाप्नोति संसारार्णवनाशनम्।
तस्मादेवं विदित्वैनं कैवल्यं पदमश्नुते
कैवल्यं पदमश्नुते।।२५।।

।। इति द्वितीय खण्डः।।२।।

।। इति यजुर्वेदीया कैवल्योपनिषत् समाप्ता ।।

य इति। **योऽत्याश्रमी** योऽप्राकृतातिवर्णाश्रमधर्माचारवान्, **महापाशुपतव्रतीत्यर्थः**। अष्टावरणसम्पन्नपञ्चाचारपरायणातीन्द्रियत्वादिगुणोपेतः षट्स्थलब्रह्मी वीरशैवभक्तमाहेश्वरादिरिति भावः।

''अत्याश्रमिभ्यः परमं पवित्रं प्रोवाच सम्यग् ऋषिसङ्घजुष्टम्[१]।''

''यः शतरुद्रीयमधीते'' — जो अत्याश्रमी शतरुद्रीका अध्ययन करता है। **''अत्याश्रमी''** वह होता है जो अप्राकृत वर्णाश्रमधर्मप्रोक्त सदाचारसम्पन्न और महापाशुपतव्रत का अनुष्ठान करता है, उसे अष्टावरणसम्पन्न, पञ्चाचार-परायण, अतीन्द्रियत्व आदि गुणशील, षट्स्थलब्रह्मनिष्ठ होना चाहिये। ऐसा वीरशैव-भक्त, माहेश्वर आदि 'अत्याश्रमी' होता है। वही अत्याश्रमी ब्रह्मविद्या का अधिकारी होता है।

जैसा कि श्रुतिवचन प्रमाणित करते हैं। यथा— **''अत्याश्रमिभ्यः परमं पवित्रम्''** इत्यादि। महर्षि श्वेताश्वतर ने उन अत्याश्रमी वीरशैवों को वह परम पवित्र उपदेश दिया, ऋषिसंघ जिसका सम्यक् पालन करते थे।

---

१. श्वेताश्व.उ.६.३.२१

''क्रियावन्तः श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठाः स्वयं जुह्वत् एकर्षिं श्रद्धयन्तः। तेषांमेवैतां ब्रह्मविद्यां वदेत[1]।''

''व्रतमेतत् पाशुपतम्, तत् समाचरेन्मुमुक्षुर्नपुनर्भवाय।''

इत्यादिश्रुते:।

''रुद्रं शाश्वतं वै पुराणमिषमूर्जं तमसो नियच्छतु व्रतमेतत् पाशुपतम्। 'अग्निरि'त्यादिना भस्म गृहीत्वा विमृज्याऽङ्गानि संस्पृश्येत्। तस्माद् व्रतमेतत् पाशुपतम्। 'पशुपाशादिविमोक्षाये'ति रुद्रध्यानस्य पाशविच्छेदरूपस्य मोक्षफलस्य च सम्बन्धावगमात्। अतो यावदायुषं पाशुपतव्रतधारिणाम्, यदुक्तमाश्रमेष्वन्तर्भावादिति, तत्राऽऽह–आश्रमान्तरेण रूपेणाऽऽत्मानमनाविष्कुर्वन्नव्यक्तीभवन्नपि

''क्रियावन्तः श्रोत्रिया'' इत्यादि। ''जो सदाचारनिष्ठ श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ होते हैं और एकमात्र क्रान्तदर्शी ऋषि परमशिव पर श्रद्धा रखते हुए उपासना करते हैं, केवल उन्हें ही इस पञ्चाक्षरी महाविद्या (ब्रह्मविद्या) का उपदेश देना चाहिये।'' **''पाशुपत व्रत''** अथवा अत्याश्रम की महिमा भी उपनिषदों में वर्णित है। यथा— **''व्रतमेतत् पाशुपतम्''** इत्यादि। ''यह पाशुपतव्रत है, इसका अनुष्ठाना जन्ममरण के चक्र से छुटकारा पाने के लिए करना चाहिये।''

''रुद्रं शाश्वतं वै पुराणम्'' इत्यादि। शिवरुद्र जो शाश्वत पुराण-पुरुष है, वे अज्ञानान्धकार हटाकर ज्ञान की शाश्वत ऊर्जा प्रदान करे। यह पाशुपतव्रत है। **''अग्निः''** इत्यादि मन्त्रोच्चारणपूर्वक भस्म लेकर वह समस्त अंगों पर लगाना चाहिये। यह पाशुपतव्रत पशु, पाश आदि से छुटकारा पाने के लिए है। इस प्रकार रुद्र के ध्यान तथा उससे पाशविच्छेदन रूपी मोक्षफल का परस्पर सम्बन्ध का ज्ञान होता है। अतः पाशुपतव्रतियों को इसका आजीवन पालन करना चाहिये। अब प्रश्न यह है कि पाशुपतव्रत का आश्रमधर्मों में अन्तर्भाव है, फिर उसकी विशेषता क्या है? उसका उत्तर यह है कि यद्यपि पाशुपताश्रम अन्य आश्रम के रूप में स्वयं को प्रकट नहीं करता और अव्यक्त रहता है, तथापि यह 'अत्याश्रम' नामका स्वतन्त्र आश्रमभेद है और परमशिवपद की प्राप्ति का कारण है, क्योंकि पाशुपताश्रम पराविद्या

---

१. मुण्ड.उ.२.२

पाशुपताश्रमो विद्यासाधनब्रह्मचर्यादिधर्मसमन्वयादत्याश्रमसंज्ञकोऽयमाश्रमभेदः स्वतन्त्रः परमशिवप्राप्तिहेतुः।।

''यावच्छरीरपातं वा द्वादशाब्दमथापि वा''

इति **सावधित्वेन पाशुपतस्य विकल्पस्तत्राऽऽत्यन्तिकमत्याश्रमसंज्ञकमपवर्गहेतुरिति व्यवस्था। एवं भुक्तिमुक्तिहेतुतयोभयात्मकमिदं व्रतं शिवप्रसादकरं श्रुतिरेव विदधाति** इति। **''मौनवदितरेषामप्युपदेशात्'', ''अनाविष्कुर्वन्नन्वयात्''** इति सूत्रद्वयस्य श्रीमन्नीलकण्ठभाष्ये (पृ.११९-२०) सुस्पष्टमुक्तवात्।

''प्रशान्तचित्ताय जितेन्द्रियाय प्रहीणदोषाय यथोक्तकारिणे।
गुणान्विताायाऽनुगताय नित्यं प्रदेयमेतत् सततं मुमुक्षवे।।
अत्याश्रमिभ्यः शान्तेभ्यो वक्तव्यं ब्रह्मवेदनम्।
नाऽप्रशान्ताय दातव्यं नाऽपुत्राय कदाचन।।
'अग्निरि'त्यादिभिर्मन्त्रैर्भस्मनोद्धूलनं तथा।
त्रिपुण्ड्रधारणं चापि वदन्त्यत्याश्रमं बुधाः[1]।।''

पञ्चाक्षरी महाविद्या का साधन है तथा ब्रह्मचर्य आदि धर्म के साथ इसका समन्वय होता है।

''यावत् शरीरपातं वा'' इत्यादि वचन के अनुसार पाशुपतव्रत के दो विकल्प हैं— (१) आजीवन उसका पालन अथवा बारह वर्षों तक उसका पालन। देहपातपर्यन्त अत्याश्रमधर्म का पालन अपवर्ग (मोक्ष) का कारण तथा सावधि उसका पालन त्रिवर्गफलप्रद होता है। इस प्रकार वेदमाता स्वयं भोग और मोक्षप्रद पाशुपतव्रत की द्विविध व्यवस्था का विधान करती है। श्रीमन्नीलकण्ठभाष्य में यह समस्त विवेचन **''मौनवदितरेषामप्युपदेशात्''** तथा **''अनाविष्कुर्वन्नव्ययात्''** इन दो ब्रह्मसूत्रों पर उपलब्ध होता है।

''प्रशान्तचित्ताय'' इत्यादि। ''जिसका चित्त शान्त हो, जिसने अपने इन्द्रियों पर विजय पा लिया हो, जिसके समस्त दोष दूर हो गये हों, ऐसे आज्ञाकारी, गुणी, अनुसरणशील, मुक्तिकाम अधिकारी को नित्य-निरन्तर ब्रह्मविद्या प्रदान करनी चाहिये। जो शान्तचित्त ''अत्याश्रमी'' वीरशैव हो, उन्हें पञ्चाक्षरी महाविद्या का उपदेश देना चाहिये, अत्यन्त अशान्तचित्त कुपुत्र अथवा कुशिष्य को वह उपदेश कभी भी नहीं देना चाहिये। पण्डित लोग ''अग्नि'' इत्यादि मन्त्रों द्वारा भस्मोद्धूलन तथा त्रिपुण्ड्रधारण को भी **''अत्याश्रम''** ही कहते हैं।''

---

१. ब्र.गी.अ.११

अत्याश्रमसमाख्यं यद् व्रतं पाशुपव्रतम्।
वेदान्तेषु समस्तेषु तत् सारतरमुत्तमम्।।

उद्धूलनं त्रिपुण्ड्रं च ज्ञानाङ्गत्वेन सादरम्।
आमनन्ति मुनिश्रेष्ठाः श्वेताश्वतरशाखिनः।।

अयमत्याश्रमो धर्मो यैः समाचरितो मुदा।
तेषामेव शिवज्ञानं संसारच्छेदकारणम्[1]।।

यो वर्णानाश्रमान् सर्वानतीत्य स्वात्मनि स्थितः।
सोऽतिवर्णाश्रमी प्रोक्तः सर्ववेदार्थवादिभिः[2]।।

हृदब्जमध्ये लिङ्गं धृत्वा
ज्योतिषि संविशन्ति।
अत्याश्रमस्थाः परिमुच्यन्ति सर्वे
लिङ्गाङ्गशोभामोक्षमार्गैकनिष्ठाः[3]।।

''**अत्याश्रमसमाख्यं यद्**'' इत्यादि। ''अत्याश्रम'' नामक जो पाशुपत शैवव्रत उपदिष्ट है, वह समस्त उपनिषद्दर्शनों में अत्यन्त श्रेष्ठ और सारसर्वस्व है। श्वेताश्वतरशाखा के अनुयायी श्रेष्ठ मुनि भस्म के उद्धूलन तथा त्रिपुण्ड्र धारण को ज्ञान का अंग मानते हैं। जिन वीरशैव शिवभक्तों ने इस अत्याश्रमधर्म का प्रेमपूर्वक पालन किया है, उनको होनेवाला परशिव परब्रह्म परमात्मा का दर्शन (साक्षात्कार) ही समस्त सांसारिक पाशच्छेद का कारण होता है।''

''**यो वर्णान्**'' इत्यादि। जो सभी वर्णधर्मों और आश्रमधर्मों से परे रहकर अपनी हृदयगुफा में अवस्थित परशिव परब्रह्म में लीन रहता है, उसे सर्ववेदार्थतत्त्वज्ञ पण्डित '**अतिवर्णाश्रमी** कहते हैं'।

''**हृदब्जमध्ये**'' इत्यादि। जो इष्टलिङ्ग धारण कर हृदयकमल के मध्य प्रकाशमान ज्योतिर्लिङ्ग में प्रवेश करते हैं, वे सभी अत्याश्रमी लिङ्गाङ्गसामरस्य शिवयोग द्वारा मोक्षमार्ग पर चलते हुए सर्वतोभावेन मोक्ष प्राप्त करते हैं।''

---

१. क्रियासार : उ.८
२. वी.स.सं.२७
३. वीरशैवोत्कर्षसंग्रहः पृ.७

तस्मात् हृदम्बुजे धार्यं लिङ्गमाद्यं पुरातनम्।
अतिवर्णाश्रमी सोऽयं साक्षान्मोक्षैकभाजनम्।।

*'लिङ्गाङ्गे'*त्यादिवाक्येन मोक्षमार्गैकतत्पराः।
*'अमृतस्ये'*ति वाक्येन धारणं प्रतिपादितम्।।

तन्निष्ठा एव मनुजा अतिवर्णाश्रमे रताः।
त एव हि महात्मानो ब्रह्मनिष्ठा उदाहृताः।।

लिङ्गाङ्गसामरस्येन ब्रह्मभावमुपाश्रिताः।
सारूप्यरूपिणीं मुक्तिं सम्प्राप्य परदुर्लभाम्।।
कृतकृत्या भवन्त्येव शिवानन्दभुजोऽनिशम्[1]।।

लिङ्गाङ्गासङ्गिनां चैव पुनर्जन्म न विद्यते।
एष पाशुपतो योगः पशुपाशनिवृत्तये।।

''तस्मात् हृदम्बुजे'' इत्यादि। ''इसलिये वक्षस्थल के ऊपर इष्टलिङ्ग को और हृदयकमल में पुरातन आद्य भावलिङ्ग को धारण करना चाहिये। ऐसा अतिवर्णाश्रमी वीरशैव शिवभक्त साक्षात् एकमात्र मोक्ष का पात्र है।

''लिङ्गाङ्ग'' इत्यादि मन्त्रोच्चारणपूर्वक केवल उस मोक्षमार्ग में लग जाना चाहिये। **''अमृतस्य धारणम्''** इत्यादि मन्त्रद्वारा भस्मधारण विधि का प्रतिपादन किया गया है।

उसमें लगे हुए मानव ही अतिवर्णाश्रम में रमते हैं और वे ही महात्मा ब्रह्मनिष्ठ के रूप में आदर्श उदाहरण माने जाते हैं। ऐसे वीरशैव ही लिङ्गाङ्ग-सामरस्य शिवयोग द्वारा परशिव परब्रह्मभाव का आश्रय लेकर अत्यन्त दुर्लभ सारूप्यमुक्ति को प्राप्त कर रात-दिन शिवानन्द का उपभोग करते हुए कृतकृत्य होते हैं।''

''लिङ्गाङ्गसङ्गिनाम्'' इत्यादि। लिङ्गाङ्गसामरस्यप्राप्त शिवयोगियों का पुनर्जन्म नहीं होता। बन्धन में पड़े हुए पशुस्वरूप मानवों को सांसारिक पाश से छुटकारा पाने के लिये यही पाशुपतयोग है। यह अत्याश्रम सभी वेदान्तों (उपनिषदों) का सार है ऐसा वेदमाता कहती है। जो ''पशुओं'' को भवपाश से मुक्त करने वाला परब्रह्म परशिव नामक इष्टलिङ्ग सद्भक्तिपूर्वक धारण करता है, वह **''पाशुपत''** कहलाता है।

---

१. क्रियासार : उ.

सर्ववेदान्तसारोऽयमत्याश्रम इति श्रुतिः।
परब्रह्माभिधं लिङ्गं पशुपाशविमोचकम्।।
यो धारयति सद्भक्त्या स पाशुपत उच्यते।
शरीरत्रितये भक्त्या लिङ्गं परशिवात्मकम्।।
यो धृत्वा विचरेद् भूमौ स पाशुपत उच्यते।
लिङ्गं शिवो भवेत् क्षेत्रमङ्गं संयोगमाश्रयः।
तस्माल्लिङ्गाङ्गसंयुक्तो योऽपि सोऽत्याश्रमी भवेत्।।
ब्रह्मचारी गृहस्थो वा वानप्रस्थो यतिस्तु वा।
यस्तु लिङ्गाङ्गसंयुक्तः स एवात्याश्रमी भवेत्[1]।।

इत्याद्यनेकग्रन्थाधाराच्च कैवल्योपनिषत्प्रतिपादितब्रह्मविद्याया ह्यधिकारी अतिवर्णाश्रमी वीरशैवभक्तमाहेश्वरादिरेव, नाऽन्यः कोऽप्यधिकारीत्यवगम्यते। **शतरुद्रीयम्**-शतरुद्रस्येदम्, **तदधीते**-अभ्यासमध्ययनं पारायणं वा कुरुत इत्यर्थः। **सः**-सोऽतिवर्णाश्रमी शिवभक्तमाहेश्वरादिरिति भावः। सोऽतिवर्णाश्रमीत्युत्तरत्राऽन्वयः।

जो स्थूलशरीर, सूक्ष्मशरीर और कारणशरीर तीनों शरीरों में यथाक्रम इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग और भावलिङ्गस्वरूप परशिवलिङ्ग को भक्तिपूर्वक धारण कर पृथ्वी पर विचरण करता है, वह ''**पाशुपत**'' कहलाता है।

[''**लिङ्गाङ्गसंयोग**'' में तीन शब्द हैं— लिङ्ग, अङ्ग और संयोग उनमें] लिङ्ग शिव, अङ्ग क्षेत्र और दोनों का संयोग आश्रय होता है। वह कोई भी हो सकता है— ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ अथवा संन्यासी। जो लिङ्गाङ्गसंयुक्त होता है, वह **अत्याश्रमी** होता है।''

इस प्रकार अनेक ग्रन्थों के आधार से यह सिद्ध है कि कैवल्योपनिषत् में प्रतिपादित ब्रह्मविद्या का अधिकारी अतिवर्णाश्रमी वीरशैव भक्त, माहेश्वर आदि शिवभक्त ही होता है, अन्य कोई नहीं।

फलश्रुति

''**यः शतरुद्रीयमधीते**''— ''शतरुद्रस्य इदं शतरुद्रीयम्।'' ऐसा जो अत्याश्रमी शतरुद्राध्याय का अभ्यास, अध्ययन अथवा पारायण करता

---

१. क्रियासार : उ.

अग्निपूतो भवति-शिवज्ञानाग्निना सुपवित्रो भवति। शिवज्ञानाग्न्यातशयात् सर्वकर्मनिर्लेपतामियादिति भाव:।।

"ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुतेऽर्जुनः!।"

इति (४.३७) गीतोक्तेः। यद्वा-जाठराद्यग्निसम्बन्धजात् पापान्मुक्तो भवत्यनलवत् पवित्रो भवत्यनलतत्त्वोपलक्षितदृष्टिदोषात् पूतो वा भवति। अर्थात् तनुकृतपापात् सुपवित्रो भवतीति यावत्।

वायुपूतो भवति-शिवमन्त्रस्मरणादिना शिवमन्त्रात्मकत्वात् तच्छ्वासोच्छ्वासरूपानिलेन पावनो भवतीत्यर्थः। यद्वा-प्राणापानाद्यनिलजाद् दोषाद् विनिर्मुक्तो भवत्यनिलवत् सुपवित्रो भवति, अनिलतत्त्वोपक्षिततत्वक्जन्यपापात् परिपूतो वा भवति। अर्थाद् वचनकृतदुरिताद् विनिर्मुक्तो भवतीति भाव:।

है। **"सोऽग्निपूतो भवति"** — वह अतिवर्णाश्रमी शिव ज्ञानरूपी अग्नि से अत्यन्त पवित्र होता है। उस ज्ञानाग्नि की अत्यन्त दाहकता से वह अत्याश्रमी सर्वविध कर्मलेप से मुक्त होगा यह इसका भान है। जैसा कि **गीता** कहती है—

"ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुतेऽर्जुन!"

श्रीकृष्ण अर्जुन के व्याज से जीवमात्र को यह उपदेश दे रहे हैं कि "अर्जुन! ब्रह्मज्ञान की आग सभी पुण्यपाप-कर्मफलों को राख बना देती है।" अथवा जाठर अग्नि आदि के सम्बन्ध से उत्पन्न पापों से मुक्त होकर वह अग्नि के समान पवित्र होता है। अथवा अनलतत्त्व से उपलक्षित दृष्टिकोण से अथवा शरीरजन्य पाप से छुटकारा पाकर वह अत्यन्त पवित्र होता है।

"वायुपूतो भवति" — अर्थात् शिवमन्त्र के जप आदि के द्वारा शिवमन्त्रस्वरूप होने के कारण साधक उसके श्वासोच्छ्वास से अत्यन्त पवित्र होता है। अथवा प्राण-अपान आदि पञ्चप्राणों से उत्पन्न वायुदोष से मुक्त होकर वायु के समान अत्यन्त पवित्र होता है। अथवा वायुतत्त्व से उपलक्षित त्वचाजन्य पाप से पवित्र होता है। अर्थात् वचनकृत पापों से मुक्त होता है।

आत्मपूतो भवति-मनसाऽऽत्मनाऽऽत्मवद् वा पवित्रो भवति। स्वस्वरूपेष्ट-लिङ्गाद्यनुसन्धानात्मकमनसाऽऽत्मना वा परिपूतो भवति, अर्थान्मनोजीवकृतपापात् पवित्रो भवतीति तात्पर्यम्।

सुरापानात् पूतो भवति-मद्याद्यपेयपानजन्यमहापातकान्मुक्तो भवतीत्यर्थः।

ब्रह्महत्यायाः पूतो भवति-ब्रह्मस्वरूपसत्पुरुषमहानुभावहत्यादिमहादुरिताद् दूरो भवतीति भावः।

सुवर्णस्तेयात् पूतो भवति-कनकरजतादिचौर्यजात् पापाद् विनिर्मुक्तो भवतीति तात्पर्यम्।

कृत्याकृत्यात् पूतो भवति-कार्याकार्यजनितदोषादिभ्यः पावनो भवतीति भावः।

''आत्मपूतो भवति'' — साधक अपने शरीर से और अन्तःकरण मन से उसी प्रकार पवित्र होता है, जिस प्रकार आत्मा से अथवा वह आत्मा के समान पवित्र होता है। जो इष्टलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, भावलिङ्गादि नवविध लिङ्ग हैं, उनके अनुसन्धानस्वरूप चित्त से अथवा स्वयं से अत्यन्त पवित्र होता है। इसका तात्पर्य यह है कि जीव द्वारा किये मानसिक पाप से मुक्त होने के कारण वह पवित्र होता है।

''सुरापानात् पूतो भवति'' — वह पञ्चमहापातकों में अन्यतम मद्यपान आदि अपेय पानजन्य पातकों से मुक्त होकर पवित्र शुद्ध होता है।

''ब्रह्महत्यायाः पूतो भवति'' वह पञ्च महापातकों में अन्यतम ब्रह्महत्या के महापातक से भी मुक्त होकर पवित्र होता है। यहाँ ''ब्रह्महत्या'' का तात्पर्य है ब्रह्मस्वरूप सन्त-महात्मा आदि की हत्या।

''सुवर्णस्तेयात् पूतो भवति'' — सुवर्ण स्तेय भी पञ्च महापातकों में परिगणित है। यहाँ ''सुवर्णस्तेय'' का अर्थ है चाँदी-सोना इत्यादि की चोरी से लगने वाला पातक। शतरुद्रीय का जाप से वह इन सब पापों से मुक्त होता है।

''कृतकृत्यात् पूतो भवति'' — साधक शतरुद्री के जप से कार्य-अकार्य जनित दोषों से मुक्त होकर पवित्र होता है। **''शतरुद्रीय''** का अर्थ है ''रुद्राध्यायी'' (रुद्री)। उसकी महिमा अनेकत्र वर्णित है।

''अथैनं ब्रह्मचारिण ऊचुः– 'किं जप्तेनाऽमृतत्त्वं ब्रूही'ति। स होवाच याज्ञवल्क्यः 'शतरुद्रीयेणेत्यादि[१]।''

मद्यं पीत्वा गुरुदारांश्च गत्वा स्वर्णस्तेयं ब्रह्महत्यां च कृत्वा।
भस्मच्छन्नो भस्मशय्याशयानो रुद्राध्यायी मुच्यते सर्वपापैः[२]।।

इति श्रुतेः।

''त्यजेद् धर्ममधर्मं च उभे सत्याऽनृते त्यजेत्।
उभे सत्याऽनृते त्यक्त्वा येन त्यजसि तद् यज।।
सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोचयिष्यामि राघव[३]।।''

यथा— **''अथैनम्''** इत्यादि। ''ब्रह्मचारियों ने याज्ञवल्क्यमुनि से प्रश्न किया— ''किस जप से अमृतत्व की प्राप्ति होती है? यह आप कहें।'' याज्ञवल्क्य ने कहा— ''शतरुद्रीय (रुद्राध्यायी) के जप से'' इत्यादि।

''मद्यं पीत्वा'' इत्यादि। ''पञ्चमहापातकों के अन्तर्गत मद्यपान, गुरुपत्नीगमन, स्वर्णस्तेय और ब्रह्महत्या करने पर भी जो अपने शरीर को भस्मचर्चित करता है, भस्मशय्या पर शयन करता है, और शतरुद्री का अध्ययन मनन करता है, वह साधक सभी पातकों से छुटकारा पाता है।'' इस प्रकार वेद में शतरुद्रीयजप की महिमा वर्णित है।

उसी प्रकार वह महिमा पुराण आदि में भी वर्णित है। यथा— **''त्यजेद् धर्मम्''** इत्यादि। धर्म और अधर्म का त्याग करना चाहिये तथा सत्य-असत्य का भी परित्याग करना चाहिये। सत्य-असत्य दोनों का त्याग कर जिस मार्ग से सब कुछ का त्याग कर सको तो वह तुम करो।

''सर्वधर्मान्'' इत्यादि। ''राघव! (तुम) सभी धर्मों का परित्याग कर केवल एक मेरी ही शरण में आओ। मैं तुम्हें सभी पातकों से मुक्त करूँगा।'' इस प्रकार श्रीकरभाष्य में अनेक श्रुतिवचनों तथा पुराणवचनों के आधार पर शतरुद्रीयजप की महिमा का वर्णन किया गया है।

---

१. श्रीकरभा.पृ.३८५
२. जाबालोपनिषत्
३. श्रीकरभा.४५०

इति पुराणाद्युक्तेश्च। **तस्मात्** तदेतत्कारणात्, सर्वपापविमोचनादिति यावत्। **अविमुक्तम्**-अविमुक्तनामकस्थानम्। सद्योमुक्तिकरम्, ब्रह्मलिङ्गापरपर्याय-परशिवपदमित्यर्थः। **आश्रितो भवति**-अवलम्बितो भवति। तथा चोक्तं वेदान्तसारोपनिषदि—

अथाऽऽश्वलायनो भगवन्तं परमेष्ठिनं परिसमेत्योवाच— 'अविमुक्तं सद्योमुक्तिकरं ब्रूही'ति।

स होवाच याज्ञवल्क्यः– 'परमेष्ठी शिवाद्वैतश्चतुर्थः शान्तः स एव ध्येयः, स एव पूज्यस्तद्ध्यानादविमुक्ता भवन्ति। अयं विशेषः, अत्याश्रमिणः साक्षादमृतीभूत्वा मोक्षीभवन्ति।

''तस्मादविमुक्तमाश्रितो भवति'' — **तस्मात्** = इस प्रकार सभी पातकों से छुटकारा पाने के कारण वह साधक, **अविमुक्तम्** = 'अविमुक्त' नामक स्थान में [काशी वह अविमुक्तक्षेत्र है, जहाँ विश्वनाथ वह स्थान कदापि नहीं छोड़ते।] वह तत्काल मुक्तिप्रदायक क्षेत्र है, ब्रह्मलिङ्ग नामक द्वितीय पर्याय से संकेतित जो परशिवपद है, **आश्रितो भवति** = जीव उसी अविमुक्तक्षेत्र में परशिव पद का आश्रय लेकर रहता है। जैसा कि **वेदान्तसारोपनिषत्** में निरूपित है—

''अथाऽऽश्वलायनः'' इत्यादि। ''पश्चात् आश्वलायन मुनि ने भगवान् परमेष्ठी के विषय में (याज्ञवल्क्यमुनि से) यह जिज्ञासा की — ''भगवन्! तत्काल मुक्तिप्रद अविमुक्तक्षेत्र के विषय में आप कहें।''

याज्ञवल्क्य मुनि ने उनका इस प्रकार समाधान किया— [परम चिदाकाश में रहने के कारण परशिव को ही ''परमेष्ठी'' कहते हैं। वे जीवमात्र की हृदयगुफा को नहीं छोड़ते, अतः वे ही ''अविमुक्त'' हैं।] वही परमेष्ठी तुरीयावस्था में अवस्थित शान्त परमशिव है। उसी का ध्यान करना चाहिये। वे ही पूजनीय हैं। उनका ध्यान करने से वे ''अविमुक्त'' हैं अर्थात् परमशिव को छोड़कर वे नहीं रहते। इसमें भी विशेषता यह है कि अत्याश्रमी वीरशैव साक्षात् अमर होकर मुक्त होते हैं।''

न कर्मणा न प्रजया न धनेन
शिवं प्रपूज्याऽमृतत्वमानशुः।
परेण शुद्धेन हृदब्जमध्ये लिङ्गं
धृत्वा ज्योतिषि संविशन्ति[१]।। इति।

आश्रितो भवति अवलम्बितो भवति। इत्येवम् एवं **सर्वदा**-अनेकवारं प्रतिदिनमुचितकाल इति भावः। **सकृद् वा जपेत्**-सकृदेकवारं वाचिकतया वा जपं योऽतिवर्णाश्रमी शिवभक्तमाहेश्वरादिः कुरुते, पठनं पारायणं वा भक्त्या करोतीत्यर्थः।

'**अनेने**'ति। **अनेन**-एतज्जपकर्मणा, सोऽतिवर्णाश्रमी शिवभक्तमाहेश्वरादिरित्यन्वयः, यत्तदोर्नित्यसंबन्धात्। **संसारार्णवनाशनम्**-संसारसागरतारणम्, **ज्ञानम्**-

---

"**न कर्मणा न प्रजया**" इत्यादि। अत्याश्रमी वीरशैव शिवभक्तों ने न कर्मयोग से अमृतपद प्राप्त किया, न वे सन्तति द्वारा अमर हुए और न धन कमाकर ही। वे शिव की अर्चना से ही अमृतत्व प्राप्त कर पाए। वे अत्यन्त निर्मल अन्तःकरण से वक्षस्थल पर इष्टलिङ्ग धारण कर और हृदयकमल (हृदयगुफा) में भावलिङ्ग धारण कर परम चैतन्यमय ज्योति में प्रवेश करते हैं। अर्थात् लिङ्गाङ्गसामरस्य शिवयोग द्वारा शिवाकार होकर उसी में विलीन होते हैं।

"**अत्याश्रमी सर्वदा सकृद् वा जपेत्**" इस प्रकार (**यः** = जो, **अत्याश्रमी** = वीरशैव शिवभक्त), **सर्वदा** = अनेक बार, प्रतिदिन यथावसर, **सकृद् वा** = वाचिक रूप से एक बार, **जपेत्** = शतरुद्रीय का जप, पाठ अथवा पारायण करता है।

"**अनेन ज्ञानम्**" इत्यादि। "**अनेन** = उस जप कर्म से, **सः अतिवर्णाश्रमी** इस प्रकार अन्वय करना चाहिये, क्योंकि "**यत्तदोर्नित्यः सम्बन्धः**" इस नियम के अनुसार 'यत्' 'तत्' दोनों सर्वनामों का परस्पर सम्बन्ध है। अर्थात् वह अतिवर्णाश्रमी शिवभक्त माहेश्वर आदि, "**संसारार्णवनाशनम्**" = संसारसागर को तारने वाले, **ज्ञानम्** = ब्रह्मज्ञान अर्थात् परशिव का साक्षात्कार, सहज

---

१. वीरशैवानन्द चं.पृ.१०१

शिवज्ञानम्, सहजलिङ्गाङ्गसामरस्यज्ञानमिति यावत्। **आप्नोति**-प्राप्नोति। **'आप्लृ व्याप्तावि'**ति धातोः। **तस्मात्**-तदेतद्धेतोः। **एवम्**-इत्थम्, पूर्वोक्तप्रकारेणेति भावः। **विदित्वा**-सर्वं ज्ञात्वा, **कैवल्यं पदम्**-सहजलिङ्गाङ्गसामरस्यरूपमुक्तिमित्यर्थः। **अश्नुते**-प्राप्नोति। **'अश व्याप्तौ सङ्घाते चे'**ति धातोः। द्विरुक्तिरादराद्यर्था।।

।। इति शिवाद्वैतप्रकाशककैवल्योपनिषत्सादाशिवभाष्ये

द्वितीयः खण्डः समाप्तः।।२।।

'ॐ स ह नाववत्वि'ति शान्तिः।

लिङ्गाङ्गसामरस्य ज्ञान यह इसका भाव है। **आप्नोति** = प्राप्त कर सकता है। यह ''आप्लृ व्याप्तौ'' धातु का वर्तमानकालिक रूप है। **तस्मात्** = इस कारण से, **एवम्** = इस प्रकार, **कैवल्यम्** (केवलस्य भावः कैवल्यम्) = केवल अखण्ड-अद्वय-पूर्ण-एक, **पदम्** = शिवपद अर्थात् सहज लिङ्गाङ्गसामरस्य-स्वरूप मोक्ष का, **अश्नुते** आनन्द का आस्वाद लेता है। यह रूप **''अश व्याप्तौ सङ्घाते च''** धातु का वर्तमानकालिक रूप है। **''कैवल्यं पदमश्नुते''** यह द्वितीय बार कथन आदर आदि अर्थसूचक है।

***मन्त्रार्थ*— जो (अत्याश्रमी) शतरुद्रीय का जप करना है, ज्ञानाग्नि के द्वारा उसके पाप भस्मसात् होते हैं और वह अग्नि के समान निर्मल होता है। उसी प्रकार वह पञ्चाक्षरी शिवमन्त्रजप के द्वारा मन्त्रमय शरीर होने के कारण श्वासोच्छ्वास से पवित्र होता है। त्रिविध लिङ्गानुसन्धान करने से मन से पवित्र होता है। वह मद्यपान, ब्रह्महत्या, सुवर्णस्तेय आदि पञ्च महापातकों से मुक्त होता है और कार्य-अकार्यजनित दोषों से मुक्त होता है। फलतः वह ''अविमुक्त'' परशिवपद को प्राप्त करता है, जो उसे कभी नहीं छोड़ता पञ्चाक्षरीजप अथवा शतरुद्री के जप से वह संसारसागर को तारने वाले लिङ्गाङ्गसामरस्य नामक शिवयोग को प्राप्त करता है और समस्त शिवज्ञान प्राप्त कर कैवल्यपद प्राप्त कर लेता है अर्थात् शिवाकार होकर जीव उसीमें विलीन होता है।।२५।।**

''ॐ स ह ना ववतु'' इत्यादि इस उपनिषद् का शान्तिमन्त्र है।

चिद्गुरुश्रीकुमारेशप्रेरितात्मा सदाशिवः।
कैवल्योपनिषद्भाष्यं रचयामास सादरम्।।

॥ इति यजुर्वेदीयकैवल्योपनिषत्सादाशिवभाष्यं समाप्तम् ॥

''चिद्गुरु श्रीकुमारेश'' इत्यादि। श्री सदाशिव शिवाचार्य ने चिद्गुरु श्रीकुमारेश से प्रेरित होकर श्रीकैवल्योपनिषत् के सदाशिवभाष्य की सादर रचना की।

।। इस प्रकार द्वितीयखण्डसहित यजुर्वेदीय समस्त कैवल्योपनिषत्, शिवाद्वैतप्रकाशक सदाशिवभाष्य तथा उसकी ''तात्पर्यदीपिका'' हिन्दी व्याख्या सम्पूर्ण ।।

◆◆◆

शैवभारती शोध प्रतिष्ठान

डी. 35/77, जंगमवाडीमठ

वाराणसी-221001

ISBN 81-86768-80-7 (Hb)

Rs. 300/-